शुभ रामनवमी

वाराणसी, गुरुवार, 30 मार्च, 2023

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 9, वर्ष 12, अंक 50, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news


## जयपुर सीरियल ब्लास्ट के सभी आरोपी बरी

**जयपुर।** जयपुर सीरियल बम ब्लास्ट केस में बुधवार को हाईकोर्ट ने सभी चार आरोपियों को बरी कर दिया। जस्टिस पंकज भंडारी और समीर जैन की बेंच ने कहा कि जांच अधिकारी को कानून की जानकारी नहीं है। वहीं राज्य सरकार फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में है। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि घटना को लेकर जनभावना जुड़ी है, लेकिन कोर्ट कानून और सबूतों के आधार पर फैसला देता है। बता दें कि 13 मई 2008 को जयपुर में सीरियल ब्लास्ट हुए थे। इसमें 71 लोगों की जान चली गई थी, जबकि 185 घायल हुए थे।






# कर्नाटक में बजा विस चुनाव का बिगुल

## दस मई को होगा चुनाव, 13 को आएगा परिणाम, एक चरण में होगी वोटिंग

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में विधानसभा चुनाव 10 मई को होंगे। नतीजे 13 मई को आएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि वोटिंग एक चरण में कराई जाएगी। कर्नाटक में 5.21 करोड़ मतदाता हैं, जो 224 विधानसभा सीटों पर मतदान करेंगे। राजीव कुमार ने कहा कि जो लोग 1 अप्रैल को 18 साल के होंगे, वो भी वोट डाल सकेंगे। इसके लिए हमने एडवांस एप्लिकेशन मंगवा ली है।राज्य में मौजूदा भाजपा सरकार का कार्यकाल 24 मई को खत्म हो रहा है। इस बार मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और जेडीएस के बीच रहेगा। पिछली बार जेडीएस-कांग्रेस साथ थी, लेकिन इस बार खऊ्र अलग चुनाव लड़ेगी।

चुनाव आयोग ने 4 राज्यों की 5 विधानसभा सीट पर उप-चुनाव का ऐलान भी किया है। राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द होने के बाद खाली हुई वायनाड सीट पर चुनाव की घोषणा नहीं की गई है। इस पर सवाल

**विस चुनाव**

### वायनाड और राहुल गांधी पर चुनाव आयोग बोला- अभी इंतजार करेंगे, इस बार मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और जेडीएस के बीच

पूछा गया तो राजीव कुमार ने कहा- खाली सीट पर चुनाव कराने के लिए 6 महीने का वक्त होता है। ट्रायल कोर्ट ने राहुल गांधी को 30 दिन का वक्त दिया है ताकि वो ऊपरी अदालत में अपील दायर कर सकें। इसलिए अभी हम इंतजार करेंगे। राजीव कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे की भी हम समीक्षा कर रहे हैं। कर्नाटक में 224 विधानसभा सीटें हैं। 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को 104, कांग्रेस को 78 और खऊ्र ने 37 सीटें जीती थीं। किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला था। येदियुरप्पा ने 17 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली



और सदन में बहुमत साबित नहीं करने के कारण 23 मई को इस्तीफा दे दिया। इसके बाद कांग्रेस-खऊ्र की गठबंधन सरकार बनी।

14 महीने बाद कर्नाटक की सियासत ने फिर करवट ली। कांग्रेस और खऊ्र के कुछ विधायकों की बगावत के बाद कुमारस्वामी को कुर्सी छोड़नी पड़ी। इन बागियों को येदियुरप्पा ने भाजपा में मिलाया और 26 जुलाई 2019 को 219 विधायकों के समर्थन के साथ उट बीएस येदियुरप्पा बने, लेकिन 2 साल बाद ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया। बसवराज बोम्मई को यहां का मुख्यमंत्री बना दिया गया। कर्नाटक में 12 मई 2018 को 222 विधानसभा सीटों पर वोटिंग हुई थी। जिसमें 5.06 करोड़ से अधिक मतदाताओं में से रिकॉर्ड 72.13 प्रतिशत ने मतदान किया था। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज ने अपने सर्वे में इसे सबसे महंगा चुनाव बताया था। कर्नाटक चुनाव में करीब 10 हजार 500 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। 224 विधानसभा सीटों वाला कर्नाटक 6 अलग-अलग हिस्सों में बंटा हुआ है। बेंगलुरु, सेंट्रल, तटीय, हैदराबाद-कर्नाटक, मुंबई-कर्नाटक और दक्षिणी कर्नाटक। मुंबई-कर्नाटक और दक्षिण कर्नाटक सबसे बड़े हिस्से हैं। मुंबई-कर्नाटक (50) और दक्षिण कर्नाटक (51) में 101 सीटें हैं।

### चार राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी होंगे

पंजाब और यूपी समेत 4 राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर भी 10 मई को उपचुनाव होंगे। नतीजे 13 मई को आएंगे। पंजाब की जालंधर, ओडिशा की झारसुगुड़ा, उत्तर प्रदेश की छानबे और स्वार, मेघालय की सोहियोंग सीट पर उप-चुनाव होंगे। उधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम सिद्धारमैया ने कहा, '2023 का चुनाव मेरा आखिरी चुनाव होगा। इसके बाद मैं चुनावी प्रक्रिया से दूर रहूंगा।' उन्होंने कहा कि वह वरुणा सीट के अलावा, कोलार सीट से भी चुनाव लड़ेंगे।

### कर्नाटक में है ऐसी स्थिति

16,976 लोग 100 साल से ऊपर हैं। 80 साल से ऊपर और दिव्यांगों के लिए घर से वोटिंग की सुविधा। 9.17 लाख वोटर्स पहली बार वोट डालेंगे। 1 अप्रैल को 18 साल के हो रहे युवा भी वोट डाल सकेंगे। इनकी संख्या 41 हजार है। 58,282 पोलिंग स्टेशन हैं। इनमें 1320 महिलाएं मैनेज करेंगी।

## चुनाव आयोग किसी के दबाव में नहीं आता : राजीव



**चुनाव आयोग के सीईओ ने आरोपों पर दिया जवाब**

**नई दिल्ली।** चीफ इलेक्शन कमिश्नर (सीईसी) राजीव कुमार ने मंगलवार को कहा कि भारत के इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) ने न तो कभी किसी के कहने पर काम किया है और न ही कभी करेगा। यह हमारे लिए कोई नई बात नहीं है, ऐसे शब्द सुनने पड़ते हैं।

हमारा रिकॉर्ड है कि हमने कभी किसी के कहने पर काम नहीं किया। हम पर कोई कुछ भी थोप नहीं सकता। सीईसी राजीव कुमार, ईसी अनूप चंद्र पांडे और अरुण गोयल आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने असम पहुंचे थे। बता दें कि कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि ईसीआई असम की 126 विधानसभा और 14 संसदीय सीटों के परिसीमन के लिए भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। सीईसी राजीव कुमार ने कहा कि चाहे इलेक्शन प्रोसेस हो या परिसीमन, सभी फैसलों और उसके कारणों को सार्वजनिक किया जाता है।






## दोनों सदनों की कार्यवाही 3 अप्रैल तक स्थगित

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी अपनी संसद सदस्यता भंग किए जाने के बाद बुधवार को पहली बार संसद पहुंचे। वे यहां कांग्रेस सांसदों की बैठक में शामिल होने आए थे। यहां आधा घंटा रुकने के बाद वे मां सोनिया गांधी के साथ गाड़ी में बैठकर निकल गए। इस बीच, बुधवार को संसद के 12वें दिन की कार्यवाही 3 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में कांग्रेस सांसदों ने स्पीकर के सामने 'सेव डेमोक्रेसी' के पोस्टर दिखाए और काले कपड़े लहराए। कांग्रेस नेता आज भी काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे थे। हालांकि कांग्रेस की बैठक में शामिल होने पहुंचे राहुल सफेद टीशर्ट में आए थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी खुद भ्रष्ट हैं। वे उन लोगों को कुछ नहीं कह रहे हैं, जिन्होंने इस देश को लूटा। ऐसे लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि राहुल गांधी अपने घमंड की वजह से डिस्क्वालिफाई हुए हैं। उन्हें लगता है कि वे एक खास परिवार में पैदा हुए हैं तो इस देश पर राज करना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। इसी वजह से उनके दिमाग में ऐसे गलत ख्याल आते हैं।

**कांग्रेस सांसदों ने स्पीकर के सामने 'सेव डेमोक्रेसी' के पोस्टर दिखाए और काले कपड़े लहराए**

## योगी कैबिनेट ने 22 प्रस्तावों पर लगाई मुहर, छात्रों को मिलेगी बड़ी राहत

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को लोकभवन में कैबिनेट बैठक हुई। बैठक में कई फैसलों पर मुहर लगी। वहीं निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट को दी भी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इसमें ओबीसी आरक्षण संशोधन विधेयक को मंजूरी दी। नगर निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर ये बदलाव किया गया। योगी सरकार की कैबिनेट बैठक में मुहर लगने के बाद निर्वाचन आयोग अगले 48 घंटे में अधिसूचना जारी कर सकता है। यूपी कैबिनेट बैठक के बाद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और नगर विकास विभाग के मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने प्रेस कान्फ्रेंस में फैसलों की जानकारी दी। शर्मा ने कहा, हमने 5 दिसंबर को ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण के साथ सभी संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए निकाय चुनाव आरक्षण की घोषणा की गई थी, लेकिन हाईकोर्ट के निर्देश के बाद पिछड़ा वर्ग आयोग गठित किया गया था। 9 मार्च को ही ओबीसी आयोग की रिपोर्ट मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी मिल गई है।शर्मा ने कहा, ओबीसी आयोग की सिफारिशों के अनुसार, नगर पालिका अधिनियम और नगर निगम अधिनियम में संशोधन करने होंगे। इसके लिए अध्यादेश लाया जाएगा। पिछले चुनावों में अभी तक हुए आरक्षण को शून्य माना जाएगा। महापौर, नगरपालिका और नगरपंचायतों के लिए नए सिरे से आरक्षण व्यवस्था लागू होगी. ऐसे में माना जा रहा है कि पिछले चुनाव में आरक्षण के आधार पर होने वाले चक्रानुक्रम आरक्षण की जगह ताजा तरीके से आरक्षण दिया जाएगा। एक दो सीट अनुसूचित जाति के लिए भी आरक्षित की जा सकी है। वहीं चार निजी विश्वविद्यालयों को आशय पत्र जारी करने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय शाहजहांपुर, टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय लखनऊ, फारुख हुसैन विश्वविद्यालय आगरा और विवेक राष्ट्रीय विश्वविद्यालय बिजनौर शामिल हैं।

**नगर निकाय चुनाव में आरक्षण का रास्ता साफ**




## संक्षेप

### वीडीए ने अवैध निर्माण को कराया ध्वस्त

वाराणसी। विकास प्राधिकरण (वीडीए) की प्रवर्तन टीम द्वारा बुधवार को अवैध निर्माण के विरुद्ध ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की गयी। सिकरौल वार्ड अंतर्गत मीना श्रीवास्तव द्वारा शिव नगर कालोनी प्रथम चरण में अनाधिकृत निर्माण कराये जाने पर उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम धाराओ के अंतर्गत 06.12.22 को नोटिस की कार्यवाही की गई थी। जिसमें पक्ष को 30 दिनों का निर्माण हटाने के लिए समय दिया गया था। आदेश का पालन न किये जाने पर अवैध निर्माण को प्रवर्तन टीम ने स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कराया। इस दौरान मौके पर जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार और अवर अभियंता रामचंद्र मौजूद रहे।

### अप्रैल से बिना लाइसेंस के गंगा में नहीं चलेंगी नावें

वाराणसी। नगर आयुक्त शिपू गिरि द्वारा बुधवार को निर्देशित किया गया कि 31 मार्च के बाद अप्रैल माह से बिना लाइसेंस जारी कराये गए नावों का संचालन बंद करा दिया जायेगा। 18 मार्च 2023 को होटल डायमंड में जिलाधिकारी एस. राजलिंगम एवं नगर आयुक्त के साथ नाव संचालकों के प्रतिनिधियों से हुई वार्ता में स्पष्ट निर्देश दिये गये थे कि 31 मार्च तक सभी नावों का निगम अनुज्ञप्ति विभाग में पंजीकरण कराते हुए लाइसेंस प्राप्त कर लें, परंतु अभी तक बहुत से नाविकों के द्वारा लाइसेंस नहीं बनावाया गया है। नगर आयुक्त के द्वारा सभी नाव संचालकों से आग्रह किया गया है कि वे अपनी नावों का 31 मार्च तक प्रत्येक दशा में लाइसेंस बनवा लें। 30 मार्च को नवरात्रि के अवकाश में भी अनुज्ञप्ति विभाग खुला रहेगा, जिससे नाविक अपनी नावों का पंजीकरण आसानी से करा सकेगें।

### रहस्यमय परिस्थितियों में युवती ने लगाई फांसी

चौबेपुर। क्षेत्र के? हरिहरपुर धौरहरा गांव में बुधवार को युवती की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव कमरे में फंदे के सहारे लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतारा और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई। चौबेपुर क्षेत्र के ग्राम धौरहरा राजधानी मोड़ निवासी रेशमा (18) पुत्री लालबहादुर यादव बुधवार सुबह 11 बजे रहस्यमय परिस्थितियों में फांसी लगा ली। वह रघुवंश इंटर कालेज धौरहरा में 12वीं की छात्रा थी। सूचना पर चौकी प्रभारी कैथी काशी नाथ उपाध्याय पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे।

### शॉर्ट सर्किट से गेहूं के खेत में लगी आग

वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र के बरथौली गांव में बुधवार की दोपहर बाद शार्ट सर्किट से किसान अभय यादव के गेहूं के खेत में आग लग गई। गेहूं के खेत आग की लपट देख हड़कंप मच गया। किसान ने उपकेन्द्र पर तत्काल फोन कर बिजली सप्लाई को बंद कराया। ग्रामीणों की सहायता व घर से बाल्टी से पानी से आग पर काबू पाया गया। किसान अभय यादव ने बताया की आग लगने से करीब दो बिस्वा गेहूं जलकर राख हो गया कुछ देर और होती तो अलग बगल के कई एकड़ के खेत जल कर राख हो जाते।

### ट्रैक पर रखा जाएगा रेल कोच रेस्टोरेंट

वाराणसी। कैंट स्टेशन पर खानपान से जुड़ी सुविधाओं में इजाफा करने के लिए रेल कोच रेस्टोरेंट जल्द शुरू होगा। इसका कोच पिछले दिनों लखनऊ से आया है। एक-दो दिन में यात्री आश्रय के पास बिछी पटरियों पर इसे रखा जाएगा। स्टेशन डायरेक्टर गौरव दीक्षित ने बताया कि पहले कोच को क्रेन से उठाकर ट्रेलर पर रखा जाएगा। फिर उसे निर्धारित जगह पर लाया जाएगा। इस दौरान कैंट से बनारस स्टेशनों के बीच डेढ़ से दो घंटे का ब्लॉक लिया जाएगा। कोच को ले जाने के लिए ओवरहेड वायर भी अस्थायी रूप से हटाया जाएगा।

### वसूली करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पिंडरा। तहसील में विभिन्न फ्राड फाइनेंस कंपनियों के खिलाफ शिकायतकताओं द्वारा इन दिनों फॉर्म जमा किये जा रहे हैं। इस दौरान एक बाहरी व्यक्ति द्वारा वसूली किये जाने पर एसडीएम के आदेश पर एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मंगलवार को एसडीएम पिंडरा अंशिका दीक्षित को सूचना मिली कि फॉर्म जमा करने के दौरान वसूली की जा रही है। जिसपर उन्होंने अपने पेशकार दिलीप श्रीवास्तव को भेजकर वसूली कर रहे श्यामसुंदर पाल निवासी छितौनी सदर को वसूली के 11 हजार 300 रुपये के साथ दबोच लिया। इस दौरान वह भाग निकला। उसके बाद अमीन भूपेश चौबे, विजय प्रताप, जितेंद्र प्रताप सिंह, संतोष कुमार यादव के तहरीर पर उक्त आरोपित के खिलाफ फूलपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि आरोपित के गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है।

### पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आज आएंगे

वाराणसी। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद तीन दिनी दौरे पर गुरुवार को आएंगे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक वह नई दिल्ली से 30 मार्च को दोपहर बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचने के बाद बरेका स्थित गेस्ट हाउस में प्रवास करेंगे। गुरुवार को ही सायंकाल भारतमाता मंदिर जाएंगे। 31 मार्च को वह मीरजापुर में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद वाराणसी वापस आकर नरिया क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री कोविंद एक अप्रैल को दोपहर नई दिल्ली लौट जाएंगे।


जनसंदेश टाइम्स
## वर्गीकृत
सूचना

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2012 अनुक्रमांक 3115821 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। पुनीत कुमार पुत्र राम विचार मौर्या ग्राम- बहेरा, पोस्ट-खजुरी, जिला आजमगढ़।

मेरा एम0एस0सी0 वर्ष 2017 सेमेस्टर तृतीय वर्ष अनुक्रमांक 27122 एनरोलमेन्ट नं0-498/16 का अंक पत्र कहीं खो गया है। स्मृति सिंह पुत्री अरुण प्रताप सिंह, मु0-चाँदमारी, इमिलिया, तह0-सदर, जिला-मऊ।

मेरा पॉलीटेक्निक वर्ष 2015 अनुक्रमांक 157433144933 का प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। रोशन यादव S/o. रामनवल यादव ग्राम-लालपुरहरी, पोस्ट-मलिकपुरा, जिला-गाजीपुर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सेन्ट मेरीज कान्वेंट स्कूल सोना तालाब, वाराणसी का कक्षा 8th का मूल ट्रांसफर सर्टिफिकेट (T.C.) वास्तव में कहीं खो गया है। कनीज फातिमा रब्बानी पुत्री गुलाम गौस, माता-शबनम परवीन, ग्राम-गौसपुर बुजुर्गा, जिला-गाजीपुर।

मेरे सैन्य अभिलेखों में माता का नाम GANG GOTHRI जन्मतिथि 08.07.1964 दर्ज हो गया है जो कि गलत है। सही व वास्तविक नाम GANGOTRI DEVI जन्मतिथि 01.01.1964 दर्ज किया जाए। तपे बहादुर सिंह पुत्र योगेंद्र ग्रा.+पो.- इसारी सलेमपुर, बलिया (उ.प्र.)।

मेरे सैन्य अभिलेखों में पिता जी का नाम YOGENDRA SINGH जन्मतिथि 10.08.1959 हो गया है जो कि गलत है। सही व वास्तविक नाम व जन्मतिथि OGENDRA 01.01.1957 दर्ज किया जाए। तपे बहादुर सिंह पुत्र योगेंद्र ग्रा.+पो.- इसारी सलेमपुर, बलिया (उ.प्र.)।

सूचना-मैने कमल किशोर जोशी पु0 शिवदत्त जोशी निवासी सी-807 रोहिनी अपार्टमेन्ट, गोमतीनगर एक्सटेन्शन लखनऊ से उनका प्लाट सी-807 रोहिनी अपार्टमेन्ट, गोमतीनगर एक्सटेन्शन लखनऊ का बैनामा रजिस्ट्री एल0डी0ए0 आफिस लखनऊ में हुआ था। जिसका बही सं0 1, जिल्द सं0 15324 पृष्ठ सं0 393/430 क्रम सं0 7981 दिनांक 25.05.2014 है। उपरोक्त मूल रजिस्ट्री दस्तावेज कहीं खो गया है जिसका द्वितीय प्रति की हमें आवश्यकता है।
**गोदावरी देवी पत्नी गिरीश कुमार पाण्डेय, निवासी-ग्राम-हैवतपुर, पो0-खैरीपाकड़, जनपद-बलिया (उ0 प्र0)**

### आवश्यकता

**आवश्यकता है**-प्रस्तावित ई0 डी0 महाविद्यालय जलालपुर, जमानियां, गाजीपुर सम्बद्ध वी0 ब0 सिहं पू0 वि0 वि0 जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में प्राचीन इतिहास, अंग्रेजी, भूगोल, हिन्दी, गृह विज्ञान, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र प्राचार्य/प्रवक्ता में एक-एक पद की आवश्यकता है। वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यू0 जी0 सी0 रेगुलेशन 2016 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21 दिनों में दें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जायेगी।
**प्रबन्धक**

**आवश्यकता है**-श्री भृगुबाबा महिला महाविद्यालय, धामूपुर, गाजीपुर सम्बद्ध वी0 ब0 सिंह पूर्वांचल वि0 वि0 जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में हिन्दी, संस्कृत, समाजशास्त्र, भूगोल, शिक्षाशास्त्र, संगीत (गायन), गृह विज्ञान एवं प्राचार्य/प्रवक्ता में एक-एक पद की आवश्यकता है। वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यू0 जी0 सी0 रेगुलेशन 2016 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21 दिनों में दें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जायेगी।
**प्रबन्धक**


# ससुर ने दामाद की हत्या कर शव दफनाया था

**पर्दाफाश**

### पुलिस ने खुदाई में बरामद किया दांत व 10 हड्डियों के टुकड़े

जनसंदेश न्यूज

**चौबेपुर।** गांव में गायब धीरज चौबे के शव की बरामदगी के लिए पुलिस ने एक टावर के पास बुधवार की शाम जेसीबी से खोदाई कराई। इस दौरान दांत व हड्डी के 10 टुकड़े मिले। जिसे पुलिस सील कर साथ ले गई।

गांव निवासी सौम्या चौबे ने वर्ष 2018 में अपने चचेरे श्वसुर बिनोद चौबे उर्फ बब्बू व उनके पुत्र अभिषेक चौबे पर अपने पति धीरज चौबे को गायब कर हत्या करने व शव गायब करने की थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। धीरज के शव के कंकाल की खोज के लिए बुधवार को पुलिस ने जेसीबी के साथ बताये गए टावर के पास खुदाई कराई, इस दौरान कुछ दांत व 10 हड्डिया मिली, उसे कब्जे में लेकर जांच के लिए क्राइम ब्रांच ले जाया गया। बतादें कि सौम्या चौबे अधिवक्ता हैं इनकी शादी चौबेपुर निवासी धीरज चौबे के साथ हुई थी। 2018 से उनके पति लापता हैं। सौम्या कई अधिवक्ताओं के साथ खुदाई स्थल पर मौजूद रहीं। क्राइम ब्रांच के प्रभारी निरीक्षक अनिरूद्ध सिंह की मौजूदगी में खुदाई कराई गई।


जेसीबी से दफनाए शव को निकलवाया गया


मौके पर जांच रिपोर्ट तैयार करते पुलिस अधिकारी

### 'पर्यावरण के लिए सौर ऊर्जा भविष्य है' पर संगोष्ठी

**चांदमारी।** हरहुआ विकासखंड के उदयपुर जूनियर हाई स्कूल संकुल में युवक मंगल दल द्वारा छात्रों को सौर ऊर्जा के विषय में जानकारी दी गई। 'पर्यावरण के लिए सौर ऊर्जा भविष्य है' विषय संगोष्ठी पर सोलर पैनल सहित सौर यंत्रों व सोलर पैनल बैटरी से छात्रों को परिचित कराया गया। सौर ऊर्जा पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, छात्रों को बताया गया कि दिन में बिजली का प्रयोग ना करके खिड़की खोलकर सौर ऊर्जा का प्रयोग करें सौर ऊर्जा का उपयोग वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है, युवक मंगल दल के अध्यक्ष प्रिंस चौबे ने कहा कि हमारे देश में सौर ऊर्जा वरदान के रूप में होगा क्योंकि बिजली की उत्पादन कम है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रामजीत यादव, सोलर तकनीकी इंजीनियर सोनू, युवक मंगल दल के अजीत, रविंद्र कुमार, दीपक, रमेश, अनिल, सनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम रवाना

**सारनाथ।** बुद्धा सिटी कालोनी स्थित एक होटल में फिल्म अभिनेत्री आकांक्षा दुबे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस प्रकरण में मां मधु की तहरीर पर पुलिस ने आजमगढ़ निवासी समर सिंह व संजय सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लेकिन लगभग चार दिन गुजर जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए गठित टीमों को मेहनगर आजमगढ़, मऊ व गोरखपुर के लिए रवाना कर दी है। पुलिस के अनुसार दोनों की गिरफ्तारी जल्द ही हो सकती है।

# अंबेडकर चौराहे पर गांधी की लगेगी नई मूर्ति



**निर्माण**

### नगर आयुक्त ने शहर के विभिन्न इलाकों का किया निरीक्षण

**वाराणसी।** आने वाले अप्रैल माह में काशी में जी-20 सम्मेलन का आयोजन होना है। उसे लेकर नगर आयुक्त शिपू गिरि ने पर्यावरण व सुंदरता को बेहतर बनाए जाने के उद्देश्य से बुधवार को शहर के विभिन्न इलाकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कचहरी अंबेडकर चौराहा स्थित गांधी स्टैच्यु को हटाकर नई मूर्ति लगाने एवं प्लांटेशन कराए जाने का निर्देश दिया। इसके अलावा नगर आयुक्त ने मकबूल आलम रोड से हुकूलगंज तिराहे तक और चौकाघाट रेलवे ओवरब्रिज के बाउंड्री वॉल एवं ब्रिज पर पेंटिंग, चौकाघाट रेलवे ओवरब्रिज के दोनों साइड ढलान भूमि पर प्लांटेशन एवं फसाड लाइटिंग, चौकाघाट लकड़ी मंडी के पास ओवरब्रिज के नीचे प्लांटेशन एवं पेंटिंग, लहुराबीर चौराहे पर पेड़ों पर लाइटिंग लगाए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही कज्जाकपुरा, जगतगंज, मैदागिन इलाकों का भी निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देशित किया।

# दो पक्षों के बीच मारपीट में 7 घायल, मुकदमा दर्ज

**जंसा।** थाना क्षेत्र के हरसोस गांव में मंगलवार की रात मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें जमकर लाठी-डंडे भी चलें। जिससे दोनों पक्षों से सात लोग घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाथी बाजार में भर्ती करा दिया। साथ ही दो पक्षों की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई। बता दें कि संजय कुमार बिंद ने अपने घर पर एक कुत्ता पाला है। मंगलवार की देर शाम धर्मेंद्र चौहान अपनी पिक अप को लेकर घर जा रहा था जैसे ही संजय के घर के सामने पहुंचा तभी पिकअप से कुत्ता दब गया और उसकी मौत हो गई। जिससे संजय और धर्मेंद्र के परिवार के बीच विवाद शुरू हो गया। जो देखते ही देखते और मारपीट में बदल गई।



# कोरोना का एक मरीज मिला



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जिले में कोरोना के मामले बढ़ने लगे है। बुधवार को फिर एक मरीज मिलने से इनकी कुल संख्या 13 हो गयी। देश में पिछले कुछ दिनों से कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। सीएमओ ऑफिस के द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक जिले में एक लोगों की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। कोरोना के बढ़ते मामलों की वजह से जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या 13 पहुंच गई है।

**सावधानी बरतने की अपील:** राजधानी में बढ़ते कोरोना के मामलों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोविड-19 से बचाव के लिये साविधानियां बरतने की अपील भी की जा रही है। सीएमओ ऑफिस की ओर से बुजुर्ग और बच्चों को भीड़-भाड़ वाले जगहों पर ले जाने से बचने की अपील की गई है। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थलों, कार्यालयों, बाजारों और अन्य भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर मास्क पहनने के साथ साथ सेनेटाइजर की व्यवस्था करने व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने को भी कहा गया है।

# विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी जानकारी



**वाराणसी।** बीएचयू के भोजपुरी अध्ययन केंद्र में सेंटर के 'शोध संवाद समूह' की ओर से बुधवार को 'स्वास्थ्य, चिकित्सा व जनजागरूकता : पूर्वांचल के विशेष संदर्भ में' पर परिचर्चा हुई। अध्यक्षता करते हुए प्रो. टीपी चतुर्वेदी ने कहा कि एक समृद्ध-सुखी जनपद होने के लिए उसका स्वस्थ रहना सर्वाधिक आवश्यक है। इसमें सबसे बड़ी भूमिका हमारे चिकित्सक निभाते हैं।

मुख्य वक्ता न्यूरोलॉजिस्ट प्रो. विजयनाथ मिश्र ने कई प्रकार की न्यूरो संबंधी रोगों व उनके लक्षणों पर प्रकाश डाला। केंद्र के समन्वयक प्रो. श्रीप्रकाश शुक्ल ने कहा कि यहां ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य अपने चिकित्सकों को जनता के बीच लाना है ताकि वह अपने अनुभवों को साझा कर जागरुकता के वाहक भी बन सकें। कार्यक्रम में प्रो. यूपी साही, डॉ. दीपक गौतम, डॉ. संजय यादव, डॉ. अभिषेक पाठक, डॉ. विनोद यादव आदि ने भी विचार व्यक्त किये।

# नाबालिग से दुष्कर्म में 20 साल की सजा

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** नाबालिग छात्रा को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) त्रिभुवन नाथ की अदालत ने चोलापुर थाना क्षेत्र के गरथमा गांव निवासी अभियुक्त बल्लू उर्फ राजेश और उसके भाई लल्लू उर्फ राकेश को दोषी करार दिया। अदालत ने दोनों को 20-20 साल के सश्रम कारावास और 71-71 हजार रुपया जुमार्ने की सजा सुनाई। जुमार्ना न देने पर दो-दो साल अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। जुमार्ना वसूल किए जाने पर अदालत ने एक लाख दस हजार रुपया पीड़िता को बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया है। अदालत में वादी पक्ष की ओर से अधिवक्ताद्वय पंकज श्रीवास्तव व गोपाल कृष्ण एवं विशेष लोक अभियोजक आदित्य नारायण सिंह ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार छह नवंबर 2015 को सुबह आठ बजे पढ़ाई करने घर से छात्रा स्कूल गई। जब देर शाम तक नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। इस पता चला कि उक्त छात्रा को अभियुक्त बल्लू उर्फ राजेश बहला-फुसलाकर भगा ले गया। छात्रा के परिजनों ने बल्लू और उसके घरवालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। एक महिना बाद घर लौटी पीड़िता ने परिजनों से आपबीती बताई। इस मामले में पर्याप्त सबूत न होने पर अदालत ने तीनों आरोपितों को दोषमुक्त कर दिया।

### गैर इरादतन हत्या में आठ आरोपितों को दस साल की सजा

**वाराणसी।** अपर जिला जज प्रथम अवनीश गौतम की अदालत ने गैर इरादतन हत्या के मामले में आठ आरोपितों को दोषी पाते हुए दस साल की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक आरोपितों पर 32 हजार जुमार्ना भी लगाया है। इस धनराशि में से आधी पीड़ित पक्ष को देने का आदेश दिया है। जिनको सजा सुनाई गई उनमें सगे भाई प्रकाश व सुभाष चंद्र व उसका पुत्र पारस, उदित व कल्लू दोनों भाई, अनुराग उर्फ.रिंकू, आदित्य कुमार व सोनू है सभी एक ही गांव के निवासी है। मामले में अभियोजन की ओर से एडीजीसी मुकेश श्रीवास्तव ने पैरवी की। अभियोजन के अनुसार शिवपुर थाने के बासदेवपुर गांव निवासी वादी लाल जी ने थाने में नवंबर 2013 को। मुकदमा दर्ज कराया। आरोप लगाया की उसे और उसके पुत्र श्याम सुंदर को पैसे के लेन देन को लेकर पट्टीदार आरोपितों ने एक राय होकर लाठी डंडा से गाली देते हुए मारने पीटने लगे, शोर पर भाई पत्नी व बहू वचाव में आये तो उन्हें भी मारपीट कर भग गए, इन्ही छोटो से पुत्र श्याम सुंदर कि अस्पताल में मौत हो गई।

# एनजीटी के आदेश का करना होगा पालन : एस. राजलिंगम

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में गंगा नदी की सहायक नदियों वरुणा एवं अस्सी नदी की बहाली एवं कायाकल्प किए जाने से संबंधित बैठक की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सख्त निर्देश दिए गए कि एक माह में सभी संबंधित विभाग एनजीटी द्वारा पारित आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें अन्यथा लापरवाही बरतने वाले विभाग कड़ी कार्यवाही के लिए तैयार रहें। सिंचाई विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि तत्काल सर्वेक्षण कराकर सीडब्ल्यूएस एवं बायो डायवर्सिटी पार्क की डिटेल डिजाइन ड्राइंग प्राप्त कर अप्रैल माह तक कार्यवाही पूर्ण कराएं। गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई की कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 80 एमएलडी एवं 140 एमएलडी क्षमता के एसटीपी दीनापुर एवं 8 एमएलडी भगवानपुर के एसडीपी का तत्काल डीपीआर तैयार करा कर एनएमसीजी को स्वीकृति के लिए प्रेषित करने का निर्देश दिया। वरुणा और अस्सी नदी पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए वीडीए, नगर निगम, सिंचाई तथा संबंधित उप जिलाधिकारी व अपर नगर मजिस्ट्रेट की गठित टीम को 15 दिन का समय देते हुए आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। वरुणा नदी में निस्तारित होने वाले नालों को तत्काल ठीक कराकर निगम को हस्तगत करने का निर्देश दिया। इसके अलावा डिसिल्टिंग के पश्चात बनने वाले बंधों पर वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण कराकर संरक्षण किए जाने का भी निर्देश दिया। बैठक में एडीएम सिटी गुलाब चंद, पीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. पीसी शुक्ला सहित अभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# प्रो. उपेंद्र त्रिपाठी समेत कई हुए सम्मानित

**वाराणसी।** बीएचयू के वेद विभाग आर्चाय एवं संस्कृत विद्या धर्मविज्ञान संकाय समन्वयक प्रो. उपेंद्र कुमार त्रिपाठी को उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान ने संस्कृत जगत में उत्कृष्ट कार्य, विशेष रूप से वेद-विज्ञान के क्षेत्र के लिए विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया है। वर्ष 2021 के विशेष एवं विविध पुरस्कारों के लिए चयनित विद्वानों के लिए यह सम्मान समारोह लखनऊ स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान प्रेक्षागृह था। कार्यक्रम में प्रो. त्रिपाठी को एक लाख एक हजार रुपये प्रदान किये गये। पूर्व में भी वह राष्ट्रपति पुरस्कार समेत विभिन्न प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं। समारोह में संस्कृतविद्या धर्मविज्ञान संकाय के प्रो. अशोक कुमार जैन को विशिष्ट पुरस्कार और एस. श्रीराम के शंकर पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संपूर्णानंद संस्कृत विवि के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी, निदेशक उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान विनय कुमार आदि की विशिष्ट उपस्थिति रही।



### 56 प्रतिष्ठानों पर 62 किशोर श्रमिक मिले

**वाराणसी।** बाल/ किशोर श्रम मुक्त काशी अभियान वर्ष 2023 के अन्तर्गत जिलाधिकारी के निर्देश पर श्रम विभाग, एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट एवं अस्मिता चाइल्ड लाइन प्रतिनिधि की संयुक्त टीम के साथ लक्सा एवं दशाश्वमेध थाना क्षेत्र अन्तर्गत स्थित 95 प्रतिष्ठानों की सघन जॉच की गयी। अभियान के दौरान नियोजकों को बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 1986 एवं संशोधन अधिनियम, 2016 के प्राविधानों से अवगत कराया गया। इसके साथ ही सचेत किया गया कि बाल / किशोर श्रमिकों से कार्य न कराया जाय। अभियान के दौरान कुल 06 किशोर श्रमिक कार्य करते हुए पाये गये। अधिनियम का उल्लंघन पाये जाने पर नियोजकों के विरूद्ध मौके पर ही निरीक्षण टिप्पणी तैयार कर निर्गत की गयी है। इस प्रकार माह मार्च, 2023 में जनपद में अब तक 863 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया है जिसमें 56 प्रतिष्ठानों पर 62 किशोर श्रमिकों को कार्य करते हुए पाया गया। प्रकरण में दोषी नियोजकों के विरूद्ध आवश्यक एवं विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# महिला से छेड़छाड़ के आरोपी पर केस

जनसंदेश न्यूज

**दानगंज।** चोलापुर थाना क्षेत्र के दानगंज चौकी अंतगर्त महिला के साथ छेड़छाड़ व वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया। मामले में पीड़ित महिला ने युवके के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है, पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार एक गांव निवासी महिला ने छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए चोलापुर थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज.कराया है। पीड़ित महिला के अनुसार उसका पति बाहर गांव में नौकरी करता है, जिसका फायदा उठाकर आरोपी आये दिन महिला के साथ छेड़छाड़ करते रहता है। जिससे तंग आकर पीड़ित महिला ने स्थानिय पुलिस चौकी दानगंज में शिकायत कि तो उक्त मामले में दोनों पक्षों को बैठाकर आरोपी युवक को लताड़ लगाते हुए सुलह समझौता करा दिया गया। आरोपी युवक द्वारा पुनः अश्लिल हरकत पीड़ित महिला के साथ करने लगा और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता रहा। आरोपी युवक से तंग पीड़ित महिला ने मुकदमा दर्ज कराया है।

# जान की धमकी देने में तीन पर मुकदमा दर्ज

**वाराणसी।** रेशम कटरा चौक निवासी एक अभूषण व्यापारी ने अर्दली बाजार निवासी अभूषण व्यवसायी तीन भाइयों के खिलाफ बकाया सवा दो करोड़ रुपये मांगने पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में अर्दली बाजार चौकी प्रभारी को तहरीर दी। जिस पर कैंट थाने ने मुकदमा दर्ज किया।

पीड़ित विकास सेठ द्वारा दिए गए तहरीर में बताया कि अर्दली बाजार स्थित अभूषण के प्रोपराइटर कृष्णा सिंह, आकाश सिंह व सागर सिंह से लाखों रुपये के सोने चांदी के व्यवसायीक रिस्ते रहे जिसमें लाखों के रुपए के सोने चांदी के सामानों का क्रय विक्रय उधारी व कच्चे पर होता रहा जिसमें उसके द्वारा दो करोड़ पचीस लाख का सोने चांदी का सामान उपरोक्त अभूषण के मालिकों को दिया गया, जिसके एवज में मालिकानों द्वारा एक चेक दिया गया जो बाउंस हो गया।

मामले में जब शिकायत की गई तो कुछ लोगों के माध्यम से जान से मारने की धमकी दी गई। पिछले साल 29 दिसंबर को अर्दली बाजार स्थित एलटी कालेज में बुलाया गया और वहां रुपए न देने की बात करते हुए मारपीट कर हत्या करने की धमकी दी।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही

पत्रांक स्था0 115/न0पा0प0गो0/ दिनांक 29.03.2023

**सार्वजनिक सूचना/इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनिल कुमार तिवारी पुत्र स्व0 गायत्री प्रसाद ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 27.03.2023 द्वारा भवन संख्या-35 मोहल्ला सदर मोहाल वार्ड नं0-24 में स्थित मकान पर अंकित श्री गायत्री प्रसाद तिवारी पुत्र रामखेलावन के वरासत रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर श्री अनिल कुमार तिवारी पुत्र स्व0 गायत्री प्रसाद तिवारी का नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही

पत्रांक स्था0 114/न0पा0प0गो0/ दिनांक 29.03.2023

**सार्वजनिक सूचना/इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनिल कुमार तिवारी पुत्र स्व0 गायत्री प्रसाद तिवारी ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 27.03.2023 द्वारा भवन संख्या-78 मोहल्ला केड़वरिया वार्ड नं0-08 में स्थित मकान पर अंकित श्री बिजय शंकर मिश्र पुत्र स्व0 रामअनन्त के रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर श्री अनिल कुमार तिवारी पुत्र स्व0 गायत्री प्रसाद तिवारी का नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही

पत्रांक स्था0 113/न0पा0प0गो0/ दिनांक 29.03.2023

**सार्वजनिक सूचना/इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संतोषा तिवारी पत्नी अनिल कुमार तिवारी ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 27.03.2023 द्वारा भवन संख्या-145 मोहल्ला पूरे रजई वार्ड नं0-01 में स्थित मकान पर अंकित श्री विनोद कुमार आर्य (अग्रहरी) पुत्र रघुनाथ के वरासत रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर श्रीमती संतोषा तिवारी पत्नी अनिल कुमार तिवारी का नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही**



# वाराणसी



# अन्नपूर्णा की भक्तों ने की परिक्रमा

## मंगलागौरी का दर्शन कर भक्तों ने की मंगल कामना

**नवरात्रि**

**दर्शन करने को लेकर भक्तों की लगी रही कतारें**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** वासंतिक नवरात्र के अष्टमी तिथि पर बुधवार को शक्ति के उपासकों ने महागौरी के रूप में विश्वनाथ गली स्थित माता अन्नपूर्णा देवी का दर्शन पूजन किया। चैत्र नवरात्र के अष्टमी तिथि में गौरी रूप में माता अन्नपूर्णा का दर्शन पूजन का विधान है। सुबह पट खुलने से बाद से ही देर रात्रि तक भक्तों की कतारें लगी रही। सुबह मंगल बेला में माता को पंचामृत स्नान कराया कर नूतन वस्त्र धारण कराया गया। विशेष श्रृंगार कर आम भक्तों के लिए पट खोल दिया गया। मंदिर में बनी अस्थायी सीढ़ी के माध्यम से दर्शन कर माता को चुनरी भेंट कर



अन्नपूर्णा देवी

परिक्रमा की गई। महंत शंकर पुरी ने कहा की गौरी रूप में दर्शन मिलता है। इनके दर्शन से दुःख दूर होते हैं। धन धान्य भरा रहता है। वासंतिक नवरात्र में नव गौरी के दर्शन-पूजन के क्रम में श्रद्धालुओं ने मंगलागौरी का दर्शन-पूजन किया। देवी मंगलागौरी का मंदिर बालाजी घाट पर स्थित है। मंगलागौरी का दर्शन पूजन करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी थी। मंगला गौरी मंदिर के महंत नारायण गुरु ने बताया कि यहां मंगला गौरी माता का मंदिर भगवान सूर्य द्वारा स्थापित किया गया था। माता महागौरी सुहाग और मंगल कामना की प्रधान देवी है। यहां माताएं नौ दिन व्रत रहकर अष्टमी के दिन दर्शन करने आती हैं। यहां प्रतिदिन माता का विभिन्न प्रकार से श्रृंगार और भोग लगाया जाता है। जिन लड़कियों का विवाह नहीं होता है, वह सावन के महीने से 14 मंगलवार तक मां मंगला गौरी का दर्शन-पूजन करें। अन्न का दान करें और शाम को एक दीपक जरूर जलाएं। मां मंगला गौरी समस्त बाधाएं दूर कर देती हैं। देवी को अक्षत, सिंदूर, पीले या लाल रंग का फूल, चुनरी और नारियल अर्पित करना चाहिए।




मंगलागौरी

## अमृत सरोवर के लिए भूमि करें चिह्नित

**वाराणसी।** सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बुधवारक को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मनरेगा योजना के तहत निमार्णाधीन अमृत सरोवरों की प्रगति संबंधी समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी विकास खंडों के बीडीओ से रिपोर्ट ली। साथ ही निर्देश दिया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक अमृत सरोवर के लिए स्थान चयनित कर लिया जाय।

जहां अब तक भूमि उपलब्ध नहीं है उनके लिए आगामी सप्ताह से ब्लॉकवार ग्राम पंचायतों के सचिव, लेखपाल एवं संबंधित कर्मचारियों की मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक होगी। इसके अलावा सभी ग्राम पंचायतों में खेल मैदान बनाने संबंधी समीक्षा हो।

खेल मैदान निर्माण के लिए आवश्यक समस्त संसाधनों का प्रबंध कराएं। प्रति न्याय पंचायत ओपन जिम की सुविधा सहित खेल मैदान का निर्माण कराया जाए। श्री नागपाल ने अन्य निर्देश भी दिये।















# अष्टमी तिथि पर रात्रि में घर-घर बसियौरा पूजा

**पूजन**

**देवी को विविध प्रकार के नैवेद्य अर्पित किये गये**

**बाजारों में कलश व घड़े की खूब हुई खरीदारी**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** वासंतिक नवरात्र के अष्टमी तिथि पर बुधवार की रात्रि में घर-घर में बसियौरा पूजन किया गया। इस दिन लोगों ने व्रत-उपवास रखा। खास कर महिलाओं ने व्रत रख कर इस अनुष्ठान को पूरा किया। बुधवार को बाजारों में मिट्टी के कलश के साथ ही छोटे कलश व आम की टहनी तथा पत्तियों के अलावा माला फूल की खूब खरीदारी हुई। बाजारों में सुबह से लेकर शाम तक मिट्टी के कलश खरीदने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। महिलाओं ने बुधवार को घरों में साफ-सफाई की। कलश स्थापना कर-के अर्धरात्रि के बाद बसियौरा पूजन शुरू किया गया।

महिलाओं ने देवी भगवती को गुलगुला, चना, दही, ऋतु फल, गन्ने की गड़ेरी, पूड़ी आदि पकवान अर्पित किया। इसके साथ ही कलश के समक्ष ऐपन का सात छापा लगाया गया। यह पूजन अर्धरात्रि के बाद से प्रारंभ होकर भोर तक चलता रहा। भोर में महिलाओं ने घरों के समीप स्थित शीतला मंदिर जाकर पूजन किया। महाअष्टमी पर बुधवार को दशाश्वमेधघाट स्थित सिद्धपीठ बड़ी शीतला माता मंदिर में भव्य श्रृंगार किया गया था। महंत पं. शिव प्रसाद पांडेय ने बताया कि नवमी तिथि को बड़ी शीतला माता मंदिर में हवन का कार्यक्रम आयोजित है।

### नवरात्र व्रत का पारण 31 को

ज्योतिषी पं. विमल जैन ने बताया कि वासंतिक नवरात्र के व्रत का पारण 31 मार्च को होगा। मां जगदम्बा की कृपा प्राप्ति के लिए कुंवारी कन्याओं की विधि विधान से पूजा अर्चना करके उनसे आशीर्वाद लेने की पौराणिक मान्यता है। नवमी तिथि को भी कुंवारी कन्याओं का पूजन किया जायेगा। अपने मनोरथ की पूर्ति के व्रतकर्ता को व्रत की समाप्ति के बाद देवी स्वरूप कुंवारी कन्याओं की पूजा अर्चना करनी चाहिए।

# कांग्रेस के लिए जनता, लोकतंत्र और राष्ट्रहित सर्वोपरि

**पत्रकार-वार्ता**

**कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो. गौरव वल्लभ त्रिपाठी राहुल गांधी मुद्दे पर सरकार पर हुए हमलावर**

**कहा : अडानी युवाओं को बताएं कि कैसे दो साल में दुनिया के अमीरों में शामिल हो सकते हैं**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो. गौरव वल्लभ त्रिपाठी ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किए जाने और उन्हें घर खाली करने की नोटिस को अनुचित करार देते हुए इस कार्रवाई को सरकार का अनुचित कदम बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस प्रकरण में भारत के संपूर्ण इतिहास में अधिकतम सजा आज तक किसी को नहीं हुई वह सजा राहुल गांधी को सुना दी गई। उन्हें घर खाली करने का भी



कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो. गौरव वल्लभ त्रिपाठी ने बुधवार को पत्रकार वार्ता की

नोटिस दे दिया गया। इतने संयोग तो हिंदी फिल्मों में भी नहीं होते जितने राहुल गांधी के साथ हुए।

कैंटोमेंट क्षेत्र स्थित एक होटल में बुधवार को प्रो. त्रिपाठी पत्रकार-वार्ता कर रहे थे। उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाई महज संयोग नहीं, यह प्रयोग है। जो भी अडानी से रिश्ते के बारे में सवाल पूछेगा उसके साथ भी यही होगा। प्रधानमंत्री जहां भी जाते हैं वहां अडानी भी नजर आते हैं। इस पर राहुल गांधी ने सवाल पूछा तो पूरी सरकार असहज हो गई। कोरोना के दौर में जब सभी की आमदनी घट रही थी तब एक व्यक्ति तेजी से आगे बढ़ रहा था और दुनिया के 600वें नंबर के अमीर आदमी से दूसरे नंबर का अमीर हो गया।

प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि अडानी भी 'मन की बात' में आकर देश के युवाओं को बताएं कि कैसे दो साल के भीतर दुनिया अमीरों में वह दूसरे नंबर पर पहुंचा जाता है। प्रो. त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि यदि सरकार सही होती तो जेपीसी की मांग को स्वीकार कर लेती। अब सरकार ने जनता को शक का मौका दे दिया है कि जरूर दाल में कुछ न कुछ काला है। यदि जेपीसी में अदानी पाक-साफ निकलें तो मैं खुद आगे आकर कहुंगा कि वो दुनिया के सबसे ईमानदार व्यक्ति हैं। एक सवाल के जवाब में प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस के लिए जनता, लोकतंत्र और राष्ट्रहित सर्वोपरि है। प्रेसवार्ता में पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय और पूर्व सांसद डॉ. राजेश मिश्र आदि भी रहे।

## वाराणसी के रोप-वे में दिखेगा आध्यात्म

**जानकारी**

**प्रधानमंत्री के ट्वीट के बाद स्टेशन पर रही चर्चा**

**वाराणसी।** काशी में बनने वाले देश की पहली पब्लिक रोप-वे ट्रांसपोर्ट में काशी के आध्यात्मिक झलक दिखायी देगी। रोपवे से संबंधित वीडियो के ट्वीट होते ही लोगों में इस बात की चर्चा रही। काशी में तैयार हो रहे इस रोपवे से श्रद्धालुओं के लिए यात्रा का अनुभव बहुत रोचक और यादगार तो होगा ही, इससे बाबा विश्वनाथ के दर्शन में भी उन्हें बहुत सुविधा होगी। 644 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे 3.85 किमी लंबे पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोप-वे से ना सिर्फ जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी बल्कि बाबा विश्वनाथ के दर्शन को दूर से आने वाले लोगों को स्टेशन से धाम तक जाने का सफर आसान होगा। देश की पहली अर्बन ट्रांसपोर्ट रोपवे परियोजना बाबा विश्वनाथ को समर्पित होगी। रोपवे की ट्रॉलियों पर श्री काशी विश्वनाथ धाम का मॉडल उकेरा



जाएगा। रोपवे प्रोजेक्ट दो वर्ष में पूरा हो जायेगा। रोपवे के कैंट स्टेशन पर एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं होंगी। रेस्टोरेंट, शोरूम, स्वचालित सीढ़िया, लिफ्ट व लाउंज की व्यवस्था रहेगी। वेंडिंग मशीन भी लगाई जाएंगी। रोपवे के जरिये कैंट स्टेशन से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और दशाश्वमेध घाट जाना आसान हो जाएगा।

## ज्ञानवापी, लाटभैरव की सुनवाई टली

**वाराणसी।** वकीलों के हड़ताल के चलते ज्ञानवापी व लाटभैरव से जुड़े मामलों की सुनवाई बुधवार को टल गई। अदालत ने सुनवाई के लिए अगली तिथि तय की है। ज्ञानवापी प्रकरण में सिविल जज (सीनियर डिवीजन) अश्वनी कुमार की अदालत में लंबित छह मामलों की सुनवाई नहीं हो सकी। इनमें एक सितंबर 2021 को केदार घाट के श्रीविद्यामठ की साध्वी पूर्णाम्बा देवी शारदाम्बा की ओर से दाखिल वाद भी है। इसमें ज्ञानवापी परिसर स्थित मां श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन-पूजन की मांग की गई है।

अदालत ने सुनवाई के लिए अगली तिथि 21 अप्रैल तय की है। वहीं भगवान लाट भैरव-कपाल भैरव मंदिर की भूमि का स्वामित्व भगवान को सौंपने की मांग को लेकर दाखिल प्रार्थना पत्र भी सुनवाई नहीं हुई। भगवान लाट भैरव-कपाल भैरव की ओर से किरन सिंह, विश्व वैदिक सनातन संघ प्रमुख जितेंद्र सिंह विसेन व संतोष सिंह द्वारा प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया है।

# न्यायालयों में भ्रष्टाचार पर मुखर हुए अधिवक्ता

जनसंदेश न्यूज

**बार की संयुक्त बैठक**

**न्यायिक कार्यों से विरत रहे अधिवक्ता, की नारेबाजी**

**वाराणसी।** न्यायालयों में वर्तमान समय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में बुधवार को अधिवक्ता न्यायायिक कार्य से विरत रहते हुए न्यायालयों में नारेबाजी भी की, इसके साथ ही दी बनारस बार एसोसिएशन एवं दी सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के बैनर तले बैठक की। अधिवक्ता भवन के सभागार में आयोजित बैठक में सभी ने न्यायिक अधिकारियों द्वारा अपनाये जा रहे मनमाने पक्षपात पूर्ण रवैये पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायालय में लगातार भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है इसमें न्यायायिक अधिकारी साफ तौर पर जिम्मेदार हैं। अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह, अध्यक्ष प्रभु नारायण पाण्डेय, महामंत्री प्रदीप कुमार राय, महामंत्री शशिकान्त दूबे, कृष्ण मोहन पाण्डेय गुड्डू समेत सैकड़ो की संख्या में अधिवक्तागण ने इस पर अंकुश लगाने के लिए आंदोलन की बात कही।

# विधायक सौरभ ने निर्माण कार्यों का लोगों से कराया लोकार्पण व शिलान्यास

**साझेदारी बांटी**

**66 मीटर इंटरलॉकिंग का दुर्गावती से कराया लोकार्पण**

**रामनगर।** विधायक कैंट सौरभ श्रीवास्तव द्वारा बुधवार को रामनगर व भगवानपुर में सीवर व सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। विधायक ने रामनगर के मौर्या बस्ती में हौंसिला के आवास से नगर पालिका मार्ग तक 4.16 लाख की लागत से 66 मीटर इंटरलाकिंग मार्ग निर्माण कार्य के लोकार्पण का पूजन स्थानीय निवासी दुर्गावती देवी से कराया। भगवानपुर के हरिओम नगर में चितरंजन सिंह के आवास से राजवंश तिवारी के आवास तक 15.85 लाख की लागत से 316 मीटर जल निकासी कार्य के शिलान्यास का पूजन लक्ष्मी नारायण से कराया। भगवानपुर के मुरारी चौक में श्रीराम हार्डवेयर से उमेश सिंह के आवास तक 12.96 लाख की लागत से 125 मीटर इंटरलाकिंग मार्ग निर्माण कार्य के लोकार्पण का पूजन अमित सिंह चिंटू से कराया। कार्यक्रम में अभिषेक मिश्रा, संतोष द्विवेदी, रितेश राय, राजकुमार सिंह, आलोक सिंह, दीपक कन्नौजिया, अर्चना सिंह, ज्योति देवी, जसवंत सिंह, मंटू पाठक आदि मौजूद थे।




विकास कार्यों का शिलान्यास कराते विधायक सौरभ


रिटेल डायरेक्टरी














# वित्तीय वर्ष के खात्मे से पूर्व महकमे हो रहे 'मालामाल'

जनसंदेश न्यूज

**मार्च क्लोजिंग**

**तमाम विभागों के मुख्यालयों से जारी किया जा रहा लंबित बजट, कुछ सरेंडर भी कर रहे**

**वाराणसी।** जनपद में वित्तीय वर्ष 2022-23 समाप्त होने में महज दो दिन रह गये हैं। आगामी 31 मार्च को रात्रि 12 बजे के बाद नये वित्तीय वर्ष 2023-24 की शुरुआत हो जाएगी। इन दिनों वर्तमान वित्तीय वर्ष में कई विभागों के लंबित बजट संबंधित महकमों के मुख्यालयों से विभिन्न मदों में जारी किये जा रहे हैं। कई विभाग ऐसे हैं जिन्हें कुछ मदों में समय से बजट मिल चुका था लेकिन कार्य पूर्ण हो जाने के बावजूद धनराशि अवशेष रह गयी। ऐसी धनराशि शासन को लौटायी भी जा रही है।

जिले के तमाम महकमों से जुड़े दफ्तरों में इन दिनों 'मार्च क्लोजिंग' को लेकर व्यस्तता है। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कोषागार के जरिये कोई विभाग लंबित बजट की डिमांड भेज रहा है तो कोई महकमा बची हुई धनराशि सरेंडर कर रहा है। कुछ साल पहले तक मार्च क्लोजिंग के दौरान ट्रेजरी में अच्छी खासी गहमा-गहमी हुआ करती थी। विभिन्न विभागों के स्टाफ बजट की डिमांड या सरेंडर के लिए अपने कार्यालय से कोषागार तक की दौड़धूप किया करते थे।




अब ऑनलाइन सिस्टम के चलते कोषागार में महकमों के कर्मचारियों की भीड़-भाड़ बहुत कम ही दिखती है। फिलहाल तमाम विभागों और दफ्तरों में संबंधित मुख्यलयों की ओर से 'धनवर्षा' हो रही है। इधर, कुछ विभागों को विभिन्न मदों में बुधवार को अपराह्न तक जारी बजट पर नजर डालें तो जिलाधिकारी कार्यालय को 58 लाख पांच हजार 346 रुपये उपलब्ध कराये गये। इनमें से एक मद में 50 लाख रुपये एवं दूसरे मद में आठ लाख पांच हजार 346 रुपये मुहैया कराया गया है।

इसी प्रकार पर्यटन विभाग को तीन मदों में चार लाख 13 हजार 920 रुपये जारी हुए। उनमें क्रमशः तीन लाख नौ हजार 795 रुपये, एक लाख रुपये और चार हजार 125 रुपये शामिल हैं। मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय को आठ लाख 33 हजार रुपये, आईसीडीएस के जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय को 99 हजार 500 रुपये, डिप्टी कमिश्नर कार्यालय को दो लाख 58 हजार 43 रुपये, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय को तीन लाख 38 हजार 556 रुपये शासन से उपलब्ध कराये गये हैं।

कारागार ने 29 लाख 56 हजार 430 रुपये सरेंडर किये हैं। अन्य कुछ विभागों व दफ्तरों को जारी बजट के तहत आयुर्वेद विभाग को तीन लाख 92 हजार रुपये, रेशम विभाग को 47 हजार रुपये, जिलाधिकारी धर्मार्थ में दो लाख 50 हजार रुपये शिक्षा विभाग को दो मद कुल 28 लाख रुपये, एक विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय को तीन मदों में कुल 56 लाख 45 हजार रुपये, दूसरे महकमे के अधिशासी अभियंता कार्यालय को 32 लाख 44 हजार रुपये एवं तीसरे महकमे के अधिशासी अभियंता कार्यालय को दो मदों में कुल 28 लाख रुपये मुहैया कराये गये हैं।

## सिक्किम के राज्यपाल का किया अभिनंदन



**वाराणसी।** सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य के रामनगर स्थित आवास पर बुधवार को महानगर उद्योग व्यापार समिति के एक प्रतिनिधि मंडल ने पहुंचकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर संगठन के संरक्षक श्रीनारायण खेमका, महामंत्री अशोक जायसवाल, उपाध्यक्ष सोमनाथ विश्वकर्मा, रामनगर व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल, रजनीश कनौजिया, सुजीत गुप्ता, सत्यप्रकाश सराफ आदि रहे। उससे पूर्व सुबह श्री आचार्य ने दुर्गाकुंड स्थित कुष्मांडा देवी का दर्शन-पूजन किया। उसके बाद संकट मोचन मंदिर में मत्था टेका।

### वंदे भारत फिर से वाराणसी से संचालित

**वाराणसी।** बीते आठ दिनो से बनारस (मंडुआडीह) स्टेशन से संचालित वंदे भारत एक्सप्रेस अब वाराणसी जंक्शन से संचालित होगी। वाराणसी प्रयागराज रेल मार्ग पर चल रहे कुछ कार्य के चलते इस ट्रेन को बनारस स्टेशन से संचालित किया जा रहा था जिसे अब वाराणसी जंक्शन से चालाया जायेगा।

# पत्रकारिता में हमारे समक्ष अनंत संभावना : शलभ मणि

**संबोधन**

**विद्यापीठ के पत्रकारिता संस्थान में पुरातन छात्र समागम 'सुहानी यादें' कार्यक्रम का आयोजन**



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के महामना मदन मोहन मालवीय पत्रकारिता संस्थान में बुधवार को पुरातन छात्र समागम 'सुहानी यादें' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो.आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि पत्रकारिता ने हमें हर दृष्टि से प्रभावित किया है।

पत्रकारिता का असर पहले से कई गुना ज्यादा है। हम एक छोटे कमरे में बैठ कर पूरे विश्व का केंद्र बन सकते हैं। मुख्य अतिथि संस्थान के पूर्व छात्र व एक दैनिक अखबार के संपादक वीरेंद्र आर्य ने कहा कि आज पत्रकारिता केवल सूचना मात्र का उपकरण नहीं है बल्कि हमारी जरूरतों को समाज के सामने प्रस्तुत करने का भी एक सशक्त माध्यम बन गया है। संस्थान के पुरातन छात्र, भाजपा प्रवक्ता और देवरिया के विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि मैं यहां एक विधायक या पार्टी के प्रवक्ता की तरह नहीं आया हूं बल्कि एक पुरातन छात्र की भूमिका में आया हूं। मैं बड़ा सौभाग्यशाली हूं की इस संस्थान का छात्र होने का मौका मिला। आज पत्रकारिता में हमारे सामने अनंत आकाश की संभावना है। संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि परीक्षा देना एक तकनीक है, अगर आपके पास कौशल है तो पत्रकारिता का छात्र कभी बेरोजगार नहीं रहेगा। आज सबसे खतरनाक सोशल मीडिया है। जो एक खतरनाक नशा है। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम के निदेशक प्रो. अनुराग कुमार ने किया। संचालन नेहा कुमारी और मोहम्मद जावेद व धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक डॉ. नागेंद्र कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ. अंकुर चड्ढा, विद्यापीठ के कुलानुशासक प्रो. अनीता सिंह, डॉ. नलिनी श्याम कामिल, डॉ. एके लारी, डॉ. दयानंद, डॉ. वशिष्ठ नारायण, डॉ. संतोष कुमार मिश्रा, डॉ. विनोद कुमार सिंह के साथ पुरातन छात्र शामिल रहे।

## अभियान चलाकर वसूला जुर्माना, सामान किया जब्त

**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल ने बुधवार को शहर के कई इलाकों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर मार्ग खाली कराने के साथ अतिक्रमण कारियों से जुर्माना वसूल किया। प्रवर्तन दल ने रोडवेज से कैंट स्टेशन होत हुए अंधरापुल, वरुणा पुल, सर्किट हाउस, कचहरी चौराहा, होटल ताज से नदेसर तक सघन अतिक्रमण अभियान चलाया। अभियान के तहत फुटपाथ मार्ग में अवैध रूप से रखे गए गुमटी, ठेलों को हटवा कर मार्ग और पटरी खाली करवाया, साथ ही लावारिस हालत में रखे गुमटी और ठेले जब्त कर अवैध टिन शेड, होर्डिंग खुलवा दिया, कुछ लोगों द्वारा रोडवेज के पास सड़क के जमीन पर दुकान लगाया गया था। जमीन के मालिक को दस्तावेज के साथ जोन ऑफिस बुलाया गया। वहीं लहुराबीर चौराहे से कबीर मठ तक के मार्ग से अवैध केबल हटवाया गया। जोनल अधिकारी दशाश्वमेध के साथ गृह कर वसूली में लोहता क्षेत्र से अभियान चला कर 3,65,000 रु. गृह कर वसूला गया। अभियान के दौरान अत्यधिक अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का एक गाड़ी अतिक्रमित सामान जब्त कर कुल जुर्माना राशि 4,000 रु. वसूल किया गया।

# बस संचालन में यात्री सुविधाओं का रखा जाए विशेष ध्यान



रोडवेज पर निरीक्षण करते परिवहन निगम के एमडी

**बोले परिवहन निगम के एमडी**

**कैंट डिपो का निरीक्षण कर अधिकारियों के साथ की बैठक**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के एमडी (प्रबंध निदेशक) संजय कुमार ने बुधवार को कैंट रोडवेज बस स्टैंड पर निरीक्षण कर अधिकारियों संग बैठक की।

परिवहन मंत्री द्वारा साधारण बस सेवा को हरी झंडी दिखाने के तयशुदा कार्यक्रम रद्द होने के बाद संजय कुमार ने दर्शन पूजन कर निरीक्षण किया, उन्होंने बस अड्डे की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। इसके साथ ही यात्री सुविधाओं पर फोकस की बात कही, संजय कुमार ने चालक-परिचालक से उनके वर्दी के बाबत भी वार्ता की, इसके साथ ही उन्हें यात्रियों के साथ व्यवहार के प्रति भी जानकारी दी, बसों के रख-रखाव के बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश भी दिया। बैठक में वाराणसी परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा, स्टेशन मैनेजर प्रिया श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी शमिल थे।

## संक्षेप

### रामनवमी के दिन श्रद्धालुओं को मिलेगी नई सौगात

**वाराणसी।** यूपी में श्रद्धालुओं के लिए एक खास कार्यक्रम चल रहा है, जिसके अंतर्गत अयोध्या राम मंदिर में होने वाले कार्यक्रम के लाइव दर्शन किये जा सकेंगे, ऐप्स फॉर भारत संपूर्ण जानकारी पाई जा सकेगी, राम परिवार की पूजा दिखाई जाएगी, इसी के साथ श्रीराम पर आधारित लेख के तथ्यों की भी जानकारी दी जाएगी स्टार्ट-अप, ऐप्स फॉर भारत द्वारा धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों के लिए भारत का पहला ऐप, श्री मंदिर, राम नवमी की तैयारी में जुट गया है। यह ऐप विभिन्न धार्मिक प्रथाओं और परंपराओं पर सत्यापित और गहन जानकारी देने वाले एक आस्था- प्रवर्तक के रूप में काम करेगा। देश भर में एक करोड़ से भी अधिक उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए इस ऐप को बहुभाषी बनाया गया है जिसमें हिंदी, गुजराती, मराठी, भोजपुरी, हरयाणवी और राजस्थानी जैसी कई भाषाएँ शामिल है।

### उप्र संस्कृत संस्थान ने प्रो. हरिप्रसाद को किया सम्मानित



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य में बुधवार को उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के द्वारा तुलनात्मक धर्म दर्शन के वरिष्ठ आचार्य एवं अनुसंधान निदेशक प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी को एक लाख रुपए के विशिष्ट पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा विपिन खंड लखनऊ में संस्कृत विद्वानों के सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें भाषा विभाग के मुख्य सचिव एवं प्रो. हरेराम त्रिपाठी कुलपति संपूर्णानंद मुख्यातिथ्य में सौ से अधिक संस्कृत के विद्वानों का सम्मान सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रमुख सचिव, भाषा विभाग जितेंद्र कुमार, निदेशक उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान विनय कुमार श्रीवास्तव एवं देश के विभिन्न क्षेत्रों से सम्मानित होने वाले विद्वानों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### सिंधोरा में पीस कमेटी की बैठक

**सिंधोरा।** थाना परिसर में बुधवार को पीस कमेटी की बैठक थाना प्रभारी आशीष मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में नवरात्रि व माहे रमजान के त्योहारों पर क्षेत्र के आए हुए सम्मानित ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और स्थानीय लोगों ने अपने अपने विचारों को व्यक्त किया और थाना प्रभारी ने लोगों से आग्रह किया कि त्यौहार को सौहार्द पूर्वक और शांति के साथ मनाए जाय अगर कोई त्यौहार में अराजकता और सरारत करता है तो उसके साथ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

### कान्हा उपवन भेजे गए 15 गोवंश

**चिरईगांव।** विकास खंड के अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल गौराकला से बुधवार को 15 गोवंशों को नगर निगम के कान्हा उपवन भेजा गया। पशु चिकित्साधिकारी चिरईगांव डॉ. आरए चौधरी ने बताया कि सीडीओ के निर्देश पर 30 गोवंशों से कम क्षमता वाले अस्थायी गोवंश स्थलों से निराश्रित गोवंशों को नगर निगम के छितौनी स्थित कान्हा उपवन में शिफ्ट किया जा रहा है। उसी के तहत अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल गौराकला से 15 गोवंशों को पशुधन प्रसार अधिकारी डीके सिंह की देखरेख में निगम गौशाला में भेजा गया।

### पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए उप्र शासन ने केंद्र को भेजा पत्र

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के 52 हजार पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए फरवरी माह में कुलपति हरेराम त्रिपाठी ने उत्तर प्रदेश शासन को पत्र भेजा था। जिसका संयुक्त सचिव उमा द्विवेदी ने संज्ञान लिया और उस भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय को प्रेषित कर दिया। जनसंपर्क अधिकारी शशींद्र मिश्र ने बताया कि पांडुलिपियों के संरक्षण को डिजिटाइज मनुकृत कन्जर्वेशन परियोजना के धनराशि के लिए यूपी सरकार की संयुक्त सचिव उमा द्विवेदी ने नई दिल्ली के म्यूजियम डिविजन सेक्शन, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव को विश्वविद्यालय के परियोजना के लिए एक पत्र प्रेषित किया है, जिसमें फरवरी माह में विश्वविद्यालय के कुलपति के पत्र का जिक्र किया गया है। संयुक्त सचिव ने भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय को पत्र में उल्लेख करते हुये बताया कि उक्त परियोजना की स्वीकृति प्रदान करते हुए उक्त धनराशि को अवमुक्त किया जाए।

### ताइक्वांडो में रुस्तम ने राष्ट्रीय सब जू. में जीता स्वर्ण



**वाराणसी।** जिला ताइक्वांडो संघ के चार खिलाड़ियों ने 24 से 27 मार्च तक कटक, ओडिशा में आयोजित आधिकारिक सब जूनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें क्योरुगी वर्ग में विनीत सिंह ने रजत और पूमसे में रुस्तम पटेल ने प्रदेश के लिए एक मात्र स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। संघ के सचिव सत्य वर्धन सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के खिलाड़ियों ने कुल सात पदक जीते जिसमें एक स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। संघ के अध्यक्ष आशीष प्रताप सिंह ने सभी खिलाड़ियों को टेलीफोनिक वार्ता कर उनका उत्साह बढ़ाया और बताया की अगले माह सभी उत्कृष्ट खिलाड़ियों को वार्षिक सम्मान समारोह में सम्मान राशि दे कर सम्मानित किया जायेगा।

### अदलपुरा शीतला माता के श्रद्धालुओं को फल-पानी वितरित

**रोहनिया।** अखरी त्रिमुहानी पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगातार अष्टमी तिथि के दिन माता शीतला का वार्षिक श्रृंगार ग्रामीणों द्वारा किया गया और पूरे रात भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें अखरी गांव के साथ-साथ आसपास के भी गांव के लोग भारी संख्या में भाग लेकर माता का भजन पूजन किया।अदलपुरा धाम स्थित बड़ी शीतला माता के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को पूरे रात ग्रामीणों के द्वारा चाय पानी व फल वितरित किया गया।

### नवरात्र में मातृशक्ति का हुआ सम्मान

**वाराणसी।** शहर दक्षिणी विधानसभा में हर नवरात्र की भांति, अष्टमी को फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वाराणसी शहर दक्षिणी के विधायक व पूर्व धर्मार्थ कार्य मंत्री डा नीलकंठ तिवारी ने अपने विधानसभा अंतर्गत जैतपुरा स्थित मां बागेश्वरी देवी प्रांगण में मातृशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन कराया। कार्यक्रम में क्षेत्र की लगभग 400 से अधिक मातृशक्तियों का सम्मान किया गया। उक्त अवसर पर क्षेत्रीय जनता को फलाहार कराया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने कहा कि मातृशक्ति देश की तकदीर संभालने में अपनी ताकत का बखूबी प्रदर्शन कर रही है। इस अवसर पर महिला मोर्चा को मंडल अध्यक्ष उषा अग्रहरी, सारिका गुप्ता, गीता शर्मा समेत तमाम महिला कार्यकर्ता, तथा क्षेत्रीय मातृशक्ति को सम्मानित किया गया।

# 4 अप्रैल को अविमुक्तेश्वरानंद का संस्थाएं करेंगी नागरिक अभिनंदन



**वाराणसी।** ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्री: अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती का 21 वां संन्यास दिवस चार अप्रैल को मनाया जायेगा। ज्योतिष्पीठाधीश्वर के रूप में प्रथम संन्यास दिवस होने के अवसर पर इस दिवस को उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय किया गया है। यह जानकारी आयोजन समिति के सदस्यों ने बुधवार को केदारघाट स्थित श्रीविद्यामठ में पत्रकारों से बातचीत में दी। बताया कि 4 अप्रैल को अपराह्न दो बजे से सायंकाल पांच बजे तक सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर के सभागार में होने वाले इस आयोजन में काशी की 108 संस्थाओं की ओर से जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्री: अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती का नागरिक अभिनन्दन किया जायेगा। संन्यास दिवस समारोह में काशी के अनेक सन्तों-महन्तों, संस्कृत के विद्वानों को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अति विशिष्ट योगदान करने वाली 9 विभूतियों को महाराजश्री सम्मानित भी करेंगे। इस समारोह में विभिन्न ग्रन्थों का विमोचन भी शंकराचार्य करेंगे। इस उत्सव के दौरान आदि शंकराचार्य भगवान् पर आधारित एकांकी का मंचन भी प्रस्तावित है। पत्रकारवार्ता में साध्वी पूर्णाम्बा, साध्वी शारदम्बा, ब्रम्हचारी मुकुंदानंद, डॉ गिरीश चन्द्र तिवारी, सजंय पाण्डेय, रमेश उपाध्याय,यतींद्र चतुर्वेदी आदि मौजूद थे।

## एएस स्पोर्ट्स सात विकेट से विजयी



**वाराणसी।** बीएचयू के रुइया मैदान पर चल रही प्रेमा-मोहनलाल चौरसिया क्रिकेट स्पर्धा में बुधवार को एएस स्पोर्ट्स क्लब ने आनंद क्रिकेट क्लब को सात विकेट से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। आनंद क्रिकेट क्लब के 34.3 ओवरों में 140 रनों के जवाब में एएस क्लब ने 23 ओवरों में तीन विकेट पर 142 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने वाले आनंद क्लब की बल्लेबाजी भहरा गई और उसे लड़ने लायक रन नहीं मिले। आभास (3-29) ने शुरुआती झटके दिए जिससे बल्लेबाजी दल उबर नहीं सका। 19 पर तीन विकेट खोने के बाद गोलू भारद्वाज (63) और अयान शाह (34) 64 रन जोड़कर मामला संभाला ही था कि विकेट लगातार गिरने लगे। आखिरी सात विकेट 57 रन पर गिर गए। निकेतन और पंकज ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में एएस क्लब ने सिद्धार्थ बिसेन (39) और सत्यम (नाबाद 38) के साथ पंकज के 22 रनों की पारी ने जीत आसान कर दी।

# कलाकार चित्रों के सहारे ही बोलता है : प्रो. त्यागी

**उद्गार**

**काशी विद्यापीठ के ललित कला विभाग में कला मेले का आयोजन**



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के ललित कला विभाग एवं क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी की ओर से बुधवार को विभाग के सभागार में कला मेले का आयोजन हुआ। जिसका विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया।

मुख्य अतिथि के प्रो. त्यागी ने कहा कि कला को देखने और समझने के लिए दो भेद किए जाते हैं प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष। कलाकार अपने मस्तिष्क से अपनी शब्दों से जो बातें नहीं कह पाते है, उसे चित्रों के माध्यम से व्यक्त करता है। कला का उद्देश्य यही होना चाहिए कि समाज का कोई व्यक्ति अछूता ना रहे। राज्य ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी में पूर्वांचल के जिले के संबंधित कलाकारों की कलाकृति प्रदर्शित की गई है।

प्रदर्शनी में कला संस्कृति, काकोरी कांड, साधु, बुद्ध, प्रकृति चित्रण, लोक कला एवं मूर्तिकला के अंतर्गत ब्रांच, सिरेमिक, मिक्स सामग्री द्वारा बनाई गई कलाकृति प्रदर्शित की गई है। विभाग परिसर के मैदान में इंस्टॉलेशन आर्ट का भी प्रदर्शन किया गया है जिसमें ध्यान मुद्रा में योगी, जलपरी, इंडिया गेट, जी-20 सम्मेलन इत्यादि का भी प्रदर्शन किया गया है। कला मेला में 18 कला स्टाल एवं 5 फूड स्टॉल लगाए गए हैं। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर चीफ प्रॉक्टर प्रो. अमिता सिंह, प्रो. रामाश्रय यादव, प्रो. राजमणि, प्रो. एस. प्रणाम सिंह, प्रेमचंद विश्वकर्मा, प्रो. केके सिंह, डॉ. शत्रुघ्न प्रसाद, डॉ. राम राज, डॉ. स्नेह लता कुशवाहा, सुश्री शालिनी कश्यप, डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# लोहता में धूमधाम से मनाई गई सम्राट अशोक जयंती



**किया याद**

**राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग**

**वाराणसी।** जन अधिकार पार्टी की ओर से बुधवार को चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की 2327 वी जयंती लोहता स्थित धनीपुर में राजनारायण उर्फ राजू मौर्य की अध्यक्षता में मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पटेल विजय नारायण वर्मा ने सम्राट अशोक के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने व जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। युवा मंडल अध्यक्ष बबलू मौर्य ने सम्राट अशोक जयंती को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग की। इसके पूर्व सम्राट अशोक व तथागत बुद्ध के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। समारोह का संचालन ई मनोज मौर्य ने किया।

इस मौके पर अनिल मौर्य मास्टर साहब , रमाशंकर मौर्य, गुलाब पटेल, जिलाजीत पटेल, विजय मौर्य, रंजीत मौर्य ,चंद्रशेखर मौर्य, प्रमोद मौर्य, विनोद पटेल ,रामबली, हेमंत आदि लोग मौजूद थे।

उधर, जन अधिकार पार्टी महानगर की ओर से साकेत मंडप दुर्गाकुंड में सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संगठन मंत्री पटेल विजय नारायण वर्मा व विशिष्ट अतिथि इंदु मेहता प्रदेश महासचिव महिला मोर्चा, कंचन लता मौर्य मंडल प्रभारी महिला मोर्चा, पूर्व मंडल प्रभारी अनिल मौर्य, युवा मंडल महासचिव वीरेंद्र मौर्या,जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र मौर्य रहे। संचालन युवा मंडल अध्यक्ष बबलू मौर्य ने किया व धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक नगर अध्यक्ष संतोष मौर्य ने दिया।

## सम्राट अशोक की मनी जयंती



**वाराणसी।** बुधवार को छावनी लाइन चौराहे पर प्रियदर्शी महान सम्राट अशोक जयंती धूमधाम से मनायी गयी। समाज सेवी आदित्य कुशवाह के नेतृत्व में आयोजित जयंती समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और महान सम्राट को श्रद्धासुमन अर्पित किया। आदित्य कुशवाहा ने बताया कि सम्राट अशोक मौर्य काल का ऐसा शासनकाल था जहाँ जातियां नहीं थी सभी को समानता का अधिकार प्राप्त था। भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था।मौर्य काल के बाद ही जातियों और तमाम कुरुतिया स्थापित हुई, मौर्य काल के बाद ही भेद भाव उच्च नीच की भावनाएं मानस द्वेष तमाम बुराइयां शुरू हुई। कार्यक्रम में जन अधिकार के जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय महासचिव सहित अन्य लोग भी शामिल रहें। इसके साथ ही बौद्ध सुरक्षा समिति के अध्यक्ष मरजाद कुशवाहा ने भी संबोधित किया।

# सुभाष यदुवंशी को भाजपा का महामंत्री बनाए जाने पर हर्ष



**चांदमारी।** बस्ती जनपद के एमएलसी सुभाष यदुवंशी को भाजपा के प्रदेश संगठन में प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर यादव समाज ने प्रसन्नता व्यक्त की है। बीते मंगलवार को लेढ़ूपुर स्थित कृपा मेमोरियल हॉस्पिटल में डॉ. अंकित यादव के नेतृत्व में बैंड-बाजे के साथ खुशियां मनाई गयी। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। डॉ. अंकित यादव ने कहा कि सुभाष यदुवंशी को भाजपा का प्रदेश महामंत्री बनाए जाने से हमलोग प्रसन्न हैं।

संगठन में यदुवंशी समाज को जोड़ना सबका साथ सबका विकास भाजपा के नारे को साबित करता है। सुभाष यदुवंशी के साथ मिलकर हम सभी लोग पार्टी को मजबूत करेंगे। इससे पहले सुभाष यदुवंशी युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इस अवसर पर डॉ. संतोष यादव, जोखन यादव, प्रवीन यादव, अखिलेश यादव, राजू यादव, राजेश यादव, लल्लन यादव, कंचन यादव, विजय बहादुर, उपेंद्र यादव, प्रेम यादव, छेदी यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# हेल्थ रैंकिंग डैशबोर्ड में काशी का दूसरा स्थान

**और बेहतर**

**प्रदेश की रैंकिंग में पिछले दो माह से जनपद दूसरे स्थान पर**

**वाराणसी।** जनपद में चिकित्सीय व स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार सुदृढ़ीकरण व गुणवत्तापूर्ण सुधार किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश की हेल्थ रैंकिंग डैशबोर्ड में वाराणसी को इस माह प्रदेश में दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त हुआ है। पिछले माह भी वाराणसी को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ था। इस माह का स्कोर पिछले माह के स्कोर से पाँच प्रतिशत से अधिक प्राप्त हुआ है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने दी।

बताया कि पिछले दो माह से हेल्थ रैंकिंग डैशबोर्ड में वाराणसी दूसरे स्थान पर बना हुआ है। इससे ज्ञात होता है कि जनपद के सभी राजकीयचिकित्सालयों, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्रों, आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर व उपकेन्द्रों पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। सबसे बेहतर प्रदर्शन जिला चिकित्सालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर हो रहे सिजेरियन प्रसव में देखने को मिला है जिसमें वाराणसी ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा सीमित व खुशहाल परिवार के लिए परिवार नियोजन के स्थायी साधन के उपयोग के लिए सर्वश्रेष्ठ 10 में जगह बनाई है। वाराणसी के तीन ब्लॉक अराजी लाइन, बड़ागांव और हरहुआ ने सभी आठों ब्लॉक की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में छात्र हुए पुरस्कृत



**पिंडरा।** विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय सैरागोपालपुर के छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान क्षेत्र के एक पब्लिक स्कूल में छात्र छात्राओं के बीच सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें 86 फीसदी अंक प्राप्त कर आशीष प्रजापति प्रथम, 84.6 फीसदी अंक प्राप्त कर पावनी पटेल दूसरे और 78 फीसदी अंक प्राप्त अभय पटेल तीसरे स्थान पर रहे। प्रबंधक कौशलेंद्र सिंह द्वारा तीनों छात्रों को पुरस्कृत करने के साथ-साथ शैक्षिक भ्रमण में शामिल अन्य 30 छात्रों को भी सम्मानित किया गया। शैक्षिक भ्रमण के दौरान प्रधानाध्यापक मनोज सिंह, कौशल कुमार, सिद्धनाथ सिंह, सुनील कुमार व निशा आदि लोग मौजूद रहे।

# पोषण की विशेषता को दो दिनी मेला

**बैठक**

**शनिवार व रविवार को जिले में तीन स्थानों पर लगेगा वृहद मेला**

**वाराणसी।** आगामी शनिवार और रविवार अर्थात एक और दो अप्रैल को जिले के तीन स्थानों पर वृहद पोषण मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें न केवल बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य की जानकारी दी जाएगी बल्कि सिनेमा स्टार के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। यह मेला काशी कृषक इंटर कॉलेज रिंग रोड हरहुआ, श्रीयुगल बिहारी इंटर कॉलेज रामेश्वर और जगतपुर इंटर कॉलेज रोहनिया में आयोजित किए जाएंगे।

मेले का समय सुबह 9:00 बजे से रात के 8:00 बजे तक का रहेगा दिन में पोषण संबंधी जानकारी दी जाएगी और शाम को फिल्मी सितारों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

बुधवार को जिलाधिकारी एस राजलिंगम द्वारा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मेला आयोजन स्थल पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। दो अप्रैल को मेले में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास तथा कपड़ा मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी हिस्सा लेंगी।

### निरहुआ होंगे मेले का विशेष आकर्षण

पोषण मेले में रंगारंग कार्यक्रम कार्यक्रम में कृषक इंटर कॉलेज हरहुआ में में दोअप्रैल को दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ की प्रस्तुति होगी। शेष स्थानों पर फिल्मी जगत के नामी सितारों द्वारा कार्यक्रम पेश किए जाएंगे जिसमें अलीशा अरोड़ा, चंदन तिवारी और संदीप साहनी जैसे कलाकार सम्मिलित है ।

### बच्चों के लिए गेमिंग जोन

मेले में बच्चों के लिए भी कई गेम की व्यवस्था की गयी है। इसके साथ ही माताएं अपने बच्चों के बढ़त की सही जानकारी और परामर्श प्राप्त कर सकेंगी ।मोटे अनाज (मिलेट) आधारित चटपटे व्यंजनों का भी आनंद ले सकेंगे।

### शोध के लिए बीएचयू देगा आर्थिक सहयोग

**वाराणसी।** बीएचयू में प्रवेश लेने वाले विदेशी विद्यार्थियों (अंतरराष्ट्रीय शोधार्थियों) के लिए नई योजना शुरू की गयी। जिसके तहत उन्हें शोध कार्य के लिए विवि में उपकरणों के प्रयोग के लिए 40 हजार रुपये का क्रेडिट इंसेंटिव देंगे। साथ ही क्यू1 तथा क्यू2 शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित रिसर्च में प्रथम लेखक होने पर वह 30 हजार रुपये का अतिरिक्त क्रेडिट इंसेंटिव हासिल कर सकेंगे। आईओई-बीएचयू के तहत आठ हजार रुपये प्राप्त कर सकेंगे। उन्हें बीएचयू-नॉन नेट पीएचडी शोधार्थियों की तरह आकस्मिक राशि भी मिलेगी। क्यू1 तथा क्यू2 शोध पत्रिकाओं में शोध प्रकाशित होने पर उन्हें विवि के नॉन-नेट अन्य शोधार्थियों की तर्ज पर एक बार दिया जाने वाला 84 हजार रुपये का इंसेंटिव भी देंगे। जैसा बीएचयू में नॉन-नेट अन्य शोधार्थियों को मिलता है। इस नई योजना के तहत मासिक फेलोशिप का वर्तमान में 57 अंतरराष्ट्रीय शोधार्थी लाभ उठा सकेंगे।

## काली मठ लक्ष्मीकुंड में नवमी-दशमी को होगा विशेष अनुष्ठान

**वाराणसी।** लक्सा लक्ष्मीकुंड स्थित प्राचीन कालीमठ में चैत्र नवरात्र के अवसर पर दिव्य आराधना महोत्सव के अंतर्गत नव दिवसीय पूजन पाठ के समापन अवसर पर नवमी तिथि और दशमी तिथि को विशेष अनुष्ठान पूर्णाहुति कार्यक्रम आयोजित है। मंदिर के महंत पं ठाकुर प्रसाद दुबे ने बताया कि नवमी तिथि 30 मार्च गुरुवार को सैकड़ों कुंवारी कन्याओं का पूजन अनुष्ठान और कुंवारी कन्या पूजन भंडारा होगा। दशमी तिथि शुक्रवार 31 मार्च को दिन में सैकड़ों दंडी सन्यासियों को पूजन भंडारा होगा। इस अवसर पर गीतकार कन्हैया दुबे केडी के संयोजन में अमलेश शुक्ला, स्नेहा अवस्थी, ओम तिवारी अर्चना तिवारी सहित अनेक कलाकार माता के चरणों में अपनी हाजिरी लगायेंगे।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेंडरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य परियोजना प्रबन्धक/गतिशक्ति/पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं:
कार्य का नाम : अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी मंडल के वाराणसी सिटी, गाजीपुर सिटी, देवरिया सदर, सुरेमनपुर, सलेमपुर और बेल्थरा रोड स्टेशनों का आधुनिकीकरण (पार्ट-3 सिविल वर्क) के तहत स्टाफ क्वार्टरों की पुनर्स्थापना, नई पानी की टंकियों संबंधित इत्यादि कार्य। ई-निविदा सूचना सं. : सीपीएमजीएस-बीएसबी-14-2023, अनुमानित लागत (₹) : 25,78,03,047.95, जमानत राशि (₹) : 13,39,000.00, निविदा बन्द होने की तिथि : 24.04.2023 15:00 बजे तक, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 09 माह।
• निविदा सूचना संख्या सीपीएमजीएस-बीएसबी-14-2023 दिनांक 24.04.2023 को 15:00 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे।
• पूर्ण विवरण एवं निविदा के प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
उप मुख्य इंजी./गतिशक्ति/वाराणसी
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. 8303349 पर SMS करें
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

# गैंगस्टर एक्ट के 10 मुकदमों में 45 आरोपी

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** जनपद के अलग-अलग थानों में पुलिस द्वारा तीन माह के अंदर गैंगेस्टर एक्ट के तहत 10 मुकदमे दर्ज किये गये है। इसमें पुलिस ने 45 लोगों को आरोपी बनाया है, जबकि लगभग 15.68 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई है।

बड़े अपराध में शामिल अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस की ओर से गिरोहबंद अधिनियम (गैंगेस्टर एक्ट) के तहत तेजी से कार्रवाई की जा रही है। जनपद के आठ थानों की पुलिस ने तीन माह के अंदर गैंगेस्टर एक्ट के तहत 10 मुकदमे दर्ज किये है। इसमें लगभग 45 लोगों को आरोपी बनाया

कार्रवाई

## पुलिस ने जब्त की लगभग 15.68 लाख की संपत्ति

गया है। बीते चार-पांच दिनों के अंदर नगर कोतवाली पुलिस ने सूदखोरी प्रकरण में एक साथ 11 लोगों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा कायम किया है। हालांकि, फिलहाल सात आरोपित पुलिस पकड़ से दूर है। पुलिस रिकार्ड के अनुसार बांसडीह रोड पुलिस ने शराब तस्करी एवं हत्या के प्रयास मामले में आठ लोगों पर गैंगेस्टर एक्ट के दो केस दर्ज किया है। इसी प्रकार नगरा पुलिस ने दुष्कर्म एवं एक अन्य मामले में दो मुकदमों में नौ लोगों को आरोपी बनाया है। इसके अलावा बैरिया पुलिस ने हत्या के मामले में पांच, बांसडीह पुलिस ने चोरी के मामले में चार, खेजुरी पुलिस ने गो-तस्करी के मामले में तीन, रसड़ा पुलिस ने चोरी के मामले में दो तथा उभांव पुलिस ने हत्या के मामले में तीन लोगों पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सहतवार पुलिस ने 9.65 तथा नगरा पुलिस ने लगभग छह लाख रुपये की संपत्ति को जब्त किया है।

> अधिकांश आरोपितों को पकड़ कर जेल भेजा जा चुका है। अन्य फरार आरोपियों को पकड़ने का प्रयास जारी है।
>
> दुर्गा प्रसाद तिवारी, एएसपी

## गलत कार्यों में संलिप्त लोगों की खंगाली जा रही कुंडली

**बलिया।** जिले में सूदखोरों एवं अपराधियों पर बड़ी कार्रवाई के बाद पुलिस ने अब फर्जी जमीन रजिस्ट्री कराने वालों पर नकेल कसने की कवायद शुरू कर दी है। फर्जी जमीन रजिस्ट्री एवं कब्जा करने वालों पर भी गैंगस्टर की कार्रवाई हागी। पुलिस इसकी रूपरेखा बना रही है। इस तरह के मामले के दर्ज रिकार्डो को खंगाला जा रहा है। पुलिस के सख्त तेवर से अपराधिक प्रवृति के लोगों के हौसले पस्त हैं। कइयों ने जिला छोड़ दूसरी जगह शरण लिए हैं। एक सप्ताह में तीन लगातर ऊंची पहुंच वाले आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई से आमजन में खुशी व्याप्त है। वही, अपराधियों व उनके गुर्गे भूमिगत हो गए हैं। थानावार बड़े अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई हैं। आने वाले दिनों में अभी कई अपराधियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई तय है। पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर ने बताया कि जिले में जमीन की फर्जी रजिस्ट्री एवं अवैध कब्जा की शिकायतें आ रही है। इस गलत कार्यों में लगे लोगों की कुंडली खंगाली जा रही हैं। इनके ऊपर भी गैंगस्टर की कार्रवाई होगी। थानेवार रिकार्ड देखे जा रहे हैं।

## मारपीट में आठ लोगों का किया चालान

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोटवां गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान जमकर लाठी-डंडे एवं ईंट-पत्थर चले। बैरिया पुलिस ने इस प्रकरण में उभय पक्षों के आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर बुधवार की सुबह चालान न्यायालय कर दिया। एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह ने बताया कि कोटवां गांव में तुरहा विरादरी एवं मुस्लिम समाज के कुल आठ लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है। एक पक्ष के जयराम तुरहा, माझिल तुरहा, गुंग तुरहा व एक अज्ञात तथा दूसरे पक्ष के मुन्ना मिया, रमजान मिया, हीरोज मिया व भीम तुरहा शामिल है। उक्त सभी लोगों को मारपीट में चोटें आई है। आठों लोगों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया है। तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। शराब के नशे में गाली-गलौज के कारण मारपीट हुई है।

## संक्षेप

### सम्राट अशोक के चित्र पर अर्पित किया पुष्प

**बैरिया।** चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती पर बुधवार को चेता छपरा स्थित काली मंदिर पर जुटे मौर्य समाज के लोगों ने सम्राट अशोक के तैल चित्र पर माला फूल अर्पित किया। तत्पश्चात सम्राट अशोक की न्याय प्रियता, मौर्य साम्राज्य की स्थापना, कुशल राज्य संचालन, प्रजा वत्सलता आदि के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए उन्हें याद किया। पुनः चेता छपरा काली मंदिर से शिव कुमार वर्मा मंटन के नेतृत्व में युवाओं ने भव्य मोटर साइकिल यात्रा निकाली। यह रानीगंज बाजार, सुरेमनपुर, बैरिया होते हुए बीबी टोला पहुंचा, जहां छोटी सभा की गई। इस मौके पर राजनाथ वर्मा, गणेश वर्मा, अमन वर्मा, रोशन वर्मा, रंजीत वर्मा, सनी वर्मा उर्फ निखिल वर्मा, कुशवाहा सभा के जिलाध्यक्ष विनायक कुमार मौर्य, पिंटू कुमार, रवि कुमार मौर्य, अनूप कुमार मौर्य, प्रीतम वर्मा आदि मौजूद रहे।

### राधाकृष्ण एकेडमी में अभिनंदन समारोह संपन्न




**बलिया।** राधाकृष्ण एकेडमी सवरूबांध में प्रत्येक कक्षा के उत्कृष्ट छात्रों हेतु छात्रवृत्ति वितरण एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी सदर प्रशान्त नायक ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सीएमडी आदित्य मिश्र एवं डायरेक्टर अद्वित मिश्र ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह से किया। इस दौरान बच्चों ने स्वागत गीत की प्रस्तुति की। कार्यक्रम के अगले चरण में मुख्य अतिथि ने प्रत्येक कक्षा के मेधावी छात्रों को पुरस्कार और छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बच्चों को मिठाई खिलाई गई। कार्यक्रम के अंतिम चरण में मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत छात्रों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी को आगे बढने और जीवन में शिक्षक एवं शिक्षा की महत्ता को रेखांकित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सीएमडी आदित्य मिश्र, चेयरपर्सन श्रीमती अनीता मिश्रा, डायरेक्टर अद्वित मिश्र, प्रधानाचार्या नेहा सिंह, उप प्रधानाचार्य जीवेश पाण्डेय, कोआर्डिनेटर रोहित श्रीवास्तव, शालिनी पाठक आदि मौजूद रहे।

### हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ

**बैरिया।** उप्र सरकार के आदेश के अनुपालन में उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र के पर्यवेक्षण में तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों में रामनवमी से एक दिन पूर्व हनुमान चालीसा एवं सुन्दर कांड के पाठ का आयोजन किया गया। वहीं, कुछ गांवों के धार्मिक स्थलों पर अखंड हरिनाम संकीर्तन का भी आयोजन हुआ। नवकागांव, श्रीपालपुर, कर्णछपरा, रामनगर सहित कई गांवों में हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। वहीं, चकिया गांव में रामचरित मानस पाठ का आयोजन हुआ।




## देवी मंदिरों में पूजा पाठ की रही धूम





**बेल्थरारोड।** मां दुर्गे के मंदिरों में बुधवार को श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। ग्राम सोनाडीह में मां दुर्गे की आठवीं एवं नौवीं देवी के रूप में मां परमेसरी एवं भगेसरी अवतार के मंदिरों पर भी भारी भीड़ रही। मंदिर से बाहर पूजन सामग्री की दुकानें सजी रही। क्षेत्रीय विधायक हंसूराम ने जहां अपने समर्थकों संग सोनाडीह के देवी मंदिर में माथा टेक और पूजा अर्चन किया, वहीं ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह ने भी अपने साथियों संग देवी दर्शन के बाद विधि विधान से पूजन अर्चन किया। देवी मंदिर के भीतर भीड़ को देखते हुए महिला पुलिस भी तैनात की गयी थी। मंदिर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती दिखी। उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव मिश्र सदल-बल चक्रमण करते दिखे। यही हाल बेल्थरारोड नगर के मानस मंदिर, काली तथा दुर्गा मंदिर संग डीह स्थान पर ब्रती महिलाओं ने पूजा पाठ संग धार देते देखी गयी।

# देवी मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब



जापलिनगंज स्थित मां दुर्गा



नगर के एक मंदिर में पाठ करते लोग

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** या देवी सर्व भूतेषु..., जय माता दी..., सच्चे दरबार की जय...। चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि को देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। बुधवार की सुबह से ही मां के भक्तों की कतार मंदिर के बाहर लगनी शुरू हो गयी। हाथ में नारियल-चुनरी व प्रसाद के साथ मां के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए भक्तों की कतार विनम्रता के साथ मां का जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रही थी। मां के दरबार में शीश नवाने के लिए दोपहर तक भक्तों की भीड़ लगी रही।

अष्टमी पूजन

## शाम होते ही मंदिरों में हुई माता रानी की आरती

घंटे-घड़ियाल की शोर से भृगुनगरी 'देवीमय' नजर आने लगी है। शाम होते ही मंदिरों में मां की आरती शुरू हो गयी, जो देर तक चलती रही। उजियार भरौली स्थित मां मंगला भवानी, पकड़ी का भवानी मंदिर, आसन का दुर्गा मंदिर, सिकन्दरपुर का जल्पा-कल्पा मंदिर, कपूरी स्थित मां कपिलेश्वरी भवानी का मंदिर, सोनाडीह का दुर्गा मंदिर, शहर जापलिनगंज का दुर्गा मंदिर, नलकूप कालोनी स्थित दुर्गा मंदिर, हनुमानगंज का मां ब्राम्हणी मंदिर, शंकरपुर की मां शंकरी भवानी का मंदिर, अमहर रसड़ा का दुर्गा मंदिर, उचेड़ा की चंडी माई का मंदिर आदि इलाका देवी गीतों से गुंजयमान रहा।

देवी मंदिरों के आस-पास मेला लग गया है। इस मेले में सर्वाधिक दुकान नारियल, चुन्नी व पूजा सामग्रियों की है। साथ ही जलेबी व चाट-छोला की दुकान भी सजी है। मां के दर्शन के बाद लोग मेला का भी आनंद उठा रहे है। बच्चों के लिए मेला आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। कोई चरखी का लुफ्त उठा रहा है तो कोई झूले का।



मिड्ढ़ी स्थित मां दुर्गा मंदिर

# तैयारी पूरी, सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा आज

आयोजन

## कार्यक्रम में होगा विभिन्न राजनीतिक दलों के दिग्गजों का जमावड़ा

**बांसडीह।** स्थानीय विधान सभा के प्रथम विधायक, इंटर कालेज के संस्थापक एवं पूर्व चेयरमैन ठाकुर बैजनाथ सिंह की पुण्यतिथि पर सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 30 मार्च, गुरुवार को कस्बे के बांसडीह इंटर कालेज के प्रांगण में किया जायेगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।

सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा के आयोजनकर्ता प्रथम विधायक ठाकुर बैजनाथ सिंह के पौत्र बांसडीह नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन एवं बांसडीह इंटर कालेज के प्रबंधक संजय कुमार सिंह मुन्ना ने बुधवार को बांसडीह इंटर कालेज प्रांगण में पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और कार्यकर्ताओं को उचित दिशा-निर्देश दिया। सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा में कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद बीरेंद्र सिंह मस्त करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं



कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते संजय कुमार सिंह

विशिष्ट अतिथि सांसद रविंद्र कुशवाहा, एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू, विधायक केतकी सिंह, विधायक उमाशंकर सिंह, विधायक मु. जियाउद्दीन रिजवी, विधायक जयप्रकाश अंचल, पूर्व मंत्री रामगोबिंद चौधरी, पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, पूर्व विधायक शिवशंकर चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष जय प्रकाश साहू, सपा जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव रहेंगे। इस कार्यक्रम में कई अन्य दलों के नेता भी शामिल होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए भोजपुरी स्टार गायक गोलू राजा, गायिका अमृता गौतम, गायक आशुतोष यादव शामिल होंगे। स्व. ठाकुर बैजनाथ सिंह का जन्म सन 1909 में हुआ था। उनकी प्राथमिक शिक्षा बांसडीह में ही हुई थी। उन्होंने इलाहाबाद विवि से बीएससी व एलएलबी किया। वह बांसडीह के तीन बार विधायक एवं टाउन एरिया के आजीवन चेयरमैन रहे।

आजादी के बाद बांसडीह सेंट्रल से सन 1952 के सामान्य चुनाव में ठाकुर बैजनाथ सिंह निर्दल प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े एवं उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी रंजीत बहादुर (सोसलिस्ट पार्टी) को हराकर चुनाव जीत बांसडीह के प्रथम विधायक बने थे। वर्ष 1957 में द्वितीय बार निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विधायक बने। वर्ष 1967 में जनसंघ के टिकट पर जीत दर्ज कर तीसरी बार विधायक बने। टाउन एरिया में वर्ष 1933 से 1953 व वर्ष 1961 से 1971 तक चेयरमैन बने रहे। उनका समूचा जीवन काल गरीबों, मजदूरों, शोषित के लिए समर्पित रहा।

# पांच गांवों को मिलेगा मुख्यमंत्री पुरस्कार

**बलिया।** ग्राम पंचायतों में बेहतर विकास कार्य कर मॉडल के रूप में प्रस्तुत करने वाले जिले की पांच ग्राम पंचायतें मुख्यमंत्री पुरस्कार से सम्मानित होंगे। उनका चयन शासन स्तर से किया गया है। इसमें सोहांव ब्लाक के सरयां, भरौली, सिंदुरिया, सलेमपुर के अलावा करीमपुर गांव शामिल हैं। इन गांवों को 11 से दो लाख रुपये तक पुरस्कार मिलेगा। जिला पंचायती राज विभाग को शासन से पत्र आने का इंतजार है। जिला पंचायत राज अधिकारी यतेंद्र सिंह ने बताया कि चयनित ग्राम पंचायतों को बतौर प्रथम पुरस्कार 11 लाख, दूसरा नौ लाख, तीसरा छह, चौथा चार व पाचवां पुरस्कार में दो लाख मिलेगा। पुरस्कार की धनराशि सीधे ग्राम पंचायतों के खाते में आएगा। संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान एवं सचिव इस धनराशि का उपयोग गांव के विकास में कर सकेंगे। डीपीआरओ ने बताया कि पांच ग्राम पंचायतों का चयन शासन ने किया है। पूरा ब्योरा अभी उपलब्ध नहीं है। बताया कि शासन से ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों के लिए काफी धन दिया जाता है। इस धन से अच्छे कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के तहत अच्छा कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत करने के लिए आवेदन मांगे गए। ग्राम पंचायतों को पोर्टल पर नौ क्षेत्रों के 50 प्रश्न हल करने थे। शासन की ओर से अंक विभाजन की भी व्यवस्था की गई थी। इसमें गरीबी मुक्त गांव, स्वस्थ्य गांव, बाल मैत्री गांव, पर्याप्त जलयुक्त गांव, स्वच्छ एवं हरित, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव, महिला हितैषी गांव आदि का मानक तय किया गया था।




## बलिया चले के ब्रह्माइन माई बाड़ी...



**नगरा।** स्थानीय कस्बे के प्राचीन दुर्गा मंदिर परिसर में चैत नवरात्रि के अवसर पर मंगलवार की रात देवी जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक देवी गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में न सिर्फ चार चांद लगा दिया, बल्कि श्रोताओं को आधी रात तक भक्ति के सागर में डूबने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के शुभारंभ में मन्दिर के व्यवस्थापक एवं आयोजक पूर्व प्रमुख निर्भय प्रकाश ने कलाकारों को चुनरी से सम्मानित किया। इसके बाद गायक राहुल ठाकुर विक्की ने देवी गीत 'जवना वने आहो मईया' से कार्यक्रम को गति दिया। इसके बाद राहुल ने 'निमिया के डढिया कमजोर, विश्वास कर तू मईया पे पार लगईहे नईया के, माइया मेरी दुनिया है तेरे आंचल में, निमिया के डाढ़ मईया लावेली झुलुहवा, बलिया चले के ब्रम्हाइन माई बाड़ी' गाकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबुर कर दिया। इसके बाद नवीन सिंह ने 'मां आपके कृपा से सब काम हो रहा है', मनीषा मोहिनी ने 'कवन गुन अढ़ हुलवा में मईया, कान्हा बरसाने में आ जईयों' तथा शिक्षक व गायक रानू विमल ने 'बाड़ी शेर पर सवार रूपवा मनवा मोहत बा' सुनाकर आधी रात तक भक्ति का शमा बांधे रखा। श्रोता भी कलाकारों का साथ देते हुए भारी संख्या में जमे रहे। इससे पूर्व माता को मिष्ठान व फल भोग लगाया गया। इस दौरान पूरे मन्दिर को विभिन्न प्रकार के झालरों से सजाया गया था। इसस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष अरविंद नारायण सिंह, राकेश सिंह, अभय प्रकाश, प्रतीक प्रकाश, मनोज कुमार गुप्ता, पुजारी मुन्ना पांडेय, राकेश लाल, भोला कन्नौजिया आदि मौजूद रहे।



# ...तो अप्रैल में चालू हो जायेगा नया पुल

**इंतजार**

### नौ साल से भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित है भरौली-बक्सर के बीच बना पुल

**बलिया।** यूपी-बिहार को जोड़ने वाला भरौली-बक्सर के बीच बना पुल नौ वर्षों से भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित है। अब यह इंतजार अब समाप्त होने वाला है। यहां गंगा पर भरौली-बक्सर के बीच बन रहा नया पुल अप्रैल महीने के अंत में चालू हो जाएगा और जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इसके बाद इस पुल पर भारी वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा। इस पुल के चालू होने से जनपद के अलावा सीमावर्ती गाजीपुर जिले के दर्जनों गांवों के लोगों को लाभ मिलेगा। इस पुल से यूपी-बिहार के बीच लखनऊ-पटना के अलावा यूपी व बिहार के महानगरों के लिए बसों का परिचालन शुरू हो जाएगा।

यूपी को बिहार से जोड़ने के लिए गंगा पर भरौली-बक्सर के बीच वीर कुंवर सिंह सेतु का उद्घाटन वर्ष 1977 में हुआ था। इस पुल के देखरेख की जिम्मेदारी बिहार सरकार के पास है। यह पुल कई बार क्षतिग्रस्त हुआ और कई बार मरम्मत भी हुआ। वर्ष 2014 में पुल के अधिक क्षतिग्रस्त होने के कारण इसे भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया गया। लेकिन उस समय लोकसभा चुनाव को वाहनों की आवाजाही देखते हुए जिले में चुनाव संपन्न होने के बाद 12 मई 2014 को बक्सर जिला प्रशासन द्वारा पुल के दोनों तरफ लोहे की बैरिकेडिंग लगाकर भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। तभी से पुल से भारी वाहनों का आवागमन बंद है। इसके चलते बड़े वाहनों को डेढ़ से दो सौ किमी की अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। वर्ष 2019 में नया पुल बनाने की कवायद शुरु हुई, लेकिन कोरोना काल में पुल का निर्माण बंद हो गया। बीते छह माह से पुल का काम तेजी से चल रहा है। पुल बनाने वाली एजेंसी एसपी सिंगला के अधिकारियों ने बताया कि पुल के दो सिग्मेंट बचे हैं, जो जल्द पूरा कर लिया जाएगा। वहीं, पुल का एप्रोच बनकर तैयार है। पुल की रेलिंग का काम जोरों पर चल रहा है। एजेंसी के अधिकारियों के अनुसार पुल अप्रैल महीने के अंत तक चालू हो जाएगा। हालांकि बिहार में बन कर तैयार फोरलेन सड़क से छोटे वाहनों से आने-जाने वाले लोग अभी वीर कुंवर सेतु से ही आ-जा रहे हैं।

#### शुरू हो जायेगा बसों का परिचालन

**बलिया।** नया पुल चालू होने के बाद पटना-लखनऊकी दूरी कम समय में तय किया जा सकता है। वहीं, बिहार एवं उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की नजर नए पुल पर है। पुल चालू होने के बाद बलिया से कोलकाता, रांची, धनबाद, पटना, बक्सर आदि जगहों के बसों का संचालन शुरू हो जाएगा। इसी तरह यूपी की सीमा में फोरलेन का काम पूरा होने के बाद पटना-लखनऊके बीच बसों का परिचालन होने लगेगा।

#### कारोबार को मिलेगा बढ़ावा

**बलिया।** लोगों को नया पुल चालू होने का इंतजार काफी दिनों से था। इससे व्यापार को बढ़ावा मिलेगा तथा सब्जी की खेती करने वाले किसानों को भी लाभ मिलेगा। भरौली से दो फोरलेन लिंक मार्ग निकल रहा है। एक फोरलेन सड़क 17 किलोमीटर करीमुद्दीनपुर के पास ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा तो दूसरी फोरलेन लिंक 18 किमी दूर फखनपुरा के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे जुड़ेगा। इस सड़क का निर्माण भी जल्द ही शुरु होने वाला है।

#### अंतिम दौर में चल रहा कार्य

**बलिया।** एसपी सिंगला बक्सर के डीपीएम विशाल कुमार ने बताया कि गंगा पर भरौली-बक्सर के बीच बन रहे नया पुल का काम अंतिम दौर में चल रहा है। नए पुल के सिग्मेंट का काम भी पूरा हो चला है। जो काम बचा है, उसे भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। पूरे पुल पर काम जोरों पर है। पुल अप्रैल महीने के अंत तक चालू हो जाएगी।

#### सस्ता हो जायेगा लाल बाबू

**बलिया।** भरौली-बक्सर के बीच गंगा पर बने वीर कुंवर सेतु के बंद होने का सबसे अधिक असर लाल बालू की आवक पर हुआ है। इसके चलते जनपद में लाल बालू काफी महंगा हो गया है। लाल बालू का मुख्य खदान बिहार प्रांत के कोईलवर में है। कोईलवर से यूपी की सीमा में प्रवेश के लिए सबसे नजदीक रास्ता बक्सर-भरौली गंगा पुल ही है। पुल के बंद होने के पहले करीब तीन सौ ट्रकें रोजाना लाल बालू लेकर प्रदेश की सीमा में प्रवेश करती थीं और इसी रास्ते जिले के अलावा गाजीपुर, मऊ, गोरखपुर, गोंडा, आजमगढ़ आदि जनपदों में लाल बालू पहुंचता था। लेकिन पुल के बंद होने के कारण ट्रकें गाजीपुर या जयप्रभा सेतु मांझी के रास्ते आ रही हैं। लिहाजा खर्च बढ़ने के कारण लाल बालू भी महंगा हो गया है। अब नया पुल के चालू होने से एक बार फिर लाल बालू की ट्रकें इसी रास्ते में प्रदेश की सीमा में आएंगी। लिहाजा जनपद के अलावा अन्य जनपद के लोगों को भी लाल बालू कम कीमत पर मिलने लगेंगी।

# 23 साल से नौकरी कर रहा शिक्षक बर्खास्त

**कार्रवाई**

### बीईओ को दिया गया एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश

**बलिया।** बेसिक शिक्षा विभाग के एक स्कूल में 23 साल से भी अधिक समय से नौकरी कर रहे धोखेबाज शिक्षक को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बर्खास्त कर दिया। उसने अलग-अलग शिक्षण संस्थानों से परीक्षा देकर अपने जन्मतिथि में सात साल का हेरफेर किया है। उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश खंड शिक्षा अधिकारी को दिया गया है।

बीएसए मनिराम सिंह की ओर से मंगलवार की शाम जारी सेवा समाप्ति आदेश के अनुसार रसड़ा क्षेत्र के जाम गांव निवासी ब्रजनाथ राम की नियुक्ति एक जुलाई 1999 को बेसिक शिक्षा परिषद में सहायक अध्यापक के पद पर हुई थी। वह पिछले कुछ वर्षों से जूनियर हाईस्कूल महाराजपुर, शिक्षा क्षेत्र रसडा में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थे। ब्रजनाथ के खिलाफ उन्हीं के गांव के श्रीराम नारायण गोंड पिछले करीब एक साल से डीएम एवं बीएसए से शिकायत कर रहे थे। उन्होंने अंतिम शिकायत सात नवम्बर 2022 को जिलाधिकारी से की थी, जिसमें आरोप लगाया था कि ब्रजनाथ राम की दो तरह की जन्मतिथि है। पहली एक दिसंबर 1953 और दूसरी एक दिसंबर 1960। इस संबंध में उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत विभिन्न शिक्षण संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराये गए पुख्ता प्रमाण भी दिए थे। बीएसए ने शिकायतों की जांच रसड़ा के खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से विभिन्न स्तर पर कराई। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि मानव संपदा पर अपलोड अभिलेखों व सेवा पुस्तिका में उनकी जन्मतिथि एक दिसंबर 1960 है, जबकि उपलब्ध साक्ष्यों के अनुसार उन्होंने अमर शहीद भगत सिंह इंटर कालेज रसड़ा से 1972 में हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है, जिसमें उनकी जन्मतिथि एक दिसंबर 1953 है। बाद में राधामोहन संस्कृत महाविद्यालय बैरिया से पूर्व मध्यमा की परीक्षा 1975 में पास की है। यहां उनकी जन्मतिथि एक दिसंबर 1960 है। इस प्रकार अलग-अलग विद्यालयों से जन्मतिथि में परिवर्तन करके उनके द्वारा परीक्षा दी गयी है। बीएसए के अनुसार उत्तर प्रदेश सेवा में भर्ती नियमावली-1974 में उल्लिखित है कि सरकारी सेवक की जन्मतिथि हाईस्कूल या समकक्ष परीक्षा के प्रमाण पत्र में अभिलिखित हो, मानी जाएगी। ब्रजनाथ राम ने हाईस्कूल की परीक्षा अमर शहीद भगत सिंह इंका रसड़ा से 1972 में उत्तीर्ण कर ली थी। इस तथ्य को छिपाकर 1975 में राधामोहन संस्कृत महाविद्यालय बैरिया से जन्मतिथि परिवर्तित करके पूर्व मध्यमा परीक्षा पास की। यदि दो विद्यालयों से एक ही परीक्षा अलग-अलग वर्षों में उत्तीर्ण करने को नजर अंदाज भी कर दिया जाए तो जन्मतिथि में हेरा-फेरी करके परिवर्तन किया जाना नियम विरुद्ध है। ऐसे में स्पष्ट है कि ब्रजनाथ राम तथ्यों को छिपाकर विभाग को धोखा देकर बीटीसी परीक्षा उत्तीर्ण करके गलत तरीके से सेवा में बने हुए हैं। उन्हें सुनवाई का अवसर प्रदान किया जा चुका है। अब उनके सेवा में बने रहने का कोई नैतिक एवं विधिक आधार नहीं रह गया है।

## अस्पतालों में नहीं हो रही सैंपलिंग

**बलिया।** कोविड संक्रमित मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। शासन कोविड संक्रमण के रोकथाम की तैयारियों में जुटा है। स्वास्थ्य विभाग पूरी तैयारी का दावा कर रहा है। बदलते मौसम में कोविड व इन्फ्लुएंजा वायरस के लक्षण वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है। जिला अस्पताल में रोज 20 प्रतिशत मरीज ऐसे आ रहे हैं, जिन्हें सर्दी, जुकाम, गले में खराश की शिकायत हैं। जिले के अधिकतर सीएचसी, पीएचसी, स्वास्थ्य केंद्रों और स्टेशनों पर सैंपलिंग नहीं हो रही है। सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की लापरवाही घातक बनी हैं। जिला अस्पताल में सरकारी व अन्य दस्तावेजों के लिए ही लोग टेस्ट करवा रहे हैं। प्रतिदिन करीब सात से आठ सौ टेस्ट हो रहे हैं। मरीजों की संख्या बढ़ने से टेस्ट का आकड़ा बढ़ना चाहिए। नवरात्र व रोजा में मंदिरों, मस्जिदों व बाजार में भीड़ बढ़ गई है। मौसम में बदलाव के कारण लोगों में वायरल संक्रमण की जद में अधिकतर लोगों आ रहे है। त्योहार में महानगरों से आने वाले लोग कोविड नियमों का पालन नहीं कर रहे, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। यह उनके व परिवार के लिए घातक साबित हो सकता है। जिला सर्विलांस अधिकारी डा. अभिषेक ने बताया कि महानगरों से आने वाले लोग हर हाल में कोविड नियमों का पालन करे। अगर लक्षण है तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक की सलाह पर सैंपलिंग कराएं।

# राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



**रसड़ा।** राष्ट्रीय बहुजन नायक मंच एवं संयुक्त बहुजन हकदारी मोर्चा के संयोजक राघवेन्द्र कुमार के नेतृत्व में उप्र सरकार द्वारा एससी/एसटी (दलित आदिवासियों) की भूमि को बिना जिलाधिकारी के पूर्व अनुमति के बेचने की शर्त को समाप्त करने हेतु राजस्व संहिता यूपी में संशोधन करने हेतु प्रस्तावित की गई टाउन शिप नीति-2023 को रोकने के संबंध में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। कहा कि अखबारों के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि उप्र सरकार में नई टाउन शिप नीति-2023 को प्रस्तावित किया है, जिसमें एससी/एसटी, दलित आदिवासियों की भूमि को बिना जिलाधिकारी के पूर्व अनुमति के बेचने की शर्त जो पूर्व से ही भूमि राजस्व संहिता में निहित है, उसे समाप्त करने के लिए संशोधन किया जा रहा है।

यह दलित आदिवासियों के लिए घातक सिद्ध होगा। प्रभावशाली लोग लालच, धोखा एवं दबाव में दलितों की जमीन को खरीद लेंगे। आज भी देश में भूमिहीन की संख्या लगभग 75 प्रतिशत है। केन्द्र एवं राज्य सरकार गरीबों की जमीन हथियाने की फिराक में है। मांग किया है कि इस संशोधन विधेयक को रोका जाए तथा दलितों एवं आदिवासियों के सम्मान एवं जमीन की रक्षा की जाए। इस मौके पर प्रवीण सत्यार्थी, दुर्विजय धर्मचंद, आवेश असगर हाशमी, दीपक कुमार बौद्ध, जयभीम भारती, लाल बचन प्रसाद, श्रीकांत गौतम, मनीष कुमार, सतानंद गौतम, धनंजय भारती, बादल राठौर, शिवपूजन सरकार, मनीष कुमार माथुर, रामनिवास, अरविंद कुमार, मोनू कुमार, अखिलेश, पंकज कुमार, प्रकाश भारती आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### नवागत एसडीएम ने मंदिर में किया दर्शन-पूजन



**सिकन्दरपुर।** नवागत उपजिलाधिकारी दीप शिखा सिंह ने यहां का कार्यभार संभालने के प्रथम दिन बुधवार को स्थानीय दुर्गा मैदान स्थित दुर्गा मंदिर में दर्शन पूजन किया। यह नगर के इतिहास में पहला अवसर है, जब नवरात्र के अंतिम दिन किसी प्रशासनिक अधिकारी ने इस मन्दिर में पूजन अर्चन किया है। एसडीएम ने पर्वों की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि ये इसलिए मनाए जाते हैं कि लोगों की आस्था प्रबल हो। उनके मन को शांति मिले। पूर्व विधायक संजय यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की धर्म के प्रति अपार आस्था है। पूर्ववर्ती किसी भी सरकार ने अब तक नगर पंचायतों में ऐसी व्यवस्था नहीं की थी। योगी सरकार के आदेश पर नगर पंचायतों में पहली बार यह व्यवस्था की गई है। मौके पर नायब तहसीलदार शैलेश कुमार, पूर्व चेयरमैन रविन्द्र वर्मा, प्रयाग चौहान, संजय, विनीत, आकाश तिवारी, अंजनी यादव, ज्ञानप्रकाश, विजय जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### अभियुक्त को तीन वर्ष का सश्रम कारावास

**बलिया।** चिन्हित मुकदमे में प्रभावी पैरवी कर अभियोगों के त्वरित निस्तारण को लेकर चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मानिटरिंग सेल, संयुक्त निदेशक अभियोजन शिवबचन राम के प्रभावी पर्यवेक्षण एवं लोक अभियोजक विमल कुमार एवं पैरोकारों की पैरवी के चलते धारा 363, 366, 376 भादवि एवं धारा 3/4 पाक्सो एक्ट में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं.-10 विनोद कुमार सक्षम द्वारा अभियुक्त गोविन्द कुमार कुशवाहा पुत्र स्व. परशुराम वर्मा निवासी पिलुई, थाना मनियर को सजा सुनाया गया है। अदालत ने धारा 363 भादवि के आरोप में दोष सिद्ध करते हुए अभियुक्त को तीन वर्ष की सश्रम कारावास तथा पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न अदा करने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### शिक्षक संघ ने जिविनि को सौंपा पत्रक

**बलिया।** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट बलिया ने मूल्यांकन केन्द्रों पर पारिश्रमिक भुगतान हेतु मां एवं वसूली को लेकर बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्रक सौंपा। कहा कि मूल्यांकन केन्द्रों पर परीक्षकों के मद में आकस्मिक व्यय 48 रुपये, जलपान व्यय 20 रुपये, ब्राह्य परीक्षा हेतु दैनिक भत्ता 16 से 20 रुपया प्रतिदिन एवं स्थानीय परीक्षकों का वाहन व्यय 27 रुपये प्रतिदिन निर्धारित किया गया है। केन्द्र नियंत्रकों द्वारा उपरोक्त कोई भी व्यय परीक्षकों को प्राप्त नहीं कराया जाता है। इसके विपरित मूल्यांकन केन्द्रों पर परीक्षकों से पारिश्रमिक भुगतान के नाम पर 200 रुपये प्रति परीक्षक की मांग/वसूली की जा रही है। मांग किया कि इस वित्तीय कदाचार पर तत्काल अंकुश लगाते हुए परीक्षकों/शिक्षकों को शोषण से बचाया जाय।

### आग से एक बीघा गेहूं की फसल राख



**रसड़ा।** कोतवाली क्षेत्र के सुलूई नारायणपुर गांव निवासी श्रीविलास त्रिपाठी के खेत में मंगलवार की शाम शरारती तत्वों द्वारा खड़ी फसल में आग लगा दी गई। इससे एक बीघा खड़ी फसल जलकर राख हो गयी। पीड़ित ने ोतवाली में नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दिया है। सुलुई नारायणपुर गांव निवासी श्रीविलास त्रिपाठी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शरारती तत्वों ने मेरे गेहूं के खेतों में आग लगा दिया, जिससे एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### शॉर्ट-सर्किट से लगी आग से लाखों का सामान राख

**नगरा।** स्थानीय नगर पंचायत के गड़वार मोड़ स्थित जनसेवा केन्द्र में मंगलवार की रात्रि शार्ट सर्किट से लगी आग से लाखों रुपये का स्टूमेट जलकर राख हो गया। नगरा थाना क्षेत्र के गड़वार मोड़ पर मनोज कुमार चौरसिया की जनसेवा की दुकान है। दुकानदार मंगलवार की रात में अपनी दुकान बन्द करके घर चला गया। बिजली की स्पार्किंग की वजह से दुकान में आग लग गयी। आग लगने की जानकारी दुकानदार को बुधवार की सुबह हुई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक कम्प्यूटर, तीन चार्जर, बैटरी, प्रिंटर सहित अन्य स्टूमेट जलकर राख हो चुका था।

### गंगा को बांधों से मुक्त किया जाय : रमाशंकर



**बलिया।** गंगा की अंतर्कथा प्राकृतिक प्रतिकूलता का संकेत दे रही है। उत्तराखण्ड का टिहरी तथा उत्तर प्रदेश के नरोरा आदि बांधों से पतित पावनी को दर्द मिला है, जिसका समुचित इलाज संभव नहीं हो पा रहा है। उक्त बातें गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने चैत्र शुक्ल अष्टमी तिथि पर महावीर गंगा घाट पर संकल्प कार्यक्रम के तहत हाथ में गंगाजल एवं पुष्प लेकर पूजन के बाद गंगा भक्तों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। कहा कि गंगा को बांधों से तत्काल मुक्त किया जाना समय की मांग है। उसे सफाई से ज्यादा अपने पेटे में गंगाजल की दरकार है। वह सूख रही है। मौके पर विनय, ऋषि कुमार, पारस, ददन यादव, ओमप्रकाश पांडेय, मोहन पांडेय आदि मौजूद रहे।

### बोलेरो के धक्के से युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**रसड़ा।** रसड़ा-कासिमाबाद मार्ग स्थित अखनपुरा गांव के समीप बुधवार की दोपहर बोलेरो की चपेट में आने से जहां बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास के लोगों ने घायल छात्र को सीएचसी रसड़ा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, मौका पाकर चालक बोलेरो खड़ा करके फरार हो गया। रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के अठिलापूरा गांव निवासी संस्कार सिंह (16) पुत्र बृजेश उर्फ मुन्ना सिंह अपने मित्र छात्र अहमर उत्तर पट्टी गांव निवासी अंकित गुप्ता (16) पुत्र लक्ष्मण गुप्ता बुधवार को विद्यालय जा रहे थे। अभी वह अखनपुरा गांव के समीप पहुंचे थे कि तेज रफ्तार बोलेरो ने धक्का मार दिया। इससे संस्कार सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अंकित गुप्त गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### भाजपा नेता ने डीएम को सौंपा पत्रक

**बलिया।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रेयाज अहमद ने ग्राम सभा बहेरी एवं प्रेमचक उर्फ उमरगंज, परमंदापुर एवं रामपुर महावल के समीप कटहल नाला में जल जमाव होने को लेकर जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा। कहा कि बहेरी, प्रेमचक उर्फ उमरगंज, परमंदापुर एवं रामपुर महावल के समीप कटहल नाला में नवनिर्माण कार्य चल रहा है। इसकी वजह से नाले के पानी का निकास नहीं हो पा रहा है। निर्माण कार्य के कारण जल जमाव हो रहा है। इसकी वजह से गंदगी, बदबू एवं मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। मांग किया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कदम उठाया जाय।

### कैलेंडर वर्ष 2023 के लिए चतुर्थ शनिवार 22 जुलाई कार्य दिवस घोषित

**बलिया।** जनपद न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार पाण्डेय ने निर्देशित किया है कि उच्च न्यायालय द्वारा प्रेषित वर्ष 2023 के कैलेण्डर में दिये गये टिप्पणी संख्या 10 के अनुपालन में बलिया जजशिप में न्यायिक कार्य हेतु किसी एक चतुर्थ शनिवार को कार्य दिवस घोषित किया जाना है। वर्ष 2023 में बलिया जजशिप में न्यायिक कार्य हेतु माह जुलाई 2023 में पड़ने वाले चतुर्थ शनिवार दिनांकित 22 जुलाई 2023 को न्यायिक अधिकारीगण के लिए घोषित अवकाश के स्थान पर कार्य दिवस घोषित किया जाता है। उपरोक्तानुसार वर्ष 2023 में बलिया जजशिप में न्यायिक कार्य हेतु चतुर्थ शनिवार दिनांकित 22 जुलाई 2023 को न्यायालय/ कार्यालय खुले रहेंगे।

### भगवान को खुश करने को बंदों से करें प्यार : बब्बन



**दुबहर।** ब्रह्मांड में रमण करने वाले हर तत्व को राम से प्रमाणित करना ही राम की असली पूजा है। मानवता के लिए ही नहीं, बल्कि पेड़-पौधों के लिए भी उन्होंने जो संदेश दिया है, वह अनुकरणीय एवं प्रशंसनीय हैं। माता-पिता, पुत्र, पति, भाई, मित्र यहां तक कि बैरी के धरातल पर भी उन्होंने जो लक्ष्मण रेखा खींची है, उसका दुनिया में कोई मिसाल नहीं है। उक्त बातें अखार ढाला स्थित मीडिया सेंटर पर पत्रकारों से बातचीत में सामाजिक चिंतक बब्बन विद्यार्थी ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि त्याग, विनम्रता, प्रेम और आस्था के प्रतीक राम को मानने का अर्थ उनके आदर्शों व उपदेशों के पथ पर चलना है। रामनवमी, राम जन्मोत्सव मनाने की सार्थकता तभी सिद्ध होगी, जब उनके मानवीय आचरण एवं आदर्शों को जीवन में चरितार्थ किया जाएगा। बब्बन विद्यार्थी ने कहा कि अगर भगवान को खुश करना है तो भगवान के बंदों से प्यार करना होगा। क्योंकि जीवन का मूल प्रेम है। यदि हम जीवन के मूल्य अर्थात प्रेम को समझ जाएं तो समस्त विवाद एवं कटुता स्वतः समाप्त हो जाएगी। इस मौके पर विश्वनाथ, डा. सुरेशचंद्र प्रसाद, कृष्ण कुमार, संजय आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### वेयर हाउस में सीसीटीवी कैमरों को रखें सक्रिय : डीएम




**मऊ।** बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिलाधिकारी अरुण कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष विधान सभावार बंद कक्षों के सीलबंद तालों को खोलने और कक्षों में रखे ईवीएम/वीवीपैट के रख-रखाव का निरीक्षण किया गया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ही विधान सभावार कक्षों के तालों को पुनः सीलबंद किया गया। उपस्थित प्रतिनिधियों ने सील बंद तालों पर अपने हस्ताक्षर भी किए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस में विभिन्न जगहों पर लगाए गये सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आगन्तुक रजिस्टर का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार वेयर हाउस में रखे गए ईवीएम/वीवीपैट की अनवरत सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी अविनाश पांडे, अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ-साथ सभी राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 400 केवीए का ट्रांसफार्मर जला

**दोहरीघाट, मऊ।** दोहरीघाट आजमगढ़ मार्ग पर कस्बे में स्थित पेट्रोल पंप के पास 400 केवीए का ट्रांसफार्मर जल जाने से दो मोहल्ला में अंधेरा छा गया है। 28 मार्च को दोपहर में धू धू करके ट्रांसफॉर्मर जल गया गर्मी में कस्बे के नवापुरा व कमला तिवारी पूरा के लोग इस भीषण गर्मी में बिजली ना होने से परेशान हैं पानी ना मिलने से लोग पानी के लिये तरस गए हैं। सभासद संतोष प्रजापति, संतोष शर्मा गुड्डू, पंकज मद्धेशिया ने बताया कि ट्रांसफार्मर जलने से कल दिन भर रात भर लाईन न आने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जब इस संबंध में जेई प्रकाश वर्मा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि नया ट्रांसफार्मर लगवाने की लिए तेजी से प्रयास किये जा रहे है।

### पुरुष नसबंदी में बेहतर कार्य करने पर मिला सम्मान



**बलिया।** बेलहरी ब्लाक के बीसीपीएम संजय कुमार यादव ने जिले में पुरुष नसबंदी में अपना प्रथम योगदान दिया। बेलहरी और बैरिया ब्लाक के बीसीपीएम संजय कुमार यादव गम्भीरता पूर्वक अपना कार्य पूरा करते है। जिले में पुरस्कार वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें परिवार नियोजन अभियान में तमाम चुनौतियों के बावजूद बेहतर और उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉ., डीपीएस आरबी यादव, कायाकल्प के जिला नोडल डा. रंजय कुमार, फेमली प्लानिंग के नोडल उपेन्द्र चौहान, बीपीएम शशि सिंह, मिथिलेश गिरि, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं को सीएमओ डा. जयंत कुमार ने पुरस्कृत किया। सीएमओ डा. जयंत कुमार ने बताया कि सभी पुरस्कृत होने वाले प्रतिभागियों का परिवार नियोजन अभियान में सराहनीय योगदान रहा है। तमाम चुनौतियों के बावजूद ये लोग अपनी जिम्मेदारी पर पूरी मुस्तैदी के साथ डटे रहे और घर-घर जाकर एक-एक योग्य लाभार्थियों को परिवार नियोजन के साधन को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इससे ना सिर्फ सम्मानित होने वाले कर्मियों को सम्मान मिलता, बल्कि पूरे इलाके का मान-सम्मान भी बढ़ता है। इसलिए मैं सभी कर्मियों से अपील करता हूं कि सभी लोग इसी तरह अपनी मेहनत की बदौलत आगे बढ़ते रहें।

### पथ संचलन पर नगरवासियों ने की पुष्प वर्षा

**नगरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में प्रतिपदा पर नगरा के इतिहास में पहली बार पथ संचलन का कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान सभी स्वंयसेवक ओम् लिखा भगवा झण्डा के साथ हाथों में दण्ड लिये कदम से कदम मिला कर चल रहे थे। पथ संचलन का बाजार में जगह-जगह पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया गया। पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवकों ने नगरा-सिकंदरपुर मार्ग, नगरा-रसडा मार्ग, नगरा-भीमपुरा मार्ग व नगरा-बिल्थरारोड मार्ग का भ्रमण किया। संघ के पथ संचलन में अनुशासन व समयबद्धता देखी गयी। सर्वप्रथम भारत माता व संघ के संस्थापक केशव राव बलिराम हेडगेवार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर ध्वज को प्रणाम कर पूजा की गयी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन को देखने के लिए सडकों पर बड़ी संख्या नगरवासी मौजूद रहे। स्वयंसेवक भारत माता की जय व वंदेमातरम का जयघोष कर रहे थे।

# ओवरलोडिंग करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर करें कार्रवाई

**बोले डीएम**

### सिंचाई, विद्युत एवं परिवहन विभाग के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न



**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग एवं परिवहन विभाग के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग द्वारा जनपद में चलाये जा रहे चेकिंग अभियान की जानकारी लेते हुए एआरटीओ को निर्देश दिए कि प्राइवेट वाहनों पर हूटर तथा नंबर प्लेट आदि पर अनावश्यक शब्दों को लिखकर चलने वाले वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने को कहा।उन्होंने तेज गति वाले वाहनों, अनफिट वाहनों तथा तेज हार्न वाले वाहनों पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।चार पहिया वाहनों में कला शीशा लगाकर चलने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता विद्युत ने बताया कि जनपद को शासन स्तर से 1009 करोड़ की सब्सिडी प्राप्त हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद में ट्रांसफार्मरों तथा बिजली की सप्लाई प्राथमिकता के आधार पर दी जा रही है। अधिशासी अभियंता विद्युत ने कहा कि जनपद में हो रही ओवरलोडिंग के कारण ट्रिपिंग की समस्या आ रही है, जिसके लिए अब अलग-अलग विद्युत फीडरो पर सुधार की कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी ने बार-बार होने वाले ट्रिपिंग की समस्या को ठीक करने के साथ ही ओवरलोडिंग करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई वीरेंद्र पासवान ने बताया कि तीन नए बाढ़ परियोजनाओं पर जनपद में कार्य चल रहा है, जिसमें बीबीपुर- बेलौली बांध के किलोमीटर 0.070 से 0.300 के मध्य कटाव निरोधक कार्य, ग्राम सूरजपुर में राम जानकी मंदिर के डाउन स्ट्रीम में कटाव निरोधक कार्य तथा पारा सहरोज बांध के किलोमीटर 8.150 से 8.650 तक कटाव निरोधक कार्य कराया जा रहा है। सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यो में तेजी लाते हुए जिलाधिकारी ने इसे यथा शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान एडीएम भानु प्रताप सिंह, नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह, एआरटीओ कहकसा खातून सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुरातन छात्रों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनायी छात्र नेताओं की 19वीं पुण्यतिथि

**मऊ।** नगर के प्रतिष्ठित डीसीएसके पीजी कॉलेज के अध्यक्ष रहे होशिल सिंह व उनके तीन साथियों अंजनी सिंह, कृष्ण कुमार सिंह सर्वजीत सिंह, की पुण्यतिथि बुधवार को होशिल सिंह के प्रतिमा स्थल डीसीएसके पीजी कॉलेज पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर मनाया गया। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक सिंह पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि होशिल बहुत मिलनसार व सरल स्वभाव के धनी थे, जनपद में उन्होंने छात्र राजनीति को नई दिशा देने का काम किया था। कहा आज भी वह काला दिन मुझे याद है जब यह घटना हुई थी, समूचा जनपद इस घटना पर आशु बहा रहा था। अंजनी सिंह के छोटे भाई वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी सिंह ने बताया कि आज हम लोग अपने बड़े भाइयों का 19 वां पुण्यतिथि मना रहे हैं, यह घटना 29 मार्च 2004 की है, होशिल कुमार सिंह अपने साथियों के साथ मैहर देवी के दर्शन करके वापस लौट रहे थे। इलाहाबाद के करीब सड़क दुर्घटना में होशिल सिंह समेत चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 30 अप्रैल तक चलेगा



**मऊ।** मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक तथा दस्तक अभियान 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पिछली बैठक के अंतर्गत सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

इस अभियान के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग एवं पशुपालन विभाग के साथ ही जिला कार्यक्रम विभाग को भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया जाना है। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने बेहतर कार्य योजना तैयार कर इस अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई हेतु नगर पालिका/नगर पंचायते, पंचायती राज विभाग को विशेष निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा छात्रों एवं अभिभावकों को दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर रोगों, जल जनित रोगों तथा गर्म मौसम से संबंधित रोगों से बचाव, रोकथाम एवं उपचार हेतु जागरूक करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने नगर पालिका/नगर पंचायतों को क्षेत्रों में नालियों/कचरो की सफाई करवाना, फागिंग, लार्विसाइडल स्प्रे तथा साफ-सफाई के विशेष निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के सार्वजनिक स्थलों पर संचारी रोग एवं दस्तक रोग से संबंधित पोस्टर लगाने के निर्देश दिए, जिससे लोग जागरूक हो। मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि अभियान के तहत जो भी नोडल लगाए गए हैं वे माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य कराएंगे जिसकी जानकारी नोडल से प्रतिदिन ली जाएगी। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। दस्तक अभियान के दौरान प्रशिक्षित फ्रंटलाइन वर्कर्स (आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री) द्वारा घर-घर जाकर विभिन्न रोगों के नियंत्रण एवं उपचार की जानकारी प्रदान करने के साथ ही कुपोषित बच्चों तथा विभिन्न रोगों के लक्षण युक्त व्यक्तियों को चिन्हित कर सूचीबद्ध किया जाना है। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ने पिछले अभियान के दौरान जिन विकास खंडों में फ्रंट लाइन वर्कर्स द्वारा संतोषजनक कार्य नहीं किया गया है, उन विकास खंडों में फ्रंट लाइन वर्कर्स की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश देने को कहा, जिससे दस्तक अभियान को सफल बनाया जा सके।

# सम्राट अशोक ने किया अखंड भारत का निर्माण

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अजीत प्रताप कुशवाहा ने कहा कि सम्राट अशोक जैसा शासक पूरी दुनिया में ना कभी हुआ और ना कभी होगा। उन्होंने अखंड भारत का निर्माण किया था। जो इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है।

अजीत कुशवाहा ने सरजू पांडे पार्क मे आयोजित सम्राट अशोक महान के 2327वीं जयंती समारोह में अपने संबोधन में उक्त बातें कहें। उन्होंने आगे कहा कि सम्राट अशोक की महानता इस बात में है कि उन्होंने अपने शासन को लोक कल्याणकारी बनाया। उनके अनुसार 'सर्व लोकहित से बढ़कर दूसरा कोई कार्य नहीं'। हम कह सकते हैं कि उन्होंने अपने राज में वर्तमान के वैचारिक लोकतंत्र को लागू किया था।

**जयंती**

### सम्राट अशोक जैसा शासक पूरी दुनिया में ना कभी हुआ और ना कभी होगा

सम्राट अशोक महान का शासन राजतांत्रिक था, किन्तु आज की सर्वश्रेष्ठ शासन व्यवस्था लोकतंत्र है। राजतंत्र की अपनी निहित कमियां होती हैं, इसलिए राजतंत्र को हटाकर पूरे विश्व में आज लोकतंत्र की स्थापना हुई है। आज की लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था सम्राट अशोक महान के शासनकाल से भी श्रेष्ठ है। जिसमें वैचारिक लोकतंत्र के साथ-साथ सांगठनिक लोकतंत्र भी है।


अब कोई भी व्यक्ति किसी भी पद पर, यहां तक कि शासन-सत्ता के सर्वोच्च पद पर आसीन हो सकता है। इस अवसर पर संजय सिंह कुशवाहा, सहतु कुशवाहा, योगेंद्र कुशवाहा, रामलोचन, अशोक, विजय बहादुर, अशोक, सूर्यकांत, डॉ. बृजेश, सुदर्शन, कांता, नंद कुमार, रामध्यान, मुखराम, रजिउद्दीन, अरविंद कुमार, अनिल कुमार,नागेंद्र, अवधेश, विमलेश, जयराम, विभा, रेणु सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रंग जी कुशवाहा तथा संचालन अभिमन्यु कुशवाहा ने किया।


सरजू पाण्डेय पार्क में संबोधित करते अजीत कुशवाहा।

# दुर्गाष्टमी पर माता महागौरी की पूजा कर मांगी मन्नत


कामाख्या धाम पर देवी दर्शन के लिए उत्साहित श्रद्धालु।


दिलदारनगर बाजार में भीड़।


रेवतीपुर मां भगवती की परिसर में दर्शन के लिए लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

**गाजीपुर।** अष्टमी पर बुधवार को भक्तों ने माता महागौरी की पूजा-अर्चना कर मनौती मांगी। शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह से ही जलाभिषेक के लिए लोग पहुंचे शाम को भजन-कीर्तन किया गया। अष्टमी के दिन भक्तों ने माता महागौरी का उपवास रखकर पूजा-पाठ किया। सुबह से ही घरों में हवन आदि करने के बाद भक्त देवी मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गए। जिलेभर के प्रमुख देवी मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। घरों में व्रती महिलाओं ने विधि- विधान से पूजा पाठ कर देवी मां की आरती किया।

मंदिरों में पूजन साथ ही मंत्रोच्चार भी गूंजते रहे। शहर के मिश्रबाजार, महुआबाग, सकलेनाबाद, ददरीघाट, गोराबाजार, कालीधाम कालोनी, जमानिया मोड़, लाल दरवाजा, रायगंज, नवाब साहब फाटक, हमीद सेतु आदि जगहों पर स्थित मंदिरों में सुबह से देर शाम तक श्रद्धालु पहुंचते रहे। उन्होंने श्रद्धाभाव से माता का पूजन-अर्चन किया। रोरी, अक्षत, फल-फूल, धूप-दीप, नैवेद्य आदि अर्पित कर जगतजननी का चरण वंदन किया।

**बाराचवर।** करीमुद्दीनपुर स्थित मां कष्टहरणी मंदिर में दर्शनार्थी सुबह से लेकर शाम तक पहुंचते रहे। बहादुरगंज। चंडी माता मंदिर पर सैकड़ों भक्तों ने शीश नवाया। रेवतीपुर। मां भगवती मंदिर में बड़ी संख्या में देवी भक्तों ने श्रद्धा के साथ माता का पूजन-अर्चन किया। दिलदारनगर। सायर माता मंदिर पर श्रद्धालुओं ने पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। मुहम्मदाबाद। तहसील स्थित मनोकामना देवी मंदिर तथा स्टेशन रोड स्थित दुर्गा मां के मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। यूसुफपुर स्थित महाकाली मंदिर एवं देवकली के चकेरीधाम स्थित दुर्गा मंदिर पर शाम तक भीड़ रही।

**चैत्र नवरात्र**

### भक्तों ने रखा उपवास, मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन

**कन्याओं को कराया भोज :** कई घरों में अष्टमी को ही कन्या लांगुर जमाने की परंपरा निभाई गई। भक्तों के उपवास पूरे हो गए उन्होंने माता के प्रतीक के रूप में कन्या भोज कार्यक्रम आयोजित किए। कन्याओं की पूजा- अर्चना करने के बाद उनको उपहार भेंट किए गए।

### श्रद्धालुओं ने निकाली श्रीराम शोभा यात्रा

**दिलदारनगर।** श्रीराम नवमी पर्व को लेकर राम भक्त परिवार के नेतृत्व में नगर क्षेत्र में श्रीराम शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा नगर स्थित बलिराम दास कुटिया मंदिर में पूजन अर्चन के बाद श्रीराम के चित्र और बालकों ने आकर्षण रथ पर बैठे श्रीराम भाई लक्ष्मण और दूसरे रथ में श्री हनुमान के रूप में साथ भक्तिमय डीजे पर युवा महिला गुनगुनाते हुए चल रहे थे। चारो तरफ भक्तिमय का वातावरण से नगर के लोग आकर्षक शोभायात्रा को देखने के लिए दौड़ पड़ रहे थे। तत्कालीन चेयरमैन अविनाश जायसवाल ने कि शोभायात्रा में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के मार्गो पर चलने के लिए लोगो को संदेश देते रहे। यह शोभायात्रा नगर के बलराम दास कुटिया से निकलकर रामलीला मैदान होते नगर के रेलवे फाटक बड़ी नहर तक जाकर समापन किया गया।इस शोभायात्रा के दौरान नगर की विजली आपूर्ति 3 घंटे के लिए बंद किया गया था वही सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना पुलिस लगी रही। इस शोभायात्रा में अमित जायसवाल, सीताराम गुप्ता, भगवान शाह, अनिल गुप्ता इत्यादि लोग रहे।

### दिनभर हाथों-हाथ रही कन्याएं

नवरात्र पर्व के अंतिम दिन देवी स्वरुप कन्याओं को अपने घर तक लाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। सुबह से ही लोग कन्याओं को खोजते रहे। एक घर से कन्याओं के निकलते ही दूसरे घर के लोग उनको अपने साथ ले जाते। यह सिलसिला दिनभर यूं ही चलता रहा। कन्याओं की टोलियां भी प्रसाद के साथ एक घर से दूसरे घर जाते रहे। कन्याओं को भी दक्षिणा पाने का लालच रहा। घरों से निकलने के बाद कन्याएं अपनी दक्षिणा के रुपयों को गिनती रही।

### कामाख्या धाम मंदिर पर उमड़ा भक्तों का सैलाब

**गहमर।** बुधवार को नवरात्र के अष्टमी के दिन मां कामाख्या देवी के आठवें स्वरुप मां महागौरी की पूजा-अर्चना की गयी। वही, मंदिर में पूजन को भक्तों की कतार लगी रही। भक्त सायन काल 7:30 बजें मां के आरती में शामिल हुए आरती बाद मां का प्रसाद ले अपने-अपने घरों को गयें दूर से आये भक्त मंदिर प्रांगण में बने अतिथि घर में रुक गये।

## मां चंडी मंदिर में रामचरित मानस का अखंड पाठ

**कासिमाबाद।** चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर प्रशासन की ओर से तहसील क्षेत्र के नगर बहादुरगंज स्थित मां चंडी मंदिर में रामचरितमानस का अखंड पाठ कराया जा रहा है। चौबीस घंटे तक चलने वाला अखंड पाठ बुधवार को दस बजे शुरू हुआ जो गुरुवार को दस बजे तक सम्पूर्ण होगा जिसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस दौरान एडीएम वीर बहादुर यादव, तहसीलदार जया सिंह, नायब तहसीलदार अनुराग यादव, नगर अधिशासी अधिकारी एसपी सिंह, क्षेत्राधिकारी बलिराम, चौकी प्रभारी आशुतोष शुक्ला सहित राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार की नीति जन विरोधी: जनार्दन

जनसंदेश न्यूज

**मरदह।** उत्तर प्रदेश अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में ब्लॉक सम्मेलन कहोत्तरी चट्टी स्थित अंबेडकर पार्क में सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष कामरेड जनार्दन राम ने कहा कि मौजूदा सरकार देश के किसानों के साथ किए गए वादे को निभा नहीं रही है।

पूरे देश के किसान लगभग 500 संगठन एक साथ आंदोलन कर रहे हैं, सरकार एमएसपी की गारंटी, शहीद किसानों को मुआवजा, गृह राज्यमंत्री को बर्खास्त करना, 60 वर्ष के किसानों को 10000 पेंशन की व्यवस्था सरकार को सुनिश्चित करना आदि मुद्दों के साथ संगठन संघर्ष कर रहा है। आठ, नौ, दस जून को प्रदेश का राज्य सम्मेलन लंका मैदान में होगा। आठ जून को होने वाली किसान महापंचायत को ऐतिहासिक बनाने पर चर्चा हुई। सम्मेलन को राष्ट्रीय महासचिव कामरेड अतुल कुमार अंजान, राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी संबोधित करेंगे।


कहोत्तरी चट्टी स्थित अंबेडकर पार्क में संबोधित करते रामबदन सिंह।

सम्मेलन में 41 सदस्य कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमेंअध्यक्ष दीना सिंह,उपाध्यक्ष शशीकांत सिंह, रमेश यादव, मंत्री विक्रमा यादव, सहायक मंत्री कैलाश राम, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी विजय यादव को बनाया गया। मौके पर पूर्व विधायक राजेंद्र यादव, विक्रमा यादव, राजदेव यादव, रामबदन यादव, रामबदन सिंह, भूरा यादव, सुदामा राम, चतुरी मास्टर, विजय यादव, श्यामलाल राजभर, कैलाश राम, शशिकांत, सुरेंद्र चौहान, अंगद यादव, रमेश यादव, रामबचन बिंद, विश्वनाथ चौधरी, शशिधर आदि मौजूद रहे।

## ताला तोड़कर 5.70 लाख की चोरी

**सैदपुर।** नगर के वार्ड 14 आत्मानगर निवासी हृदय पाठक के घर में चोरों ने घुसकर बक्सा का ताला तोड़कर करीब पांच लाख रुपये के जेवर व 70 हजार रुपये पर हाथ साफ कर दिया। चोरी का पता चलने पर घरवाले परेशान हो गए और महिला सदस्य रोने लगी। सूचना पर पहुंचे कोतवाल शिवप्रताप वर्मा, उप निरीक्षक हैदर अली व सिपाहियों ने खोजबीन की, लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं चल सका। हृदय पाठक पूजा-पाठ कराते हैं। उनके पुत्र गोपाल पाठक की आगामी 12 मई को शादी पड़ी है। गोपाल कपड़े की दुकान पर काम करते हैं। शाम को घर पर कोई नहीं था। हृदय के छोटे भाई मनोज पाठक भी दुकान पर थे और उनकी पत्नी रश्मि पाठक बच्चों के साथ सरस्वती विद्या मंदिर के वार्षिकोत्सव में गई थी। मनोज दुकान से लौटे तो घर की स्थिति देखकर हैरान रह गए। घर का ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा हुआ था। वो विद्यालय जाकर रश्मि को घर ले आए। कुछ देर में हृदय पाठक व गोपाल भी पहुंच गए।

# ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर में तीन युवक घायल

जनसंदेश न्यूज

**कासिमाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के शेखनपुर पुलिया के पास मंगलवार की देर रात अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक बाइक पर तीन सवार युवक बुरी तरह घायल हो गए। बाइक और ट्रैक्टर की टक्कर की तेज आवाज सुनकर ग्रामीण घटनास्थल पर दौड़ पड़े देखा तो बाइक दो टुकड़ों में बिखर चुकी है और तीन सवार युवक घायल पड़े हैं।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के द्वारा कासिमाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने तीनों युवकों को मऊ जनपद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार धरवार कला गांव निवासी वीरेंद्र यादव का पुत्र विकास यादव उम्र 25 वर्ष और राजन राजभर का पुत्र प्रमोद राजभर उम्र 24 तथा बेचन राजभर का पुत्र जितेंद्र राजभर उम्र 24 वर्ष मंगलवार की देर रात एक बाइक पर सवार होकर घर से प्रमोद राजभर के ससुराल केरवाना गांव जा रहे थे। जैसे ही शेखनपुर पुलिया के पास पहुंचे। विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर में टक्कर हो गई। ग्रामीणों का कहना था कि विकास यादव, प्रमोद राजभर और जितेंद्र राजभर तीनों करीबी मित्र थे।एक दिन पूर्व ही हैदराबाद से कमा कर लौटे थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुहम्मद सरवर ने बताया कि घटना की सूचना मिली है तीनों युवकों की हालत नाजुक है और मऊ जनपद रेफर हुए हैं। ट्रैक्टर को कब्जे में लिया गया है। परिजनों द्वारा तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# खसरा बीमारी का प्रकोप आधा दर्जन बच्चे बीमार

**बारा।** नियमित टीकाकरण नहीं कराने पर बच्चे खसरा बीमारी की चपेट में हैं। भदौरा ब्लाक के बारा, उसिया और दिलदारनगर गांव के एक दर्जन से अधिक बच्चों के नमूने लखनऊ जांच के लिए भेजे गए, जिनमें चार बच्चों में खसरे की पुष्टि हुई है। अन्य बच्चों की जांच रिपोर्ट आने के बाद संख्या और बढ़ सकती है। इन सभी बच्चों का टीकाकरण नहीं हुआ था।

इस बीमारी में बच्चों को छोटे - छोटे दाने निकल आए हैं। जिन बच्चों का टीकाकरण हुआ है, उनपर इस बीमारी का असर कम है। भदौरा ब्लाक के बारा, उसिया और दिलदारनगर गांव में खसरा और बुखार ने पैर पसार दिए हैं। दर्जनों बच्चे इसकी चपेट में हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 6 मार्च को दिलदारनगर गांव में पीड़ित परिवारों के 946 बच्चों का टीकाकरण किया है। बारा और उसिया गांव में खसरे से दर्जनों बच्चों के बीमार होने की सूचना है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांवों में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण शुरू कर दिया है। उसिया गांव में राघवेंद्र (5), किनवेनी कुमारी (4), छाया (5), अखिल (1), महेश (6), रूपा कुमारी (7), लालसा (7), गंगासागर (2) के शरीर में छोटे-छोटे दाने निकले हुए हैं। साथ ही बुखार से बच्चे बीमार हैं। बारा गांव में एक ही परिवार के चार बच्चे अब्दुल्लाह (8), हलीमा (2), हम्माद अली (4), साद अली (2) और जुहान बाबर खसरे की चपेट में हैं। सीएचसी अधीक्षक भदौरा डॉ. धनंजय ने बताया कि गांवों में टीम भेजकर सर्वे कराने के बाद दवा का वितरण कराया जाएगा। साथ ही लोगों को बीमारी से बचाव के बारे में सचेत किया जा रहा है। वहीं, बुधवार को डबल्यूएचओ मानिटर अमित बारा गांव पहुंचे और और बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाने के साथ सैंपल जांच के लिए भेजा। इस दौरान उन्होंने एएनएम परमिला और आशा को सर्वे के निर्देश भी दिए।

**हड़कंप**

### डब्ल्यूएचओ की टीम ने गांव में पहुंचकर किया सर्वे

# दावेदारों की बढ़ी धड़कनें, आरक्षण में होगा उलटफेर


सोनम गुप्ता


कुंवर रमेश सिंह पप्पू


रीमा खरवार

**गाजीपुर।** निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर उच्चतम न्यायालय के रिपोर्ट स्वीकार करने के बाद अब जिले के निकायों में चुनाव लड़ने वाले दावेदारों की धड़कने बढ़ गई हैं। ओबीसी सर्वे रिपोर्ट को लेकर प्रबल संभावना है कि जनपद की तीन नगर पालिका और 5 नगर पंचायतों के आरक्षण में उलटफेर होगा। कई सीटों के बदलाव को लेकर बीते बुधवार को राजनीतिक गलियारे में भी चर्चा होती रही। अपना रुतबा कायम रखने के लिए वार्डों में चुनावी ताल ठोकने वाले दावेदार गुणा गणित लगाने में जुट गए हैं। नगर निकाय चुनाव की तस्वीर बदलने को लेकर पिछड़ी जाति की जनसंख्या के आधार पर आरक्षण का फामूर्ला अपनाने की प्रक्रिया होगी। इसी आधार पर नगर पालिका अध्यक्ष और नगर पंचायतों के चेयरमैन की सीट पर आरक्षण तय होना है। ओबीसी की सर्वे रिपोर्ट पर सभी दावेदारों की निगाहें टिकी हुई हैं। संभावना है कि जनपद की तीन नगर पालिका सहित पांच नगर पंचायतों में कई निकायों के अध्यक्ष पद के आरक्षण में बदलाव हो सकता है।

बीते दिसंबर में जारी हुए आरक्षण में सदर नगर पालिका की सीट सामान्य, मुहम्मदाबाद और जमानियां सामान्य महिला के लिए आरक्षित थी। अब नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्ष पद की सीटों के आरक्षण में बदलाव होने की संभावना जताई जा रही है। यदि आरक्षण में बदलाव होता है तो राजनीतिक दलों को नए सिरे से तैयारियों में जुटना होगा। माना जा रहा है कि नए नियमों और सिफारिशों को लागू किया गया तो नगरपालिका परिषद और नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ पार्षदों की सीटों के आरक्षण में बड़ा उलटफेर दिखाई देगा।

### सवा दो लाख मतदाता करेंगे भाग्य का फैसला

**गाजीपुर।** जिले के आठ नगरीय निकायों में 121094 पुरुष एवं 104626 महिला सहित कुल 225720 मतदाता हैं। सबसे अधिक मतदाता नपा परिषद गाजीपुर में 50586 पुरुष एवं 43732 महिला सहित कुल 94318 हैं। इसी तरह नपा परिषद जमानिया में 16458 पुरुष व 13321 महिला संग 29779 तथा नपा परिषद मुहम्मदाबाद में 16950 पुरुष एवं 15234 महिला सहित कुल मतदाताओं की संख्या 32184 है। इसके अलावा नपं सैदपुर में 10908 व 9524 सहित कुल 20432, सादात में 5781 व 4996 सहित 10777, बहादुरगंज में 8093 एवं 7255 सहित 15348, जंगीपुर में 5702 व 5104 सहित 10806 तथा नपं दिलदारनगर में 6616 पुरुष व 5460 महिला सहित कुल 12076 मतदाता हैं।

> ओबीसी आरक्षण की रिपोर्ट के आधार पर अगर आरक्षण फिर से तैयार होगा तो उलटफेर होना तय है। महिलाओं को भी अवसर मिलेगा। अपने जिले में महिला वोटरों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है।
>
> अंजली शर्मा, गृहिणी

> ननि चुनाव में हर वर्ग के लोगों को प्रतिनिधित्व मिले इसके लिए सीटो के आरक्षण प्रावधान किया गया। सीटों का आरक्षण चक्रानुक्रम में किया जाता है। जिससे महिलाओं को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।
>
> रीमा खरवार जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा।

> सरकार की ओबीसी रिपोर्ट उच्चतम न्यायालय ने स्वीकार कर लिया है। यह स्वागत योग्य है। इससे आरक्षण तय करने में आसानी होगी। सही तरीके से सभी जातियों को चुनाव लड़ने का अवसर मिलेगा।
>
> कुंवर रमेश सिंह पप्पू वरिष्ठ भाजपा नेता।

## संक्षेप

### मारपीट कर युवक को किया घायल, मुकदमा

**गहमर।** रंजिश को लेकर मारपीट कर एक युवक को घायल कर दिया। घायल के पिता की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही चार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर घायल को मेडिकल के लिए सीएचसी भदौरा भेज दिया। गौरीशंकर कुशवाहा निवासी गांव भदौरा ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि मेरा लड़का सतीश सिंह कुशवाहा घर पर भैंस का दूध निकाल रहा था। गांव के वशिष्ठ कुशवाहा, अश्वनी कुशवाहा, ऋषिकेश कुशवाहा व ओमप्रकाश कुशवाहा जो रंजिश रखते हैं। आकर तरह-तरह का कमेंट करने लगे जिससे भैंस बिदक गई। जब मना किया तो सभी लोग एक राय होकर गाली-गलौज करते हुए मारने के लिए दौड़ा लिया। भागकर घर में घुस गया तो सभी लोग घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया। फिर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। और जाते-जाते प्रार्थी के घर के बाहर लगे करकट को भी ईंट पत्थर चलाकर क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि घायल के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना किया जा रहा है।

### बीईओ ने सहायक अध्यापक का किया सम्मान

**सुहवल।** रमवल स्थित प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक कृष्णानंद को जनपद स्तर पर आयोजित सृजनात्मक कला प्रदर्शनी में नारी सशक्तिकरण व बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बालिका की बेहतरीन अमूर्त चित्र उकेरने पर पूरे जिले में दूसरा स्थान मिलने पर आज उन्हें विद्यालय में बीईओ अशोक कुमार गौतम ने उन्हें प्रशस्ति पत्र व शाल देकर सम्मानित किया।

### पापों का हरण कर लेने वाला ईश्वर

**सुहवल।** स्थानीय गांव के काली मन्दिर परिसर में नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत यज्ञ कथा एवं भंडारा आयोजित है। बुधवार को सातवें दिन कथा का रसपान कराते हुए कथा वाचक स्वामी हरिनामगिरी महाराज ने कहा कि भक्तों के पापों का हरण कर लेने वाला ही ईश्वर है। श्रीमद् भागवत कथा सुनने का लाभ तभी है जब हम इसे अपने जीवन में उतारें और उसी के अनुरूप व्यवहार करें। इस अवसर पर भारी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

### भारतेंदु-युगीन काव्य का विमोचन

**गाजीपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभाग की सहायक आचार्य डा. शशिकला जायसवाल पुस्तक "भारतेंदु एवं द्वितीय युगीन काव्य " का विमोचन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो सविता भारद्वाज जी ने कहा कि डा शशिकला की यह पुस्तक विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी है। एक अच्छा शिक्षक वह होता है जिसका लिखा विद्यार्थियों के लिए उपयोगी हो। हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डा संगीता मौर्य ने कहा कि डा शशिकला जायसवाल जिस का काम को ठान लेती है, उसे समय से पूरा कर लेती हैं। डा. शशिकला जायसवाल ने कहा कि इस पुस्तक के लिखने की योजना जब मेरे पास आई तो उसे मैंने एक अवसर के रूप में लिया। यह एमए द्वितीय सेमेस्टर की पाठ्यक्रम की पुस्तक है। मेरी कोशिश थी कि यह पुस्तक समय से आ जाए। इस अवसर पर प्रो. उमाशंकर प्रसाद, डा. अमित यादव, डा. विकास सिंह, डा. सारिका सिंह, डा. सर्वेश सिंह, डा. निरंजन कुमार यादव की उपस्थिति रही।

### दस बड़े बकायेदारों की कटी बिजली

**दिलदारनगर।** अधिशासी अभियंता हेमंत सिंह के नेतृत्व नगर क्षेत्र में बिजली की चेकिंग अभियान चलाया गया। दस बड़े बकायदारों के बिजली काटी गई, वही एक लाख रुपये की बकाया वसूली की गई। दो लोगों को चोरी से बिजली उपयोग करते पकड़े गए जिनके खिलाफ करवाई की गई। इस दौरान अधिशासी अभियंता हेमंत सिंह ने उपभोक्ताओं को बताया कि 5 किलोवाट भार कनेक्शन वाले 31 मार्च तक अवश्य जमा करा दे अन्यथा करवाई के लिए तैयार रहे। वही बिना कनेक्शन के बिजली का उपयोग कर रहे है वो लोग ऑनलाइन आवेदन कर कनेक्शन ले ले। चेकिंग अभियान टीम में उपखंड अधिकारी कमलेश, अवर अभियंता तपस कुमार, सुखेंद्र राजेंद, मोहन, राकेश, अशोक लोग रहे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पति की मौत, पत्नी घायल

**बिरनो।** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार पति की की मौत हो गई और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और घायल पत्नी को इलाज के लिए सामुदायिक केंद्र भेज दिया। मृतक प्रीतम राजभर (60) पुत्र स्वर्गीय किशोर राजभर ग्राम मीरपुर थाना नोनहरा अपनी पत्नी के साथ मऊ के तरफ से गाजीपुर के तरफ को आ रहा था। तभी बिरनो थाने से महज 200 मीटर पहले बने टी प्वाइंट के पास पहुंचा ही था,तभी पीछे से आ रही अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें स्कूटी पर सवार पति-पत्नी घायल हो गए घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से बिरनो सीएचसी पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने घायल वृद्ध प्रीतम राजभर को मृत घोषित कर दिया। वही उनकी पत्नी लालसा देवी की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष कृपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक के दामाद अनिरुद्ध राजभर के द्वारा अज्ञात वाहन के खिलाफ तहरीर प्राप्त हुई है।

### कामाख्या धाम मंदिर पर आज घोड़ा रेस

**गहमर।** चैत नवरात्र मेले में बृहस्पतिवार को होने वाले घोड़ा रेस में रॉकेट से लेकर बुलेट, बादल और तहलका आदि नामक घोड़े दौड़ने के लिए तैयार हैं। पूर्व पर्यटन मंत्री वर्तमान जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह आदि मौजूद रहेंगे। घोड़दौड़ की तैयारियों का विधायक प्रतिनिधि मन्नू सिंह ने जायजा लिया। आयोजक को हर कमियों को पूरा करने का सख्त निर्देश है।

### तमंचा-कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**जखनिया।** भुड़कुड़ा कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध तमंचा के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटारो हनुमान मंदिर के बॉर्डर से आटो की चेकिंग के दौरान शिव प्रकाश उर्फ सीपू सिंह पुत्र झूरी सिंह निवासी परसपुर कोतवाली भुड़कुड़ा को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

### दिनेश बने प्रांतीय उपाध्यक्ष

**मरदह।** भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने पार्टी के जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश राजभर को उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल प्रदेश का उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन किया है। पार्टी के गठन काल से पार्टी से जुड़े रहे दिनेश राजभर को संगठन की नई जिम्मेदारी मिलने से कार्यकर्ताओं में हर्ष वयाप्त है। मरदह कस्बे में आयोजित बैठक में सुभासपा जिला महासचिव जयलाल राजभर ने कहा कि दिनेश राजभर को जिम्मेदारी मिलने से कार्यकर्ता उत्साहित है। बैठक में सन्तोष राजभर, जयप्रकाश, अवधेश, बृजेश, सरवन राजभर, विनोद पासवान, बिजपत, हरि राजभर, भोला, प्रेमचन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

### भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के उपाध्यक्ष बने कन्हैयालाल

**गाजीपुर।** समाजवादी पार्टी की बैठक समता भवन पर बुधवार को की गई। सपा जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि कन्हैया लाल विश्वकर्मा को अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा का उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जहां विश्वकर्मा समाज को मजबूती मिलेगी और पार्टी भी मजबूत होगी। स्वागत समारोह में रामधारी यादव, निजामुद्दीन खां, अरुण कुमार, अमित, दिनेश यादव, परशुराम बिंद, राजेश यादव, रामाशीष यादव, द्वारिका, माखनलाल आदि उपस्थित थे।

### शातिर पशु तस्कर गिरफ्तार

**गाजीपुर।** सैदपुर पुलिस टीम ने शातिर पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। तस्कर गोवंशो को बिहार व बंगाल वध के लिए के लिए जा रहें थे। पुलिस ने वाहन और पशुओं को बरामद कर लिया है। सैदपुर प्रभारी निरीक्षक हैदरअली मंसूरी एवं लक्ष्मण यादव मंगलवार की रात्रि क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इस बीच मूखबिर से सूचना मिली कि ग्राम डहराकला में कुछ गोवंश तस्कर गोवंशो को बरबरता पूर्वक मुंह व पैर बांधकर मैजिक गाड़ी मे लादकर उस पर काले रंग की पन्नी से बांधकर ढ़ककर बिहार व बंगाल वध के लिए जे जाने वाले है। जिसके बाद भीमापार अंडरपास पुल के नीचे वाहनो की चेकिंग शुरू कर दी गई। वहीं तस्करों को भीमापार हाईवे अण्डरपास बहदग्राम शरीफपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में अभियुक्त ईश्वर श्यामलाल बिन्द पुत्र श्यामलाल रामव्रत बिन्द और निवासी इटही थाना दुर्गावती जिला कैमूर भभुआ बिहार, रामचन्द्र कुमार पुत्र बिहारी बिन्द निवासी मिसपुरा थाना दुर्गावती जिला कैमूर भभुआ बिहार के रूप में पहचान हुई। तस्करों के पास से सात गाय एक बछड़ा व तमंचा बरामद किया गया। वहीं एक अभियुक्त बिंदू बिंद पुत्र मूरत बिंद निवासी ग्राम डहराकला थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर अंधेरे व फसल तथा पेड़ों का फायदा उठाकर मौके से भागने मे सफल रहा।

### नगदी सहित लाखों का आभूषण चोरी

**करंडा।** थाना क्षेत्र के खिजिरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत सबुआ गांव में मंगलवार की रात चोरों ने दो घरों को खंगाला। जिसमें लाखों की आभूषण सहित लाखों की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई। करंडा खिजिरपुर पुलिसचौकी अंतर्गत सबुआ गांव निवासी गजेंद्र सिंह पुत्र राम नगीना सिंह अपने परिजनों के साथ मकान के ऊपरी मंजिल पर भोजन कर सोने चले गए। बुधवार की सुबह उनकी पत्नी नवरात्रि में देवी पूजा के लिए जल रहे अखंड ज्योति के दीपक में तेल डालने के लिए उठीं तो देखा कि दूसरे रूम का दरवाजा खुला है। परिजनों ने देखा की अलमारी में रखी तीन सोने अंगूठी, एक जोड़ी सोने का झुमका, तीन जोड़ी पायल सहित नगदी 1 लाख 39 हजार सहित अन्य सामान गायब है। सूचना पर पहुंची पुलिस मौके पर छानबीन की। वहीं इनके घर से चंद कदम दूर हरिश्चंद्र सिंह पुत्र दुधनाथ सिंह के घर के मुख्य दरवाजे से घुसे चोर घर में रखे रमेश सिंह पुत्र हरिश्चंद्र सिंह की आलमारी तोड़कर सामान तितर बितर कर दिए है। परिजनों ने बताया कि आलमारी में कोई बहुमूल्य सामान और पैसा नहीं था, इसलिए चोरों के हाथ कुछ खास नहीं लगा है।

## जनसंपादकीय

# प्रश्न पूछने वाले को भी राजा राम जेल में नहीं डालते

**भारतेंदु मिश्र**



आदिकवि वाल्मीकि ने रामायण लिखी ।उनकी रामायण से निकली सैकड़ों रामकथाओं को विभिन्न कवियों ने अपनी तरह से अपने समाज के लिए अपनी भाषा में लिखा है । राम आदर्श हैं क्योंकि उनका चरित आदर्श है, वो अभिराम हैं ,उनका चरित ही काव्य है ।पुत्र के रूप में ,भाई के रूप में, पति के रूप में, राजा के रूप में ,योद्धा के रूप में वो सभी जीवन प्रसंगों में सामाजिक आदर्श लेकर चलते हैं और नए मानक स्थापित करते हैं ।इसीलिये आचार्य विश्वनाथ ने कहा था- रामादिवत प्रवर्तितव्यम् न रावणादिवत। अर्थात राम आदि महानायकों के सामान आचरण करना चाहिए न कि रावण आदि अहंकारी व्यक्ति की तरह। वाल्मीकि ने राम के अनेक गुण बताये हैं - महाराज इक्ष्वाकु के वंश में जन्मे राम अपनी कुल परंपरा से भी अधिक गुणवान हैं। वाल्मीकि कहते हैं राम का नाम मैंने लोक में जनगाथा में सुना है अर्थात राम का महान चरित्र वाल्मीकि से पहले ही समाज में विख्यात हो चुका था। राम सनातन संस्कृति के आदि नायक के प्रतीक के रूप में हमारे समाज में आराध्य हैं । वो धैर्यवान हैं , महाबली हैं, सत्यसंग हैं, जितेन्द्रिय हैं , दीनबंधु हैं - वो माता कौसल्या को आनंदित करने वाले राम सभी गुणों से विभूषित हैं -

स च सर्वगुणोपेतः कौसल्यानन्दवर्द्धनः।
समुद्र इव गाम्भीर्ये स्थैर्ये च हिमवानिव॥

राम का चरित्र अगम्य है जैसे समुद्र गहरा है वैसे ही राम का चरित्र गहरा है। जैसे हिमालय स्थिर है वैसे ही राम का चरित्र स्थिर है। तात्पर्य यह कि राम के चरित्र को समझ पाना सबके वश की बात नहीं है।



वाल्मीकि आदिवासियों की तरह जीवन जीने वाले कवि हैं वो वनवासियों के कष्ट जानते हैं ।राम अयोध्या के राजकुमार हैं। सीता उनकी पत्नी और लक्ष्मण अपने बड़े भाई के प्रेम में राजसी ठाठ छोड़कर चौदह वर्ष के लिए वनवासी बन जाते हैं। पिता दशरथ और सौतेली माता कैकेयी की बिना कोई अवहेलना किये राम चल देते हैं , तो यह त्याग और प्रेम का उदात्त संदेश राम का चरित्र है ।जब अनेक आग्रह के बावजूद केवट गंगा पार कराने की उतराई नहीं लेता है, तो केवट के श्रम का मूल्य न चुका पाने का कृतज्ञता बोध राम के मन में सदा के लिए स्थिर हो जाता है।अस्पृश्य समझे जाने वाले निषाद राजा गुह से गले मिलते समय उनकी सहजता का बोध हमें आकर्षित करता है। आगे चलकर माता शबरी का सादगी भरा आतिथ्य जो एक एक फल चखकर खिला रही है और राम सहज प्रेमवश खा रहे हैं, वह हमें आकर्षित करता है। अयोध्या से सेना मंगवाए बिना वानर और भालुओं की सेना बनाते राम सुशोभित होते हैं।रावण जब सीता हरण करता है तो जटायु रावण से लड़कर मरणासन्न होकर धरती पर गिर जाता है। उसे उठाकर राम उसके साहस की प्रशंसा करते हैं और जब उसकी दशा पर विलाप करते हैं तब राम का सकरुण आचरण मन मोह लेता है। पत्नी सीता के अपहरण पर रोते हुए राम और लक्ष्मण मनुष्य ही लगते हैं।

समुद्र से लंका जाने का मार्ग मांगते समय जब सब सैनिक चिंतित खड़े हैं, क्या करें क्या न करें किसी को समझ में नहीं आ रहा है तब एक गिलहरी समुद्र का जल मुख में भरकर दूर फेंक रही है ताकि समुद्र का जल कम हो सके और राम जी की सेना लंका जा सके इस महा प्रयास को देखकर राम उसे अपने हाथ में उठा लेते हैं और उसे दुलराते हैं। उसके श्रम और साहस की सराहना का भाव राम को आदर्श बनाता है। अनुज सुग्रीव की पत्नी को जबरिया अपनाने वाले कामी महाबली बालि का वध करते हैं या जब अंत में एक साथ इकतीस तीरों से प्रहार कर-के दशानन का वध करते हैं तब तो उन्हें हम महान योद्धा के रूप में देखते ही हैं।

राम के विभिन्न रूप हैं उनकी विविध छवियों में से हर समय केवल धनुष बाण ताने रहने वाला भाव उनका स्थायी भाव कैसे हो सकता है? उनकी युद्ध मुद्रा युद्ध के बाद समाप्त हो जाती है लेकिन हमारे समाज से श्रीराम जी की करुण छवियों वाले कलेंडर अचानक अब गायब हो गए हैं। सामाजिकता का स्थायी भाव तो प्रेम, करुणा, कृतज्ञता और श्रम की सराहना में है। जीवन और जगत में श्री राम आदर्श हैं तो उनके चरित्र के सभी रूप हमारे नैतिक जीवन को प्रभावित करते हैं ।

वो केवल योद्धा ही नहीं हैं। प्रजा की भावनाओं का आदर करने वाले राजा भी है। जिनके राज्य में किसी को कोई दुःख या शोक नहीं था। क्या श्री राम जी की राजा की छवि हमारे समाज का आदर्श नहीं रही? उग्र युवा पीढी को और उन्हें भड़काने वाले नेताओं को भी इस बारे में विचार करना चाहिए । सीता के त्याग की मांग भी जिस नागरिक ने उठायी राजा राम ने उस नागरिक के साथ अन्याय नहीं किया,उसे जेल में नहीं डाला । प्रजा के आरोपों पर ध्यान देने वाले राम का विग्रह हमारे शासकों के अवचेतन में अब नहीं रहा। राजसभा में सीता माता पर हुए अत्याचार का कारण पूछने वाले लव और कुश को भी यह संस्कृति राजा के न्याय पर सवाल उठाने का अधिकार देती है। हमारी संस्कृति ही राजा राम से निरपराध शंबूक वध पर भी प्रश्न पूछती है। प्रश्न पूछना और असहमत होना तो हमारी परंपरा है। कठोपनिषद में नचिकेता पिता अर्थात महाराज बाजिश्रवा से असहमत होकर सवाल न पूछता तो यम से संवाद कैसे करता और हमारे सामने आत्मा का रहस्य कैसे खुलता ?

ओरछा की महारानी ने अयोध्या से राम दरबार का विग्रह लाकर ओरछा में राम राजा का मंदिर बनवाया था। इस मंदिर में आज भी परंपरा के अनुसार प्रभु राम को सुबह शाम सलामी दी जाती है। वहां के राजा राम ही माने जाते हैं।वहां की सरकार वही चलाते हैं ऐसा माना जाता है ।

राम के सामान आचरण करना तो असंभव है।वो तो आदर्श हैं हमें राम और सीता के आदर्श को समग्र रूप से समझना चाहिए। जब तुलसीदास कहते हैं - सीय राम मय सब जग जानी तो वो राम के समग्र रूप की आराधना करते हैं और अपने समय के अनुसार अपनी कथा बुनते हैं। पहले के लोग तो अभिवादन के लिए भी 'राम राम' और 'जय सियाराम' कहते थे।अब वह परंपरा केवल जय श्रीराम में कब कैसे बदल गयी ? वाल्मीकि,कालिदास,भवभूति,कंबन,कुमारदास ,तुलसी और कबीर सबके अपने अपने राम हैं, वो आपस में लड़ते नहीं हैं। सबको अपनी तरह का राम चुनने का भी अधिकार है। हमें राम की विविध छवियों को जान लेना चाहिए ताकि कोई भी व्यक्ति अपने लिए उनके आदर्श का कोई एक मूल्य अपना सकें।

**(संपर्क- सी-45/वाई-4,दिलशाद गार्डन, दिल्ली, मो- 9868031384)**

# जगत सीय-राम-मय है तो भेद-भाव क्यों

**रामनवमी पर**

**गिरीश्वर मिश्र**



श्रीराम विष्णु के अवतारं हैं। सृष्टि के कथानक में भगवान विष्णु के अवतार लेने के के कारणों में भक्तों के मन में आए विकारों को दूर करना, लोक में भक्ति का संचार करना, जन झ जन के कष्टों का निवारण और भक्तों के लिए भगवान की प्रीति पा सकने की इच्छा पूरा करना प्रमुख हैं। सांसारिक जीवन में मद, काम, क्रोध और मोह आदि से अनेक तरह के कष्ट होते हैं और उदात्त वृत्तियों के विकास में व्यवधान पड़ता है। रामचरितमानस में इन स्थितियों का वर्णन करते हुए गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं कि जब-जब धर्म का ह्रास होता है, नीच और अभिमानी राक्षस बढ़ जाते हैं और अन्याय करने लगते हैं पृथ्वी और वहाँ के निवासी कष्ट पाते हैं तब-तब कृपानिधान प्रभु भाँति-भाँति के दिव्य शरीर धारण कर सज्जनों की पीड़ा हरते हैं। एक भक्त के रूप में तुलसीदास जी का विश्वास है कि सारा जगत राममय है और उनके मन में बसा भक्त कह उठता है सीय राममय सब जग जानी करहु प्रणाम जोरि जुग पानी। सारे जगत में चारों ओर राम को देखना भक्ति की पराकाष्ठा भी है और समदर्शी हो कर ऊपर से दिखने वाले विरोधों और उनसे उपजने वाली विपदाओं से उबरने का उपाय भी।

आज के दौर में समानता से ज्यादा अनोखे, अद्वितीय, सबसे अलग, औरों से कुछ हट कर खुद को दिखने-दिखाने का रिवाज जोरों पर चल पड़ा है। वेश-भूषा, आचार-विचार, बात-व्यवहार सबमें अपने लिए आत्यंतिक फर्क. साबित करना आज श्रेष्ठता का मानदंड होता जा रहा है। हम विविधता का उत्सव मनाने को सदैव व्याकुल रहने लगे हैं। औरों से अलग होना निश्चय ही बहुमूल्य होता है क्योंकि वह नवीनता लाता है। नवीनता मन के लिए रमणीय होती है और इसलिए वह प्रिय भी हो जाता है। नए, यानी जो पहले से भिन्न या अपूर्व है, उसे मौलिक कहा जाता है। उसे समाज में आदर मिलता है और पुरस्कृत भी किया जाता है। कहते हैं सृजनात्मक होने के लिए किसी चीज को मौलिक, उपयोगी और प्रासंगिक होना चाहिए। अस्तित्व की मौलिक एकता से विविधता की ओर आगे बढ़ती मनुष्य की दिग्विजय यात्रा निश्चय ही मोहक और चित्ताकर्षक है। परंतु भिन्नता के अति आग्रह या दुराग्रह कुछ कठिन सवाल भी खड़ा करने लगता है क्योंकि सिर्फ. विविधता और भिन्नता की सिद्धि के लिए विविधता को बढ़ाते जाने से जीवन-यात्रा नहीं सधती।

धरती पर जिस भौतिक दुनिया में हम रहते हैं वहाँ बड़ी भारी मात्रा में नाना प्रकार के पदार्थ मौजूद हैं और वे सभी अपने गुण धर्म में एक दूसरे से अलग भी हैं। मनुष्य जीवन के स्तर पर भाषा, धार्मिक विश्वास, खान-पान आदि में भी यह विविधता व्याप्त है। यह विविधता जिस तरह बढती जा रही है उसका कोई ओर-छोर नहीं दिखता। इसलिए उसकी गणना करना आसान नहीं है। इंद्रियानुभव पर जोर देने वाले वैज्ञानिक युग में इस तरह के विश्लेषण की अंतहीन सम्भावनाएँ हैं और उसके तरह-तरह के परिणाम भी होते हैं।

हमारा शरीर भी अन्यान्य अंगों और उपांगों से बना है और वे सभी भिन्न-भिन्न कार्य करते हैं। हाथ, पैर, आँख, नाक और कान न केवल अपनी रचना में एक दूसरे से भिन्न हैं बल्कि इन सबका अलग-अलग उपयोग है और सामान्यतः एक दूसरे की जगह भी नहीं ले सकते। ये सभी स्वभावतः भौतिक जगत के भिन्न-भिन्न विषयों से जुड़े होते हैं। यह विविधता अनेक तरह के कार्यों को सम्पादित करना सम्भव बनाती है। निश्चय ही क्षमता का यह विस्तार जीवनी शक्ति या प्राणवत्ता से अनिवार्य रूप से जुड़ी होती है । इस तरह विविधता के अंतर्सम्बन्ध को पहचानना जीवन के अस्तित्व के लिए अनिवार्य है।

भिन्नता पैदा करना या भेद देखना चीजों को एक को दूसरे के विपरीत खड़ा करता है। इससे उपजने वाला अलगाव दूरियाँ पैदा करता है और हम जो भिन्न है उसमें दोष-दर्शन करने लगते हैं। दूसरी ओर जो समान लगता है उससे स्नेह, निकटता और मित्रता का रिश्ता बनाने लगाते हैं। धीरे-धीरे समय के साथ भिन्न छिजें कब खिसक कर विरोध के खेमे में पहुँच जाती हैं इसका अंदाजा ही नहीं लगता। आज की दुनिया की प्रमुख समस्याएँ भिन्नता और विरोधजनित असंतोष, तनाव और हिंसा के रूप में उभरती दिख रही हैं। अलग नाम का उपयोग पहचान के लिए होता है परंतु यदि वह किसी लाभ से जुड़ जाय तो वह अलगाव का आधार बन कर समानता पर छा जाता है। जब 'मैंपन' का अहसास तीव्र होता है और हम अपने अकेले मैं को सबसे परे और सबके ऊपर रखने के लिए उद्यत होते हैं तो समानता ढँकती और बिसरती जाती है। दूसरी ओर भिन्नता प्रखर होती जाती है। तब हम भिन्नता को बचाए और बनाए रखने की कोशिश में लग जाते हैं। मैं के अखंड विस्तार में जो मेरा है उससे जो भिन्न या ममेतर है उसके साथ टकराव खड़ा हो जाता है। मैं का अहंकार फुंफकार मारता है। उसे 'अन्य' फूटी आँख भी नहीं सुहाता और तब द्वंद्व का बीजारोपण होता है और कलह की पौध पनपती है।



एक और अनेक के बीच के रिश्ते राचीन काल से मनुष्य की सोच के केंद्र में रही है। पुरा काल के सृष्टि के आख्यानों में एक यह भी है की ईश्वर या परमात्मा को अकेले अच्छा नहीं लग रहा था ( स एकाकी न रमते ) और तब उसने एक से अनेक होने की इच्छा की (एकोहं बहुस्याम् ) और फिर जो भी दूसरा रचा गया उसमें वह स्वयं प्रवेश कर गया। इस आख्यान का एक आशय परमात्मा की उपस्थिति की व्याप्ति को दशार्ना है। ईशावास्योपनिषद भी यही कहता है झ ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंचित जगत्यां जगत - अर्थात यह दुनिया ईश्वर की वासस्थली है। इसलिए यहाँ हर जगह ईश्वर की उपस्थिति है। इस विचार की पराकाष्ठा शंकराचार्य के अद्वैत वेदांत में हुई जिसमें यह प्रतिपादित किया गया - सर्वं खल्विदम् ब्रह्म झ अर्थात जो कुछ है वह ब्रह्म ही है। सर्वव्यापी ब्रह्म, ईश्वर या परमात्मा की संकल्पना जीवन जीने के लिए एक सुदृढ़ आधार प्रदान करती है। गोस्वामी तुलसीदास जी भी जगत को सीय-राममय कह कर भी सम्भवतः यही भाव व्यक्त कर रहे हैं। वे 'सारा जगत एक ही तत्व वाला है या एक ही तत्व का प्रकाश है ' इस विचार की प्रतिष्ठा करते दिखते हैं। वस्तुतः यह मान कर ही सृष्टि मात्र में गुणवत्ता और शक्ति की प्रतिष्ठा हो सकेगी और हम उनका वास्तविक मूल्य समझ सकेंगे। आज हम पृथ्वी, जल, वायु आदि सभी को उपभोग्य वस्तु और खुद को उपभोक्ता मान कर बिना विचारे बहिचक उनका शोषण करते हैं। यह अलग बात है कि अब इस स्वार्थ वृत्ति का हानिकर पहलू उभर कर सामने आने लगा है। यदि पूरा जगत राममय है तो वह भी श्रीराम की ही तरह पूजनीय और वंदनीय हैं। श्रीराम सत्य, तप, तितिक्षा, संतोष, धैर्य, धर्मपरायणता की प्रतिमूर्ति है। श्रीराम का भाव परदुःखकातरता के साथ प्रतिष्ठित है। राममय होने के साथ यह आशा भी बलवती होती है कि राम के अनुगामियों में इन सब सद्गुणों की वृद्धि होगी। दायित्व आने के साथ शक्ति की उपस्थिति होगी। विरोध और वैमनस्य की जगह आदर और सम्मान ले लेते हैं। राम को समदर्शी, दीन बन्धु, भक्तवत्सल और करुणाकर आदि कहा गया है। जो सीय-राम-मय होगा, वह इन सब भावों से आप्लावित होगा, उसमें ये सब भाव भी उपस्थित होंगे। तब जगत की अनुभूति और प्रतीति का नजरिया तथा पैमाना बदल जाएगा। राम भाव की उपस्थिति में साम्य देखना सम्भव होगा और सम्यक व्यवहार भी सध सकेगा।


सब में किसी एक तत्व की उपस्थिति सब की अनुकूलता को द्योतित करती है जिससे सबके हित की सम्भावना बनती है। ऐसे में सभी एक दूसरे का भला करना चाहेंगे क्योंकि तब दूसरा पराया नहीं रह जायगा । ऐसे ही उदार व्यक्ति के लिए कहा गया कि 'निज' और 'पर' का भेद मिट जाता है। वह अपने में सबको और सबमें अपने को देखता है। इस नए समीकरण में परस्पर भरोसा मुख्य हो जाता है। तब प्रतिरोध कम होता जाता है और परस्पर समर्थन बढ़ता है। सबको अपने जैसा मानने के कई परिणाम होते हैं। अपने अस्तित्व-बोध का विस्तार कर जो अपने लिए ठीक या प्रिय नहीं लगता उसे दूसरों के साथ करने से बचते हैं। उनके लिए आत्मनः प्रतिकूलानि परेषाम् न समाचरेत का विचार जीवन का पाथेय सा हो जाता है। तभी 'सर्व' और 'सर्वोदय' की संकल्पना पुरेगी, सर्वे भवंतु सुखिनः की कामना फलवती होगी और राम-राज्य का संकल्प पूरा हो सकेगा। भेद-बुद्धि को जीवन में अपनाना कितना सतही, सरलीकृत, भ्रामक और हिंस्त्र है इसका अनुभव हम सब अपने जीवन में नित्यप्रति करते रहते हैं। क्षुद्र मानसिकता वाला यह भाव विचलित और स्खलित कर देने वाला होता है। ऐसी पाप बुद्धि के चलते अहंकार प्रचंड होने लगता है। तब एक दूसरे को नीचा दिखाना, चोट पहुँचाना, परवाह न करना और आधिपत्य जमाना आसान हो जाता है। अहं भाव की अनर्गल वृद्धि के बीच हम दूसरे या किसी अन्य का अस्तित्व ही नहीं स्वीकार करना चाहते। सीय राममय कह कर तुलसीदास जी समूची सृष्टि को प्रिय और अभिनंदनीय बनाते हैं। वे यह संदेश भी देते हैं कि वह लोक जिसमें हम विचरण करते हैं सौहार्द और सामरस्य का आगार है क्योंकि राम सबके हैं और सबमें उपस्थित हैं। लोक-मानस में राम आज भी व्याप्त हैं तो इसीलिए कि वे स्वयं ही लोकाराधक हैं।

**भिन्नता पैदा करना या भेद देखना चीजों को एक को दूसरे के विपरीत खड़ा करता है। इससे उपजने वाला अलगाव दूरियाँ पैदा करता है और हम जो भिन्न है उसमें दोष-दर्शन करने लगते हैं। दूसरी ओर जो समान लगता है उससे स्नेह, निकटता और मित्रता का रिश्ता बनाने लगाते हैं। धीरे-धीरे समय के साथ भिन्न छिजें कब खिसक कर विरोध के खेमे में पहुँच जाती हैं इसका अंदाजा ही नहीं लगता। आज की दुनिया की प्रमुख समस्याएँ भिन्नता और विरोधजनित असंतोष, तनाव और हिंसा के रूप में उभरती दिख रही हैं।**

# गांधी की शिक्षा के सवालों के जवाब

**स्मरण**

**डॉ. चित्रा माली**



गांधी ने अपनी आत्मकथा में बैखोफ होकर छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी बात का जिक्र तथ्यों के साथ किया है जो उनसे संबंधित थे । साथ ही वे आत्मकथा लिखते वक्त चाहते थे कि कोई शोधार्थी बारीकी से उनसे प्रश्न करें और वह बेबाकी से उनका उत्तर दें पर ऐसा हो न सका । गांधी ने ईश्वर को साक्षी मानकर आत्मकथा लिखी । गांधी अपनी आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग अथवा आत्मकथा' के प्रथम भाग के पांचवे अध्याय में अपनी शिक्षा से जुड़े तथ्यों को रखते हैं । जिसमें में लिखते हैं कि हाईस्कूल में मेरी गिनती मंदबुद्धि विद्यार्थियों में नहीं थी,वे अपने आप को एक औसत छात्र के रूप में व्याख्यायित करते हैं । गांधी जी की प्राथमिक शिक्षा पोरबंदर की किसी प्राथमिक शाला में हुई थी । इसका जिक्र एक सेवानिवृत्त हेडमास्टर जी के द्वारा लिखी गई दो किताबों में मिलता है । इसके बाद 21 जनवरी 1879 को गांधी जी का दाखिला तालुका स्कूल में करवा दिया गया था । अक्टूबर 1880 में गांधी जी काठियावाड़ हाईस्कूल में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए थे । इस प्रवेश परीक्षा में उन्हें 64 प्रतिशत अंक मिले और उनका दाखिला काठियावाड़ हाईस्कूल में हो गया । इस विद्यालय में उन्हें पहली बार अन्य विषयों के साथ अंग्रेजी पढ़ने का अवसर मिला । नए विद्यालय में गांधी जी का प्रदर्शन उत्साहजनक नहीं था लेकिन वर्ष 1883 में वे शिक्षा के लिए ज्यादा एकाग्रचित और परिश्रमी हो गए थे । जिसका असर होने वाली परीक्षा के परिणाम पर पड़ा और उन्होंने 68 फीसदी अंक हासिल किए । अप्रैल 1884 की सत्र परीक्षा में उन्हें 58 फीसदी अंक मिले जो पूर्व की परीक्षा से कम थे । 1885 में उन्होंने पांचवी ग्रेड की परीक्षा में 55.75 प्रतिशत अंक हासिल किए और कक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त किया । गणित में उन्होंने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए जो उनके लिए अनपेक्षित थो इस प्रदर्शन के लिए उन्हें दो काठियावाड़ी राजाओं द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति मिलने लगी । गांधी जी के लिए 1887 में मैट्रिकुलेशन की परीक्षा सबसे कठिन परीक्षा थी । जनवरी 1888 में काठियावाड़ गजट में मैट्रिकुलेशन परीक्षा में परिणाम प्रकाशित हुए जिसमें 3000 से अधिक लोगों ने परीक्षा दी थी जिनमें से मात्र 30 प्रतिशत ही उत्तीर्ण हो पाए थे । गांधी उन उत्तीर्ण होने वालों में से एक थे । राज्य के जो 823 छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे उनमें गांधी जी की रैंक 404 थी । जनवरी 1888 में गांधी जी ने शामलदास कॉलेज भावनगर में बी.ए. कोर्स में दाखिला लिया था । अप्रैल 1888 में जब पहले सत्र की आखरी परीक्षा हुई तो उन्होंने सात विषयों में से सिर्फ चार विषयों की परीक्षा दी और उन विषयों में भी उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं था और उन्हें सिर्फ 34 प्रतिशत अंक ही हासिल किए । गांधी परिवार के पारिवारिक मित्र मावजी दवे की सलाह पर गांधी जी को कानून की पढ़ाई करने के लिए इंग्लैंड भेजा गया । 6 नंबर 1888 को गांधी जी ने इनर टेंपल (लंदन में बैरिस्टरों और जजों के पेशेवर संगठन में अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया जो लंदन के न्यायालय के चार इंस में एक था । लंदन के शुरूआती दिनों में गांधी को उनके एक मित्र ने सलाह दी कि बैरिस्टर की पढ़ाई के साथ वे लंदन मैट्रिकुलेशन की परीक्षा भी दे सकते हैं । जिसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क देने की आवश्यकता भी नहीं है । मैट्रिकुलेशन में रजिस्ट्रेशन के बाद गांधी को पता चला कि उन्हें लैटिन भाषा सीखनी होगी और विज्ञान के एक विषय को पढ़ना होगा । पहली बार में गांधी लैटिन भाषा की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गए लेकिन दूसरी बार में वे कामयाब रहे । मार्च 1890 के आखरी सप्ताह में गांधी ने कानून की परीक्षा के पहले सत्र की परीक्षा दी । जब परिणाम घोषित हुआ तो उन्होंने बंबई मैट्रिकुलेशन की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया था । उन्हें 46 छात्रों में से छठा स्थान हासिल हुआ था । पहली बार उनका नाम 'द टाइम्स' में अन्य सफल छात्रों के साथ प्रकाशित हुआ था । दिसंबर 1890 में गांधी कानून की आखिरी परीक्षा में बैठे । एक माह बाद 12 जनवरी 1891 में उन्हें बताया गया कि वे परीक्षा में पास हो गए हैं और उन्होंने 109 में से 34वां स्थान प्राप्त किया है । 1991 में नवंबर के प्रथम सप्ताह में गांधी ने बंबई हाईकोर्ट में अपना नामांकन करवाया । उन्हें इनर टेंपल के सर्टिफिकेट के आधार पर एक लाइसेंस जारी किया गया और एक ब्रिटिश बैरिस्टर से अनुमोदन पत्र भी प्राप्त हुआ । गांधी बंबई में वकालत जमाने में असफल रहे और वे राजकोट लौट गए और वहां कार्यालय खोल दिया जिसमें धीरे धीरे मुवक्किल आने लगे । राजकोट में वे आवेदन/निवेदन का प्रार्थनापत्रों का मसौदा तैयार करते थे जो मुख्यतः भूमि विवादों से संबंधित होते थे । इससे उन्हें 300 रुपए मासिक आय होने लगी । यह आमदनी उनके पारिवारिक खर्च के लिए काफी थी लेकिन लंदन से प्रशिक्षण के बाद बंबई में वकालत न जमा पाना और एक छोटे से शहर में स्वतंत्र रूप से कार्य करना बहुत सम्मानजनक कार्य नहीं था । इसलिए दक्षिण अफ्रीका से आए अवसर को उन्होंने हाथों हाथ लिया और 24 अप्रैल 1893 को बंबई से डरबन के लिए जहाज से रवाना हो गए। गांधी दिन में दादा अब्दुल्ला के मुकदमे से संबंधित कार्य करते थे और शाम में वे लंदन जाने के इच्छुक लोगों के लिए एक किताब 'लंदन जाने की तैयारी कैसे करें' लिख रहे थे जिसे वे प्रकाशित करवाना चाह रहे थे । यह किताब उनके लंदन के अनुभवों पर आधारित थी जिसमें उन्होंने लिखा कि 'सिविल सर्विसेज' में प्रवेश करने के लिए बैरिस्टर बनने,चिकित्सा या इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए इंग्लैंड बढ़िया जगह है । एक खास अवधि में इन विषयों के बारे में जितना इंग्लैंड में सीख पाएंगे उतना भारत में नहीं । गांधी के अनुसार इंग्लैंड के शिक्षा का स्तर बहुत ही ऊँचा था और वहां कम मानसिक विचलन भी था । दक्षिण अफ्रीका में लंदन से प्रशिक्षित गांधी इकलौते वकील थे जो दो नस्लों के बीच की दूरी को पाटने का प्रयास कर रहे थे । गांधी को नेटाल बार में श्रीमान इसकाम्ब ने प्रवेश दिलाने में मदद की थी। एक बार गांधी को उनके एक यूरोपीय सहयोगी ने सलाह के लिए बुलाया था जो एक मुस्लिम व्यापारी का था जिसकी मृत्यु बिना वसीयत लिखे हो गई थी । इस मामले की सुनवाई वाल्टर रैग नाम के जज कर रहे थे जिन्होंने गांधी का नटाल बार में प्रवेश का विरोध किया था । वे विरोध इसलिए कर रहे थे कि गांधी ने इनर टेंपल में मूल प्रमाणपत्र के बदले अपने प्रमाणपत्र की स्वप्रमाणित प्रति पेश की थी,लेकिन असली बात ये थी कि वह एक अश्वेत व्यक्ति के अदालत में प्रवेश को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे थे ।

इन सभी तथ्यों को दुबारा दोहराने की आवश्यकता वर्तमान समय की मांग है जिसमें लगातार तथ्यों के साथ छेड़छाड़ की जा रही है और खासकर गांधी और नेहरू को लगातार टारगेट किया जा रहा है । ये समय गांधी और नेहरू के साथ तर्क करने का भी है जिससे हम उनके विचारों को उनके स्थापित मूल्यों को और देश के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को नजदीकी से देख सकें और उनसे प्रेरित हो देश में लोकतंत्र को देश की साझा संस्कृति और विरासत को बचा सकें ।

**(सहायक प्रोफेसर, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता )**

**पहली बार में गांधी लैटिन भाषा की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गए लेकिन दूसरी बार में वे कामयाब रहे । मार्च 1890 के आखरी सप्ताह में गांधी ने कानून की परीक्षा के पहले सत्र की परीक्षा दी । जब परिणाम घोषित हुआ तो उन्होंने बंबई मैट्रिकुलेशन की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया था । उन्हें 46 छात्रों में से छठा स्थान हासिल हुआ था ।**

**व्यंग्य**

# लिटरेरी काम्बो पैक



**संजीव जायसवाल संजय**

बूढ़ा शेर जुगाडू हो जाता है। बेचारा क्या करे? पेट तो भरना ही है, फुर्ती बची नहीं तो तिकड़म से शिकार करता है। उनका भी यही हाल है। बेचारे बड़े मठाधीश थे। साहित्यकारों को बनाना, उठाना, चमकाना, लुढ़काना, धूल चटाना उनके बांए हाथ का खेल था। मुंह से शब्द उच्चारित करते तो उसे थामने के लिए नवांकुरों, पुरस्काराकांक्षियों, सम्मानोलुपों की पलटन मुस्तैद रहती। पूरे साहित्याकाश में दबदबा था उनका। जो भी लिख देते उसे साहित्य की धरोहर मान लिया जाता। मगर वक्त की मार! बढ़ती उम्र के साथ उर्जा और शक्ति दगाबाजी करने लगी थी। उपन्यास लिखते तो पिछले अध्याय से तारतम्य छूट जाता, कहानी लिखने बैठते तो नए प्लाट यूं नदारत होते जैसे गधे के सिर से सींग। कविता के भाव तो मृग-मरीचिका हो गए। पूरी-पूरी रात मन मयूर को दौड़ाते लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात।

सिंहासन हिलता नजर आया तो घाघ बुद्धि का इस्तेमाल किया। रचनाकार का चोला उतार वे संपादक की काया में प्रवेश कर गए। बड़े पुण्य का काम है। जिनकी रचनाएं कहीं न छप रही हों उनकी बटोर कर साझा-संग्रह छपवा दो। प्रकाशक से संपादकत्व का मेहनताना झाड़ लो और रचनाकार तो पत्र और पुष्प दोनों अर्पित करने के लिए कटिबद्ध खड़े ही हैं। हर्र लगी न फिटकरी, रंग चोखा। घोड़े दूसरे के हैं और सवारी आप गांठ रहे हैं। बायोडाटा में पुस्तकों की संख्या दनादन बढ़ने लगीं। जितने साझा संग्रह छप कर आते उससे ज्यादा छपने जा चुके होते। कहानी, कविता, नाटक, लघुकथा, गीत, नवगीत, हाइकू, गजल, शेरो-शायरी एक-एक करके वे सारी विधाओं का टेकओवर करते जा रहे थे। रॉ-मैटीरियल दूसरे का और ट्रेडमार्क उनका। धंधा फिर से जम गया। संग्रहों के संपादन में जितना आनंद आया उतना आनंद कलम घिसने में कभी नहीं आया था। हर विधा का ग्रुप बना रखा था उसमें मैसेज डाल देते 'आवश्यकता है फंला-फंला रचनाओं की'। बस रचनाओं की बरसात होने लगती। उनका सीधे बंडल बनाते और प्रकाशकों को दे आते।

प्रकाशकगण भी प्रसन्न। रॉ-मैटीरियल की सप्लाई दनादन चालू उपर से प्रोडक्ट बिकने की पूरी गारंटी। जिस रचनाकार को एक 'कम्पलीमेंटरी कॉपी' मिलती वह लोर्कापण करने, दोस्त-रिश्तेदारों को भेंट कर धौंस जमाने हेतु पच्चीस-पचास प्रतियां दन्न से खरीद लेता। नवांकुर और नवांकुरियां यह बता-बता कर धन्य हो जाते की फंला साझा संग्रह में उनकी रचना को फलाने महान रचनाकार के साथ स्थान मिला है। समतुल्यता ही श्रेष्ठता की सर्वमान्य तुला है, इस मंत्र की घुट्टी पिला-पिला वे अपने साम्राज्य का विस्तार करते जा रहे थे। तभी रंग में भंग हुआ। एक दिन एक मनचले चेले ने पूछ लिया 'गुरू जी, संकलनकर्ता और संपादक के दायित्वों में क्या फर्क है?' वार सही जगह हुआ था। तिलमिलाए गुरू जी ने रौद्ररूप धारण कर चेले को दरबार से निकाल दिया।

मगर चेला पूरा शक्कर था। सारे दांव-पेंच सीख चुका था। उसने भी संग्रहों का संपादन शुरू कर दिया। अघोषित प्रतियोगिता प्रारंभ हो गई। गुरू जी के चार संग्रह आते तो चेले के पांच आ जाते। रचनाकारों की पौ-बारह हो गई। विद्यार्थी जीवन की अस्वीकृत रचनाओं तक को ढूंढ-ढूंढ कर संग्रहों में शामिल करवाने लगे। तमतमाये गुरू जी ने आगामी 'पुस्तक मेले' में हर विधा के 21-21 रचनाओं के 21-21 संग्रहों की श्रंखला लाने की घोषणा कर दी। भूतो न भविष्यते। पूरे साहित्यजगत में धूम मच गई। रचनाएं उमड़-घुमड़ कर उनके घर बरसने लगीं। दो बोरे से ज्यादा रचनाएं आनन-फानन में आ गईं। उपर वाला साक्षी है इस बार उन्हें वास्तव में मेहनत करनी पड़ी। कई कम-अक्लों ने एक ही लिफाफे में कई-कई विधाओं की रचनाएं ठूंस कर भेज दी थीं। रात-रात भर जाग छंटनी कर उनके अलग-अलग बंडल बनाने पड़े। बढ़ती उम्र का तकाजा, बेचारी कमर इतना बोझ सह न सकी और उन्हें ले बिस्तराग्रस्त हो गई।

मेला नजदीक, समय कम। मरता क्या न करता। नौकर से सारे बंडल प्रकाशक के पास भेजवाने पड़े। मगर हाय रे किस्मत! रास्ते में एक बाईक वाले ने ठोकर मार दी। सारे बंडल उछल कर सड़क पर और रचनाएं तितर-बितर हो गईं। मगर नौकर समझदार था। उसने संपादन के नाम पर मालिक को हमेशा रचनाओं का बंडल लपेटते ही देखा था। उसे उनकी घोषणा के बारे में भी मालूम था। उसने फौरन कागजों को बटोरा और गिनती कर 21-21 रचनाओं के 21 बंडल बना प्रकाशक के यहां पहुंचा आया। संग्रह भी समय पर छप कर आ गए मगर एक गड़बड़ी हो गई। साझा संग्रह वास्तव में साझा हो गए थे। किस संग्रह में किसकी कितनी कविताएं, कहानियां, गजल, हाइकू, लघुकथाएं मिश्रित होकर छप गई हैं इसका हिसाब लगाना असंभव था।

खबर लीक होते ही चेले ने अफवाह फैला दी कि गुरू जी सठिया गए हैं। मगर गुरू तो गुरू। फौरन घोषणा कर दी ''वे देश का पहला 'लिटरेरी काम्बो पैक' लेकर आए हैं। एक ही संग्रह में पाठकों को हर विधा का स्वाद मिलेगा। अगल-अलग भटकने की आवश्यकता नहीं।'' फामूर्ला हिट हो गया। नौकर की कृपा से बनी खिचड़ी, सुपरफूड साबित हो गई। गुरू जी का भी काम आसान हो गया। अब जो लिफाफे आते उनकी छंटनी भी नहीं करते, सीधे लपेट कर प्रकाशक को दे आते।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 7318213943)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# डीएम व एसपी ने की धर्मगुरुओं संग बैठक

**बैठक**

### दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश

जनसंदेश न्यूज



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी व एसपी

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में चैत रामनवमी एवं आगामी ईद पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्र के साथ मनाये जाने हुए जनपद के प्रमुख धर्म गुरुओं, समस्त अपर जिलाधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी एवं समस्त अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी प्रमुख मंदिरों की सफाई व्यवस्था एवं प्रकाश की व्यवस्था समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहार का समय होने के कारण सभी जगह स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि मच्छर एवं गंदे पानी से फैलने वाली बीमारियों को रोकने के लिए नालों की सफाई, चूना, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि सभी ठेले, दुकानदार एवं वेंडरों को अच्छे एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ बेचने के लिए प्रोत्साहित किया जाय। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों की दुकानों का निरीक्षण करें तथा अधिक से अधिक सैंपलिंग एवं टेसि्ंटग सुनिश्चित कराई जाय। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने कहा कि सभी धर्म एवं संप्रदाय के लोग आपस में मिलकर शांतिपूर्ण, सौहार्द एवं उल्लास के साथ त्यौहार को मनाएं। उन्होंने कहा कि परंपरा से हटकर कोई भी आयोजन न किया जाए। सार्वजनिक स्थलों पर जो भी आयोजन किया जाए, उसकी अनुमति अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि लाउडस्पीकर को निर्धारित डेसीबल में ही बजाएं। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी प्रकार की आशंका होने पर डॉयल 112 पर अवगत कराएं, तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आयोजन स्थलों पर पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

# संचारी रोग नियंत्रण में शिथिलता पर होगी कार्रवाई : संत रंजन

जनसंदेश न्यूज



कर्मियों को निर्देशित करते एसडीएम संत रंजन

**मेहनगर (आजमगढ़)।** तहसील स्तरीय टास्क फोर्स गठित संचारी रोग से छुटकारा पाने को लेकर तहसील प्रशासन गम्भीर हैं जिसे लेकर एसडीएम संत रंजन की अध्यक्षता में तहसील सभागार में बैठक हुई।

एसडीएम श्री रंजन ने कहा कि जल जनित, वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम पर विशेष जोर दिया जाना है, इसमें उल्टी, दस्त, बुखार आदि आता है। यह अभियान को एक अप्रैल से तीस अप्रैल तक गांवो में चलेगा। जिसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को भीड़ भाड़ से बचने, मास्क लगाने, गर्म पानी का प्रयोग करने, लू से बचने तथा टीकाकरण कराने हेतु जागरूक किया जाएगा। स्वास्थ्य केंद्रों पर लोगों को इलाज कराने हेतु भी जागरूक किया जाएगा। स्वास्थ्य केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में दवाएं व वैक्सीन उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि गांवो में आशा कार्यकर्ती व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां प्रचार प्रसार कराएं कि लोग सीएचसी व पीएचसी पर ही इलाज कराएं। लोगो को यह जरूर बतायें कि अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध है। इस कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। इस मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ. बृजेश कुमार, डॉ.राजेंद्र प्रसाद, सीडीपीओ निरूपमा वर्मा सहित सम्बंधित ब्लॉक के लोग उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत



रोते विलखते परिजन

जनसंदेश न्यूज

**गंभीरपुर (आजमगढ़)।** गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मुहम्मदपुर कोहरौड़ा पुल के पास हाईवे पर बुधवार की सुबह कोहरौड़ा गांव निवासी मुन्नीलाल गौतम पुत्र ललसू राम की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। मुनीलाल गौतम बुधवार की सुबह अपने घर से हाईवे रोड पर रोज की भाति टहलने गए हुए थे कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों द्वारा घर पर सूचना दिया गया आनन-फानन में परिवार एवं गांव वालों के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदपुर ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया और परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के 2 पुत्र एवं 2 पुत्री हैं। मृतक की पत्नी इंद्रावती का रो-रो बुरा हाल है।

# आग से दस बिस्वा गेहूं की फसल राख

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोटिला में बुद्धवार को खेत में आग लगने से तकरीबन दस बिस्वा गेहूं की फसल जल गयी। ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया अन्यथा कई बीघा फसल जल जाती।

अग्निशमन दल भी मौके पर पहुंचा। कोटिला गांव में अबुलबशर, तालिब, जाबेद, जितेंद्र चैरसिया, मिलन के खेत तकरीबन बीस बीघा एक दूसरे सटे हैं और गेहूं की फसल खड़ी है।

खेत के एक हिस्से में विद्युत ट्रांसफार्मर लगा है। बुद्धवार को दिन में तकरीबन साढ़े तीन बजे ट्रांसफार्मर की चिंगारी निकलने से आग पकड़ ली। जब तक ग्रामीण जानते आग ने बिकराल रुप धारण कर लिया। संयोग ही था कि आग एक किनारे वाले खेत के हिस्से में ही बढी जिससे लगभग दस विस्वा ही गेहूं जल पाया और ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड भी पहुंचा।

# आत्म अनुसंधान परिसर में निकाली गयी मां की डोली



मंदिर में पूजन अर्चन करते श्रद्धाल

**लालगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय विकास खंड के मई खरगपुर गांव स्थित आत्म अनुसंधान आश्रम परिसर में मां भगवती का डोला निकालकर भक्तों ने जयकारे लगाए।

वासंन्तिक नवरात्र की सप्तमी के दिन देर रात्रि आत्म अनुसंधान आश्रम परिसर मईखरगपुर में एक मन्दिर में स्थापित मां महाकाली, मां महालक्ष्मी, मां महा सरस्वती जी के मंदिर से मां भगवती का डोला भक्तो द्वारा कन्धे पर लेकर परिसर में बने परम पूज्य गुरु गोरक्षनाथ जी, परम पूज्य अघोरेश्वर जी, भगवान दत्तात्रेय जी, नंदी बाबा, अर्धनारीश्वर जी, औघड़ बाबा, परमपूज्य गुरुदेव जी, कुण्ड में स्थित मन्दिर, महादेव मन्दिर सहित अन्य देवी देवता के बने मंदिरो के मुख्य द्वारा पर डोला के साथ आरती, पूजन किया गया। आश्रम परिसर में डोला के पीछे चल रहे भक्तों ने डमरु, ढोल, घंटा घड़ियाल बजाते हुए महा मुण्डमालिनी की जय, मां विध्यवासिनी की जय, योग माया की जय, अधोरेश्वर महाप्रभु की जय, परम पूज्य गोरक्षनाथ की जय, परम पूज्य गुरुदेव जी की जय का घण्टो जयकारा लगाते रहे। जिससे आत्म अनुसंधान आश्रम परिसर गुंजायमान रहा। डोला के साथ चल रही माताएं व बहने गीत गाती रहीं। इस अवसर पर दिवाकर राय, आचार्य सर्वेश, सन्तोष कुमार पाठक, विजयधर राय, सुबेदार, डब्बू सिंह, धनन्जय, शुभम, शिवम, लाल्लू उर्फ धन्जू, पप्पू पाण्डेय, बीके सिंह, अनरुद्ध राय, ध्रुव सिंह, ऋषिकांत राय, शरद सिंह, बलवन्त सिंह, सर्वेश राय, कृष्ण मुरारी, रमेश विश्वकर्मा, नगेन्द्र यादव, जवाहीर आदि उपस्थित रहे। आरती के उपरांत सभी भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया।

# स्ववित्तपोषित शिक्षकों का क्रमिक धरना दूसरे दिन जारी

**नाराजगी**

### 6 सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर हैं शिक्षक



धरने पर बैठे स्ववित्तपोषित शिक्षक

**अंजानशहीद आजमगढ़।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के मालटारी महाविद्यालय के स्ववित्तपोषित शिक्षकों का धरना बुधवार को 6 सूत्रीय मांगों के समर्थन में कर्मिक बेमियादी धरना दुसरे दिन भी जारी रहा। श्री गांधी पी.जी.कॉलेज मालटारी के स्ववित्तपोषित शिक्षक अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर मालटारी महाविद्यालय के मुख्य द्वार के पास परिसर में पूर्व घोषित क्रमिक धरना दुसरे दिन जारी रहा।

इस दौरान मालटारी महाविद्यालय के स्ववित्तपोषित शिक्षकों के अतिरिक्त जनपद के अन्य दर्जनों स्ववित्तपोषित शिक्षकों ने क्रमिक धरना में पहुंचकर अपना समर्थन दिया वही स्ववित्तपोषित शिक्षक अखिलेश तिवारी ने बताया कि स्ववित्तपोषित शिक्षक अपनी मांगों के समर्थन में 21 दिनों तक क्रमिक अनशन करेंगे यदि हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो क्रमिक अनशन 21 दिन बाद आमरण अनशन में बदलेगा। मालटारी महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित शिक्षक अपनी मांगों को लेकर क्रमिक अनशन पर डटे रहे वहीं शिक्षकों ने आरोप लगाया कि स्ववित्तपोषित शिक्षकों का वेतन लगभग 5 गुना कम कर दिया गया है और उनके आवासीय किराए को 105 की जगह लगभग 15 गुना बढ़ाते हुए रुपये 1500 प्रतिमाह दंडात्मक कर दिया गया है । नियम संगत वेतन, भविष्य निधि की कटौती, नियुक्ति तिथि से ई.पी.एफ. को खाते में भेजना, बढे हुए कमरे का किराया खाते मे वापस देने तक की मांगों के समर्थन में कर्मिक धरना चला जिनमें मुख्य रूप से डॉक्टर साधना राय, डॉक्टर सुलक्षणा, यशवंत त्रिपाठी, डॉक्टर नीलम राय, डॉक्टर दिनेश, डॉक्टर सहजानंद पांडेय, डॉक्टर रमन, वीरेंद्र कुमार, हरेंद्र सिंह, राकेश सहित विद्यालय के स्ववित्तपोषित शिक्षक क्रमिक धरना में सम्मिलित रहे।

# सेंट जेवियर्स विद्यालय जीयनपुर पर बंटा वार्षिक परीक्षाफल



विद्यालय द्वारा पुरस्कृत छात्र छात्राएं

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के सेंट जेवियर्स विद्यालय जीयनपुर पर समारोह पूर्वक पूर्व विधायक, एसडीएम सगड़ी व क्षेत्राधिकारी सगड़ी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल व वार्षिक परीक्षाफल देकर सम्मानित किया। पुरस्कार पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। बुधवार की सुबह समारोह पूर्वक जीयनपुर सेंट जेवियर्स विद्यालय पर वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया गया जिसमें एलकेजी से लेकर कक्षा 10 तक के छात्र जिन्होंने अपनी कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान 95 प्रतिशत से ऊपर पाकर प्राप्त किया कुल 76 मेडल देकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पूर्व विधायक सगड़ी वंदना सिंह एसडीएम सगड़ी राजीव रतन सिंह क्षेत्राधिकारी सगड़ी महेंद्र शुक्ला व विद्यालय के डायरेक्टर संजय पाठक ने मेडल पुरस्कार व परीक्षाफल देकर सम्मानित और उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य संजय राय ने बताया कि 200 छात्र छात्राओं सहित अभिभावकों को उत्कृष्ट कार्य व अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के रूप में 3 हजार रुपए प्रदान किया गया। साथ ही जनपद में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने पर 95 प्रतिशत से अधिक पर 10 हजार रुपए 95 प्रतिशत से कम पर 7 हजार रुपए विद्यालय द्वारा प्रदान किया जाएगा।

## पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में आधा दर्जन घायल

**फरिहा (आजमगढ़)।** निजामाबाद थाना क्षेत्र के फत्तनपुर पुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी जिससे आधा दर्जन लोग घायल हो गये। स्थानीय लोगों को उपचार के लिए अस्पातल में भर्ती कराया। निजामाबाद थाना क्षेत्र के फत्तनपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर गीता पत्नी स्व. बसावन और पट्टिदारो के बीच मारपीट हो गई जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। घायलों में खुशबू पुत्री बसावन, अमन पुत्र बसावन, आरती पुत्री बसावन, सावित्री पत्नी राजेंद्र राम, हीरालाल पुत्र राजेंद्र और पाटीदार जितेंद्र पुत्र धनेश्वर के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई जिसमें लाठी-डंडे ईट पत्थर और लात घुसा जमकर चले जिससे आधे दर्जन घायल हो गये जिसमें से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है जिनको प्राथमिक उपचार करने के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस कुछ लोगों को पकड़कर थाने ले आई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक निजामाबाद ने बताया कि मारपीट हुई है आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हैं तहरीर मिल गई है और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज हत्या में वांछित दो आरोपित गिरफ्तार

**कामयाबी**

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फांसी लगाने से मौत की हुई पुष्टि

### मृतका की मां ने सात पर दर्ज कराया था मुकदमा

जनसंदेश न्यूज

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के राजूपट्टी गांव में नवविवाहिता की फांसी लगाने से हुई मौत पर माता ने तहरीर देकर जीयनपुर कोतवाली में सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। उक्त मामले में जीयनपुर पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फांसी लगाने से मौत की पुष्टि हुई।

बीते रविवार को राजूपट्टी गांव में अंशु गुप्ता पत्नी संजय गुप्ता की दुपट्टा से फांसी लगाने से हुई मौत पर मायके से पहुंचे परिजनों के साथ माता उर्मिला देवी निवासी बाबुपुर मऊ ने अपनी पुत्री को दहेज व भाभी से अवैध संबंध को लेकर प्रताड़ित करने के आरोप पर जीयनपुर पुलिस ने दहेज मृत्यु व दहेज प्रताड़ना का मुकदमा पंजीकृत सात लोगों पर किया था जिनमें पति संजय गुप्ता, सास भाना देवी, दो बड़े भाई अनिल व मनोज और उनकी पत्नी गीता व मीरा व ननद आशा देवी पर मुकदमा पंजीकृत किया।

विदित हो अंशु गुप्ता का विवाह 4 माह पूर्व 2 दिसंबर को संजय गुप्ता से हुआ था।

वहीं जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फांसी लगने से मौत की पुष्टि हुई है जिसके बाद क्षेत्राधिकारी सगड़ी महेंद्र शुक्ला के निर्देश पर जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय व एसआई शंकर यादव ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार की सुबह दोनों भाभी गीता पत्नी मनोज व मीरा पत्नी अनिल निवासी राजूपट्टी को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।

# रामनवमी की पूर्व संध्या पर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**चौकसी**

### राम जन्मोत्सव पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील



फ्लैग मार्च करती पुलिस

**अंजानशहीद आजमगढ़।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के जीयनपुर आजमगढ़ कस्बा में राम जन्म उत्सव पर्व पर जीयनपुर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च राम जन्मोत्सव को शांतिपूर्ण प्रेम व भाईचारे के साथ मनाने की अपील। बुधवार की शाम जीयनपुर कोतवाली यादवेंद्र पांडेय के नेतृत्व में जीयनपुर अजमतगढ़ कस्बा में दर्जनों पुलिस के जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया इस दौरान जीयनपुर कस्बा में आजमगढ़ मार्ग दोहरीघाट मार्ग बिलरियागंज मार्ग अजमतगढ़ मार्ग पर भ्रमण किया वही अजमतगढ़ कस्बा में मछली शहर, अली नगर, राजीव नगर, समता नगर सहित अजमतगढ़ खंड विकास मुख्य मार्ग पर और नरैयना मार्ग पर भ्रमण किया।

इस दौरान जीयनपुर कोतवाली यादवेंद्र पांडे ने कस्बा वासियों से शांतिपूर्ण प्रेम व भाईचारे के साथ राम जन्मोत्सव लोगों से मनाने की अपील की अतरौलिया प्रतिनिधि के अनुसार रामनवमी और रमजान को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में नगर पंचायत और आसपास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। समस्त उपनिरीक्षक, निरीक्षक एवं करीब एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी इस फ्लैग मार्च में शामिल रहे।

फ्लैग मार्च थाना परिसर से निकाल कर सम्मो माता मंदिर, जामा मस्जिद, दुर्गा मंदिर बरन चैक, गोला बाजार, बब्बर चैक, केशरी चैक होते हुए पुनः थाना परिसर पहुंचा। नगर पंचायत के विभिन्न चैक चैराहे से पुलिस जवानों का दल जब गुजरा तो लोगों ने पुलिस की सराहना की। वहीं शरारती तत्वों को भी इस मार्च के माध्यम से संदेश दिया गया।

महराजगंज प्रतिनिधि के अनुसार रामनवमी और रमजान को लेकर थाना प्रभारी कमलकांत वर्मा के नेतृत्व मे कस्बे मे पैदल मार्च किया। यह पैदल मार्च थाने परिसर से निकलकर पुराना चैक, राम जानकी मंदिर गया तत्पश्चात सब्जी मंडी, बजरंग चैक व पंडित लक्ष्मीकांत मिश्र चैक होते हुए सहदेवगंज तिराहे के रास्ते थाने परिसर मे समाप्त हुआ।

## पत्रकार समाज को दिखाता है आइनाः एसडीएम



**मार्टिनगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लॉक परिसर में आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के द्वारा बुधवार को पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष आजमगढ़ विवेकानन्द पांडेय की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में एसडीएम मार्टिनगंज विशाल कुमार, तहसीलदार मार्टिनगंज हेमंत कुमार बिंद, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सौरभ सिंह बीनू, खंड विकास अधिकारी मार्टिनगंज रामबिलास व विशिष्ट अतिथि के रूप में संगठन के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार पाण्डेय, व वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश सिंह मौजूद रहे। एसडीएम मार्टिनगंज ने कहा कि, क्षेत्र की बहुत सी समस्याओं का पत्रकार के माध्यम से आसानी से पता चल जाता है, जिससे उसका निराकरण हो जाता है। पत्रकार समाज को आईना दिखाता है।

## संक्षेप

### अभियुक्त के घर 82 की नोटिस चस्पा



**संजरपुर (आजमगढ़)।** न्यायालय के आदेश पर सरायमीर पुलिस ने एक मुकदमें में फरार चल रहे आरोपी के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा की।सरायमीर थाना क्षेत्र के अबाढ़ा गांव निवासी वसीम पुत्र चुन्नु के ऊपर सरायमीर थाने में अपराधिक मामला दर्ज है। न्यायालय में उपस्थित न होने के कारण न्यायालय के आदेश पर सब इंस्पेक्टर अजीज खान ने वसीम के घर पर डुगडुगी पिटवा कर घर व सार्वजनिक स्थानों पर धारा 82 की नोटिस चस्पा किया।

### पानी भरने को लेकर दो पक्ष भिड़े, सात घायल

**संजरपुर (आजमगढ़)।** सरायमीर थाना क्षेत्र के बखरा गांव में मंगलवार की देर रात सरकारी नल पर पानी भरने को लेकर दो पक्ष भिड़ गये। जमकर चले लाठी डंडे ईंट पत्थर से दोनों तरफ से सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस ने अति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खरेवा सरायमीर में भर्ती कराकर प्राथमिक उपचार कराया।उक्त गांव में एक पक्ष के घर के सामने सरकारी हैंड पाइप है। दूसरे पक्ष के लोग वहां पानी भरने आते थे। वहां से पानी भरने सरकारी मशीन पर आया तो एक पक्ष द्वारा विरोध किया जाने लगा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई फिर खूनी संघर्ष में बदल गया। लाठी डंडे ईंट पत्थर चलने से एक पक्ष से प्रेमा 45 वर्ष पत्नी सुभाष, रीता 21 वर्ष पत्नी दशरथ, आराधना 18 वर्ष पुत्री सुबाष, संदना पुत्री सुबाष निवासी बखरा सरायमीर गम्भीरपुर घायल हो गये। वहीं दूसरे पक्ष से निशा 21 वर्ष पुत्री अमरनाथ, मामता पुत्री अमरनाथ निवासी बखरा सरायमीर घायल हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खरेवा सरायमीर में उपचार करवाया। एक पक्ष की तरफ से लिखित तहरीर दी गई है।

### जनसुनवाई में आये 34 प्रार्थना पत्र

**आजमगढ़।** पीड़ितों त्वरित न्याय दिलाने के लिए पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य दृढ़ संकल्पित है। इसी क्रम में आज पुलिस अधीक्षक नगर शैलेंद्र लाल व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल रूसिया द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन सुनवाई की गयी। जनसुनवाई में प्राप्त कुल 34 प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

### साक्षात्कार तीन को

**आजमगढ़।** जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत सोशल आडिट को फेसिलिटेट करने हेतु जनपद स्तर पर ब्लाक संसाधन व्यक्तियों (ब्लाक रिसोर्स पर्सन्स) का पैनल तैयार करने हेतु पात्र आवेदकों का जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में 3 अप्रैल को अपरान्ह 12:15 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में साक्षात्कार सम्पन्न होगा।

### अष्टमी पर मंदिरों में रही भारी भीड़

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय कस्बे के रानी पोखरा स्थित दुर्गा जी मंदिर में अष्टमी के दिन भक्तों की काफी भीड़ रही। सुबह शाम आरती में महिलाएं पुरुष शामिल हुए। पूरे नवरात्र भर मंदिर गुलजार रहा।कस्बे के काशीदास मंदिर स्थित दुर्गा मंदिर और रानी पोखरा स्थित दुर्गा जी मंदिर पूरे नवरात्र भर भक्तों की भीड़ होती रही। रानी पोखरा मंदिर पर आरती के दौरान श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ता रहा। अष्टमी के दिन ब्रतियों की काफी संख्या रही और दर्शन पूजन के लिए। जयकारे से मंदिर प्रांगण गूंजता रहा।

### लोहिया पुरस्कार से सम्मानित है आवंक ग्राम पंचायत



ग्रां पंचायत आवंक में बना ग्राम सचिवालय

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के आवंक ग्राम पंचायत को प्रदेश के 16 ग्राम पंचायतों में लोहिया पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। शासन द्वारा दो लाख गांव के विकास हेतु पुरस्कार राशि मिलेगी। ग्राम पंचायत के विकास के आइने में दिखने से ग्रामीणों समेत ग्राम प्रधान, ब्लाक अधिकारियों में प्रसन्नता है। आवंक ग्राम पंचायत जो वर्तमान दौर में विकास के नजरिए से आधुनिक तकनीक से लैस है। गांव में निर्मित पंचायत भवन सुविधाओं से लैस है। पंचायत भवन में अलग-अलग कमरों में अलग अलग तिथियों को ग्राम पंचायत संबधी अधिकारी मौजूद मिलते हैं। ग्रामीणों को सभी कागजात यहां आनलाइन उपलब्ध रहते है। भवन की सुंदरता देखते बनती है। इसके अलावा गांव में पानी निकास नाला, बृहद सोख्ता, सीसी मार्ग, आवास, स्वास्थ्य सुविधाएं, विद्युत व्यवस्था आदि में भी अग्रणी है। शासन द्वारा डा.राम मनोहर लोहिया पंचायत सशक्तिकरण योजना अंतर्गत स्मार्ट ग्राम पंचायत में प्रदेश की 16 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया। इसमे आजमगढ़ मंडल मे आवंक ग्राम पंचायत का भी चयन हुआ। इसके तहत गांव को स्मार्ट बनाने हेतु दो लाख का पुरस्कार भी मिलेगा। गांव की इस सफलता पर ग्राम प्रधान जाहिद खां गदगद है। ग्रामीणों में भी प्रसन्नता है। जाहिद ने कहा कि यह पूरे मंडल के लिए गौरव है कि विकास के आइने में ग्राम पंचायत दिखाई दिया।

### आजमगढ़ के होनहार लाल ने बनाई थार गाड़ी



**पटवध (आजमगढ़)।** कहते हैं कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती यह कहावत आजमगढ़ के एक गरीब परिवार का लड़का प्रवेश मौर्या ने सिद्ध कर दिखाया। यह लड़का पेसे से ऑटो इलेक्ट्रिक मैकेनिक है। लेकिन आदमी का उत्साह उस को आगे बढ़ाने में बहुत मदद करता है। इस बच्चे में बहुत चाहत थी की एक हमारे पास फोर व्हीलर गाड़ी हो जाए लेकिन पैसे के अभाव में यह अपने मन की इच्छा नहीं पूरी कर पाया। मन की बात मन में ही रह गई। लेकिन सोचते-सोचते एक दिन उसके दिमाग में आया कि क्यों नहीं मैं अपने हाथ से ही जैसे महिंद्रा कंपनी की थार गाड़ी आ रही है उसी तरह से एक थार गाड़ी का खुद निर्माण करूं। फिर क्या था वह दिल और दिमाग से उस काम में लग गया और अपने साथी, दोस्तों, रिश्तेदारों से कुछ पैसे कर्ज लेकर उसने इस थार गाड़ी का अपने हाथों निर्माण शुरू किया और लगभग 6 महीने के अंतराल में इस गाड़ी को दिखने में थार जैसी बिना पेट्रोल डीजल के बनाकर सड़क पर सरपट दौड़ाने लगा। यह देख कर हर किसी की आंखें फटी की फटी रह गई। लोग हैरत में हो गए कि यहां गांव देहात में ऐसी ऐसी प्रतिभाएं छुपी हुई है जिसको कोई समझ नहीं पा रहा था। उससे बात करने पर पता चला कि इस थार गाड़ी में लिथियम बैटरी प्रयोग की गई है जिसको मात्र 4 से 5 घंटे चार्ज करने पर यह गाड़ी लगभग 100 किलोमीटर 40 से 45 की स्पीड से चलती है। यह 4 सीटर है इस पर 4 लोग आसानी से बैठ सकते हैं। इस गाड़ी को बनाने में 2 लाख रुपए खर्च हुए। प्रवेश मौर्या का कहना है कि मैं भविष्य में इस गाड़ी का ऐसा सिस्टम बनाऊंगा कि ये खेतों में जोताई का भी काम करेगी। उसके परिवार में खुशी का माहौल है। यह पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### विहिप करेगा संत सम्मेलन निकलेगी शोभायात्रा

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** इस बार की रामनवमी को भव्य बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद द्वारा देश भर में रामोत्सव कार्यक्रम का मनाया जाना प्रस्तावित है, जिसके तहत देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में विहिप की अतरौलिया इकाई द्वारा नगर पंचायत के बरन चैक से 4 अप्रैल मंगलवार को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो नगर भ्रमण करते हुए पुनः बरन चैक पर ही समाप्त होगी। जहां पर बने मंच पर सायंकाल भजन संध्या तथा संत सम्मेलन का आयोजन होगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीराम कथा वाचक श्रीराम बल्लभाकुंज जानकी घाट अयोध्या से चंद्राशु जी महाराज, कटरा कुटी पीठ गोंडा के पीठाधीश्वर चिन्मयानंद जी महाराज, श्रीसिद्धेश्वर आश्रम अम्बेडकर नगर के महंत कृष्णन दास जी, पंचपेड़वा आश्रम अतरौलिया के महंत चंद्रेश जी महाराज होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विहिप अवध प्रांत के प्रांत सत्संग प्रमुख व पूर्व प्रतिनिधि विधायक टांडा श्याम बाबू गुप्ता, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोरक्ष प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री बाबा हरदेव, विहिप गोरक्ष प्रांत के सेवा प्रमुख व क्षेत्रीय मंत्री भारत विकास परिषद् डा.अशोक अग्रवाल, सेवा भारती आर्यमगढ से जुड़े आर्थोपेडिक सर्जन डॉ.मनीष त्रिपाठी होंगे। कार्यक्रम में बतौर कलाकार अयोध्या के भजन गायक मोहन शास्त्री, भोजपुरी गायक अजय अकेला व गजल गायक मुकेश गुप्ता की प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष वैभव चैरसिया ने दी है।

# देवी के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर निहाल हुए दर्शनार्थी

**अष्टमी**

**चैत्र नवरात्र की महाअष्टमी पर भक्तों ने नवाया शीश**

**भगवती के भवन में भव्य स्वरूप का भक्तों ने किया दर्शन**

**देवी धाम में निरंतर चलता रहा हवन पूजन एवं अनुष्ठान**

जनसंदेश न्यूज



मां के दर्शन को लाईन में लगे भक्त

**मीरजापुर।** चैत्र नवरात्र की महा अष्टमी तिथि पर देवी के दिव्य स्वरुप का दर्शन पाकर श्रद्धालु निहाल हो उठे। विंध्य धाम पहुंचे नर नारियों ने माता के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। विंध्य क्षेत्र में भक्तों और साधकों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार बीच हवन पूजन एवं अनुष्ठान का दौर निरंतर चलता रहा। चैत्र नवरात्र की महाअष्टमी तिथि पर देवी धाम में दर्शन पूजन करने के लिए दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के बाद मंदिर पहुंचे भक्तों ने भक्ति भाव से मां भगवती की चौखट पर मत्था टेक कर घर परिवार में सुख समृद्धि खुशहाली की कामना की माता का दर्शन पूजन करने के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में विराजमान बटुक भैरव के साथ ही मां काली मां सरस्वती मां दुर्गा मां लक्ष्मी मां शीतला सहित पंचमुखी महादेव राधा कृष्ण दक्षिणमुखी हनुमान आदि देवी-देवताओं के दरबार में पहुंचकर अपनी हाजिरी लगाई। आकर्षक फूलों से मंदिरों की हुई सजावट एक अलौकिक छटा बिखेर रही थी। मां विंध्यवासिनी धाम में दर्शन पूजन करने के बाद बड़ी संख्या में भक्तों ने अष्टभुजा पहाड़ पर विराजमान महाकाली माता अष्टभुजी देवी माता तारा देवी के मंदिरों में जाकर विधिवत दर्शन पूजन किया। संपूर्ण विन्ध्य धाम में घंटा घड़ियाल शंख नगाड़ा एवं शहनाई की मधुर धुनों के साथ ही माता भगवती की जय जयकार से देवी दरबार गूंज रहा था। नवरात्र के भव्य मेले को लेकर जिला प्रशासन भी पूरी सक्रियता से अपनी भूमिका का निर्वहन करते नजर आए। वही श्री विंध्य पंडा समाज के सभी पदाधिकारी और सदस्य कर देश के कोने-कोने से आए दर्शनार्थियों की सेवा में पूरी तन्मयता से जुटे रहे।

## साधकों ने तंत्र-मंत्र से किया महानिशा का पूजन

**विंध्य की पहाड़ियों पर रात भर चहल-पहल**

**अर्ध रात्रि में विधि विधान पूर्वक की गई पूजा अर्चना**

चैत्र नवरात्र की महाअष्टमी तिथि शुरू होने के पूर्व ही पहाड़ पर महानिशा का पूजन करने को साधकों का हुजूम उमड़ पड़ा था। साधकों ने विधि-विधान से अर्धरात्रि में राम गया घाट भैरव कुंड सहित अष्टभुजा पहाड़ की कंदराओं व गुफाओं में महानिशा का पूजन किया। विंध्याचल के पहाड़ पर जगह जगह आसन लगाकर बैठे साधक यंत्र तंत्र मंत्र के माध्यम से साधना करने में तल्लीन नजर आए। चैत्र नवरात्र अष्टमी तिथि पर महानिशा की पूजन करने के लिए विंध्य के पहाड़ पर दूरदराज से आए साधकों का जमावड़ा लगा रहा। देश के कोने-कोने से आए साधकों ने विधि-विधान पूर्वक भैरव कुंड राम गया घाट और अष्टभुजा पहाड़ पर जगह जगह बैठकर बड़े ही भक्ति भाव से महानिशा का पूजन किया। महानिशा पूजन पर उमड़ी साधकों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की तरफ से पुख्ता इंतजाम कराए गए थे ताकि साधकों को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। अष्टभुजा पहाड़ पर महानिशा का पूजन देखने के लिए विंध्याचल सहित मिर्जापुर नगर के लोग भी बड़ी संख्या में पहुँचे हुए थे। चैत्र नवरात्र की सप्तमी तिथि सोमवार को दिन की अपेक्षा सूर्यास्त होते ही अष्टभुजा पहाड़ के त्रिकोण मार्ग पर गहमागहमी काफी बढ़ गई थी। त्रिकोण मार्ग पर विभिन्न मंदिरों में तंत्र साधना का अद्भुत अनुष्ठान दूरदराज से आए शासकों द्वारा किया गया अष्टभुजा पहाड़ पर महाकाली मंदिर तारा देवी मंदिर काल भैरव मंदिर सहित कई अन्य मंदिरों में दूर दूर से आए तांत्रिकों साधकों एवं देवी भक्तों ने विधि-विधान पूर्वक महानिशा की विशेष पूजा अर्चना कर पुण्य कमाया।

## अंधेरे में दर्शन करते भक्त



मां विंध्यवासिनी माता मंदिर के गर्भ गृह में मंगलवार की रात 10 बजकर 30 मिनट पर मां विंध्यवासिनी माता की बड़ी आरती श्रृंगार पूजन समाप्त कर मां विंध्यवासिनी माता के श्रृंगार पूजन कर जब श्रृंगारिया गर्भ गृह से निकलते ही और श्रद्धालुओं के लिए मां का कपाट खोल दिए गए थे। 5 मिनट ही बीते ही होंगे अचानक गर्भ गृह की बिजली आपूर्ति बंद हो गई। अंधेरे में ही श्रद्धालु दर्शन पूजन कर बाहर निकल रहे थे। मौके पर मरम्मत कार्य में जुटे विभाग के आला अधिकारी एवं कर्मचारियों ने मेहनत कर बिजली आपूर्ति बहाल किया। लेकिन समाचार लिखे जाने तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई अंधेरे में ही दर्शन पूजन का दौर जारी था। रात 11 बज कर 57 मिनट पर गर्भ गृह की बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।

## अष्टमी तिथि पर पचास हजार भक्तों ने नवाया शीश

**जवारियों का उमड़ा रहा हुजूम**

**हलिया।** क्षेत्र के गड़बड़ा शीतला धाम में बुधवार को पचास हजार भक्तों ने मां के चरणों में शीश नवाया। विभिन्न गाँव की जवारियों का हुजूम अष्टमी तिथि पर भोर से ही ढोल ताशे, मजीरा के साथ सैकड़ों की संख्या काली माँ, देशावरी, शीतला माता, विध्यवासिनी माँ के रूप में जवारियों के हुजूम के पहुँचने से मंदिर परिसर में भीड़ बे काबू हो गयी। पुलिस को भीड़ कन्ट्रोल करने में घंटों कड़ी मशक्कत करनी पड़ी एक साथ पहुँचने पर भक्तों की भीड़ ज्यादा रही। नवरात्रि के आठवें दिन महागौरी माता के स्वरूप का दर्शन पूजन कर भक्त निहाल हुए। मंदिर परिसर में माँ के जयकारे व घंट घडियाल गुंजायमान रहा। लोगों की मान्यता है कि सच्चे मन से माता शीतला की उपासना करने वालो को धन, पुत्र प्राप्ति, यश, भूत प्रेत बाधा आदि कष्टों से निवारण मिलता है। मंदिर प्रबंधक प्रकाश चंद शुक्ल व ज्ञान चंद शुक्ल ने बताया कि मंदिर के पीछे हवन पूजन का कार्यक्रम किया जा रहा है। खोया पाया सेंटर व वालेंटियर्स के द्वारा दर्शनार्थियों का सहयोग किया जा रहा था। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक विष्णु प्रभा सिंह मेले का चक्रमण करते रहे। 60 सफाई कर्मचारियों द्वारा मेले की सफाई किया जा रहा है।

# इलाज के लिए जीवन मौत से जूझ रहा युवक

**पैसे का अभाव**

**गरीब विधवा महिला के पास नहीं है आयुष्मान कार्ड**

**जमालपुर।** जहां एक तरफ सरकार आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाकर गरीबों को बेहतर इलाज मुहैया करा रही है। वहीं दूसरी तरफ समाज में ऐसे भी लोग हैं जो ईलाज के अभाव से इतने परेशान हैं कि उनके जीने की उम्मीद भी कमजोर नजर आ रही है। ऐसा ही मामला घरवाह गांव में एक गरीब का ईलाज कराने में सक्षम नहीं होने से राहुल 18 वर्ष पुत्र स्व रामकृत निवासी घरवाह जिंदगी और मौत से वाराणसी स्थित एक निजी अस्पताल मे जूझ रहा है। बीमार राहुल की माता सुशीला अपने कलेजे के टुकड़े को जीवनदान के लिए किसी मसीहा का इंतजार है। साथ ही इलाज के लिए आमजन से सोशल मीडिया के माध्यम से मदद गुहार लगाई है। अभी तक किसी भी सामाजिक कार्यकर्ता व जिला प्रशासन की तरफ से किसी भी प्रकार का मदद नहीं मिला है, और न ही पीड़ित विधवा के पास आयुष्मान कार्ड हैं। इसी दौरान जनसंदेश टाइम्स की टीम से पीड़ित विधवा सुशीला देवी ने बताया कि मैं ग्राम पंचायत घरवाह की रहने वाली हूं और मेरे पति की लगभग चार वर्ष पहले मौत हो चुकी है। मेरी हालत बहुत ही दयनीय है जो पैसा था वह वाराणसी स्थित एक निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान खर्च कर चुकी हूं। ईलाज के लिए अब एक भी पैसा मेरे पास नही बचा है। अब किसकी गुहार लगाऊ कुछ समझ में नहीं आ रहा है।

## कुश्ती देखने को उमड़ा लोगों का सैलाब

**जमालपुर।** क्षेत्र के डोहरी गांव स्थित काली माता मंदिर परिसर में नवरात्र अष्टमी तिथी के अवसर पर बुधवार को कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। कुश्ती दंगल देखने के लिये क्षेत्रीय लोगों की भीड़ जुटी रही और तालियां बजाकर पहलवानों का उत्साह वर्धन किया। चार हजारी कुश्ती उसरौड़ी के भानू पहलवान ने बिहार चैनपुर के दिलीप पहलवान को पटखनी देकर अपने नाम किया। तीन हजारी कुश्ती हाजीपुर के चीनी पहलवान ने वाराणसी के रंजीत पहलवान को चित्त कर अपने नाम किया। ढ़ाई हजारी कुश्ती दीपक चकिया एवं परविंदर वाराणसी, दो हजारी कुश्ती रविंदर उसरौड़ी एवं रवि यादव बिहार एकौनी, डेढ़ हजारी कुश्ती रोहित उसरौड़ी एवं संतोष बिहार एकौनी की बराबरी पर छूटी। 1200 रूपए की कुश्ती में दिलीप हाजीपुर ने प्रमोद पहाड़ियां वाराणसी को चित्त कर अपने नाम किया। वही निर्णायक की भूमिका बच्चा तिवारी एवं अनिल सिंह ने निभाया।

# उप चुनाव की घोषणा, जिले में बढ़ी चुनावी सरगर्मी

**तैयारी शुरू**

**छानवे विधायक की मौत के बाद रिक्त पद पर होगा उपचुनाव**



प्रचार सामग्री हटवाते एसडीएम लालगंज

**लालगंज।** विधानसभा चुनाव अधिसूचना जारी होते ही बुधवार को लालगंज बाजार समेत पूरे बिधानसभा क्षेत्र में उप जिलाधिकारी भरत लाल सरोज, पुलिस उपाधीक्षक दीक्षांत राज, थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया ने टीम गठित कर क्षेत्र में लगे बैनर पोस्टर को हटाते हुए आचार संहिता नियम पालन करने का निर्देश दिया गया। चुनाव अधिसूचना जारी होते ही उपजिलाधिकारी भरत लाल सरोज पुलिस उपाधीक्षक दीक्षांत राज एवं थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया ने लालगंज बाजार में लगे होल्डिंग बैनर पोस्टर को उतरवाया गया। बैनर पोस्टर हटाते समय उप जिलाधिकारी ने लोगों को आगाह किया कि आचार संहिता नियम का पालन करें। उन्होंने आचार संहिता लागू होते ही तहसील के राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल व खंड विकास अधिकारी समेत विकासखंड के ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के कर्मचारियों को टीम बनाकर क्षेत्र में लगे बैनर होर्डिंग पोस्टर को उतरवाने का निर्देश दिया गया। निर्देश के क्रम में तहसील एवं ब्लॉक की टीम क्षेत्र में घूम कर लगे होल्डिंग बैनर पोस्टर को हटाया गया। उप जिलाधिकारी भरत लाल सरोज ने बताया कि टीम गठित किया गया है टीम अपने अपने तरीके से क्षेत्र में होल्डिंग बैनर पोस्टर उतरवाया जा रहा है।

# चोरी की 3 बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

**कामयाबी**

**वाहन चेकिंग के दौरान चढ़े पुलिस के हत्थे**

जनसंदेश न्यूज



पकड़े गये आरोपी

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के तहत मोटरसाइकिल सवार को चेकिंग के दौरान पकड़ लिया गया। क्षेत्र के नदिहार बाजार स्थित किसान इण्टर कालेज के सामने वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान सोनभद्र की ओर से आ रहा एक बाइक सवार पुलिस टीम देखकर भागने लगा जिसे देखते ही पुलिस ने धर दबोचा।

पुलिस टीम के गहनता से पूछताछ एवं जांच पड़ताल में चोरों के सामुहिक टीम का पता चला जिसकी धर पकड़ की गई। अभियुक्तों का नाम विकास कुमार मौर्य पुत्र अजय कुमार मौर्य, निवासी धौरहरा, पंकज पुत्र राधेश्याम निवासी टिकुरिया, उपेन्द्र यादव पुत्र रामकेश यादव निवासी चाड़ी थाना करमा जनपद सोनभद्र के तीनों अभियुक्तों को चोरी की तीन मोटरसाइकिल व तीन मोबाइल एंड्रॉयड स्मार्टफोन के साथ गिरफ्तार किया गया। इस दौरान राजगढ़ पुलिस की ओर से चोरी के संगठित गिरोह का पदार्फाश किया गया तथा विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राणा प्रताप यादव, उपनिरीक्षक भरत राय, हेड कांस्टेबल सुमित सिंह,श्रवण यादव, संतोष कुमार, छोटेलाल यादव आदि शामिल रहे।

## खनन व्यवसाई ने विद्युत कर्मचारी पर लगाया सुविधा शुल्क मांगने का आरोप

**अहरौरा।** नगर के पत्थर खनन व्यवसाई हंस लाल मौर्या ने स्थानीय थाना पर तहरीर देकर विद्युत कर्मचारी टीजी टू महेश्वर के खिलाफ 15000 रिश्वत मांगने एवं उनके कटर प्लांट पर कार्य कर रहे दलित कर्मचारी से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया है। व्यवसाई हंस लाल मौर्या ने बताया कि निर्धारित समय पर मेरे द्वारा किराए पर लिए गए कटर प्लांट का बिल विद्युत विभाग को जमा किया जाता है। प्लांट पर पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मचारी महेश्वर ने 15000 सुविधा शुल्क की मांग कर बैठा। कर्मचारी द्वारा कहा गया कि अगर पैसा होता तो हम बिजली बिल जमा कर दिये होते। प्लांट संचालक ने आरोप लगाते हुए बताया कि इस पर विद्युत कर्मचारी महेश्वर द्वारा दलित कर्मचारी के साथ गाली गलौज करते हुए प्लांट का बिजली काट दिया गया। वही इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ ने कहा कि मेरे कर्मचारी से कटर प्लांट पर मौजूद कर्मचारियों ने बदसलूकी की है।

# मकान में लगी आग से गृहस्थी का सामान जलकर राख



जनसंदेश न्यूज

**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के श्रीपट्टी गांव में बुधवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में कच्चा मकान में आग लगने से घर में रखा अनाज, बर्तन, फ्रीज समेत गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार श्रीपट्टी गांव निवासी सुमारू गोंड पुत्र नहकू गोंड गांव में ही खेती करते हैं। परिवार के सभी सदस्य खेत में काम करने चले गए थे। उन्हें पता चला कि उनके घर आग लग गई है दौड़ते हुए घर आकर देखा तो मढ़हे में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया था। आग को लगता देख आस पास के लोग इकट्ठा होकर समर्सिबल के माध्यम से आग पर जब तक काबू पाते तब तक घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया था।

# प्रधान की मौत के बाद क्षेत्र में शोक की लहर

**दुखद**

**समाजसेवी अनिल सिंह की अध्यक्षता में हुआ शोकसभा का आयोजन**



**चील्ह।** विकास खंड कोन के मुख्यालय सभागार में रामपुर गांव के प्रधान मिश्रीलाल का हृदय गति रुक जाने के कारण मौत होने पर बुधवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार शनिवार को रामपुर के ग्राम प्रधान मिश्री लाल की तबियत अचानक खराब होने पर स्वजनों ने तत्काल इलाज हेतु मंडलीय अस्पताल पहुंचाया जहां ईलाज के दौरान शनिवार की शाम मौत हो गयी थी। बुधवार को ब्लाक सभागार में कोन ब्लाक के लोगों ने शोक सभा करके दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। शोक सभा में खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार शुक्ल, प्रमुख समाजसेवी अनिल सिंह, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, चंद्रशेखर यादव, अनिल यादव, हरिशंकर सरोज, शंभूनाथ यादव, आशुतोष मौर्या, भारतेंदु यादव, दरोगा यादव, जघई यादव, रंजीत राम, जटाशंकर मौर्य, शैलेंद्र यादव, भारतेंदु यादव, दिनेश मिश्रा, जटाशंकर यादव समेत ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने शोक प्रकट किया।

# कलाकारों के साथ डीएम ने खेली फूलों की होली

**आयोजन**

**डीएम के साथ उनके पति भी भक्तिभाव में झूमे**

**वीडीओ हो रहा है वायरल**

जनसंदेश न्यूज



कलाकारों संग फूलों की होली खेलतीं डीएम

**मीरजापुर।** जिले में स्थित मां विंध्यवासिनी दरबार में विंध्य महोत्सव का आयोजन किया गया है। विंध्य महोत्सव कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुति दी जा रही है। मंगलवार की रात्रि में मथुरा से आए कलाकारों ने ब्रज की फूल वाली होली रहित राधा कृष्ण की बेहतरीन झांकियों का प्रस्तुति करके माहौल भक्तिमय कर दिया। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल भी अपने पति के साथ थिरकती हुई दिखाई दी। जिलाधिकारी के डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद लोग जमकर सराहना कर रहे हैं। विंध्याचल रोडवेज परिसर में चैत्र नवरात्रि में नौ दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह आयोजन सात बजे से शुरू होकर रात्रि के 12 बजे तक चलता है, जहां इसमें जनपद सहित आसपास के प्रांतों से आए कलाकार अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। इस क्रम में मंगलवार के दिन मथुरा से आए कलाकारों ने विंध्य महोत्सव में ब्रज की होली, मयूर नृत्य, चरकुला नृत्य और कत्थक का शानदार प्रस्तुति दिया। दृश्य और मजेदार तब हुआ जब जिलाधिकारी भी कलाकारों के साथ थिरकने लगी, जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। ब्रज से आये कलाकारों ने जिलाधिकारी दिव्या मित्तल को भी कलाकारों ने मंच पर थिरकने को मजबूर कर दिया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कलाकारों के आग्रह पर जमकर डांस किया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के पति गगनदीप सिंह विंध्य महोत्सव के मंच पर जमकर थिरके, जहां डीएम और उनके पति को नाचते हुए देखकर लोग तालियां बजाने लगे। कलाकारों संग जिलाधिकारी के डांस करने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद लोग जिलाधिकारी की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कार्यक्रम में बूढ़ेनाथ मंदिर के महंत संत योगानंद गिरी, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रकाश शुक्ल, जिला होमगार्ड कमांडेड बीके सिंह, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय सहित सभी विभागों के अधिकारी संबंधित लोगों के साथ-साथ गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### गंगा में डूबने से बालक की मौत

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के कठिनई गांव निवासी राम सूरत का 10 वर्षीय पुत्र संदीप की गंगा में स्नान करते समय गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया गया कठिनई गांव निवासी राम सूरत के दो पुत्र चेतन उर्फ संदीप उम्र 10 वर्ष व अर्जुन 12 वर्ष तथा गांव के ही राजेश का 13 वर्षीय पुत्र प्रिंस के साथ गंगा नदी में नहाने गया था। नहाते समय बीच गहरे पानी में जाने के कारण तीनों डूबने लगे शोरगुल करने पर गंगा नदी के किनारे चना की कटाई कर रहे सचिन गौड़ पुत्र नन्हकू के कानों तक सुनाई पड़ी। सचिन दौड़कर गंगा में कूदा जिसमें प्रिंस व अर्जुन को गहरे पानी से बाहर निकाला लेकिन चेतन उर्फ संदीप उम्र 10 वर्ष गहरे पानी में डूबने से मृत्यु हो गई। मौत की सूचना लगते ही गांव में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अजीत श्रीवास्तव मौके पर पहुंच कर चेतन के शव को बाहर निकलवाया। मृतक की माता रंजना का रो रोकर बुरा हाल हो गया मृतक चार भाईयो में तीसरे नम्बर का था।

### तमंचे के साथ गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को उ0नि0 त्रिवेणी राम मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से आरोपी संदीप बिन्द पुत्र घूरे बिन्द निवासी रानीचौकिया थाना पड़री मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी संदीप उपरोक्त के कब्जे से एक तमंचा मय 02 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया।

### गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना सन्तनगर पर 28 मार्च को राजनारायण सिंह पुत्र स्व0 राजपति सिंह निवासी घूराकाडा थाना सन्तनगर मीरजापुर द्वारा नामजद के विरूद्ध लिखित तहरीर दी गई थी। जहां एसपी संतोष कुमार मिश्रा के निर्देश के क्रम में बुधवार को उ0नि0 योगेन्द्रनाथ यादव मय पुलिस बल द्वारा 03 आरोपी चन्द्रलोचन पुत्र विजय कुमार, रामलोचन पुत्र विजय कुमार, बच्चा पुत्र विजय निवासीगण ग्राम घुराकाडा थाना सन्तनगर मीरजापुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### पड़री पुलिस द्वारा तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना पड़री पर 17 जनवरी को वादी नजीर पुत्र रसीद निवासी भरपुरा थाना पड़री द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध एक लिखित तहरीर दी गयी थी। जहां पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देश के क्रम में बुधवार को उ0नि0 आशुतोष सिंह मय पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित तीसरा आरोपी कलाम पुत्र बुद्धू निवासी भरपुरा थाना पड़री मीरजापुर को गिरफ्तार कर कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### पिकप संचालक पर दर्ज हुआ मुकदमा

**जमालपुर।** थाना क्षेत्र के शेरवां पुलिस चौकी स्थित बरवा गांव राजू प्रजापति की तहरीर पर मंगलवार की देर रात्रि पुलिस ने करजी गांव निवासी पिकप वाहन स्वामी बाबूलाल एवं बियरही गांव निवासी चालक संजय कुमार के खिलाफ आईपीसी की धारा 279, 304अ, 504 एवं 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया। मंगलवार को बरवा गांव में शाम पांच बजे पिकप वाहन से कुचलकर राजू प्रजापति के चार वर्षीय मासूम बालक अमित प्रजापति की दर्दनाक मौत हो गई थी। मौके परिजनों तथा ग्रामीणों ने घर के बाहर सड़क पर बालक का शव रखकर मुआवजा एवं कार्रवाई किए जाने की मांग किया था। पुलिस ने एक घंटे तक स्वजनों का मान मनौव्वल करते हुए कार्रवाई किए जाने का आश्वासन देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि वाहन स्वामी एवं चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

### अधिवक्ता की मौत के बाद क्षेत्र में शोक



**जमालपुर।** क्षेत्र के पसही गांव के निवासी अधिवक्ता विनोद पांडेय पुत्र राधेश्याम पांडेय उम्र लगभग 52 वर्ष की मंगलवार की देर शाम मीरजापुर में हार्ट अटैक आने से मौत हो गयी। देर रात उनका पार्थिव शव पैतृक गांव पसही आने पर गांव में मातम पसर गया। मृतक अधिवक्ता जनपद मुख्यालय मीरजापुर एवं तहसील चुनार में प्रैक्टिस करते थे। उनका शव गांव आने पर लोगों की भीड़ जुट गयी। उनकी पत्नी सीता देवी, पुत्र शिवम पांडेय एवं पुत्री स्मृति का रो रोकर हाल बेहाल हो गया। मृतक अधिवक्ता का अंतिम संस्कार बुधवार को वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया।

### सत्याग्रह पर बैठे कांग्रेस कार्यकर्ता

**चुनार।** स्थानीय क्षेत्र के टेकौर स्थित गांधी पार्क में बुधवार को कांग्रेस नगर अध्यक्ष आदित्य प्रसाद गुप्ता पदयात्री के नेतृत्व में कार्यकताओं ने सत्याग्रह किया। जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के लोक सभा की सदस्यता रद्द करने की घोर निंदा किया। इस दौरान सत्याग्रह में निवर्तमान चेयरमैन मंसूर अहमद, राजेश मिश्र ज्योति, अमरनाथ निषाद, राजेश कुमार यादव उर्फ राजू यादव, डब्लू मिश्रा, भानू यादव, अफसर अली जिला अध्यक्ष कांग्रेस उद्योग व्यापार मंडल, अख्तर अली अध्यक्ष अल्पसंख्यक, विजय जायसवाल, प्रसाद, अरमान अंसारी, कमलेश साहनी, अहमद, ओमकार, वकील अहमद, चरनसेन, शिवम साहनी, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में दिव्य कलश शोभा यात्रा आज

**मीरजापुर।** अयोध्या शोध संस्थान संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित श्रीराम जन्मोत्सव प्रकट भए कृपाला कार्यक्रम अंतर्गत नगर के बाबा बूढ़ेनाथ मंदिर में भव्य श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार 30 मार्च 2023 को किया जा रहा है। जिसमें महिलाओं की टोली कलश यात्रा निकालकर गंगाजल लेकर बाबा बूढ़ेनाथ का जलाभिषेक करेंगी। इस मौके पर दिव्य कलश शोभा यात्रा, झांकी तथा श्री रामचरितमानस पाठ, बालकांड एवं भजन कीर्तन, आरती, पारंपरिक सोहर जन्म संबंधित अन्य संस्कार गीत इत्यादि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारी जोर शोर से की जा रही है। उन्होंने जानकारी देते हुए लोगों से श्री राम जन्मोत्सव दीपक कलश यात्रा, शोभा यात्रा, झांकी कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लिए जाने की अपील की गई है।

### संदिग्ध परिस्थिति में लगी आग सरसों की फसल राख

**चील्ह।** चील्ह थाना क्षेत्र के जगा पट्टी गांव में खेत में काट कर रखी सरसों की फसल में संदिग्ध परिस्थिति में आग लगने के कारण जलकर राख हो गई। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के जगापट्टी गांव निवासी छोटेलाल मौर्य गांव के ही खेत में सरसों की फसल काटकर मड़ाई के लिए रखे थे, कि मंगलवार की रात्रि संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिससे सारा फसल जलकर राख हो गया। छोटेलाल मौर्य ने पुलिस चौकी चेतगंज में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

### ट्रक की टक्कर से शिक्षक की बाइक हुई चकनाचूर

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत मिलिट्री कम्पाउंड से जाने वाली कोठी- कोल्हुआ, चितांग मार्ग पर ट्रक की टक्कर से बाइक चकनाचूर हो गई। लालगंज थाना क्षेत्र के चितांग गांव के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक उमेश कुमार 40 वर्ष मंगलवार को पढ़ाने के बाद वापस लौटते समय मिलिट्री कम्पाउन्ड के पास पहुंचे तो सामने से आ रही ट्रक ने धक्का मार दिया। जिससे उनको हल्की-फुल्की चोटें आई और बाइक पूरी तरह से टूट गई। उनके पूछने पर ट्रक चालक भड़क गया और हाथापाई पर उतर आया। ट्रक चालक के व्यवहार से नाराज होकर शिक्षक ने चौकी इंचार्ज लहंगपुर जाकर शिकायत की। शिकायत मिलने पर पुलिस ने दोनों पक्षों को बैठा कर बातचीत किया लेकिन शिक्षक के दिए गए तहरीर पर जांच करने तक मामला सिमट कर रह गया। इस संबंध में थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### सामुदायिक शौचालय में लगा समर्सिबल गायब

**जिगना।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के गैपुरा चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत बलापुर के सामुदायिक शौचालय से मंगलवार की रात चोरों ने वहां पर लगा समर्सिबल चोरी कर लिया। सुबह केयरटेकर सामुदायिक शौचालय पर पहुंची तो देखा समर्सिबल गायब था। जिसकी सूचना उसने ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान को दिया। ग्राम प्रधान ने पुलिस व विभाग को जानकारी देते हुए कारवाई की मांग की है।

### सर्प दंश व रेबीज के प्रति किया जागरूक

**मीरजापुर।** पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर बरकछां में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस प्राइमरी पाठशाला गोड़टूटवा में सर्प दंश एवं रेबीज के प्रति जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शनी किया गया। कार्यक्रम में संकाय के द्वितीय वर्ष के कार्यकताओं ने सर्प दंश होने पर प्रारंभिक उपचार के प्रति स्कूल के छात्रों तथा अन्य कर्मचारियों को जागरूक कराया। तृतीय वर्ष के कार्यकर्ताओं ने रेबीज रोग के बारे में नाटक प्रदर्शन किया। इसमें कार्यकर्ताओं ने रेबीज ग्रसित कुत्तों के लक्षण, कुत्तों के काटने के उपरांत किये जाने वाले प्राथमिक उपचार इत्यादि के विषय पर जागरूक किया। इस कार्यक्रम के लिए प्राइमरी स्कूल के हेड मास्टर सिद्धार्थ गौतम तथा अन्य शिक्षकों ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा. सौरभ करुणामय तथा डा. कृष्णेंदु कुंडू ने किया।

# राजकीय पौधशाला का निरीक्षण कर डीएम ने दिया निर्देश

**सोनभद्र।** राजकीय पौधशाला लोढ़ी का बुधवार को जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आकस्मिक स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पौधशाला परिसर में उत्पादित पौधों को देखा और इसकी देख-देख, रख-रखाव तथा अन्य आवश्यक पहलुओं के सम्बन्ध में

**लिया जायजा**

**जिला खनिज निधि से पौधशाला लोढ़ी परिसर में निर्मित होने वाले मशरूम इकाई के लिए फर्श निर्माण कार्य का भी लिया जायजा**

जिला उद्यान अधिकारी से जानकारी प्राप्त कर, उत्पादित पौधों का सत्यापन भी किया गया।

डीएम ने जिला खनिज निधि से प्राप्त धनराशि 61.06 लाख रुपए से पौधशाला लोढ़ी परिसर में निर्मित होने वाले मशरूम इकाई के लिए फर्श निर्माण कार्य का भी जायजा लिया और जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मशरूम के लिए फर्श बनाने के कार्य में और तेजी लाया जाये। उन्होंने कहाकि मशरूम फर्श के निर्माण कार्य के दौरान उसके गुणवत्ता व पारदर्शिता का भी ध्यान रखा जाये, ताकि भविष्य में किसी तरह की कठिनाई न होने पायें। उन्होंने कहा कि उद्यान परिसर में साफ-सफाई बनाया रखा जाये। अच्छे किश्म के फलदार पौधे भी उत्पादित किया जाये व आस-पास के लोगों को इसकी जानकारी भी दी जाये। जिससे लोग अपने खेतों में इसका रोपण कर आने वाले दिनों में फल प्राप्त कर सके। उन्होंने ड्रैगन फ्रूट व स्ट्राबेरी के पौध भी उत्पादित करते हुए यहां के किसानों व इच्छुक लोगों को भी उचित कीमत पर मुहैया कराया जाये और इसके फायदा के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए जागरूक भी किया जाये।



राजकीय पौधशाला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह

## शैलेंद्र कुमार मिश्र बने एसडीएम सदर

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने कई उप जिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। रावर्ट्सगंज तहसील के सदर एसडीएम रमेश कुमार को घोरावल तहसील, उप जिलाधिकारी घोरावल प्रभाकर सिंह को उप जिलाधिकारी ओबरा, सहायक अभिलेख अधिकारी ओबरा शैलेंद्र कुमार मिश्र को उप जिलाधिकारी रावर्ट्सगंज व ओबरा एसडीएम राजेश कुमार सिंह को सहायक अभिलेख अधिकारी ओबरा वन बंदोबस्त अधिकारी सोनभद्र के पद पर स्थानान्तरण किया है।

## ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत परिजनों में मचा कोहराम

**चोपन।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत बग्घानाला के समीप ट्रेन से कटकर एक वृद्ध की मौत हो गयी।घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।बुधवार की सुबह रेल नियंत्रण कक्ष चोपन ने चोपन थाने को सूचना दिया कि पोल नम्बर 138/37-39 इंडियन ऑयल के सामने बग्घानाला के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई है।

सूचना मिलते ही चोपन पुलिस मौके पर पहुंचकर शव की पहचान कराने में जुट गई। वही सोशल मीडिया के जरिये मृतक के पुत्र ने उक्त शव की शिनाख्त अपने पिता के रूप में की। मृतक के पुत्र सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि पिता इंद्रदेव प्रसाद गुप्ता 65 निवासी बिल्ली मारकुंडी थाना ओबरा बीते मंगलवार से घर से लापता थे। जिसकी गुमशुदगी ओबरा थाने में दर्ज है। मृतक के पुत्र ने बताया कि पिता ओबरा तापीय परियोजना में कार्यरत थे जो कि लगभग पाँच साल पूर्व रिटायर हो गए थे। बताया कि ना जाने किन परिस्थितियों में वह रेलवे ट्रैक के नजदीक पहुंच गए और उनकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

# विवादित स्थल पर शिला व देवी का चित्र रखने पर तनाव

**बैठक**

**सीओ के साथ मौके पर पहुंचे एसडीएम ने माहौल बिगाड़ने वालों पर कार्रवाई की दी चेतावनी**

**कमिश्नर न्यायालय ने यथास्थिति का दे रखा है निर्देश**

**दुद्धी।** निमियाडीह में कथित देव स्थल व कब्रिस्तान की भूमि के विवाद में मंगलवार को नया मोड़ आ गया जब विवादित स्थल पर पेड़ के नीचे एक पत्थर की शिला रखकर देवी का चित्र टांग दिया गया। इस बात की जानकारी जब दूसरे पक्ष को हुई तो गांव में तनाव फैल गया। सूचना मिलने पर सीओ के साथ मौके पर पहुंचे एसडीएम ने कोर्ट के स्टे का पालन करने की दोनों पक्षों को नसीहत देते हुए उक्त स्थाल पर किसी तरह का निर्माण व अन्य कार्य ने करने का निर्देश दिया। कहा कि जिसने भी यह हरकत की है उसके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

कमिश्नर न्यायालय ने उक्त विवादित भूखंड पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिया है। बावजूद मंगलवार की सुबह एक पक्ष ने कथित तौर पर दूसरे पक्ष द्वारा बताई जा रही कब्रिस्तान की भूमि पर स्थित पेड़ के नीचे शीला रख वहीं पेड़ पर देवी का चित्र लगाकर पूजा पाठ करने की सूचना तहसील प्रशासन को दी प्रशासन हरकत में आ गया। आरोप लगाया कि रात्रि में पेड़ के नीचे शीला व पेड़ पर देवी चित्र फोटो फ्रेम लगा दिया गया है। सूचना पर उपजिलाधिकारी श्याम प्रताप सिंह, सीओ दद्दन प्रसाद गोंड, तहसीलदार ब्रजेश कुमार वर्मा, नायब तहसीलदार विशाल पासवान, प्रभारी निरीक्षक सन्तोष राय मय फोर्स पहुँच कर मौका स्थिति का जायजा लिया और कोई भी नया कार्य शुरूआत न करने को दोनों पक्षों को चेताया। कहा कि उक्त भूखंड पर जब तक सम्बंधित न्यायलय का निर्णय नही आता यथास्थिति बनाए रखने का आदेश है। उधर दूसरा पक्ष इसे पुराना होने की दलील देते हुए न्यायलय का आदेश पूरी तरह से पालन करने की बात कही, जबकि प्रथम पक्ष इसे ज्यादती बताते हुए प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग की। घंटों माथा पच्ची करने के बाद भी दूसरे पक्ष ने कथित शीला व चित्र को न हटाकर इसे यथास्थिति आदेश के पूर्व का बताता रहा। प्रशासनिक अधिकारियों ने सख्त हिदायत देकर वहा पुलिस का सख्त पहरा लगा दिया। एसडीएम श्याम प्रताप सिंह ने बताया कि मुस्लिम पक्ष से सूचना मिली कि विवादित भूखंड व वर्तमान में कब्रिस्तान की ओर हिन्दू पक्ष द्वारा एक शीला व देवी की फोटो फ्रेम लगाकर पूजा कर नई प्रथा की शुरूवात की जा रही है जिस पर उन्होंने मौका मुआयना किया है और कहा कि न्यायलय के यथास्थिति आदेश का पालन नही कर जो नया विवाद उपजाया जा रहा है ऐसे में संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



इसी स्थल पर रखा गया चित्र

## फरार आरोपी के घर नोटिस चस्पा

**डाला।** न्यायालय के आदेश पर पूर्व के मुकदमे में फरार वाछिंत अभियुक्त के घर चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता द्वारा बुधवार की सुबह डुगडुगी बजाकर करके धारा 82 की कार्यवाही का नोटिस चशपा किया गया है। डाला चौकी प्रभारी ने कहा की अनुप कनौजिया पुत्र राममनोरथ कनौजिया निवासी डाला चढाई पूर्व के एनडीपीएस के मामले में मुकदमा पंजीकृत है। मामले में युवक न्यायालय द्वारा जारी नोटिस के बाद भी उपस्थित नही हो रहा था। जिसको लेकर न्यायालय द्वारा निर्गत नोटिस को गवाहों के समक्ष मकान पर चस्पा करके व बैंड बाजे के साथ मुनादी कराई गई। दिए गए समयावधि में न्यायालय में उपस्थित ना होने पर कुर्की की कार्यवाही न्यायालय के निर्गत आदेश पर जायेगी।

## संक्षेप

### शिविर में किया 10 यूनिट रक्तदान

**रेणुकूट।** रोटरी क्लब रेणुकूट एवं हिंडालको अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में चिकित्सालय में स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 20 रक्तदाताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया और रक्तदान के इच्छुक रक्तदाताओं ने 10 यूनिट रक्तदान किया। अन्य डोनर्स का रजिस्ट्रेशन कर लिया गया ऐसे रक्त दाताओं को इमरजेंसी होने पर कॉल कर रक्तदान कराया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन रोटरीयन डॉ नीलम त्रिपाठी,रोटरीयन डॉ एन एन रॉय रोटरीयन डॉ प्रेमलता ,रोटरीयन डॉ डी पी सक्सेना ने सयुक्त रुप से फीता काट कर किया। सभी रक्तवीरों को हिंडालको अस्पताल से बैच एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। डा. नीलम त्रिपाठी ने सभी को बताया कि रक्त का बनना एक सामान्य प्रक्रिया है रक्तदान कोई भी स्वस्थ्य व्यक्ति तीन माह में एक बार कर सकता है। रोटरीयन एन एन राय ने कहा आपके एक युनिट रक्तदान से किसी जरुरतमंद को जीवन मिल सकता है। जिसमे रोटरी क्लब के सदस्य संजय रूंथला संतोष यादव आलोक मेहता ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और प्रेसिडेंट आदित्य पांडेय और सचिव मनीष सिंह ने सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया। हिंडाल्को हॉस्पिटल के ब्लड बैंक इंचार्ज के डा मनोज मालपानी जी एवम ब्लड बैंक की टीम अयान रॉय, एस शाहीद, बिन्देश मल्विया, अजीत अस्थाना, मनोज सिंह, विपिन झा के सहयोग के साथ अस्पताल प्रबंधन के प्रति आभार जताया। दिलीप दूबे, अमित चौबे, गौतम अग्रवाल उपस्थित रहते हुए रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और भविष्य में रक्तदान करते रहने की अपील भी किया।

### अल्युमिना रिफाइनरी के सतत विकास व सुदृढ़ भविष्य पर मंथन

**रेणुकूट।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेडए रेणुकूट में अल्युमिना रिफाइनरी प्लांट की ओर से अल्युकॉन-2.0 का आयोजन किया गया। अल्युमिना रिफाइनरी के सतत विकास व सुद्दढ़ भविष्य के निरुपण के लिए चिंतन सभा अल्युकॉन-2.0 का आयोजन हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड की रेनुकूट सीओओ श्री एनण नागेशए मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह व रेनुकूट अल्युमिना रिफाइनरी के मुखिया नित्यानंद राय के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। हिण्डाल्को प्रेक्षागृह में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में देशभर में आदित्य बिड़ला समूह की सभी चार अल्युमिना रिफाईनरी रेणुकूट, मूरी, बेलागावी, उत्कल के शीर्ष प्रबंधन टीम ने कॉरपोरेट ऑफिस व अल्युमिना रिफाईनरी के क्षेत्र में विश्व में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शीर्ष विशेषज्ञों के साथ अल्युमिना रिफाईनरी के सुद्दढ़ व उज्जवल भविष्य के लिए मंथन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर नित्यानंद राय ने व्यवस्थापक मंडल के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बधाई दी व उनकी प्रशंसा की जिनके आयोजन अभूतपूर्व सफलता के साथ पूरा हुआ। इस कार्यक्रम में विभु मिश्रा, सौरभ खेड़ेकर, रबी मिश्रा, बीके झा, सेन्थिल नाथ, केपी यादव, अभिजीत बन्दी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलायी गई शपथ

**सोनभद्र।** साधन सहकारी समिति सजौर में बुधवार को अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, डायरेक्टर पद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि एडीसीओ रावर्ट्सगंज अजय कुमार व सतीश कुमार सिंह एरिया मैनेजर इफको ने अध्यक्ष जगत मोहन मिश्रा व उपाध्यक्ष विवेक कुमार चतुर्वेदी व डायरेक्टर चंद्र भूषण पांडेय, दुलारी देवी, विवेक चतुर्वेदी, निर्मला देवी, आशुतोष मिश्रा को शपथ दिलाते हुए जिम्मेदारियों से अवगत कराया। अजय कुमार एडीसीयू ने किसान के हित को लेकर पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। इस मौके पर राजेंद्र मिश्रा, सिद्धि नाथ आदि लोग उपस्थित रहे।

### तीन किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**अनपरा।** पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री के रोकथान हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना अनपरा पुलिस द्वारा रेलवे पुल औड़ी मोड़ के पास से 02 नफर अभियुक्तगण रामू कुमार पाल पुत्र विजेश्वर पाल निवासी पिण्डारिया, थाना नगर उटारी, जनपद गढवा झारखण्ड, प्रदीप पाल पुत्र दिनेश पाल निवासी टोला खोड़िया ग्राम कुलडोमरी, थाना अनपरा को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 03 किग्रा गांजा बरामद किया गया।

### फरार आरोपी गिरफ्तार

**बीजपुर।** जनपद के पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बुधवार को प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह द्वारा गठित टीम ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम के वांक्षित अभियुक्त इबरार खान पुत्र मुबारक खान उर्फ शाहिब खान, वहीदुल निशा पत्नी स्व मुबारक खान उर्फ शाहिब खान को राजो मस्जिद से पहले जरहा से गिरसार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज था जिसका पतारसी की जा रही थी इसी बीच जरिए मुखबिर सूचना मिली की फरार चल रहे अभियुक्त गण कही भागने के फिराक में राजो मस्जिद के पास खड़े हैं। सूचना पर क्षेत्र में भ्रमणशील वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद यादव ने घेरे बन्दी कर यभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया।

# परीक्षा में स्थान पाने वाले छात्रों को किया पुरस्कृत

**अनपरा।** डा. अम्बेडकर सरस्वती शिशु मन्दिर में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ राम रूप सज्जा प्रतियोगिता का कार्यक्रम संपन्न हुआ। अनपरा तापीय परियोजना आवासीय परिसर स्थित डॉ. अम्बेडकर सरस्वती शिशु मन्दिर में सत्र 2022-23 का परीक्षा फल घोषित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. अम्बेडकर सरस्वती विद्या मन्दिर इन्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य गिरिवर शंकर तिवारी, विशिष्ट अतिथि सरस्वती शिशु मन्दिर ककरी के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र द्विवेदी एवं अध्यक्ष विद्या भारती काशी प्रांत के सह मंत्री डॉ. विजय प्रताप सिंह रहे। रूप सज्जा प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में समाज सेवी किरन यादव एवं अर्चना देवी रही। इस अवसर पर कक्षा में स्थान प्राप्त भैया/बहिनों एवं अन्य गतिविधियों में अग्रणीय भैया/बहिनों को पुरस्कृत किया गया। श्री राम से संबंधित अनेक मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति आए हुए अभिभावकों के हृदय को प्रभावित करते हुए उनके मन को मोह लिया। आए हुए अतिथियों का परिचय एवं स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य कमलेश त्रिपाठी, वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा विद्यालय के परीक्षा प्रमुख आकाश एवं व्यवस्था सुदामा प्रसाद ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु/आचार्या बहिनें और सभी भैया/बहिन व उनके अभिभावक गण उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता में भगवान राम के स्वरूप धारण किए बच्चे

## आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा, राम के नारों से गूंजेगा शहर

**सोनभद्र।** नगर में रामनवमी पर्व को लेकर खास तैयारी की जा रही है। जिसके लिए श्री राम दरबार अखाड़ा समिति के कार्यकर्ताओं ने तैयारियां शुरू कर दी है। कार्यकर्ताओं ने बताया श्री राम जानकी मंदिर विजयगढ़ पेट्रोल पम्प के पास से बैनर, झंडा के साथ-साथ पूरे नगर में भगवा झंडा लगाया जा चुका है। 30 मार्च को राम जानकी मंदिर से दोपहर दो बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें श्री राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान जी, मां काली, भगवान शंकर का रूप धरे बच्चे शोभायात्रा के आकर्षण का केंद्र रहेंगे। शोभायात्रा में झांकी के लिए बनारस समेत अन्य जनपदों से कलाकारों को बुलाया जा रहा है। बताया कि इस बार विशेष प्रकार की झांकी को शोभायात्रा में शामिल किया जाएगा जो नगर के लोगों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहेगी। शोभायात्रा नगर के राम जानकी मंदिर से प्रारम्भ होकर मेन चौक, धर्मशाला चौक, चंडी तिराहा, स्वर्ण जयंती चौक, सिविल लाइन रोड़, महिला थाना होते हुए पुनः राम जानकी मंदिर के पास संपन्न होगी।

# हजारों ने किया माता वैष्णो देवी का दर्शन



डाला वैष्णो मंदिर पर माता रानी की आरती के दौरान उपस्थित श्रद्धालु

**सोनभद्र/डाला।** वासंतिक नवरात्र के आठवें दिन बुधवार को महागौरी की पूजा की गई। रावर्ट्सगंज स्थित शीतला मंदिर समेत तमाम देवी मंदिरों में सुबह से पूजन का क्रम शुरू हुआ जो देर रात कपाट बंद होने तक चलता रहा। डाला बैष्णो मंदिर में हजारों दर्शनार्थियों ने किया। सुरक्षा व्यवस्था में डाला पुलिस व मंदिर प्रशासन मुस्तैदी से लगे रहे।

नवरात्र के आठवें दिन सुबह साढे पॉच बजे से ही मंदिर में मॉ की श्रृंगार के पश्चात पट को खोल कर भव्य आरती की गयी, वैष्णों शक्ति पीठ धाम के मंहत श्री कान्त तिवारी ने बताया की माता दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है और नवरात्रि के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। इनका वर्ण पूर्ण रूप से गौर है। इसलिए इन्हें महागौरी कहा जाता है। इनके गौरता की उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से की गई है और इनकी आयु आठ वर्ष की मानी हुई है। इनके समस्त वस्त्र और आभूषण आदि भी श्वेत हैं। वृषभ पर सवार मां की चार भुजाएं हैं जिसमें ऊपर के दाहिने हाथ में अभय मुद्रा और नीचे वाले दाहिने हाथ में त्रिशूल है। ऊपर वाले बाएं हाथ में डमरू और नीचे के बाएं हाथ में वर मुद्रा है और इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। धन-धन्य और सुख-समृद्धि की प्राप्ति के लिए मां गौरी की उपासना की जानी चाहिए। मंदिर समिति व स्थानीय चौकी द्वारा भी सुरक्षा के कडे इंतजाम किये है। सुरक्षा सिक्योरिटी हेतु मेन गेट पर मेटल डिडेक्टर द्वारा तलाशी ली जा रही है।

## नवरात्रि के आठवें दिन महागौरी की पूजा

**ओबरा।** चैत्र मास की नवरात्रि के आठवें दिन बुधवार को मां महागौरी की पूजा पूरी श्रद्धा के साथ श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। इस दौरान जगह-जगह मंदिरों पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर मां दुर्गा आठवें स्वरूप की पूजा करने में जुटे हुए थे। श्रद्धालु हाथों में चुनरी, पुष्प, फल के साथ पूजन सामग्री लेकर सुबह से ही कतार बद्ध होकर मंदिर में पूरे विधि विधान से वैदिक मंत्रोचार संग पूजन अर्चन कर रहे थे। नगर के श्री राम मंदिर, संकट मोचन मंदिर सेक्टर दो, शीतला माता मंदिर, कर्णेश्वर महादेव मंदिर आदि स्थानों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा थी।वही हंस वाहिनी नगर स्थित मां शारदा मंदिर पर भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं द्वारा पूरे विधि विधान से मां शारदे का पूजन अर्चन किया गया।

# कोरगी साइट पर बालू लेने जा रहे टीपर ने वृद्ध को कुचला, गंभीर

जनसंदेश न्यूज

**दुद्धी।** स्थानीय क्षेत्र के कोरगी बालू साइट पर बालू लेने जा रहे एक टीपर सड़क पार कर रहे एक वृद्ध के दाहिने पैर को कुचलते हुए पार हो गया। इस दौरान वृद्ध अचेत होकर गिर पड़ा और दर्द से कराहने लगा। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ उमड़ गई। उधर आक्रोशित ग्रामीणों का उग्र रूप देखते ही टीपर चालक वाहन छोड़ वहां से फरार हो गया। मौके पर पहुँचे प्रधान ने एम्बुलेंस के जरिये घायल को सीएचसी भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

ग्राम प्रधान पोलवा राकेश गुप्ता ने बताया कि 55 वर्षीय साधु भुइयां पुत्र स्वर्गीय जग्गू भुइयां दोपहर लगभग तीन बजे गांव में घूम कर सड़क पार करते हुए अपने घर जा रहे थे कि उसी दरमियान कोरगी बालू साइट पर बालू लोड करने जा रही तेज रफ्तार टीपर ने बुजुर्ग को धक्का मारते हुए कुचल दिया। टीपर का पहिया बुजुर्ग के दाहिने पैर पर चढ़ गया। जिससे साधु का पैर फट गया और खून बहने लगा। धक्के से गिरे साधु दर्द से छटपटाने लगे और अचेत हो गए। जिन्हें उपचार हेतु सीएचसी भेजवाया है। ग्राम प्रधान ने कहा घनी आबादी युक्त ग्रामीण मार्ग से बालू लदे ट्रक व टीपरों की आवाजाही होती है। जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है नतीजन इसका खामियाजा आज एक बेसहारा बुजुर्ग को घायल होकर चुकाना पड़ रहा है पीड़ित साधु भुइयां का कोई नही है और उसे बेहतर उपचार नही मिला उनके साथ कुछ भी हो सकता है।



कोरगी बालू साइट जाने वाले मार्ग पर चक्का जाम किए लोग

## आक्रोशित ग्रामीणों ने मार्ग पर वाहनों का परिचालन रोका

**दुद्धी।** टीपर से चपेट में आने से हिराचक के ग्रामीण साधु भुइयां घायल होने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने घनी बस्ती से नदी के घाट जाने वाले मार्ग पर बड़े बड़े बोल्डर रख कर वाहनों का परिचालन रोक दिया जिससे बालू घाट जाने वाले मार्ग की रफ्तनी थम गई। ग्रामीण लालबाबू, रामकेश, जोखन, अवधेश, चंपा देवी, सुनीता देवी का मांग है कि जिस रास्ता से पहले बालू लदे ट्रकों की आवाजाही थी। उसी रास्ता से बालू लदे ट्रकों की आवाजाही हो घनी बस्ती से ट्रकों को नही चलने दिया जाएगा। खबर लिखे जाने तक बस्ती से होकर नदी जाने वाले मार्ग पर बोल्डर रखे हुए थे।

# अडाणी मुद्दे पर घिरी मोदी सरकार विपक्ष की आवाज दबाने में लगी

**विरोध**

**राहुल गांधी में समर्थन में कांग्रेसियों ने गांधी प्रतिमा के पास बैठकर किया सत्याग्रह**

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जय भारत सत्याग्रह अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को एक दिवसीय उपवास का कार्यक्रम नगर पालिका परिषद के कार्यालय परिसर स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष किया गया। यह कार्यक्रम राहुल गांधी जी की लोकसभा की सदस्यता खत्म किए जाने व अडानी मुद्दे पर जेपीसी की मांग को मद्देनजर किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनो ने भाग लिया गांधी प्रतिमा के समक्ष रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम का भजन किया।

जिलाध्यक्ष राम राज सिंह गोड़ ने कहा की सत्ता में बैठी बीजेपी सरकार विपक्ष के नेताओं का दमन करने का काम कर रही है। हमारे नेता राहुल गांधी संसद में सरकार से सवाल ना कर सके इसलिए उनकी सदस्यता खत्म की गई। पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश देव पांडे ने कहा की राहुल गांधी की सदस्यता असंवैधानिक तरीके से खत्म की गई। यह कार्य शासन सत्ता के दबाव में लिया गया फैसला है। राजेश द्विवेदी ने कहा ये सरकार सबका साथ सबका विकास का नारा तो देती है लेकिन काम सिर्फ एक साथ और एक का विकाश पर केंद्रित हो गई है। प्रदेश सचिव कमलेश ओझा ने कहा हमरे नेता लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं जिसमे कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता उनके साथ है। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष हाजी फरीद अहमद ने कहा की हमारे नेता की सदस्यता खत्म करना दुर्भाग्यपूर्ण है स्वास्थ्य लोकतंत्र में विपक्ष का होना जरूरी है परंतु आज विपक्ष को खत्म करने की साजिश चल रही है। इस मौके पर जितेन्द्र पासवान, विनोद तिवारी, नामवर कुशवाहा, राजबली पाण्डेय, आशुतोष दुबे, बाबूलाल पनिका, अरविंद सिंह, अमित चौबे आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजीव कुमार त्रिपाठी ने किया।



नगर पालिका स्थित गांधी प्रतिमा सामने सत्याग्रह पर बैठे कांग्रेसी

# एएसपी मुख्यालय ने सर्किल पिपरी का किया निरीक्षण

**सोनभद्र।** अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह ने बुधवार को सर्किल पिपरी के अर्दली रुम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने विवेचना निस्तारण के सम्बंध में चलाये जा रहे अभियान के तहत थाने पर लम्बित विवेचनाओं के सम्बंध में विस्तृत रुप से वार्ता करते हुये लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा कर विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु सम्बंधित विवेचकों को निर्देशित किया। जन शिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिये गये। एएसपी ने वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, थाने के मालों का निस्तारण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के साथ ही शासन एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा जारी आदेशों के अनुपालन एवं प्रचलित अभियानों के सम्बंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस मौके पर निरीक्षक क्राइम पिपरी, प्रभारी निरीक्षक शक्तिनगर, थानाध्यक्ष अनपरा सहित अन्य विवेचक/उपनिरीक्षक तथा अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।



पिपरी पुलिस सर्किल की बैठक लेते एएसपी कालू सिंह

## एएसपी ने किया करमा थाने का निरीक्षण

**सोनभद्र।** पुलिस अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह द्वारा थाना करमा का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, हवालात, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष, मेस, बैरक आदि का निरीक्षण किया गया तथा थाना परिसर, बैरक, मेस इत्यादि को साफ व स्वच्छ रखने एवं कार्यालय के अभिलेखों को अद्यावधिक कर बेहतर ढंग से व्यवस्थित रखने हेतु प्रभारी निरीक्षक करमा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## डीएम से गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सड़क निर्माण की मांग

**ओबरा।** लोक निर्माण विभाग द्वारा शारदा मंदिर चौराहे से वीआईपी चौराहे तक बनाई जा रही सड़क पर मानक के अनुरूप कार्य कराए जाने को लेकर वार्ड 18 के सभासद विकास सिंह द्वारा बुधवार को जिलाधिकारी को पत्र सौंपा गया है। दिए गए पत्र के अनुसार सभासद श्री सिंह ने बताया कि ओबरा नगर पंचायत परिक्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से शारदा मंदिर चौराहे से वीआईपी चौराहे तक सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। बताया कि उक्त कार्य मानक के अनुरूप संविदा कार द्वारा नहीं कराया जा रहा है। वहीं सड़क के एक तरफ पेयजल आपूर्ति हेतु विगत कई वर्ष पूर्व पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। दूसरी तरफ अभी तक जल निगम विभाग द्वारा पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है। बताया कि भविष्य में कभी भी दूसरी तरफ पाइप लाइन बिछाई जाएगी।ऐसी स्थिति में सड़क को क्षतिग्रस्त किया जाना स्वाभाविक है। जिसके चलते सरकारी धन का दुरुपयोग होना तय है।मांग किया कि समय रहते पाइप लाइन बिछाने के कार्य को संज्ञान में लेते हुए उचित व्यवस्था कराए जाने के साथ लोक निर्माण विभाग द्वारा बनवाई जा रही सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण तरीके से विभागीय अधिकारियों की देखरेख में कराए जाए।

# सम्राट अशोक की नीतियों से ही मिलेगा समानता का अधिकार

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रामलीला मैदान रावर्ट्सगंज के प्रांगण में बुधवार को चक्रवर्ती देवानांप्रिय प्रियदर्शी सम्राट अशोक महान की 2327वीं जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनाया। इस दौरान सम्राट अशोक के शासनकाल के बारे में चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि जन अधिकार पार्टी मध्य प्रदेश के रीवा सम्भाग प्रभारी डॉ. भागीरथी सिंह मौर्य ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान भारत के ही नही अपने कार्यो व विचारों से पूरी दुनिया में महानतम शासकों में एक हैं। उनकी महानता के दो कारण महत्वपूर्ण हैं एक तो उनके सम्राज्य में पूरी तरह से समता समानता पूर्ण शासन व्यवस्था कायम थी। वहीं दूसरा कारण दुनिया को अपना घर परिवार मानते हुए विश्वशांति व कल्याणकारी भगवान बुद्ध के विचारों को प्रसारित किया। सम्राट अशोक के विचारों को हम अपनाकर ही अपने देश व सारी दुनिया को शांति व विकास के मार्ग पर ले जा सकते हैं।

विशिष्ट अतिथि जअपा के वाराणसी मण्डल प्रभारी सुमन्त सिंह मौर्य ने कहा कि मात्र जअपा ही एक ऐसी पार्टी है जो पूरे उप्र के प्रत्येक जिले में सम्राट अशोक महान की जयंती मनाकर उनके संदेशो को आमजन तक पहुचने का काम कर रही है। जन अधिकार पार्टी इस देश में पुनः सम्राट अशोक का शासन स्थापित करना चाहती है जिससे जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी उसे प्राप्त हो सके और यह तभी सम्भव है जब सम्राट अशोक की विचारों पर चलने वाली पार्टी सासन सत्ता में स्थापित होगी। यदि हम सम्राट अशोक के वंशज की हत्या करने वालों को सत्ता में भेज कर उम्मीद करें कि देश में समता समानता भाईचारा बन्धुत्व स्थापित हो सबको सम्मान एव हिस्सा प्राप्त हो जाए तो यह सम्भव नही है। जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा के हाथों में देश प्रदेश की बागडोर होगी जिसके लिए सम्राट अशोक के अनुवाईयों को आगे आना होगा। जयंती कार्यक्रम को अशोक कुमार खरवार, श्रीपति विश्वकर्मा, मो. अमीन, रामअशीष प्रधान, बलिराम मौर्य प्रधान, अनिल कनौजिया प्रधान, आजाद कुशवाहा प्रधान, रामआसरे भारती प्रधान, किरन कुशवाहा, अनिल सिंह मौर्य ने भी सम्बोधित किया। बैठक में मंगल मौर्य, अशोक कुमार खरवार, अरुण मौर्य, अनुरुद्ध मौर्य, आरती, रामविलास, अभिनव मौर्य आदि रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आदित्य मौर्य एव संचालन जिला महासचिव रविरंजन शाक्य ने किया।



रामलीला मैदान में चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती मनाते जअपा कार्यकर्ता

**जयंती**

**जअपा ने मनाई चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती उनके पदचिन्हों पर चलने का दोहराया संकल्प**

# अखंड भारत के निर्माता सम्राट अशोक को किया याद


जन अधिकार पार्टी कार्यालय पर सम्राट अशोक की जयंती पर जुटे लोग।

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** जन अधिकार पार्टी जिला कार्यालय पर अखंड भारत के निर्माता चक्रवर्ती सम्राट अशोक की 2327वीं जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम सभी लोगों ने बारी-बारी से महान सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात डॉ. रामजन्म मौर्य की अध्यक्षता में एक सभा का आयोजन हुआ, जिसमें सभी लोगों ने बारी बारी से है। महान सम्राट अशोक के जीवन पर प्रकाश डाला इस दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव कन्हैया सिंह कुशवाहा ने बताया की सम्राट अशोक के शासनकाल के दौरान सोने की चिड़िया कहा जाता था।

जिला पंचायत सदस्य डॉ. फूलचंद ने सम्राट अशोक के शासनकाल के बारे में बताते हुए कहा कि उस दौरान समता समानता का अधिकार सबको बराबर था उनके शासनकाल के बारे में कहा जाता है कि बाघ और बकरी एक जगह पानी पीते थे।

जिला पंचायत सदस्य गणेश प्रसाद ने बताया कि सम्राट अशोक ने 23 विश्वविद्यालय अपने शासनकाल के दौरान बनाकर देश को विश्व गुरु का खिताब दिलाया। इस दौरान दुनिया के लोग भारत में शिक्षा लेने के लिए आते थे, मौके पर जिला सलाहकार गिरधारी लाल मौर्य, अजीत कुमार मौर्य, शिवनारायण मौर्य निहाल सिंह मौर्य विवेक वर्मा बिंदु मौर्य, सुशीला मौर्य उपस्थित रहे। संचालन भोलानाथ विश्वकर्मा ने किया।

## जन्मोत्सव पर सम्राट अशोक के जीवन पर डाला प्रकाश


इंदिरा नगर वार्ड में सम्राट अशोक का जन्मोत्सव मनाते मौर्य समाज के लोग।


**चंदौली।** नगर स्थित इन्दिरा नगर वार्ड में बुधवार को मौर्य समुदाय के लोगों द्वारा चक्रवर्ती सम्राट अशोक का जन्मोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। इस दौरान चक्रवर्ती सम्राट अशोक के जीवनकाल पर प्रकाश डालते हुए नागेन्द्र प्रताप मौर्य ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक बिहार के पाटलिपुत्र में जन्म हुआ था। सम्राट बिन्दुसार के पुत्र और मौर्य वंश के तीसरे राजा के रूप में जाने गए थे। चन्द्रगुप्त मौर्य की तरह ही उनका पोता भी काफी शक्तिशाली था। पाटलिपुत्र नामक स्थान पर जन्म लेने के बाद उन्होंने अपने राज्य को पूरे अखंड भारतवर्ष में फैलाया और पूरे भारत पर एकक्षत्र राज किया। अशोक को अपने जीवन में बहुत से सौतेले भाइयों से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा। अशोक ने काफी कम आयु में तीरंदाजी के साथ अन्य जरूरी युद्ध कौशलों में काफी अच्छी महारत हासिल कर चुके थे। उनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हे मौर्य शासन के अवन्ति में होने वाले दंगों को रोकने में भेजा गया था। अपने समय के दो हजार वर्षों के बाद भी अशोक के राज्य के प्रभाव दक्षिण एशिया में देखने को मिलते है। अपने काल में जो अशोक चिन्ह निर्मित किया था उसका उपयोग आज भी भारत के राष्ट्रीय चिन्ह में दिया गया है। बौद्ध धर्म में भगवान बुद्ध के बाद सर्वाधिक स्थान राजा अशोक और उनके धर्म कार्यों को ही दिया जाता है। इस दौरान नरेंद्र मौर्य, सानंद मौर्य, प्रह्लाद मौर्य, विजय मौर्य, अमित मौर्य, ईश्वर दत मौर्य, दिवेश मौर्य, राजकुमार मौर्य, ओमिका मौर्या, रेखा मौर्या, इंद्रजीत मौर्य, आनंद मौर्य, राहुल मौर्य, भगेलू मौर्य, मनोज मौर्य, मार्कण्डेय मौर्य, दिव्यांशु मौर्य, वेदप्रकाश मौर्य, प्रकाश मौर्य, सूरज, रोहित, छैबर मौर्य, सुराजी देवी उपस्थित रहे। अध्यक्षता गौरी शंकर व संचालन भोलानाथ विश्वकर्मा ने किया।

## संक्षेप

### अप्रेंटिस मेला का आयोजन 31 मार्च को

**चंदौली।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रेवसा में 31 मार्च को अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया गया, जिसमें राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक कंजूमर, वेल्डर, प्लंबर, ड्राफ्ट्समैन आदि व्यवसायों के युवक और युवतियों जो कि सरकारी या निजी कार्यालय आदि स्थानों में अप्रेंटिसशिप करना चाहते हैं और जो अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकृत हैं। वे निर्धारित तिथि को सुबह 10:30 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंदौली में अपने सभी प्रमाण पत्र, फोटो आदि के साथ पहुंचे एवं जो अभ्यर्थी अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकृत नहीं किए हैं वह भारत सरकार के वेब पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

### दुर्गा मंदिर पर सप्तमी की रात्रि में दीप यज्ञ का आयोजन




**सैयदराजा।** कल्याणपुर ग्राम सभा में स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर पर सप्तमी की रात्रि में दीप यज्ञ कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र के काफी संख्या में नर नारियों ने दीप यज्ञ में आहुति देकर परिवार कल्याण के साथ ही साथ देश कल्याण की प्रार्थना की। बता दे कि विगत वर्षों की भांति अति प्राचीन दुर्गा मंदिर पर चौत नवरात्रि के सप्तमी तिथि की रात्रि में दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें आजादी के अमृत महोत्सव के कार्यकाल में हिंदू नूतन वर्ष एवं चौत्र नवरात्रि से ही कार्यक्रम की शुरूआत प्राचीन दुर्गा मंदिर में किया जा रहा। जिसमें दुर्गा सप्तशती पाठ के साथ ही सप्तमी के दिन दीप यज्ञ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों द्वारा दीप लाकर इस यज्ञ में सम्मिलित होते रहे, जिससे विधिपूर्वक दीप यज्ञ संपन्न कराया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों के साथ ही बच्चे बुजुर्गों ने दीप यज्ञ में अपने आहुति देते हुए सर्वहित की कामना की।

### व्यापारी के माता के निधन पर शोक

**चकिया।** नगर के कपड़ा व्यवसाई मनोज गुप्ता कि 65 वर्षीय माता विद्या देवी का वाराणसी के कैंसर अस्पताल में बुधवार की दोपहर निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से नगर के व्यापारियों में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। चकिया नगर के वार्ड नंबर 11 झंडा गली मार्केट निवासी स्वर्गीय धर्मपाल प्रसाद गुप्ता के 2 पुत्र मनोज और प्रदीप गुप्ता नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी हैं। बुधवार की दोपहर 2 बजे के आसपास कैंसर से पीड़ित मनोज की माता विद्या देवी का वाराणसी के कैंसर अस्पताल में निधन हो गया।

### आग से दो हेक्टेयर जंगल जलकर राख



**चकिया।** चकिया रेंज के सपही बीट के जंगल में बुधवार की दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, इसकी चपेट में आने से लगभग 2 हेक्टेयर जंगल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड और वन कर्मियों की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह बढ़ रही आग पर काबू पाया। आग की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसडीएम ज्वाला प्रसाद ने जंगल का स्थलीय निरीक्षण किया। बुधवार की दोपहर 1 बजे के आसपास सपही बीट के पूर्वी छोर पर कर्मनाशा नदी के किनारे स्थित हनुमान मंदिर के पास के जंगल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया आग की चपेट में आकर लगभग 2 हेक्टेयर जंगल पूरी तरह जलकर राख हो गया। अगलगी की घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई। जहां फायर लाइन और पेड़ की टहानियों और पानी का छिड़काव करके किसी तरह फैल रही आग पर काबू पाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम ज्वाला प्रसाद नायब तहसीलदार राजेंद्र यादव तत्काल मौके पर पहुंच गए। जहां जंगल में स्थलीय निरीक्षण करने के बाद मंदिर पर रहने वाले पुजारी सहित अन्य लोगों को चेताया की जंगल की तरफ किसी भी परिस्थिति में आग ना जलाएं और ना ही किसी को जलाने दे। इस दौरान रेंजर योगेश कुमार सिंह, वन दरोगा रामआशीष, वनरक्षक प्रेम सिंह सच्चिदानंद, दीपक, शंकर ड्राइवर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### स्कूल ने गोल्ड जीतकर लौटे सार्थक का किया स्वागत



**शहाबगंज।** करनौल मोड़ के पास सेंट जार्ज कान्वेंट स्कूल के छात्र सार्थक पाण्डेय को बाक्सिंग में गोल्ड जीतने पर विद्यालय के प्रिंसिपल पंकज यादव ने छात्र व कोच नीरज गुप्ता का माला पहनाकर स्वागत किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ अध्यापकों में हर्ष व्याप्त है। लखनऊ में 23 मार्च से 26 मार्च तक आयोजित हुई आर्म बाक्सिंग चौंपियनशिप में सेंट जार्ज स्कूल के कक्षा-10 का छात्र सार्थक पाण्डेय भी अपने कोच नीरज गुप्ता के साथ 65 किलो के भार वर्ग में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में अन्य जनपद के छात्रों ने प्रतिभाग किया। जहां की राउण्ड के प्रतियोगिता के बाद सार्थक ने अपने भार वर्ग में गोल्ड प्राप्त किया। गोल्ड जीतने पर पारिवारिक लोगों के साथ ही विद्यालय में हर्ष व्याप्त है। वही विद्यालय आने पर विद्यालय परिवार ने छात्र व कोच माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान प्रिंसिपल पंकज यादव, मनीषा, मनीष मिश्र, सुनील, आलोक, मनोज, वीरप्रताप, अंजिता, उपमा, प्रिया सहित आदि उपस्थित रहे।

### तहसीलदार के आश्वासन पर भी नहीं माने आन्दोलकारी

**सकलडीहा।** विभिन्न मांगों के समर्थन में सलेमपुर गांव में भाकपा माले इंकलाबी नौजवान सभा की ओर से बुधवार को सातवें दिन धरना प्रदर्शन जारी रहा। धरना प्रदर्शन की जानकारी होने पर तहसीलदार विकासधर दूबे और नायब तहसीलदार आरिफ अहमद मौके पर पहुंचकर समस्याओं का निदान करने का आश्वासन दिया। लेकिन धरनारत इंकलाबी नौजवान सभा के कार्यकताओं ने सभी मांगे पूरा होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान किया। इस दौरान प्रदेश सरकार और शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर भड़ास निकाला। भाकपा माले ब्लॉक सचिव कामरेड उमानाथ चौहान ने आरोप लगाया कि वर्षों से ग्राम सभा की जमीन पर बसे गरीबों को प्रशासन की ओर से भू माफिया बनाया जा रहा है। यही नहीं लाखों लाखों का नोटिस जारी किया जा रहा है। बिजली विभाग की ओर से निःशुल्क कनेक्शन व मीटर के नाम पर लाखों रुपये की फर्जी बिल भेजकर आरसी और बलपूर्वक बकाया जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है। एक ओर जहां गरीब बढ़ती मंहगाई से परेशान है। वही दूसरी ओर महीनों से मनरेगा मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नहीं हो रहा है। मनरेगा कानून भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। अंत में वर्षों से बसे गरीबों का खसरा खतौनी में नाम दर्ज करने व सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, व्यायाम शाला आदि की मांग किया। इस बाबत तहसीलदार विकास धर दूबे ने बताया कि धरनारत लोगों की तीन मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दिया गया है। मौके पर विरोध जताने वालों में शिवपूजन चौहान कवि,राजू चौहान, मदन चौहान, दीपक चौहान, सचिन, चंपा, चमेली देवी, सुशीला देवी, गुड्डी देवी,दुलारी देवी, रामजीत चौहान, कलावती देवी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता मुन्नीलाल व संचालन तूफानी गोंड ने किया।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, एक गंभीर

**बबुरी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकरी गांव के पास सड़क के किनारे खड़ी टैक्टर ट्राली से बाइक की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी तथा एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार जमालपुर थाना क्षेत्र के पिड़खीर गांव निवासी कलीम (24 वर्ष) पुत्र जमालुद्दीन चनहटा गांव में मकान के सेंटरिंग का कार्य कर रहा था।

मंगलवार की देर शाम कलीम, चनहटा गांव निवासी अविनाश (15 वर्ष) के साथ बाइक से बबुरी किसी काम से आया हुआ था। वापस चनहटा लौटते समय सीकरी गांव के पास बबुरी-चंदौली मार्ग पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से जा टकराई, जिससे बाइक पर सवार कलीम और अविनाश घायल हो गए। घटना होते देख आस-पास के लोगों की मौके पर भारी भीड़ जुट गई। लोगों ने दोनों घायल युवकों के परिजनों को सूचित करते हुए एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय चंदौली भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने कलीम की हालत गंभीर होता देख वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। मौत की खबर सुनते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

### यात्रा के दौरान तेजस राजधानी में वृद्ध की मौत

**डीडीयू नगर।** अप तेजस राजधानी एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक राधेश्याम उपाध्याय किडनी और हृदय रोग से पीड़ित थे। बुधवार को जीआरपी पुलिस ने बताया कि तेजस राजधानी एक्सप्रेस के कोच संख्या बी-4, सीट संख्या 1 पर राधेश्याम उम्र 60 वर्ष अपनी पत्नी और अन्य सदस्यों के साथ अपना इलाज कराने के लिए मंगलवार को पटना से दिल्ली जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में ही अचानक राधेश्याम की तबियत खराब होने लगी और ट्रेन में ही उनकी मृत्यु हो गई। ट्रेन रात दस बजे डीडीयू रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या चार पर पहुंची। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस ने शव को ट्रेन से उतार कर कब्जे में लेकर लिखा पढ़ी के बाद बुधवार की सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार्यवाही में जुट गई।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र मोहरगंज बाजार में विगत तीन दिन पूर्व नीलगाय के झुंड से टकराकर बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गया था। बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। बलुआ निवासी राजकुमार निषाद का पुत्र प्रिंस अपने एक रिश्तेदार के साथ रविवार की शाम बाइक से धानापुर जा रहा था, जहां उसकी मोहरगंज के पास नीलगाय के टकराने से बाइक दुर्घटना हो गयी। आसपास के लोग उसे चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा था। हालत गम्भीर देख उसे वाराणसी इलाज हेतु ले गये थे। जहां बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गयी। शव घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## पुलिस ने 15 गोवंश के साथ चार तस्करों को किया गिरफ्तार

**कंदवा।** स्थानीय पुलिस ने बुधवार की सुबह तलाशपुर नहर से 100 मीटर जमानिया की नहर पटरी ब्रहद परसडीहा के पास से 15 पशुओं को बरामद किया। इस दौरान चार तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े, जिनके पास से तमंचा, जिंदा कारतूस व चापड़ बरामद हुआ। तस्करों ने बताया कि गोवंश को वध को बिहार ले जाए जा रहे थे। कंदवा थाना प्रभारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिला कि चार पशु तस्कर 15 गोंवंश को लेकर पैदल तलाशपुर नहर पुलिया के रास्ते बिहार जा रहे हैं। जिसे परसडीहा के पास दोनों तरफ घेराबंदी कर दिया। पुलिस ने चार तस्कर को धर दबोचा गया। गिरफ्तार तस्कर लक्ष्मण पुत्र लल्लन बिंद निवासी विछिया थाना दुर्गावती भभुआ बिहार, हनुमान बिंद पुत्र शिवधनी बिंद निवासी खुरहा नुवाव थाना दुर्गावती जनपद भभुआ, नग्गू बिंद पुत्र विद्यार्थी बिंद निवासी बिछिया थाना दुर्गावती जनपद भभुआ, लक्ष्मण बिंद पुत्र नंद किशोर निवासी कोदई थाना कंदवा जनपद चंदौली बताया गया। जिसे कार्रवाई कर हिरासत में भेज दिया गया। टीम में थानाध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक मनोज पांडेय, अमित कुमार सिंह, राजीव पांडेय, मुन्ना राम,कृपाशंकर यादव, अनिल यादव पुलिसकर्मी रहे।

# अप्रैल में स्कूल चलो अभियान के तहत होंगे विविध कार्यक्रम

**चंदौली।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने स्कूल चलो अभियान माह-अप्रैल के कार्यक्रमों की सूची जारी की है। 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है।

इस क्रम में एक0 अप्रैल शनिवार को प्रवेश उत्सव एवं छात्र परिचय स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दो अप्रैल को अवकाश, तीन अप्रैल को स्कूल चलो अभियान स्लोगन प्रतियोगिता के साथ प्रभात फेरी, 4 अप्रैल को अवकाश, 5 अप्रैल को प्रधान के साथ एसएमसी की बैठक प्रणब अभिव्यक्ति संप्रेषण, 6 अप्रैल को छोटे बच्चों की कहानी 7 अप्रैल को अवकाश होगा। 8 अप्रैल को मेरा स्कूल निबंध लेखन प्रतियोगिता 9 अप्रैल को अवकाश होगा। 10 अप्रैल को स्कूल चलो अभियान पोस्टर प्रतियोगिता एवं प्रभात फेरी 11 अप्रैल को विद्यालय स्तर पर खेल प्रतियोगिता 12 व 13 अप्रैल को छात्रों के टीम की ओर से नुक्कड़ नाटक साथ ही बच्चों का विभागों के साथ संवाद होगा। 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर अवकाश 15 अप्रैल को रंगोली प्रतियोगिता होगी। 16 अप्रैल को अवकाश और 17 अप्रैल को स्कूल चलो अभियान शिक्षक अभिभावक बैठक के साथ प्रभातफेरी 18 अप्रैल को अनियमित उपस्थिति वाले छात्रों के घर बच्चों के टीम गठित कर भ्रमण करना। 19 अप्रैल को शिक्षा के महत्व पर पत्र लेखन प्रतियोगिता 20 अप्रैल को नारी शिक्षा पर वाद विवाद प्रतियोगिता एक 21 अप्रैल को स्कूल चलो अभियान आधारित विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता होगी। 22 को ईद व 23 को रविवार का अवकाश रहेगा 24 को स्कूल चलो अभियान शिक्षक अभिभावक बैठक एवं प्रभात फेरी 25 अप्रैल को बाल मेला का आयोजन 26 अप्रैल को विद्यालय में मां की रसोई का आयोजन 27 अप्रैल को करे योग रहे निरोग का दैनिक जीवन में उपयोग पर चर्चा, 28 अप्रैल को बालिका शिक्षा उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों एवं कार्यक्रमों की चर्चा, कन्या आवेदन हेतु जानकारी प्राप्त करना, 29 अप्रैल को समस्त प्रतियोगिताओं में विजेता को अभिभावकों के समस्त पुरस्कृत करना और 30 अप्रैल को अवकाश रहेगा।

# डीएम से मुलाकात कर मार्ग पर अतिक्रमण का मामला उठाया


डीएम को अतिक्रमण की समस्या से अवगत कराते प्रधान प्रतिनिधि।

**नियामताबाद।** ग्रामसभा पचोखर को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले रास्ते पर हुए अतिक्रमण के खिलाफ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र लाल श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी को पत्रक देकर समस्याओं से अवगत कराया।

प्रधान प्रतिनिधि ने कहा कि लगभग 15 साल पहले बड़ी गाड़ियां गांव में आसानी से चली जाती थी। चुनाव के दौरान पोलिंग पार्टी या पुलिस दल गांव तक आराम से चले जाते थे, लेकिन आज संभव नहीं है। बताते चलें कि ग्रामसभा पचोखर का मुख्य मार्ग जो कि मुगलसराय-चकिया रोड से जुड़ता है वह मार्ग अतिक्रमणकारियों का शिकार हो गया है। अतिक्रमणकारियों द्वारा रास्ते पर ही चबूतरा, सीढ़ी, शौचालय आदि का निर्माण करा अवरुद्ध कर दिया गया है जिससे गांव वासियों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वही प्रधान प्रतिनिधि से जब इस बाबत पूछा गया तो उन्होंने बताया कि किसी भी गांव को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए रास्ते का होना जरूरी है और गांव को जोड़ने वाला रास्ता अब अतिक्रमणकारियों द्वारा अवरुद्ध किया जा रहा है जिसके खिलाफ गांव में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया गांव वासियों ने हस्ताक्षर अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हस्ताक्षर करने वालों में पूर्व प्रधान, वर्तमान प्रधान या प्रधान प्रत्याशी रहे हो सभी लोगों ने अतिक्रमण के खिलाफ एक सुर में आवाज उठाते हुए आगे आए।

## नौ मवेशियों के साथ पशु तस्कर गिरफ्तार

**इलिया।** स्थानीय पुलिस ने बुधवार को तियरी पेट्रोल पम्प के पास से पिकअप वाहन से नौ राशि गौवंश के साथ पशु तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया। तस्कर के पास से एक तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पशु तस्कर को पशु क्रूरता अधिनियम व आर्म्स एक्ट में जेल भेज दिया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की पशु तस्कर गौवंश लेकर जा रहा है। थाना प्रभारी सत्येन्द्र विक्रम सिंह ने हमराहियों के साथ तियरी पेट्रोल पम्प के पास घेराबंदी कर पिकअप वाहन से नौ राशि गौवंश बरामद किया। तस्कर के पास एक तमंचा, जिंदा कारतूस 315 बोर का बरामद हुआ। गिरफ्तार तस्कर अजय कुमार यादव, बेन गांव का निवासी है।

### 31 मार्च को निकलेगी रामनवमी पर शोभायात्रा

**चकिया।** हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकताओं द्वारा रामनवमी पर्व को लेकर खास तैयारी की जा रही है। आगामी 31 मार्च को नगर के ठाकुर बाग से शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के पूर्व हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकताओं द्वारा ठाकुर बाग मंदिर का रंग रोगन कराया जा रहा है। हिंदू युवा वाहिनी के अध्यक्ष विजय वर्मा ने बताया कि 31 मार्च की सायं 3 बजे के आसपास शोभायात्रा के दौरान रथ पर सवार श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, मां काली, भगवान शंकर की झांकी निकाली जाएगी।

# कांग्रेस का आरोपः राहुल निशाना, अडानी को बचाना है



**चंदौली।** राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द होने से आहत कांग्रेसी बुधवार को भाजपा पर हमलावर नजर आए। इस दौरान पंडित कमलापति त्रिपाठी पार्क में सत्याग्रह आंदोलन के जरिए सरकार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कई गंभीर आरोप लगाए। साथ ही राहुल गांधी के सवालों को दोहराया और पूछा कि अडानी की कम्पनी में लगा 20 हजार करोड़ रुपये किसके हैं? पीएम मोदी को इसका जवाब देना होगा।

इस दौरान जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि जनता की आवाज महात्मा गांधी, पं नेहरू, सुभाष बोस, सरदार पटेल, मौलाना आजाद ने उठाई। अंग्रेज उन्हें इसकी सजा देते थे। आज वही काम मोदी जी कर रहे हैं। जनता की आवाज उठाने पर, भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए राहुल गांधी को सजा दे रहे हैं।

राहुल गांधी ने किसानों की आवाज उठाते हैं। आदिवासियों की जमीन, उनके जंगल और पानी के लिए राहुल गांधी खड़े हुए। उड़ीसा का और देश का एक एक आदिवासी जानता है कि राहुल ने उनके जल, जंगल, जमीन के अधिकार की रक्षा की। राजनीति के अंदर उनकी सबसे बड़ी चिंता देश के युवा की है। उनकी आवाज वो हर मंच से उठाते हैं। मोदी सरकार की गलत जीएसटी ने लाखों दुकानदारों का, करोड़ों छोटे छोटे व्यापारियों का धंधा चौपट कर दिया।

आम जनता के लिए कितनी महंगाई कर दी। आटा, नमक, दूध, तेल, खाने पीने का सामान, घर की चीजें, गैस, पेट्रोल, डीजल महंगा कर दिया। वरिष्ठ नेता डा. राजेश कुमार चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी ने सात फरवरी को मोदी-अडानी पर लोकसभा में भाषण दिया। 16 फरवरी को शिकायतकर्ता गुजरात हाई कोर्ट से खुद का ही लिया हुआ स्टे वापस लेता है। 27 फरवरी को सुनवाई शुरू हुई और 17 मार्च को निर्णय रिजर्व हो जाता है। इसके बाद 23 मार्च को न्यायालय राहुल गांधी को दो साल की सजा सुना दी जाती है और 24 मार्च को राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द कर दी जाती है। इस कार्यक्रम में रामजी गुप्ता, आनंद शुक्ला, मधु राय, रजनीकांत पांडेय, सतीश बिंद, तरुण पांडेय, गंगा प्रसाद, रामानंद यादव, दयाराम पटेल, शाहिद तौसीफ, माधवेंद्र मूर्ति ओझा, शिवेंद्र मिश्रा, सिराजुद्दीन भुट्टो, विनोद सिंह, शिव प्रकाश उपस्थित रहे।

# महिलाओं को थाने स्तर पर दिलायें त्वरित न्याय : एएसपी

जनसंदेश न्यूज


कोतवाली में मुआयना करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह।

**सकलडीहा।** अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह बुधवार को सकलडीहा कोतवाली का वार्षिक मुआयना किया। इस दौरान अपराध संबधी विभिन्न अभिलेख और शस्त्र का मुआयना किया। इसके बाद महिला हेल्प डेक्स का निरीक्षण किया। पीड़ित महिलाओं को सम्मानपूर्वक न्याय दिलाने का निर्देश दिया।

कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से लगातार कवायद किया जा रहा है। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी विनय कुमार सिंह दोपहर बाद कोतवाली का मुआयना किया। मुआयना के दौरान अपराध संबंधी विभिन्न अभिलेख, आईजीआरएस, ऑनलाइन शिकायत, शस्त्र, मालखान, साफ-सफाई, विवेचनाओं के निस्तारण और हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के बारे में जानकारी लिया। अंत में महिला हेल्प डेस्क पर थाना प्रभारी को लगातार गश्त करने के साथ जाम की समस्या से निजात दिलाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही समाधान दिवस के प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। इसके पूर्व पूरे कोतवाली परिसर, आवास व सीज वाहनों के बारे में जानकारी लिया।

अंत में महिला हेल्प डेस्क पर पहुंचकर शिकायतों के निस्तारण के बारे में जानकारी लेते हुए त्वरित लाभ दिलाने को बताया।

इस मौके पर सीओ राजेश कुमार राय, कोतवाल विमलेश कुमार मौर्या, कस्बा प्रभारी राजकुमार, मनेश शंकर द्विवेदी, मोहन लाल, महिला दरोगा मीरा यादव, महफूज अहमद, संदीप तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफलता की बनाई रणनीति

**चंदौली।** जनपद में संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें अभियान को सफलता के बाबत चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव ने कहा कि 1 से 30 अप्रैल तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान को सफल बनाने मैं सभी विभागों के अधिकारी समन्वय स्थापित कर इसे सफल बनाएं। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही शिथिलता नहीं होनी चाहिए ।कहा कि सभी कार्य माइक्रोप्लान के तिथि अनुसार निर्धारित ग्रामों व मुहल्लों में किया जाए, जिससे मानिटरिंग फीडबैक सही रूप से शासन को प्रेषित किया जा सके। कहा कि नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अर्न्तगत सभी सम्भ्रान्त जनप्रतिनिधि व्यक्ति के साथ सभी कर्मियो का 31 अप्रैल तक संवेदीकरण निश्चित रूप से करा दे शिक्षकों, ग्राम प्रधानों,ग्राम विकास अधिकारी जिनका संवेदीकरण अभी तक नही किया गया है। इनका 31 अप्रैल तक तक निश्चित रूप से संवेदीकरण करते हुए लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.यूके राय ने कहा कि जनपद में कुल 1901 आशाओं द्वारा आगनवाडी कार्यकताओं को सम्मिलित करते हुए दो सदस्यी टीम वार माइक्रोप्लान के अनुसार घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोग से बचाव के बारे में जागरूक करेंगे। प्रचार प्रसार हेतु बैनर पोस्टर, पम्पलेट, स्टीकर का इस अभियान में प्रयोग करेंगी। इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक जयप्रकाश, जिला पंचायती राज अधिकारी ब्रह्मचारी दुबे, जिला पशुपालन अधिकारी डॉ राज किशोर सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी एवं समस्त मलेरिया स्टाफ उपस्थित रहे।

# बाल क्षय रोगियों को मिला निक्षय मित्र का सहयोग

मदद

## स्वामी कबीर मेमोरियल ट्रस्ट की मदद से स्वस्थ हुए 24 क्षय रोगी

**चंदौली।** देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए हर स्तर पर प्रयास हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के साथ स्वयंसेवी संस्थाएं भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। क्षय रोगियों के लिए काम कर रही ऐसी ही सामाजिक संस्था स्वामी कबीर मेमोरियल ट्रस्ट ने 28 बाल क्षय रोगियों को गोद लिया है। इनमें 24 बच्चे अब पूरी तरह ठीक हो चुके हैं, चार का उपचार चल रहा है।

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम से प्रेरित होकर ह्यकबीर मेमोरियल ट्रस्टह्न ने टीबी रोगियों की देखभाल के लिए स्वास्थ्य विभाग से सम्पर्क किया और पांच सितंबर 2021 को क्षय रोग से पीड़ित ऐसे बच्चों को गोद लिया जो आर्थिक रूप से कमजोर थे। इनमें सूरज, प्रशांत, आकाश, बादशाह, फातिमा बेगम, जया कुमार, शबनम समेत 28 क्षय रोगी शामिल रहे। संस्था उन्हें नियमित पोषण पोटली वितरित की और समय से दवाएं लेने के लिए प्रेरित किया जिसका नतीजा रहा कि उनमें 24 अब पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं। संस्था के प्रयासों से ठीक होने वालों में नियामताबाद की राधा (16 वर्ष) बताती हैं कि घर की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। पिता मजदूरी कर किसी तरह घर चलाते हैं। मई 2022 में हमें टीबी होने का पता चला। सरकारी अस्पताल में दवा व जांच की सुविधा मिल रही थी लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण पोषक आहार खुद खरीदना हमारे परिवार के लिए संभव नहीं था। ऐसे में पता चला कि स्वामी कबीर मेमोरियल संस्था के लोगों ने मुझे गोद लिया है। इस संस्था के सहयोग से हर महीने पौष्टिक आहार की सुविधा उपलब्ध करायी गयी।

### रोग से पीड़ित बच्चों को गोद लेता है ट्रस्ट

**चंद्र।ल्क्ष्ए।** स्वामी कबीर मेमोरियल ट्रस्ट के संस्थापक दिलीप कुमार बताते हैं कि हम क्षय रोग से पीड़ित ऐसे बच्चों को गोद लेते हैं जिनके अभिभावकों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होती। हम उनके घर जाकर हर महीने दाल, अनाज, सोयाबीन दूध जैसे पोषक आहार उपलब्ध कराते हैं। क्षय रोगियों को जो पोषण पोटली उपलब्ध कराते हैं उसमें एक किलो चना, एक किलो गुड, एक किलो सत्तू, एक किलो गजक, एक किलो पूरक पौष्टिक सामग्री शामिल रहता है। नियमित दवा के साथ पोषक आहार लेने से मरीजों की सेहत में तेजी से सुधार होता है। इस दौरान हम उनके स्वास्थ्य के बारे में विधिवत जानकारी लेते रहते हैं। जरूरत पड़ने पर मरीज को लेकर उसके घर के नजदीक स्वास्थ्य केंद्र पर भी ले जाते हैं। जांच और दवा उपलब्ध कराने में सहयोग करते हैं।

# स्पोर्ट्स

### ग्रीन पार्क स्टेडियम में क्यूआर कोड कार्ड से मिलेगा खिलाड़ियों को प्रवेश, बाहरी लोगों के लिए नो एंट्री

**कानपुर।** रेडियो फ्रीक्वेंशी आइडेंटीफीकेशन (आरएफआईडी) कार्ड प्रणाली के साथ सदस्यता लेने वाले खिलाड़ी को बैडमिंटन व जिम के लिए प्रवेश मिल सकेगा। ऐसी व्यवस्था वाला कानपुर प्रदेश का पहला जिला बन गया है। ग्रीन पार्क स्टेडियम में सोमवार को जिलाधिकारी विशाखजी अय्यर ने इसका उद्घाटन किया। अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम ग्रीन पार्क स्टेडियम में अत्याधुनिक जिम व बैडमिंटन हॉल तैयार किए गए थे। यहां अनावश्यक भीड़ व बाहरी लोगों की नोएंट्री के लिए यह व्यवस्था की गई है। खेल उप निदेशक मुद्रिका पाठक ने बताया कि स्टेडियम में बने जिम व बैडमिंटन टीटी हॉल में रिसेप्शन में जाकर खिलाड़ियों को खेल के अनुसार अपना नाम, मोबाइल नंबर, ई-मेल एड्रेस, आधार नंबर देना होगा। उसके बाद ही उसे कार्ड की सुविधा दी जाएगी। घर से वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। बताया कि रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा करने के बाद कार्ड दिया जाएगा। छमता के अनुसार ही आवेदन लिए जा सकेंगे।



# रोहित शर्मा-हार्दिक पांड्या ने ओडीआई रैंकिंग में किया सुधार, बाबर आजम शीर्ष स्थान पर

## वनडे रैंकिंग में विराट कोहली को फायदा

**दुबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी नवीनतम एकदिवसीय रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ आठवें जबकि हरफनमौला हार्दिक पांड्या गेंदबाजों की सूची में 10 स्थान के सुधार के साथ 76वें पायदान पर पहुंच गये। इस सूची में शुभमन गिल नंबर पांच पर भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बने हुए हैं, जबकि विराट कोहली सातवें स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की सूची में पाकिस्तान के बाबर आजम शीर्ष स्थान पर है।

गेंदबाजों की सूची में मोहम्मद सिराज तीसरे नंबर है। वह शीर्ष 10 गेंदबाजों की सूची में एकमात्र भारतीय हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड शीर्ष पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा भारत के खिलाफ चेन्नई एकदिवसीय में 45 रन पर चार विकेट लेने के बाद तीन स्थान



के सुधार के साथ करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे पायदान पर पहुंच गये है। इस श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये मिशेल मार्श चार स्थान के सुधार के साथ बल्लेबाजों की सूची में 51वें स्थान पर पहुंच गये। उन्होंने तीन मैचों की श्रृंखला में 194 रन बनाये। टी20 अंतरराष्ट्रीय में पाकिस्तान के खिलाफ 2-1 से श्रृंखला जीतने के दौरान शानदार गेंदबाजी करने वाले राशिद खान इस प्रारूप के शीर्ष गेंदबाज बन गये है। उन्होंने श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा को पीछे छोड़ा। राशिद ने इस श्रृंखला के हर मैच में विकेट चटकाये। उन्होंने इस दौरान 12 ओवर में सिर्फ 62 रन खर्च किये। टीम में उनके साथी स्पिनर मुजीब उर रहमान ने भी दो स्थान का सुधार किया। श्रृंखला के पहले और तीसरे मैच में दो-दो विकेट लेने वाले मुजीब आठवें स्थान पर आ गये है। आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में टीम इंडिया के पूर्व कप्?तान विराट कोहली अब सातवें नंबर पर आ गए हैं। अब उनकी रेटिंग 719 हो गई है। उन्हें इस बार एक स्?थान का फायदा मिला है, पहले वे आठवें नंबर पर थे।

## इतने वर्षों तक खेलने के बाद लोगों की अपेक्षाओं से परेशान नहीं होता : रोहित

**मुंबई।** मुंबई इंडियन्स को पांच बार इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब दिलाने वाले कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह लोगों की अपेक्षाओं से परेशान नहीं होते। आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तान रोहित को पता है कि मुंबई की टीम आगामी टूनार्मेंट में खिताब के प्रबल दावेदारों में शामिल होगी। रोहित टीम के युवा खिलाड़ियों को उस 'हाइप' से बचाना चाहते हैं जो टीम के साथ जुड़ी रहती है। रोहित ने टीम की ओर से आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, जब भी आप खेलने के लिए उतरते हैं तो हमेशा आपसे उम्मीदें होती हैं। इतने वर्षों तक खेलने के बाद मैं इससे परेशान नहीं होता और मैं इसे लेकर चिंतित नहीं हूं कि लोग मेरे से क्या चाहते हैं। कप्तान ने कहा, हमें पता है कि हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके ट्रॉफी जीतनी होगी। हमेशा इसके बारे में सोचने से आपके ऊपर दबाव बनता है। डेवाल्ड ब्रेविस और तिलक वर्मा अपना दूसरा आईपीएल खेलेंगे जबकि ऑस्ट्रेलिया के युवा ऑलरांडर कैमरून ग्रीन करोड़ों रुपये का अनुबंध मिलने के बाद पहली बार इस लीग में खेलते हुए नजर आएंगे। रोहित ने कहा, मैं अभी इन (युवा खिलाड़ियों) पर अधिक दबाव नहीं डालना चाहता। जब हमारा पहला मैच करीब होगा तो हम उन्हें विशिष्ट भूमिकाएं देंगे। बेशक पहले मैच से पूर्व खिलाड़ियों को पता है कि हमारी उनसे क्या उम्मीदें हैं। रोहित ने टीम के नए खिलाड़ियों को सलाह देते हुए कहा कि वे इस मंच को घरेलू क्रिकेट के विस्तार के तौर पर देखें और वही करें जिसने उन्हें वहां सफलता दिलाई है। उन्होंने कहा, मैं उन्हें यह बताने का प्रयास करूंगा कि जो उन्होंने प्रथम श्रेणी या क्लब क्रिकेट में किया है उसे दोहराएं। मुझे पता है कि आईपीएल बिल्कुल अलग है लेकिन मैं उन्हें उसकी मानसिकता के साथ उतरने के लिए कहूंगा। आखिर यह गेंद और बल्ले के बीच मुकाबला ही है। रोहित ने कहा कि टीम को जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी लेकिन उनकी गैरमौजूदगी की भरपाई करने के लिए टीम के पास जोफ्रा आर्चर हैं जो 145 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं।

## जयंत यादव ने की गुजरात टाइटन्स के टीम माहौल की सराहना

**गुजरात।** गुजरात टाइटन्स के ऑफ-स्पिनर जयंत यादव ने मौजूदा आईपीएल चैंपियन की सफलता का राज बताते हुए कहा कि टीम के कमरे का माहौल बेहद शान्त रहता है जिससे खिलाड़ियों को मानसिक मदद मिलती है। जयंत ने टाइटन्स के ऐप ब्रांड जीटी पर मंगलवार को जारी वीडियो में कहा, टीम के कमरे का



माहौल बेहद शान्त रहता है। इसका असर मैदान पर भी दिखता है। आईपीएल ऐसा टूनार्मेंट है जहां खिलाड़ियों पर काफी दबाव होता है और मुझे लगता है कि इससे हमें आईपीएल के साथ आने वाले दबाव को कम करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, अगर आप हमारी टीम का संयोजन देखें तो हर कोई किसी के साथ किसी न किसी तरह पहले भी खेल चुका है। जब आप (टीम के कमरे में) टीवी पर कोई रेस या फुटबॉल मैच देख रहे होते हैं तो घर जैसा सुरक्षित वातावरण महसूस होता है। हमने इस टीम के भीतर इसी संस्कृति को तैयार किया है। टाइटन्स ने पिछले साल आईपीएल में पहली बार हिस्सा लेते हुए ट्रॉफी जीत ली थी, हालांकि जयंत बीते कल के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे। उनका मानना है कि टाइटन्स को दोबारा सफल होने के लिये अपनी प्रक्रिया पर टिके रहना होगा। जयंत ने कहा, जो हो गया सो हो गया। वह हमेशा रहेगा और हमें इसे याद करते हुए इसका आनंद लेते रहने की जरूरत है। हमें दोबारा जीतने के लिये अपनी प्रक्रियाओं पर टिके रहना होगा और साथ ही साथ हर चीज में उत्कृष्टता हासिल करने की कोशिश करने की प्रक्रिया को जारी रखना होगा। गुजरात टाइटंस शुक्रवार को सीजन के पहले मैच में चार बार चैंपियन रही चेन्नई सुपर किंग्स के साथ मुकाबला करेगी।

## आईपीएल ओपनिंग सेरेमनी में ग्लैमर का तड़का लगाएंगी तमन्ना भाटिया

### आईपीएल के 16वें सीजन का आगाज 31 मार्च को होगा

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16वें सीजन का आगाज 31 मार्च को होगा। टूनार्मेंट के पहले मैच में गत चैंपियन गुजरात टाइटंस का मुकाबला चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स से होगा। यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। पहले ही मैच में दिग्गज कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के सामने युवा कप्तान हार्दिक पांड्या होंगे। धोनी अपनी कप्तानी में चेन्नई को चार बार चैंपियन बना चुके हैं। वहीं, हार्दिक ने पहली बार ही कप्तानी करते हुए पिछले साल गुजरात को चैंपियन बनाया था। मैच से पहले उद्घाटन समारोह का आयोजन होगा। इस दौरान कई बॉलीवुड सितारे ग्लैमर का तड़का




लगाएंगे। आईपीएल ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि गायक अरिजीत सिंह और अभिनेत्री तमन्ना भाटिया समारोह में नजर आएंगी। आईपीएल ने बुधवार (29 मार्च) को ट्वीट कर तमन्ना भाटिया के उद्घाटन समारोह में भाग लेने की जानकारी दी। आईपीएल ने लिखा, "टाटा आईपीएल उद्घाटन समारोह में तमन्ना के साथ जुड़िए। हम दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम- नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सबसे बड़ा क्रिकेट उत्सव मना रहे हैं। आईपीएल ने इस बात की जानकारी भी दी कि 31 मार्च को शाम छह बजे से उद्घाटन समारोह का आयोजन होगा। उसके बाद सात बजे टॉस होगा और फिर 7:30 बजे से पहला मुकाबला खेला जाएगा। उद्घाटन समारोह और मैचों का लाइव प्रसारण टीवी पर स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा। वहीं, ऑनलाइन लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा एप और वेबसाइट पर होगी। आईपीएल ने बुधवार (29 मार्च) को ट्वीट कर तमन्ना भाटिया के उद्घाटन समारोह में भाग लेने की जानकारी दी। आईपीएल ने लिखा, "टाटा आईपीएल उद्घाटन समारोह में तमन्ना के साथ जुड़िए।

## बॉलीवुड न्यूज

### यामी गौतम की फिल्म ने इजराइल और यूएसए में भी मचाई धूम

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम धर ने अपनी बैक-टू-बैक हिट फिल्मों के साथ न सिर्फ दर्शकों को लुभाया बल्कि उनके दिलों पर राज भी करती हैं। 'ए थ्रसडे', 'दसवीं' और 'लॉस्ट' के बाद अब यामी अपनी हालिया रिलीज 'चोर निकल के भागा' में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए तारीफे हासिल कर रही हैं। ये फिल्म देश से बाहर भी लोगों पर अपना जादू चला रही हैं और भारत और अमेरिका में टॉप पर ट्रेंड कर रही है। ऐसे में जैसे ही फैन्स ने यामी की तारीफ करते हुए



पूरे सोशल मीडिया यूनिवर्स पर कमेंट्स की बाढ़ ला दी, वह वास्तव में सभी से मिल रही शानदार प्रतिक्रिया से अभिभूत हैं। *चोर निकल के भागा को मिल रही शानदार प्रतिक्रिया के बारे में अपना उत्साह साझा करते हुए, यामी ने कहा,* ह्लचोर निकल के भागा और मेरे किरदार को मिली प्रतिक्रिया कम से कम कहने के लिए संतुष्टिदायक और विनम्र रही है। मेरे कई दोस्त और परिवार जो भारत से बाहर रह रहे हैं, उन्होंने भी टेक्स्ट किया है और फिल्म के बारे में अच्छी बातें कही हैं। और सबसे अहम बात यह है कि जिस तरह से दर्शक और मेरे फैन्स नेहा और फिल्म को इतना प्यार दे रहे हैं.. यह अवास्तविक लगता है, रिलीज के बाद से मेरा फोन बजना बंद नहीं हुआ है। यह फिल्म सिर्फ भारत और यू.एस में ही नहीं टॉप पर ट्रेंड हो रही है, बल्कि इजराइल में भी नंबर 2 पोजीशन पर है, जो एक हिंदी फिल्म के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। आने वाले समय में यामी नेक्स्ट प्रतीक गांधी के साथ 'धूम धाम' और अक्षय कुमार के साथ 'ओएमजी 2' में दिखाई देंगी।

### अक्षरा की जिंदगी में आने वाला है कौन सा नया तूफान

**मुंबई।** स्टार प्लस का सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' टेलीविजन की दुनिया के सबसे लॉगेस्ट रनिंग शोज में से एक है। इस शो ने लगातार अपनी दिलचस्प कहानी के साथ दर्शकों को एंटरटेन किया है। वहीं शो के किरदारों के साथ भी दर्शकों का लगाव काफी गहरा है जो उन्हें अब अपने जीवन का हिस्सा मान बैठे है। अक्षरा भी इन्हीं किरदारों में से एक है जिसे फैन्स बेहद प्यार करते हैं, लेकिन अब उसकी जिंदगी में एक और नया



तूफान आने वाला है। इस शो में हर्षद चोपड़ा और प्रणाली राठौड़ अभिमन्यु और अक्षरा के लीड कैरेक्टर्स में हैं, जिन्हें दोनों के फैन्स अभिरा के नाम से भी जानते है। इस शो का करेंट ट्रैक अभिमन्यु, अक्षरा और अभिनव के इर्द-गिर्द घूमता है। अक्षरा और अभिनव आखिरकार करीब आ रहे हैं, हाल ही में प्रसारित हुए प्रोमो में दर्शकों ने देखा कि अक्षरा ने अपनी एनीवर्सरी के लिए एक सरप्राइज प्लान किया है। इस खास जेस्चर के जरिए अक्षरा, अभिनव के साथ अपने रिश्ते को एक नया मौका देने का इरादा जाहिर करना चाहती हैं। लेकिन सीरियल में हर नई शुरूआत एक ट्विस्ट के साथ आती है। यहां भी कुछ ऐसा ही हुआ। अचानक अबीर के दिल की बीमारी की खबर अक्षरा को मेडिकल कारणों से अभिमन्यु के पास जाने के लिए मजबूर करती है। अक्षरा ने अभिमन्यु को फोन किया है। ऐसे में शो में दिखाया जाने वाला ये ड्रामा वाकई दिलचस्प होने वाला है। बता दें, इस शो के निमार्ता राजन शाही हैं। यह शो स्टार प्लस पर सोमवार से रविवार रात 9.30 बजे प्रसारित होता है।

## रोहित शर्मा अगर लय में रहे तो एक या दो मैच में विश्राम दिया जा सकता है : मार्क बाउचर

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने बुधवार को कहा कि उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लीग चरण के दौरान रोहित शर्मा को आराम देने में कोई समस्या नहीं होगी बशर्तें कप्तान बल्ले से फॉर्म हासिल करने में सफल रहे। मुंबई इंडियंस पिछले साल खराब प्रदर्शन के बाद वापसी के लिए बेताब होगी। टीम पिछले सत्र में 10 टीमों के आईपीएल में आखिरी स्थान पर रही थी। मुंबई इंडियंस इस सत्र का आगाज दो अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ करेगी। रोहित इस साल अक्टूबर नवंबर में होने वाले विश्व कप के दौरान भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे और ऐसे में खिलाड़ियों और विशेष रूप से रोहित के कार्यभार प्रबंधन पर भी ध्यान दिया जाएगा। रोहित से यहां संवाददाता सम्मेलन में जब कुछ मैचों में विश्राम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस सवाल को बाउचर



की ओर मोड़ दिया। बाउचर ने कहा, रोहित को आराम देने की बात करें तो वह कप्तान हैं।

उम्मीद है कि वह इस दौरान शानदार लय में होंगे। उम्मीद है कि आराम नहीं करना चाहते है, लेकिन जो भी स्थिति होगी हम उसके अनुकूल काम करेंगे। रोहित ने पिछले सत्र में एक भी पचासा नहीं लगाया था। वह इस दौरान 19.14 की औसत से 268 रन ही बना सके। बाउचर ने कहा, अगर मैं एक कप्तान और एक खिलाड़ी के रूप में उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवा सकता हूं तो यह बहुत अच्छा होगा और इसका मतलब है कि अगर वह एक या दो मैचों के लिए आराम करना चाहते हैं तो मैं ऐसा करूंगा। इसमें कोई समस्या नहीं होगी। आईपीएल के इस सत्र से लागू किए जा रहे 'इंपैक्ट' खिलाड़ी के नियम पर रोहित ने कहा कि इससे हरफनमौला खिलाड़ी की भूमिका कम नहीं होगी। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि यह एक ऑलराउंडर को प्रभावित करेगा या नहीं क्योंकि एक ऑलराउंडर हमेशा एक ऑलराउंडर ही रहेगा।

### टी20 के शीर्ष गेंदबाज बने राशिद खान वानिन्दु हसरंगा को छोड़ा पीछे

**दुबई।** अफगानिस्तान टी20 टीम के कप्तान राशिद खान पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज विजय के बाद टी20 गेंदबाजों की सूची में एक बार फिर शीर्ष पर लौट आये हैं।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, राशिद 710 रेटिंग पॉइंट के साथ वानिन्दू हसरंगा (695) को पछाड़कर नंबर एक पर पहुंच गये। कप्तान राशिद ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 शृंखला में बेहद किफायती गेंदबाजी की और 12 ओवर में तीन विकेट चटकाते हुए सिर्फ 62 रन दिये। राशिद सबसे पहले फरवरी 2018 में टी20 गेंदबाजों की सूची के शीर्ष पर पहुंचे थे। हसरंगा ने नवंबर 2022 में राशिद को हटाकर ही नंबर एक स्थान हासिल किया था। राशिद के अलावा मुजीब उर रहमान (आठवां स्थान) और फजलहक फारुकी (तीसरा स्थान) ने भी टी20 गेंदबाजों के शीर्ष 10 में जगह बना ली है। ऑफ-स्पिनर मुजीब ने सीरीज में कुल चार विकेट लिये थे, जबकि फारुकी ने पांच सफलताएं हासिल की थीं। इसी बीच, ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर ऐडम जैम्पा वनडे रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर आ गये हैं।

## निपुण भारत लक्ष्य के तहत विद्यालय पहुंचे एसडीएम

जनसंदेश न्यूज

**शाहगंज।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना निपुण भारत लक्ष्य के तहत एसडीएम शैलेन्द्र कुमार बुधवार को कम्पोजिट विद्यालय नटौली एवं आदर्श प्राथमिक विद्यालय भादी पहुंचे जहां शिक्षक बन बच्चों को पढ़ाने लगे।



निरीक्षण में नटौली पहुंचे एसडीएम ने कक्षा एक के छात्र आयुष से हिन्दी भाषा की पुस्तक कलरव पढ़ने को कहा। छात्र बेधड़क बोलता गया। वहीं कक्षा दो में संध्या, आंचल व अर्जित से गणित का सवाल हल कराया। जेब्रा के बावत सवाल कर जानवरों के सम्बंधित सवाल किया। पशु पक्षी व पौधरोपण की महत्ता समझायी। कक्षा आठ में गये वहां बाल संसद की प्रधानमंत्री छात्रा अंशिका प्रजापति से अपने लक्ष्य के बावत पूछा। जिस पर छात्रा ने आईएएस बनने की बात कही। इस दौरान मौजूद राज्यपाल पुरस्कृत प्रधानाध्यापक अखिलेश चन्द्र मिश्र को बच्चों की निपुणता, स्कूल की व्यवस्था हेतु तारीफ की। वहीं भादी गांव स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया। यहां मौजूद प्रधानाध्यापिका नीतू सिंह भी निरीक्षण में खरी पायी गयी। उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि दोनों विद्यालय में बच्चों के लक्ष्य निर्धारण योजना अन्तर्गत निरीक्षण किया गया। विद्यालय के बच्चे पढ़ाई में औव्वल है। कुछ बच्चे जो लक्ष्य निर्धारण से दूर है उन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया है। यह अभियान अनवरत चलता रहेगा।

## मारपीट के बाद बवाल, चार को पुलिस ने पकड़ा

**डीडीयू नगर।** कार और स्कूटी में टक्कर के बाद बुधवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान कूड़ा बाजार चौकी के भीतर गुसकर दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे से जमकर मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्ष के 4 लोगों को हिरासत में लेकर कार्यवाही में जुटी है। बताया जा रहा है कि मिष्ठान प्रतिष्ठान रसकुंज के संचालक संदीप स्कूटी से परिवार के साथ जा रहा था। इसी बीच सामने से आ रही कार में टक्कर लग गई, जिससे कार में खरोच लग जाने से कार सवार ने स्कूटी सवार थप्पड़ जड़ दिया।

स्कूटी सवार ने अपने भाइयों को फोन कर बुला लिया और कार सवार की जमकर पिटाई कर दी और कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। मुगलसराय कोतवाली में चौकी प्रभारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चार को हिरासत में लिया गया है। इस संबंध मे सीओ अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि पुलिस चौकी में मारपीट का मामला बेहद गंभीर है।





दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मारपीट मामले में दोनों पक्ष के चार को हिरासत में ले लिया गया है और कार्यवाही की जा रही है।

## नौगढ़ में डग्गामार वाहनों पर धड़ल्ले से हो रही ओवरलोडिंग

जनसंदेश न्यूज

**नौगढ़।** क्षेत्र के विभिन्न मार्गो पर धड़ल्ले से फरार्टा भर रहे डग्गामार मालवाहकों मे सवारियों को भूंसे की तरह भरकर ढोया जाना पुलिस की नजर में कोई अपराध नहीं प्रतीत होता है, तभी तो नौसीखिए चालक परिचालक मनमानी पर उतारू हैं।

बताया जाता है कि थाना क्षेत्र नौगढ अन्तर्गत अवैध कारोबार काफी फल फूल रहा था। जिसपर थाने के जिम्मेदारान अंकुश लगा पाने में अक्षम दिख रहे थे। नौगढ़ से चकिया नौगढ से मद्धुपुर नौगढ से (वैनी) खलियारी नौगढ से गहिला नौगढ से बरवाडीह इत्यादि मार्गों पर निर्बाध गति से सवारियों को ढोने मे संचालित डग्गामार वाहनों के अधिकांश चालक भी अप्रशिक्षित हैं। यातायात नियमों की जानकारी से अनभिज्ञ चालक वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियों को बेतरतीब बैठाकर तथा वाहन के पीछे लगे पायदान एवं अगल बगल खडाक र एवं लगेज कैरियर के उपर लादकर धड़ल्ले से पहाड़ी मार्गों पर फरार्टा भर रहे हैं।

जिला मुख्यालय चन्दौली का सृजन हुए 2.5 दशक से अधिक का समय ब्यतीत हो जाने के बाद भी अभी तक जनपद के दूरस्थ व सबसे पिछड़े हुए क्षेत्र मे परिवहन निगम की बसों का जिला मुख्यालय से संचालन नहीं किया गया। मात्र दो बसें पं.दीनदयाल उपाध्याय नगर से नौगढ बाजार तक असमय व अनियमित चलती हैं। जिससे क्षेत्रवासियों को जिला मुख्यालय चन्दौली पूर्व तहसील मुख्यालय चकिया व पड़ोसी जनपद सोनभद्र मिजार्पुर एवं गैर राज्य बिहार के लिए आवागमन करने में मजबूरन डग्गामार वाहनों पर सवार होकर आवागमन करना विवशता है।

## चहनिया ब्लॉक में स्वस्थ बालक बालिका प्रतियोगिता आयोजित

**चहनियां।** खण्ड विकास सभागार में चहनियां बाल विकास परियोजना द्वारा अंतराष्ट्रीय मोटा अनाज पोषण पखवाड़ा मनाया गया। जिसमें स्वस्थ्य बच्चों का परीक्षण वजन कराकर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय आने पर खिलौना, प्रमाण पत्र आदि सामान का सीडीपीओ मीना गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान सीडीपीओ मीना गुप्ता ने कहा कि पोषण पखवाड़ा 2023 के अंतर्गत 03 अप्रैल तक ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटे अनाज वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मोटे अनाज को अब श्री अन्न के नाम से जाना जाएगा जो कि बहुत ही स्वास्थ्यवर्धक एवं पाचन में भी सहायक है। पोषण पखवाड़ा में आयोजित स्वस्थ बालक-बालिका



बच्चों को खिलौना देतीं सीडीपीओ मीना गुप्ता।

प्रतिस्पर्धा के आयोजन में प्रतिस्पर्धा कराई गई। जिसमें खंडवारी के विकास गुप्ता, शिवांस गुप्ता, विष्णु गुप्ता सोनहुला के पीयूष यादव तथा हरधनजुड़ा से आलम अंसारी व दीपाशी यादव ग्राम सभा खंडवारी से प्रतियोगिता में विजयी हुए। इस मौके पर डा. सुरेंद्र कुमार, डा.अंतिमा, प्रधानपति सतीश गुप्ता, वरिष्ठ सहायक अर्चना वर्मा, पवन शर्मा, विजय कुमार, प्रमोद श्रीवास्तव, पुष्पा देवी, सीता सिंह, पार्वती देवी आदि लोग मौजूद रहे।

# देशी शराब की दुकान के विरोध में नागरिकों ने किया प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज


देशी शराब की दुकान के विरोध में प्रदर्शन करते ग्रामीण

**केराकत।** क्षेत्र के पचवर गांव के देशी शराब की दुकान को गंगौली गांव में स्थानांतरित करने के विरोध में बुधवार को भारी संख्या में नागरिकों ने गंगौली गांव में विरोध प्रदर्शन किया।

इस मौके पर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जहां दुकान खोली जा रही है वहां ब्यूटी पार्लर, मिनी बैंक स्थित है। इसके आलावा वहां अनेक परिवार रहता है। नागरिकों ने कहा कि देशी शराब की दुकान खुलने से वहां का माहौल खराब होगा। प्रदर्शन का नेतृत्व स्थानीय रामफेर गुप्ता ने किया। इस अवसर पर चंदा देवी, विशाल कुमार, प्रहलाद, आद्या प्रसाद, मंजू देवी, सुधीर कुमार, राम लौटन, अदनान शेख, शोभनाथ, उषा देवी आदि भारी संख्या में पुरुष महिला शामिल रहे।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**पवांरा।** पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे अभियान के तहत पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त दान बहादुर पुत्र शीतला प्रसाद निवासी मड़वा दोदक को बुधवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक मंजय यादव ने सतहरिया से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## चल रही प्रदर्शनी में दुकानदार की मौत

**शाहगंज।** नगर के रामलीला मैदान में चल रही प्रदर्शनी में कास्मेटिक की दुकान लगाकर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले दुकानदार की मंगलवार की देर रात अचानक तबियत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद परिजन ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। नगर के रामलीला मैदान में दो सप्ताह से प्रदर्शनी में कानपुर नगर के बिरहना रोड स्थित रोटी गोदाम निवासी 24 वर्षीय निहाल पुत्र मोहम्मद इरफान अपनी कास्मेटिक की दुकान लगाकर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मंगलवार की देर रात प्रदर्शनी बंद होने के बाद भोजन कर सो रहा था। तकरीबन ढाई बजे अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद परिवार के अन्य लोगों ने आनन-फानन में इलाज हेतु चिकित्सालय में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने इलाज के दौरान निहाल को मृत घोषित कर दिया।

# पति की प्रताड़ना से क्षुब्ध अध्यापिका ने फांसी लगाकर दे दी जान

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के भगवती कालोनी में अध्यापिका ने मंगलवार की रात पति से विवाद होने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

प्रयागराज जिले के ममफोर्डगंज निवासी नितिमा केसरवानी 40 वर्ष पुत्री संतोष केसरवानी जो आईटीआई जलालपुर में शिक्षिका के पद पर तैनात थी। बुधवार की सुबह उनकी लाश कमरे में रस्सी के सहारे लटकी हुई पाई गई। जिस समय मौके पर पुलिस पहुंची है इस समय उनके मोबाइल पर वीडियो कॉल उनके पति के मोबाइल पर लगा हुआ था। देर रात पति पत्नी दोनों के बीच विवाद होता रहा है। दोनों पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद हुआ करता था। इनकी शादी 1 वर्ष पूर्व हुई थी और इनका पति पीलीभीत में अध्यापक है। सूत्र बताते हैं कि पैसे के विवाद को लेकर पति-पत्नी में अक्सर विवाद हुआ करता था। इसलिए कि मृतका के पिता की तबीयत ज्यादा खराब चल रही थी और वह अपनी तनख्वाह का पैसा माता-पिता के ऊपर खर्च कर रही थी। देर रात पति से विवाद होने के बाद देर रात नीतिमा ने फांसी लगाते समय वीडियो कॉल लगाकर अपने पति को दिखाया कि वह उसकी प्रताड़ना से त्रस्त होकर आत्महत्या कर रही है।

सुबह जब पुलिस मौके पर पहुंची तब तक मोबाइल का वीडियो आन रहा जिसे पुलिस ने बंद किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरी तरफ मायके वाले पति के खिलाफ थाने पर तहरीर दे रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी।

## संक्षेप

### तीन दिवसीय सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम का शुभारम्भ



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते मुख्य अतिथि

**जौनपुर।** रचना (ब्रांच आईआईडी) में भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम का शुभारम्भ बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि राजा श्रीकृष्ण दत्त पीजी कालेज के विभागाध्यक्ष (गणित) डा. आशीष कुमार शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रवक्ता डा. संतोष कुमार सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहाकि एक शिक्षक का प्रथम कर्तव्य होता है कि शिक्षण कार्य शुरू करने से पूर्व कक्षा प्रबंधन का विशेष ध्यान रखे। कार्यक्रम को विद्यालय के अन्य प्रवक्ता पूनम श्रीवास्तव, सचिन यादव, गौतम चन्द आदि ने भी सम्बोधित किया। संचालन कार्यक्रम समन्वयक सुनील कुमार गुप्ता ने किया। इस मौके पर विद्यालय की विशेष शिक्षक दामिनी यादव, नीतू यादव, जितेन्द्र कुमार, होरेन्द्र मौर्या, लाल साहब तथा आये हुए सभी शिक्षणार्थी मौजूद रहे।

### एसडीएम की गाड़ी से टकराकर स्कूटी सवार बुजुर्ग घायल



**बदलापुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सरोखनपुर स्थिति निरीक्षण भवन के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 56 पर एसडीएम की गाड़ी से टकराकर एक स्कूटी सवार बुजुर्ग गिरकर घायल हो गये। बदलापुर तहसील में तैनात एसडीएम किसी आवश्यक कार्य से जौनपुर की तरफ जा रहे थे। वह बदलापुर निरीक्षण भवन के पास पहुंचे थे, इसी दौरान अचानक एक स्कूटी सवार उनकी गाड़ी से टकराकर मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं एसडीएम ने घायल सरोखनपुर निवासी 58 वर्षीय जय प्रकाश शुक्ला को अपने एक कर्मचारी के साथ उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचवाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालात गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### ट्रक से टकरा कर ट्रेलर घर में घुसा



**खेतासराय।** स्थानीय थाने के पास मंगलवार की रात ट्रक और ट्रेलर में टक्कर हो गई। टक्कर के बाद ट्रेलर एक घर में घुस गया। संयोग था कि घर बंद था नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी। हादसे में चालक घायल हो गया। ट्रकों की टक्कर में सरवरपुर निवासी संतोष प्रजापति की गुमटी क्षतिग्रस्त हो गई। कोयला लदा ट्रक शाहगंज की तरफ जा रहा था। सामने से आ रहे ट्रेलर से ट्रक टकरा गया।

### मन्दिर में पूजा करने गई महिला के गले से सोने की चेन गायब

**खेतासराय।** मंदिर में पूजा करने गई एक महिला की सोने की चेन गायब हो गयी। छानबीन के दौरान चेन न मिलने पर महिला ने पुलिस से शिकायत की है। चौहट्टा मोहल्ला निवासी गिरीश चंद्र गुप्ता की पत्नी राजमणि दुर्गा मंदिर में सुबह पूजा करने गई थी। इस दौरान उनके गले से कीमती सोने की चेन कब गायब हो गई उन्हें पता तक नहीं चला। काफी देर बाद उन्हें गले में चेन न होने का आभास हुआ तो छानबीन करने लगीं। तमाम कोशिश के बावजूद सोने की चेन उन्हें नहीं मिली।

### संचारी रोग नियंत्रण के संदर्भ में बैठक कर किया जागरूक


संचारी रोग के बारे में जानकारी देते ईओ कुंवर गौरव

**जफराबाद।** नगर पंचायत कार्यालय में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संदर्भ में बुधवार को इओ कुंवर गौरव सिंह द्वारा कर्मचारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में संचारी रोग के बचाव व लक्षण के बारे में जागरूक किया गया। नगर पंचायत कार्यालय में ईओ कुंवर गौरव सिंह की अध्यक्षता में संचारी रोग के नियंत्रण के लिए बैठक की गई। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों को संचारी रोग से बचाव व उसके लक्षण के बारे में जागरूक किया गया। ईओ कुंवर गौरव सिंह ने कहा कि इन रोगों से बचने के लिए अपने आस पास पानी न जमा होने दें, मच्छरदानी का प्रयोग करें, फुल शर्ट पहने, पानी की टंकी को हमेशा ढ़ंककर रखें तथा कूलर के पानी को समय-समय पर बदलते रहे। इस दौरान लिपिक राजमन, वेद प्रकाश, ओमकार यादव, सत्येंद्र नारायण, राकेश गुप्ता, विकास मौर्या, सूरज, कमलेश आदि रहे।

# किसानों को बांटा गया दलहन बीज का मिनी किट


किसान को दलहन बीज का किट देते अतिथि

जनसंदेश न्यूज

**मछलीशहर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत राजकीय बीज गोदाम दाउदपुर में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत कुल 56 किसानों को दलहन के बीज किट वितरित किए गए।

कार्यक्रम में बीज गोदाम प्रभारी राजेन्द्र यादव ने किसानों को दलहनी फसलों की बुवाई करने और अधिक मुनाफा प्राप्त करने के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख गोपेश यादव ने 56 किसानों को दलहनी फसल उड़द के बीज किट प्रदान किए। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने किसानों से मोटे अनाज का उपयोग करने व दाल के छिलका युक्त प्रयोग करने को कहा। उन्होंने बताया कि छिलका युक्त दाल का प्रयोग करने से हमें तमाम प्रकार की बीमारियों से निजात मिलता है। कार्यक्रम का संचालन बीटीएम प्रमोद उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम सूर्यभान यादव, आशुतोष यादव कमलेश मिश्रा प्रधान वारी, कामता पटेल, अच्छेलाल कनौजिया, फौजदार सिंह, सूर्यमणि उपाध्याय, अरूण सिंह सहित तमाम किसान मौजूद रहे।


## पुरानी रंजिश में मनबढ़ों ने दो युवकों को पीटकर किया घायल

**सिरकोनी।** क्षेत्र के बीबीपुर गांव में स्थित शिवजी के मंदिर के पास मंगलवार की रात को दबंगो ने पुरानी रंजिश में दो युवकों को मारपीटकर घायल कर दिया। दोनों युवकों को काफी गम्भीर चोट आयी है।

सुंगुलपुर निवासी कार्तिकेय सिंह पुत्र जयहिंद सिंह तथा अनुराग पाठक पुत्र विनोद पाठक बीबीपुर गांव में स्थित एक चक्की पर गेहूं पिसवाने गए थे। वहीं पर दो साल पूर्व हुए विवाद को लेकर बीबीपुर गांव के कुछ दबंग युवकों ने दोनों को जमकर पीट दिया। अनुराग पाठक तथा कार्तिकेय को सिर, चेहरे तथा शरीर पर काफी चोट आयी। लोगों ने किसी तरह से बीच बचाव करके मामले को शांत कराया। घटना की सूचना पर दोनों युवकों के घर से लोग आ गए। घायल युवकों को तत्काल थाने ले आये। पुलिस ने मामले में तहरीर मिलने के बाद विपुल चौहान पुत्र जयप्रकाश चौहान, शिवप्रकाश चौहान पुत्र रतन चौहान, उपेंद्र चौहान पुत्र कैलाश चौहान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजवाया।

# हिंदू पर्व को अनेक नामों से जाना जाता है : ज्ञान प्रकाश सिंह

जनसंदेश न्यूज


ज्ञान प्रकाश सिंह

**जौनपुर।** भारतीय संस्कृति एकेश्वरवादी संस्कृति न होकर अपनी मूल-प्रवृत्ति में विकासोन्मुखी एवं लोकोन्मुखी संस्कृति होते हुए अनेक आस्थाओं एवं विश्वासों का समुच्चय है। इस संस्कृति-गंगा की हजारों साल पुरानी-धारा में कई संस्कृति-नदियों की उपधाराएं समाहित हो गई है और इस तरह इस संस्कृति में अनेक पंथों, मान्यताओं, विचारों, दर्शनों एवं पद्धतियों का सामंजस्य हो गया है।

भारतीय पौराणिक शास्त्रों के इतिहास का अध्ययन करे तो हम पाते हैं कि इसी धरती पर वैष्णव भी हुए हैं, शैव भी हुए हैं, शाक्त भी हुए हैं, बौद्ध भी हुए हैं, जैन भी हुए हैं और न जाने कितनी ऐसी अलग-अलग सी लगकर भी मूल में एक ही रहने वाली मान्यताएं एवं पूजन-पद्धतियाँ इस भारतभूमि पर हुई हैं। कारणवश, जब आप ध्यान से देखेंगे तो पाएँगे कि एक ही हिंदू-पर्व को अनेक नामों से जाना जाता है। कहीं एक महापर्व को नवरात्रि के रूप में मनाया जाता है, कहीं इसे विजयादशमी के नाम से अभिहित किया जाता है। उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह ने जनसंदेश टाइम्स से एक वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने आगे कहाकि गोस्वामी तुलसीदास जी ने विभिन्न भारतीय दर्शन के ऐक्य को दर्शाकर हिंदू धर्म की खूबसूरती एवं व्यापकता से भारतीय चेतना का परिचय करवाया था। अभी चैत्र-नवरात्रि चल रहा है। नव-रात्रि यानी नौ रात्रि। माँ दुर्गा की आराधना चूँकि शाक्त-मतों में अधिक व्यापक रूप में किया जाता है और शाक्त-मतों में पूजा में रात्रि का विशेष महत्त्व होता है, कारणवश इसे नवरात्रि कहा गया है। इस नवरात्रि में माँ दुर्गा के नवों रूपों की आराधना की जाती है। बहुसंख्यक आराधक व्रत भी रखते हैं। माँ दुर्गा की आराधना से सर्वमनोकामनासिद्धि होती है। स्वयं माँ ने श्रीदुर्गासप्तशती में इस प्रकार के आशीर्वाद प्रदान किये हैं। महाभारत में दुर्गा के इक्कीस नामों का वर्णन है। कुरुक्षेत्र के युद्ध में जीतने के बाद भगवान कृष्ण ने अर्जुन को दुर्गा देवी की शरण में जाकर आराधना करने की सलाह दी थी। उधर, 'वराह पुराण' में देवी के नौ नामों का उल्लेख हुआ है। 'दुर्गा सप्तशती' में वैसे तो देवी के एक सौ आठ नामों की चर्चा है, मगर उनकी मूर्तियों के स्वरूप नौ ही बताए गए हैं। 'देवी भागवत' में भी 'नव दुर्गा' कहकर शक्ति के नौ नामों की चर्चा है।

# सड़क हादसे में दो घायल, हालत गंभीर

जनसंदेश न्यूज

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत बड़ौना गांव के समीप सड़क दुघर्टना में बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां दोनों का प्राथमिक उपचार कराया गया।

खुटहन थाना क्षेत्र के अहरपुर गांव निवासी 27 वर्षीय सर्वेश यादव पुत्र धर्मेन्द्र मंगलवार की रात अपने एक मित्र बक्शा थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गांव निवासी 25 वर्षीय मंयक यादव पुत्र समर बहादुर यादव के साथ बाइक से घर जा रहे थे कि बड़ौना गांव के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उक्त घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

## लावारिस घायल पड़े अधेड़ को नागरिकों ने अस्पताल पहुंचाया

केराकत। कोतवाली थाना क्षेत्र के नई बाजार स्थित आम के बगीचे में पिछले 20 दिनों से लावारिस और गंभीर रूप से घायल पड़े एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति को मंगलवार को स्थानीय नागरिकों ने एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजवाया। सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार कन्नौजिया ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्रीय नागरिकों जितेन्द्र सिंह, राजेश यादव, प्रदीप सिंह, नीरज मौर्या, आलम और लल्ला यादव ने बताया कि उक्त अधेड़ पिछले 20 दिनों से आम के बगीचे में पड़ा हुआ था। उक्त अधेड़ के शरीर और एक पैर में गंभीर घाव था। घाव में कीड़े भी पड़ गए थे। वह चल फिर नहीं पा रहा था। बदबू के कारण लोग उसके पास जाने से कतराते थे।

## ऑटो रिक्शा से टकराकर दो घायल

बदलापुर। बक्शा थाना क्षेत्र के बसारतपुर गांव निवासी बाइक सवार राजनाथ और राहुल कुमार दोनों लोग एक ही बाइक पर सवार होकर कहीं रिश्तेदारी जा रहे थे। वह महराजगंज थाना क्षेत्र के बैहारी गांव के पास पहुंचे तभी एक आटो रिक्शा से टकराकर बाइक लेकर सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से उपचार के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

## खड़ी क्रेन से टकराकर बाइक सवार घायल

बदलापुर। कोतवाली क्षेत्र के अगरौरा गांव निवासी बाइक सवार विजय कुमार बाइक से कहीं जा रहा था। वह धनियांमऊ के पास पहुंचा था कि पहले से फोरलेन के किनारे खड़ी क्रेन से टकराकर बाइक लेकर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत हिम्मतपुर गांव निवासी सुशील मिश्रा की 11 हजार वोल्ट की तार की चपेट में आने से मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार हिम्मतपुर गांव निवासी सुशील मिश्रा (45) पुत्र क्षमानाथ मिश्रा बुधवार की सुबह करीब नौ बजे बांस लेकर अपने घर जा रहे थे कि रास्ते में 11 हजार वोल्ट का तार लटका हुआ था जिसमें हरा बांस फंस गया और वह उसकी चपेट में आकर गंभीर रुप से झुलस गये। आनन-फानन में परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया ले गये जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव के लोगों ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मचारियों को बार-बार कहने के बावजूद भी लटके हुए तार को टाइट नहीं किया जा रहा है। लोगों में विद्युत विभाग के प्रति काफी आक्रोश व्याप्त है।

# श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में...


भजन संध्या में गीत प्रस्तुत करते कलाकार

**आयोजन**

### भजन संध्या में रात भर भक्ति सागर में गोता लगाते रहे श्रोता

जनसंदेश न्यूज

**खुटहन।** लवायन गांव के चौरा माता मंदिर पर मंगलवार को आयोजित भजन संध्या में गायक और गायिकाओं ने गीता के माध्यम से भक्ति रस की ऐसी गंगा बहाई कि श्रोता रात भर भक्ति सागर में गोता लगाते रह गये। शुभारंभ से पूर्व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बिंदू यादव ने सभी गायकों को चुनरी ओढ़ाकर कार्यक्रम की शुरूआत किया।

ख्यातिलब्ध गायक मुन्ना उपाध्याय ने गणेश वंदना के बाद पहला गीत श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, देख लो मेरे मन के नगीने में सुनाया तो श्रोता वाह वाह करने लगे। इसके अलावा उन्होंने मन भावे मैया के चुनरिया गोटेदार, सैंया लिहले अइह सुनाकर खूब तालियां बटोरी। गायिका एकता सिंह ने हाथ में त्रिशूल गदवा सोनवा के हार, रुपवा मनवा मोहत बा, सुनाकर खूब तालियां बजवाई। गायिका शालू ने ललकी चुनरिया ओढ़ाय द नजरा जैहै मइया सुनाकर पूरा माहौल भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर राम सिंह, लालू सिंह, श्रीराम पासवान, पुष्कर तिवारी, विनय मिश्रा, अनिल शर्मा, संतोष शर्मा, किशन, कल्लू, राजन, संजय आदि मौजूद रहे।

# विद्यालय में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर शुरू


पांच दिवसीय योग शिविर में योग करती विद्यालय की बालिकाएं व शिक्षिका

जनसंदेश न्यूज

**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान धर्मापुर जयहिंद यादव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

पतंजलि योग समिति के सह राज्य प्रभारी अचल हरीमूर्ति के द्वारा योग के क्रियात्मक और सैद्धांतिक पक्षों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। योगाभ्यास कराते हुए अचल हरीमूर्ति के द्वारा बताया गया की बचपन से ही बच्चों को ध्यान और प्राणायामों का अभ्यास कराया जाना चाहिए। इससे उनके मनोदैहिक स्वास्थ्य सर्वोत्तम बना रहता है।

संस्था की वार्डेन शशि रानी श्रीवास्तव द्वारा बताया गया की बालिकाओं के सम्पूर्ण विकास में योगाभ्यास की महति भूमिकाएं होती है। अवस्था के साथ उनमें होने वाले हार्मोनल परिवर्तन को सन्तुलित रखने में प्राणायामों का नियमित योगाभ्यास अति आवश्यक होता है। क्रियात्मक योगाभ्यासों में बालिकाओं को उनकी अवस्था के अनुसार योगिग जांगिड़, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, मकरासन, त्रिकोण आसन और भुजंगासनो के साथ भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी व उद्गीथ प्राणायामों के साथ अग्निसार और नौलिक्रिया का अभ्यास कराते हुए ध्यान का अभ्यास कराया जा रहा है। इस दौरान सीता सिंह, रीना यादव, रेखा देवी और विनय यादव आदि मौजूद रहे।

# नगर की विभिन्न मस्जिदों में कुरऑन हुआ मुकम्मल, मांगी दुआ


नगर की अटाला मस्जिद में तरावीह की नमाज अदा करते मुस्लिम बंधु

**जौनपुर।** पवित्र महीने रमजान की विशेष नमाज तरावीह में कुरआन ए पाक मुकम्मल होने का सिलसिला शुरू हो चुका है। विभिन्न मस्जिदों में कुरआन ए पाक मुकम्मल हुआ और साथ ही देश में अमन व शांति के लिये दुआएं भी मांगी गईं। सर्वप्रथम मोहल्ला केरारकोट हनुमान घाट गोमती नदी के तट पर स्थित मस्जिद मुस्तजाबुद्दअवात (लाल मस्जिद) में हाफिज मोहम्मद आसिफ ने पाँच शब की तरावीह में कुरआन ए पाक मुकम्मल कराया। उसके बाद नगर के मोहल्ला रिजवी खाँ में स्थित शाही अटाला मस्जिद में छटवीं शब में हाफिज इनआमूल हक ने कुरआन ए पाक सुनाया जिसमें तरावीह की नमाज में लगभग दो हजार लोगों ने शिरकत किया। इस अवसर पर नमाजियों ने तरावीह मुकम्मल होने के बाद उक्त हाफिजों की गुलपोशी कर तोहफा व नजराना भी पेश किया। हाफिज इनआमूल हक ने बताया कि रमजान के महीने की अहमियत इस कारण बढ़ जाती है कि इसी महीने में अल्लाह ने कुरआन ए पाक उतारा है और हमको रोजा रखने के साथ ही गरीबों को भी मदद करते रहना है। मरकजी सीरत कमेटी के अध्यक्ष हफीज शाह ने प्रशासन का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि रमजान महीने से पूर्व जिला प्रशासन को पत्र द्वारा साफ सफाई समेत आदि व्यवस्था को लेकर अवगत कराया गया था जिसको संज्ञान लेते हुए इस बार मस्जिदों के आस-पास साफ सफाई और चूना छिड़काव आदि का खास इंतेजाम जिला प्रशासन द्वारा कराया जा रहा है जिसके लिये प्रशासन का उन्होंने शुक्रिया अदा किया। इस अवसर पर अनवारुल हक गुड्डू, फाजिल सिद्दीकी, अलमास अहमद सिद्दीकी, अजमत अली, कमालुद्दीन अंसारी, फिरोज अहमद पप्पू, सरफराज अंसारी सभासद, मोहम्मद अहमद खान, आकिब अहमद, अकरम मंसूरी, ओवैस अहमद, हाजी वसीम, मेराज अहमद आदि मौजूद रहे।

# सम्राट अशोक महान की 2327वीं जयंती मनायी गयी

**कार्यक्रम**

### गरीब महिलाओं में साड़ी का हुआ वितरण

जनसंदेश न्यूज


कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण

**जौनपुर।** सम्राट अशोक भवन पर जिला शाक्य मौर्य सोसायटी के तत्वाधान में सम्राट अशोक महान की 2327वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रिटायर्ड प्रवक्ता इंटर कालेज एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य विजयदत्त मौर्य द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र कुमार मौर्य विधायक प्रतापगढ़ रहे। विशिष्ट अतिथियों में मौर्य बंधुत्व क्लब के संस्थापक राम सजीवन मौर्य, अध्यक्ष राम अचल मौर्य, प्रयागराज के पूर्व ब्लाक प्रमुख सुधीर मौर्य, विष्णुकांत कुशवाहा उपस्थित थे।

राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियदर्शी अशोक मिशन एवं मौर्य बंधुत्व क्लब संजय कुमार मौर्य ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम में आए हुए लोगो को संबोधित करते हुए सम्राट अशोक कालीन शिक्षा व्यवस्था का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि सम्राट अशोक ने अपने शासन काल में लोगो में वैज्ञानिक सोच जागृत किया। सम्राट अशोक काल में नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय थे और पूरे विश्व से लोग भारत में शिक्षा ग्रहण करने आते थे और भारत को विश्व गुरु कहा जाता था। कार्यक्रम में राकेश कुमार मौर्य बदलापुरी एवं उनके साथियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर गरीब महिलाओं में साड़ी वितरण मौर्य शाक्य सभा के अध्यक्ष प्रेमचंद मौर्य द्वारा किया गया।

## आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सात दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**खुटहन।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सात दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। होम वेस्ट केयर फार यंग चाइल्ड के बैनर तले प्रशिक्षक प्रदीप कुमार ने कहाकि 0 से 3 माह से लेकर 15 माह तक के बच्चों को आशाओं द्वारा तीसरे माह, नौवे माह, बारहवे माह तथा पंद्रहवें माह में विजिट किया जायेगा। नौनिहालों की समय समय पर उनके माध्यम से देखभाल की जाएगी जिससे उन्हें होने वाली बीमारियों से बचाया जा सके। बच्चों में मृत्यु दर में कमी तथा उनके पोषण स्तर में सुधार लाकर आरम्भिक बाल विकास को सुदृढ़ करना ही योजना का मुख्य उदेश्य है। इस मौके पर डा. अमित कुमार, राममूर्ती यादव, उमिला देवी, बीसीपीएम राजेश कुमार, राधा सोनी, सुनीता चतुर्वेदी, शीला, नीलम, मुन्नी सोनी, निशा, बबिता, पूनम, संगीता आदि मौजूद लोग रहे।

# प्रभारी बीडीओ ने ग्राम प्रधानों संग की बैठक

**दिया निर्देश**

**एक अप्रैल से तीस अप्रैल तक होने वाले विशेष अभियान पर की गई चर्चा**

**जनसंदेश न्यूज**


बैठक को सम्बोधित करते प्रभारी बीडीओ संजय श्रीवास्तव

**गौराबादशाहपुर।** विकासखण्ड धर्मापुर के शहीद हाल में बुधवार को प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संचारी रोग अभियान को लेकर ग्राम प्रधानों के साथ की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने कहा की एक अप्रैल से तीस अप्रैल तक संचारी रोग अभियान और सत्रह अप्रैल से तीस अप्रैल तक दस्तक अभियान विकासखंड के प्रत्येक ग्राम पंचायत में चलाया जाएगा जिसके तहत ग्रामों में साफ सफाई और दवा का छिड़काव किया जाएगा तथा बैठकों व रैली के माध्यम लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने सफाई कर्मियों को चेतावनी देते हुए कहाकि संचारी रोग अभियान में ग्रामों में साफ सफाई में कोई शिकायत पाए जाने पर संबंधित सफाई कर्मचारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सीएससी चोरसंड के अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार गौतम ने लोगों को दूषित पानी और अस्वच्छता से होने वाले संचारी रोग और उससे बचाव के उपाय के बारे में जानकारी दी। बीएमसी यूनिसेफ शाहिद अली खान ने लोगों को रूटीन वैक्सिनेशन कराने का आह्वान करते हुए लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। एडीओ पंचायत लालजी राम ने प्रधानगण को संबोधित करते हुए कहा कि सभी ग्राम प्रधान अपने-अपने ग्राम में जलजमाव वाले स्थान पर आवश्यकतानुसार सोख्ता गड्ढा और नाली का निर्माण करा दें। इस अवसर पर ज्वाइंट बीडीओ सुबास चंद्र, एडीओ पंचायत लालजी राम, हेल्थ सुपरवाइजर गौरव, सचिव धर्मेंद्र राय, सुनील कन्नौजिया, अनिल यादव फौजी, घनश्याम जायसवाल, अंगनु प्रसाद, कैलाश नाथ, नीलकमल, पुष्पा सहित समस्त सचिव, प्रधान, सफाई कर्मी और पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# दर्शकों ने संगीत धारा में लगाई डुबकी

**जनसंदेश न्यूज**


दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते राज्यमंत्री गिरीश यादव

**जौनपुर।** नगर स्थित एक होटल के प्रांगण में लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान लखनऊ व संस्कार भारती जौनपुर द्वारा आयोजित नव वर्ष के 2080 के उपलक्ष्य में आयोजित भक्ति रस पर आधारित कार्यक्रम नवधा का शुभारंभ मंगलवार को मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, कार्यक्रम अध्यक्ष मुनीश सह प्रांत प्रचारक काशी प्रांत, विशिष्ट अतिथि विवेक सेठ मोनू, अतुल द्विवेदी, निदेशक लोक एवं जनजाति कला संस्थान ने दीप प्रज्वलन कर व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पन कर किया। संस्था के सदस्यों द्वारा ध्येय गीत की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में प्रथम प्रस्तुति स्थानीय गायक कलाकार गुलाब राही के द्वारा चैती और पचरा गायन किया गया। इसके उपरांत प्रयागराज की कलाकार पूर्णिमा देव कुमार व उनके साथियों द्वारा ढेड़या नृत्य, पचरा नृत्य और राम अवध में आये भजन पर समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही प्रयागराज के गायक कलाकार डॉली चौरसिया और रौशन पाण्डे द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति के उपरांत अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त व बनारस घरने के कलाकार कथक की महारानी कही जाने वाली सितारा देवी के पौत्र, साहित्य कला अकादमी पुरस्कार विजेता विशाल कृष्णा (पौत्र कथक साम्राज्ञी सितारा देवी) ने अपने कथक नृत्य के विभिन्न आयामों के साथ शिव स्तुति, दुर्गा रूप, राम जन्म एवं होली पर कथक के भाव नृत्य की प्रस्तुति की जिसको दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गिरीश चंद यादव ने कहाकि संस्कार भारती द्वारा आयोजित हमारी संस्कृति हमारी विरासत के परिपेक्ष में जो कार्यक्रम कर रही है इसकी निरंतरता बनी रहनी चाहिए। कार्यक्रम को अध्यक्ष काशी प्रान्त के सह प्रान्त प्रचारक मुनीश ने अपने उद्बोधन में कहा की भारतीय सभ्यता सनातन रही है हम सभी आज भी आधुनिक युग में अपने विभिन्न शुभ कार्य पंचांग पर आधारित तिथि के द्वारा ही करते हैं। अतिथियों द्वारा सभी कलाकारों को माल्यार्पण, अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉक्टर ज्योति दास ने आभार ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन विष्णु गौड़ एवं ऋषि श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक वंदे मातरम गान से हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, डॉ. क्षितिज शर्मा, राकेश कुमार श्रीवास्तव, अजय दुबे, सुजीत कुमार, डॉक्टर नरेंद्र पाठक, रविंद्र सिंह ज्योति, अमित श्रीवास्तव शशांक सिंह रानू आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### मनबढ़ ग्राम प्रधान ने शिक्षक को मारकर किया घायल

**शाहगंज।** विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चक इमामअली मुड़ैला में बुधवार को ग्राम प्रधान द्वारा एमडीएम में छात्र संख्या बढ़वाने को लेकर प्रधानाध्यापक को गाली देते हुए चप्पल और लाठी डंडे से मार कर घायल कर दिया गया और मेज पर रखे सारे अभिलेख एवं सामान तोड़-फोड़ दिये गए। ग्राम प्रधान द्वारा पूर्व में भी एमडीएम में छात्र संख्या बढ़ाने का दबाव बनाया जाता रहा है। घटना की सूचना मिलने पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संयुक्त मंत्री एवं ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षक थाना सरायख्वाजा पहुंचे और थानाध्यक्ष को घटना से अवगत कराया, जिस पर थानाध्यक्ष द्वारा घटना की जांचकर मनबढ़ ग्राम प्रधान संतोष सोनकर के ऊपर एफआईआर दर्ज किया गया।

### वृद्ध रिटायर फौजी को चकमा देकर बीस हजार लेकर फरार

**मछलीशहर।** नगर के कृपाशंकर नगर मोहल्ला निवासी रिटायर्ड वृद्ध फौजी को एक उचक्के ने बातों में उलझा कर उनका बीस हजार रुपया लेकर भाग निकला। भुक्तभोगी रिटायर्ड फौजी ने बताया कि उसने बुधवार की दोपहर में भारतीय स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा से बीस हजार रुपया अपने इलाज के लिए निकाला था। जब वह पैसा लेकर बैंक से बाहर निकले तभी एक उचक्का उनके पीछे लग गया और उनको दवा दिलाने की बात कहकर स्थानीय सीएससी तक ले आया जहां उन्हें बातों में उलझा कर उनका पूरा रुपया झोले सहित लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

### जहरखुरानों ने अधेड़ रेल यात्री को बनाया निशाना

**मीरगंज।** रेल यात्रा के दौरान किसी का कुछ भी न खाने की लाख हिदायतों के बावजूद बूढ़े हों या जवान जहरखुरानों के जाल में आखिर फंस कर साथ लिए अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई गवां ही बैठते हैं। जान जान की जोखिम भी बनी रहती है। बुधवार को भी ऐसी ही एक घटना मछलीशहर गोनापार के 55 वर्षीय वृद्ध यात्री अशोक गुप्ता से 7 हजार रुपये नकद व बैग समेत सामान जहरखुरानों ने लेकर फरार हो गये। वे मुम्बई से जंघई ट्रेन से उतरने के बाद एक बस में सवार हो गए। बस के समस्त यात्री उतर जाने के बाद भी वे बस में ही बेहोश पड़े रहे। कंडक्टर के जगाने के बाद भी नहीं उठे तो किसी ने उन्हें पहचान कर परिजनों को सूचित किया।

### तीन वारंटी गिरफ्तार

**चंदवक।** स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर न्यायालय सीजेएम प्रथम के गिरफ्तारी अधिपत्र पर कार्रवाई करते हुए वारंटी महेश पुत्र लालजी, योगेंद्र पुत्र चिथरू व सुरेंद्र पुत्र खेदू निवासी बरौटी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### बेटे ने पिता के जान की रक्षा के लिए पीएमओ से लगाई गुहार

**थानागद्दी।** एक बेटे ने अपने पिता के जान की रक्षा के लिए पीएमओ से गुहार लगाई है। बेटे ने दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंच कर प्रार्थना पत्र सौंपा। पीएमओ ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है। केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के जखियां गांव निवासी स्नात्तकोत्तर के छात्र विकास सिंह के अनुसार उसके पिता बजरंग बहादुर सिंह भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष हैं। इस नाते वे भूमाफियाओं से सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराने के लिए विभिन्न सरकारी कार्यालयों में शिकायत पत्र और जन सूचना अधिनियम के तहत प्रार्थना पत्र डालते रहते हैं। विकास सिंह की शिकायत है कि इसी कारण कुछ लोग उसके पिता बजरंग बहादुर सिंह की जान के दुश्मन बन गए हैं। विकास के मुताबिक क्षेत्रीय पुलिस की मिलीभगत से कई बार भू माफियाओं ने उनके पिता की पिटाई भी की और मुकदमा तक दर्ज नहीं कराने दिया। बल्कि उल्टे उनके पिता के खिलाफ ही संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया।

### जिला उद्योग बंधु की बैठक में डीएम ने दिये आवश्यक निर्देश

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में मंगलवार को देर सायं जिला उद्योग बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। बैठक में मैसर्स रामा पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड त्रिलोचन महादेव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि ईकाई से जल की निकासी नहीं हो पा रही है जिससे इकाई एवं क्षेत्र के जनमानस को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिलाध्यक्ष द्वारा जिला पंचायत को बुधवार को प्रातः 10 बजे इकाई स्थलीय निरीक्षण कर तत्काल प्रभाव से निस्तारित कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीडा उद्यमियों द्वारा विद्युत की लोड के संबंध में समिति को अवगत कराया गया। बैठक में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड मछलीशहर एवं कांट्रेक्टर द्वारा समिति को अवगत कराया गया। उकनी पावर हाउस सबस्टेशन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा जिस पर जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता एवं संबंधित कांट्रेक्टर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीडा उद्यमियों द्वारा अवगत कराया गया कि आवास विकास परिषद द्वारा बनायी जा रही सड़क एवं पुलिया से सम्बन्धित कार्य की प्रगति अत्यन्त धीमी है, रोड नं0-7 पर लगायी जा रही हयूम पाइप का कार्य अभी भी पूर्ण नहीं हुआ है।

# कर्बला के गुंबद पर अराजक तत्वों ने चढ़ाया दूसरा रंग

**राहत**

**मौके पर पुलिस फोर्स माहौल बिगड़ने से बचा**

**जौनपुर।** नेवढ़िया क्षेत्र के सहिजनी गांव के एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा बनवाये गए कर्बला के गुंबद को मंगलवार की रात में अराजक तत्वों ने पेंट कर भगवा रंग में रंग डाला। वहां लगे इस्लामिक झंडे को भी उठा ले गए। वहीं सुबह देखने के बाद ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल ग्राम प्रधान से संपर्क कर माहौल बिगड़ने से पहले ही उसे पहले वाले रंग में पेंट करा दिया। दोपहर बाद तक वहां पुलिस तैनात रही। बुधवार की सुबह जब गांव के लोगों की नजर गुंबद पर पड़ी तो एक दूसरे से चर्चा होने लगी। देखते देखते गांव के करीब-करीब सभी लोगों को मामले की जानकारी हो गई। ऐसे में वहीं से पुलिस को फोन किया गया और थाने में दी गई तहरीर में बताया गया कि कर्बला में जो गुंबज बनाया गया था उसे हरे और सफेद रंग में रंगा गया था। मंगलवार की रात में कुछ अराजक किस्म के लोगों ने गुंबज को भगवा रंग में रंग दिया। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्र ने ग्राम प्रधान व ग्रामीणों की मौजूदगी में गुंबज को फिर से हरे रंग का पेंट करवाकर मामले को शांत कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष नेवढ़िया ने बताया कि अराजक तत्वों द्वारा कर्बला के गुंबज को पेंट करके भगवा रंग कर दिया गया था। सूचना मिलने पर ग्रमीणों व ग्राम प्रधान की मौजूदगी में सुबह ही हरे रंग से गुंबज को दोबारा रंगवा दिया गया है। इस तरह का दुस्साहस करने वाले अराजकतत्वों की तलाश की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी। गांव में स्थिति सामान्य है।

# महिलाओं के लिए कई योजनाएं क्रियान्वित कर रही सरकार

**आयोजन**

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का समापन समारोह**



**जौनपुर।** सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवरात्रि के पावन पर्व पर नए छात्रों को प्रवेश व पुराने छात्रों की विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार पांडेय ने कहा कि महिला सशक्तिकरण से संबंधित सरकार ने बहुत सी योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। खासतौर से ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार, कौशल विकास, उद्यमिता विकास, पेंशन, आजीविका मिशन, मिशन शक्ति सुरक्षा संरक्षण पर विशेष ध्यान केंद्रित की है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रशिक्षक सोधई राम यादव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण ग्रामीण महिला की रोजगार स्वालंबन एवं आत्मनिर्भरता हेतु संस्था क्षेत्र में पंजादरी कसीदाकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजाइन वर्कशॉप और क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन कर रोजगार व स्वरोजगार कौशल विकास उद्यमिता विकास आजीविका एवं रोजगार से जोड़ा जा रहा है। विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी बरसठी रहे। बच्चों ने उक्त अवसर पर सांस्कृतिक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उक्त अवसर पर प्रमोद प्रजापति होरी लाल यादव, जवाहर लाल यादव, ग्राम प्रधान शिवकुमार यादव, एआरपी संतलाल राजेश गिरी आदि उपस्थित थे। संचालन प्रधानाध्यापक सुभाष सरोज ने तथा धन्यवाद ज्ञापन संजय उपाध्याय ने किया।

# बैंक ग्राहकों को लेन देन के लिए किया जागरूक


ग्राहकों को जागरूक करते शाखा प्रबंधक

**दी जानकारी**

**सिकरारा यूबीआई शाखा में संगोष्ठी का हुआ आयोजन**

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की सिकरारा शाखा में बुधवार को ग्राहकों को संगोष्ठी के जरिये लेनदेन के लिए जागरूक किया गया। शाखा प्रबंधक प्रभात मिश्रा ने ग्राहकों को प्रधानमंत्री जनधन योजना, लोन के संदर्भ में खाता खोलने, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड के साथ साथ बैंक में लेन देन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए ग्राहकों को किसी तरह के फ्राड से बचने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैंक ग्राहकों से कभी भी ओटीपी आदि के बारे में कॉल नही करता, साथ ही लोन पास कराने के लिए बिचौलिए के चक्कर में न पड़ने की बात कही। संगोष्ठी में उपशाखा प्रबंधक शम्भू सरोज, लोन ऑफिसर अंकित बाउसकर, कैशियर विजय यादव, धीरज उपाध्याय ने सम्बोधित किया। इस मौके पर राजबहादुर सिंह, राजेश यादव, अरविंद उमर वैश्य, सौरभ सिंह, सत्य प्रकाश यादव, लालमनि पाण्डेय, राजा यादव, सूरज सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### चैत्र नवरात्रि व श्री रामनवमी पर मन्दिरों में अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन

**ज्ञानपुर।** चैत नवरात्रि एवं श्री रामनवमी के शुभ अवसर पर शासन के निर्देश के क्रम में जिला प्रशासन द्वारा नवरात्रि के पहले दिन से जनपद के प्रमुख मन्दिरों, शक्तिपीठों पर विधि विधान से मॉ दुर्गा के नवस्वरूपों की पूजा के साथ मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार व जनमानस को इससे जोड़ते हुए अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम के निर्देशन व क्रियान्वयन में शासन की मंशानुरूप जनपद के चयनित मन्दिरों में विशेष पूजा पाठ, दुर्गा, सप्तशती, देवी गायन, अखण्ड रामायण पाठ, सांस्कृतिक झांकी, बालिकाओं व महिलाओं के आधारित कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 28 से 30 मार्च तक चयनित 5 मन्दिर- मॉ दुर्गा मन्दिर घोपईला पुरानी बाजार ज्ञानपुर, मॉ शीतला धाम डेरवा, सीता समाहित स्थल सीतामढ़ी, माता कामाख्या शक्तिपीठ उचेठा, श्रीराम जानकी मन्दिर सुन्दरवन में भजन लोकगीत गायिका व कलाकार सीमा पाल, प्रियंका बागी, रिंकी साहनी, विन्ध्यवासिनी, काजल यादव द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जा रही है। नवरात्रि के सप्तमी, अष्ठमी, नवमी एवं श्रीराम नवमी के विशेष अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा जनपद के उपर्युक्त चयनित मन्दिरों में अखण्ड रामायण पाठ, दुर्गा सप्तशती का पाठ, देवी गायन, देवी जागरण का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### अधर में लटका चिकान गली नाली निर्माण का काम रोजेदारों को हो रही परेशानी


इओ अमिता सिंह को पत्रक देकर वार्ता करते नगर पालिका परिषद गोपीगंज के जागरूक नागरिक

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 25 चिकान गली में चल रहे इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण कार्य को ठप कर दिए जाने के कारण जहां निवासियों में रोष व्याप्त है, वही पवित्र रमजान के महीने में लोगों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बताया जाता है कि पालिका द्वारा उक्त गली में इंटरलॉकिंग और नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। गुणवत्ता पूर्ण कार्य न होने के कारण आधा निर्माण होने के बाद ही कार्य रोक दिया गया था। रमजान के महीने में वार्ड वासियों को आवागमन में जहां परेशानी हो रही है, वही निर्माण कार्य अधर में लटक जाने के कारण स्थानीय निवासियों में आक्रोश भी व्याप्त है। इस संबंध में वार्ड के दर्जनभर निवासियों ने बुधवार को पालिका की अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह को पत्रक देकर अविलंब नाली और सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है। अधिशासी अधिकारी ने बताया की इस संबंध में जेई को बुलाया गया परंतु उनके न आने की वजह से भी कार्य में रुकावट आ रही है। इस संबंध में वार्ड के निवासी पत्रक देने वालों में गुड्डू चौधरी, मो. आरिफ राइन, नौशाद अली, मो. सलीम, मो. अकरम, मंसूर, आफताब आलम, रामजी जायसवाल, मंजूर आलम, मंसूर कुरैशी, लीडर नेता, आदि ने तत्काल प्रभाव से उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

### मुझे बदनाम करने की हो रही साजिशः महबूब बेग

**भदोही।** समाजसेवी एवं एक पार्टी के नेता महबूब बेग ने कहा कि एक यूट्यूब न्यूज चैनल द्वारा मेरी छवि को धूमिल करने की नीयत से खबर बनाकर वायरल किया गया। ऐसे व्यक्ति के खिलाफ हमने अपने अधिवक्ता के माध्यम से लीगल नोटिस भेज दिया है। उसके बाद उस व्यक्ति के विरुद्ध मानहानि का मुकदमा किया जाएगा। उक्त बातें श्री बेग बुधवार को नगर के स्टेशन रोड पर स्थित एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि खबर में जिस मुकदमे की बात का जिक्र किया जा रहा है। वह मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है और उधर का गवाह मुकर गया। हालांकि उसमें हमने भी मुकदमा किया हुआ है। श्री बेग ने कहा कि इस फर्जी खबर के माध्यम से तथाकथित पत्रकार द्वारा शासन की मंशा के अनुरूप कार्य कर रहे जिले के अधिकारियों को भी बदनाम किया जा रहा है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# ट्रैक्टर व ऑटो के बीच टक्कर में तीन की मौत, दो घायल

**हादसा**

**स्थानीय पुलिस द्वारा घायलों को इलाज हेतु भेजा गया अस्पताल**

**अपर पुलिस अधीक्षक सहित प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर शोक संतृप्त परिजनों को दिया सांत्वना**

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** मंगलवार की देर शाम थाना ज्ञानपुर क्षेत्र अंतर्गत ज्ञानपुर-गोपीगंज मार्ग, सिंहपुर नहर पुलिया के पास ऑटो व ट्रैक्टर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। उक्त सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ऑटो सवार कुल 05 व्यक्तियों को ईलाज हेतु अस्पताल भेजने के दौरान रास्ते में तीन व्यक्तियों की मौत हो गयी।

देर शाम हुए इस हादसे में सुनील कुमार पाण्डेय पुत्र फूलचंद्र पाण्डेय निवासी सिंहपुर थाना ज्ञानपुर उम्र करीब 35 वर्ष, मुरलीधर दुबे पुत्र राम अनुज दुबे निवासी वार्ड नंबर 5 कर्बला के सामने दुगागंज रोड थाना ज्ञानपुर उम्र करीब 55 वर्ष व अनुज श्रीवास्तव पुत्र गोविंद बिहारी श्रीवास्तव निवासी पुरानी बाजार थाना ज्ञानपु उम्र करीब 42 वर्ष की मौत मौके पर ही हो गयी तथा शेष दो लोग दीपक गुप्ता पुत्र बसन्त गुप्ता निवासी पुरानी बाजार थाना ज्ञानपुर उम्र करीब 36 वर्ष व अनिल कुमार तिवारी पुत्र दया प्रसाद निवासी नैनी, प्रयागराज (राजस्व निरीक्षक तहसील ज्ञानपुर) उम्र करीब 40 वर्ष ईलाजरत हैं। स्थानीय पुलिस द्वारा मृतकों के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क मार्ग से हटवाकर यातायात सुचारू कर दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक सहित सम्बंधित प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर शोक संतृप्त परिजनों को सांत्वना दिया साथ ही हर संभव कानूनी मदद हेतु आश्वस्त कराया गया।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत, जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**गोपीगंज।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल स्थित ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन कोतवाली क्षेत्र के केड़वरिया फाटक के पूर्वी छोर पर मालगाड़ी की चपेट में आ जाने से 35 वर्षीय युवक संतोष गौतम की मौत हो गई। घटना के बारे में बताया जाता है कि पूरे भिखारी गांव निवासी संतोष कुमार गौतम 35 पुत्र स्व. सरजू गौतम की मंगलवार की देर रात वाराणसी से प्रयागराज की तरफ जा रही मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची जी आर पी युवक की शिनाख्त कराते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बारे में बताया जाता है कि उसके दो पुत्र है वह केडवरिया में अंडे की दुकान लगाकर घर परिवार का भरण पोषण किया करता था। ट्रेन की चपेट में मृतक कैसे आया यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

# पुलिस लाइन में वुमेन वॉक थान प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**भदोही।** पुलिस परिवार के कल्याणार्थ वामा सारथी के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रमों के क्रम में जनपद के वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्षा दीप शिखा के मार्गदर्शन में बुधवार को पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्यवर्धन हेतु वुमेन वॉक थान प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस लाईन ज्ञानपुर स्थित परेड ग्राउंड में किया गया। उक्त प्रतियोगिता में पुलिस लाईन सहित समस्त थाना, शाखा में नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। निर्णायक टीम द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन प्रतिभागियों पूजा यादव पुलिस लाईन ज्ञानपुर, चिंता सिंह यादव महिला थाना, चंद्रकला यादव थाना ज्ञानपुर का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया एवं शेष अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्षा ने बताया कि आगे भी पुलिसकर्मियों के वेलफेयर हेतु इस तरह के आयोजन किए जाते रहेंगे।

# इओ ने दिए सार्वजनिक शौचालयों के उचित रखरखाव के लिए निर्देश

**लालानगर।** नगर पालिका गोपीगंज स्थित समस्त सामुदायिक सार्वजनिक शौचालयों को शासन के निर्देश पर मॉडल स्तर पर सुसज्जित किए जाने का कार्य गोपीगंज अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक शौचालयों का कायाकल्प करने का दिशा निर्देश शासन से प्राप्त हो चुका है, जिसमें महिलाओं के लिए इंसुलेटर मशीन की सुविधा और शौचालयों की साफ सफाई की निगरानी हेतु फीडबैक मशीन लगाई जाएंगी, इसी के साथ दिव्यांग लोगों के लिए रैंप की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, साथ ही मुख्यमंत्री के महत्वकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर सीमा के अंतर्गत एसटीपी प्लांट का प्रस्ताव पास करा दिया गया है। जिसके लिए आसपास भूमि चिन्हित भी किया गया है, उन्होंने बताया कि आने वाले समय में गोपीगंज के समस्त सामुदायिक शौचालयों पर बेहतर साफ-सफाई उपलब्ध रहेगी।

# धूमधाम से मनायी गयी सम्राट अशोक की जयंती

**गोष्ठी**

**सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी ने उनकी जीवनी पर डाला प्रकाश**

**जनसंदेश न्यूज**


सम्राट अशोक मौर्य की जयंती पर उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी

**भदोही।** मौर्य वंश के महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मो. आरिफ सिद्दीकी के आवास पर

विचार विमर्श गोष्ठी आयोजित किया गया। इस अवसर पर महान सम्राट अशोक महान के चित्र पर पूष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।


इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि मौर्य बंश के महान चक्रवर्ती अशोक सम्राट प्राचीन भारत में मौर्य वंश के चक्रवर्ती राजा थे। उनका पूरा नाम अशोक बिंदुसार मौर्य था और उनकी निडरता और दृढ़ता के लिए उन्हें अशोक महान कहा जाता था। वे अपने वंश के तीसरे महान राजा थे। जिसने भारत के सभी महाद्वीपों पर शासन किया था। वे बचपन से ही बहुत मेधावी थे। उनकी गिनती विश्व के महानतम शासकों में की जाती है। उनका जन्म 304 ईसा पूर्व पाटलिपुत्र में हुआ था जो आज का पटना है। अशोक मौर्य मौर्य वंश के दूसरे राजा बिंदुसार और रानी धर्म के पुत्र थे। भगवान बुद्ध के विचारों को दुनिया के कई देशों में लोगों तक पहुंचाने और बौद्ध धर्म का जोर-शोर से प्रचार करने के कारण उनका नाम पूरी दुनिया में मशहूर है। विचार गोष्ठी को जय राम मौर्या, कन्हैया लाल मौर्य, मुन्ना यादव, महेश यादव, धर्मेन्द्र यादव, राम चंद्र मौर्य, अयोध्या मौर्य, दिनेश मौर्य, रामजीत मौर्य, रमेश चंद्र मौर्य, ऋषिकेश मौर्य, प्रमोद यादव, सन्दीप मौर्य, हरीशचंद्र पटेल, रमेश मौर्य, राजेश मौर्य, दीपक विश्वाकर्मा, राज कुमार यादव, दिलीप मौर्य, घनश्याम पासी, भाई लाल मौर्य, प्रमोद कुमार सिंह, अशोक सिंह, ब्रिज बहादुर मौर्य आदि ने भी संबोधित किया।

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान प्रथम चरण 1 अप्रैल से शुरू होगा


विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक करते सीडीओ और सीएमओ

**ज्ञानपुर।** जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का प्रथम चरण 1 अप्रैल से शुरू होकर 30 अप्रैल तक चलेगा। इस संबंध में सीडीओ की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित सभागार में बैठक हुई। अभियान की शुरूआत नगर नगर पालिका से 1 अप्रैल को हरी झंडी दिखाकर किया जायेगा। 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा। अभियान के सफल आयोजन के लिए 10 विभागों की मदद ली जा रही है। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्ट सन्तोष कुमार चक ने दी। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व नोडल अधिकारी डॉक्टर जेसी सरोज ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग इस अभियान में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय के लिए नोडल विभाग बनाया गया है। संक्रामक व संचारी रोग अभियान व दस्तक अभियान के इस प्रथम चरण को भी पूर्व चरणों की भाति बेहतर ढंग से चलाया जायेगा। इस मुहिम में अलग-अलग विभाग अपना अहम योगदान कर रहा है। जैसे शिक्षा विभाग विद्यालय में संचारी रोगों के बारे में बच्चों को आसान भाषा में समझाएगा। साथ ही पोस्टर, वाद विवाद व निबंध लेखन प्रतियोगिताओं से उन्हें जागरूक करेगा। बाल विकास विभाग व स्वस्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से डायरिया, दस्त व इस बार आशा कार्यकर्ता ओआरएस का पैकेट व क्लोरीन की टैबलेट वितरित करेगा। इसी प्रकार नगर विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग नगरीय क्षेत्रों में नियंत्रण एवं संवेदीकरण करेगा। जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर राम आसरे पाल ने बताया कि चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग व बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग 17 अप्रैल से 30 अप्रैल संयुक्त रूप से दस्तक अभियान चलाएगा।

### एक अप्रैल से एनएच 19 पर चलना होगा और मंहगा


टोलप्लाजा लालानगर

**गोपीगंज।** भदोही जनपद के राष्ट्रीय राजमार्ग के एनएच 19 पर स्तिथ लाला नगर टोल प्लाजा से अगर आप को 1 अप्रैल से गुजरना है तो अब आपको टोल पहले से अधिक देना पड़ेगा। हर वर्ष 1 अप्रैल से टोल फीस में बढ़ोत्तरी होती है। ऐसे में अब जहां 1 अप्रैल से एक तरफ की यात्रा के लिए कार व हल्के वाहन के लिए 220 रुपया टोल टैक्स चुकाना पड़ेगा वही लोकल पास की फीस में भी बढ़ोत्तरी होगी। लोकल पास 330 रुपये महीने की दर पर बनेगा। लाला नगर में स्थित नेशनल हाईवे 19 पर टोल प्लाजा से अब अगर आप एक अप्रैल से गुजरेंगे तो आपको पहले से ज्यादा टोल फीस देनी पड़ेगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के वाराणसी में स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ने इस बाबत नई रेट लिस्ट जारी कर दी है। इस रेट लिस्ट में सभी तरह के वाहनों पर शुल्क में बढ़ोत्तरी की गई है। कार जीप और हल्के वाहनों के लिए अभी तक 210 रुपये टोल एक तरफ की यात्रा के लिए लगता था अब वह 220 हो गया है। हल्के कमर्शियल वाहनों पर 340 की जगह 360, दो एक्सेल के बस और ट्रक का 715 की जगह 750, तीन एक्सेल के कमर्शियल वाहनों पर 780 की जगह 820, चार और छः एक्सेल के वाहनों का 1120 की जगह 1180 और 7 एक्सेल और उससे अधिक के वाहनों का 1365 की जगह 1435 रुपये एक तरफ की यात्रा का टोल देना होगा।

### दुर्गागंज व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने पच्चीस हजार के इमामी को महाराष्ट्र से दबोचा

**ज्ञानपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में भदोही पुलिस द्वारा शातिर व पेशेवर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच व थाना दुगार्गंज की संयुक्त पुलिस टीम ने महाराष्ट्र से पच्चीस हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की हैं। पच्चीस हजार हजार रुपये का पुरस्कार घोषित अंतर्जनपदीय आरोपी पंकज यादव पुत्र सत्यनारायण यादव निवासी ग्राम गद्दोपुर थाना जंसा जनपद वाराणसी को शिलफाटा चौराहा थाना पालघर, थाणे, महाराष्ट्र से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने गिरफ्तारशुदा आरोपी पंकज को ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई से ले आकर जनपदीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।



सख्त रुख

# हेट स्पीच पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी





**कहा- नेहरू- वाजपेयी को याद कीजिए लोग उन्हें सुनने दूर-दूर से आते थे**

**सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच को लेकर नेताओं को नसीहत दी है। कोर्ट ने बुधवार को हेट स्पीच देने वालों को पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी की मिसाल दी। कोर्ट ने कहा- वाजपेयी और नेहरू को याद कीजिए, जिन्हें सुनने के लिए लोग दूर-दराज से इकट्ठा होते थे। जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की बेंच ने कहा- दूसरों को बदनाम करने के लिए हर रोज टीवी और सार्वजनिक मंचों पर भाषण दिए जा रहे हैं। ऐसे लोग खुद को कंट्रोल नहीं कर सकते। जिस दिन राजनीति और धर्म अलग हो जाएंगे। नेता राजनीति में धर्म का उपयोग करना बंद कर देंगे, उसी दिन नफरत फैलाने वाले भाषण भी बंद हो जाएंगे।**



**जब राजनीति और धर्म अलग हो जाएंगे तब राजनीति में धर्म का प्रयोग बंद हो जाएगा**

## कोर्ट के आदेश के हर उल्लंघन पर सुप्रीम कोर्ट ध्यान नहीं दे सकता

पिछली सुनवाई में जस्टिस नागरत्ना ने कहा था कि हेट स्पीच को लेकर कोर्ट के आदेश के हर उल्लंघन पर सुप्रीम कोर्ट ध्यान नहीं दे सकता है। अगर हर छोटी अवमानना की याचिका पर सुनवाई होने लगे तो सुप्रीम कोर्ट देश भर से हजारों याचिकाओं से भर जाएगा। सुनवाई के दौरान जस्टिस केएम जोसेफ ने इस बात पर जोर दिया कि अवमानना याचिका की सुनवाई होनी चाहिए। जस्टिस केएम जोसफ ने कहा- यह 21वीं सदी है। हम धर्म के नाम पर कहां आ पहुंचे हैं? हमें एक धर्मनिरपेक्ष और सहिष्णु समाज होना चाहिए, लेकिन आज घृणा का माहौल है। सामाजिक तानाबाना बिखरा जा रहा है। हमने ईश्वर को कितना छोटा कर दिया है। उसके नाम पर विवाद हो रहे हैं। जस्टिस केएम जोसेफ और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने इस बात पर हैरानी जताते हुए कहा कि अदालतें कितने लोगों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू कर सकती हैं। पीठ ने नफरत भरे भाषण देने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने में विफल रहने के लिए विभिन्न राज्य प्राधिकरणों के खिलाफ एक अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हर दिन अराजक तत्व टीवी और सार्वजनिक मंचों पर दूसरों को बदनाम करने के लिए भाषण दे रहे हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एक व्यक्ति की ओर से एक विशेष समुदाय के खिलाफ केरल में दिए गए अपमानजनक भाषण की ओर भी कोर्ट का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता शाहीन अब्दुल्ला ने देश में नफरत भरे भाषणों की घटनाओं को चुनिंदा रूप से इंगित किया है।



शाहीन अब्दुल्ला ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करते हुए कहा था कि सुप्रीम कोर्ट राज्यों को कई बार हेट स्पीच पर लगाम लगाने के आदेश दे चुका है। इसके बावजूद हिंदू संगठनों की हेट स्पीच पर लगाम लगाने में महाराष्ट्र सरकार विफल रही है। याचिकाकर्ता ने मांग की थी कि महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता के वकील निजामुद्दीन पाशा ने कोर्ट में कहा कि महाराष्ट्र पुलिस को एक हिंदू संगठन के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। संगठन पिछले चार महीने में 50 से अधिक रैलियां आयोजित कर चुका है।

### एक अन्य मामले में महाराष्ट्र सरकार से मांगा जवाब

वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार से शीर्ष अदालत के आदेशों के बावजूद हिंदू संगठनों द्वारा नफरत भरे भाषणों को नियंत्रित करने में विफल रहने के लिए उसके खिलाफ दायर एक अवमानना याचिका का जवाब देने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 28 अप्रैल की तारीख तय की है।

---

**सात्विक आहार-विहार के साथ अपनायी गयीं आयुर्वेद दवाएं गंभीर बीमारियों को भी जड़ से खत्म करतीं हैं**

# बदलते चिकित्सकीय परिवेश में आज भी आयुर्वेद पद्धति जीवंत



जड़ी बूटी को कूटने के लिए रखा गया अलग-अलग पत्थर




मोती, पुखराज, लौह भस्म के साथ सत्तर साल पुराने अर्क व अन्य दवाएं

**अलग-अलग पत्थरों पर जड़ियों को कूटने से उस औषधि की बढ़ती है गुणवत्ता**

**देश भर से लोग विभिन्न रोग की दवा लेने आते हैं वैद्य डॉ. जीवन दास के पास**

**अरब से मंगाये गये सीमाक पत्थर पर हीरा कूटकर बनाया जाता है हीरे का भस्म**

**आयुर्वेद दुनिया की सबसे पुरानी चिकित्सा पद्धतियों में से एक है। प्रकृति आधारित इस पुरातन चिकित्सा पद्धति में शारीरिक संरचनाओं, प्राकृतिक क्रियाओं और ब्रह्मांड के तत्वों के समन्वय के सिद्धांत पर इलाज का प्राविधान है। हिंदू धर्म के प्राचीन ग्रंथ यजुर्वेद, ऋग्वेद, सामवेद व अथर्ववेद में भी चिकित्सा प्रणाली का उल्लेख है। ऋग्वेद में 67 पौधों, जबकि अथर्ववेद और यजुर्वेद में क्रमशः 293 व 81 औषधीय पौधों का जिक्र है। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति इन वेदों से प्राप्त ज्ञान पर आधारित है।**



(वैद्य) डॉ. जीवन दास अग्रवाल

### पिता के मामा से मिली प्रेरणा

(वैद्य) डॉ.जीवन दास अग्रवाल बताते हैं कि बड़ागांव में ब्रिटिश हुकुमत में वैद्य हुआ करते थे बलदेव दास जी जो उनके पिता के मामा थे, गर्मी के दिनों में वहां जाने के बाद घुमने फिरने के बदले उनके( पिता के मामा) साथ जड़ी बूटी को कूटने में सबसे ज्यादा आनंद की अनुभूति होती थी। इसमें मन देख नाना ने इस विधा को सीखने की सलाह दी और फिर बड़ागांव आयुर्वेद कॉलेज में तालीम ली और फिर लोगों की सेवा में लग गये।

**खास मुलाकात**

**अश्वनी कुमार श्रीवास्तव**

**वाराणसी।** राजा दरवाजा की तंग गलियों में वैद्य जी के नाम से प्रसिद्ध 90 वर्षीय (वैद्य) डॉ.जीवन दास अग्रवाल अपने पूर्वजों के बनाये लगभग 100 साल पुराने भवन के निचले हिस्से में आयुर्वेद का दवाखाना चलाते हैं, दवाखाना भी ऐसा कि पहली बार मे कोई भी धोखा खा जाये, क्योंकि आज एक छोटा सा क्लीनिक चलाने वाले डॉक्टर भी अपनी डिग्री से ज्यादा उस क्लीनिक को सजाने का कार्य कर रहे हैं। जिस परिवेश में आयुर्वेद के ईलाज को लोग महंगा समझते हैं वहां उनके दवाखाना में पचास रुपये में भी रोग को जड़ से खत्म कर दिया जाता है। गरीबों के लिए निःशुल्क दवा देने में भी नहीं कतराते, व्यवसायिकरण से दूर साधारण रुप से लोगों के सेवार्थ इस दवाखाना को चलाने वाले (वैद्य) डॉ.जीवन दास अग्रवाल से जनसंदेश टाइम्स की खास मुलाकात।

### अलग-अलग पत्थरों पर कूटते हैं औषधि

(वैद्य) डॉ.जीवन दास अग्रवाल बताते हैं कि औषधियों को कूटने के लिए पत्थरों का विशेष महत्व होता है। जिससे औषधियों की गुणवत्ता और बढ़ जाती है। सीमाक पत्थर पर हीरे को कूटते हैं तब जाकर वह भस्म बनता है। बताते हैं कि सीमाक पत्थर अरब से मंगाया गया है जिसकी कीमत उन दिनों 30 हजार रुपये थी।

### सात प्रकार के नमक से बनती है औषधि

आम जन को सिर्फ एक या दो प्रकार के नमक की जानकारी है लेकिन आयुर्वेद दवा बनाने के लिए वह सात प्रकार के नमक को मंगाते हैं, जिससे विभिन्न प्रकार की औषधि तैयार की जाती है। जिसमें साधारण नमक, सेंधा नमक, समुद्री नमक, काला नमक, रोहतक नमक, सांभर नमक शामिल है।


### जड़ी मंगाकर खुद बनाते हैं दवा

(वैद्य) डॉ.जीवन दास अग्रवाल बताते हैं कि वह जड़ियों को मंगाकर घर पर ही दवा बनाते हैं, चाहे वह लौह भस्म हो, स्वर्ण भस्म हो, पोखराज भस्म हो या फिर पारे का भस्म। उनके साथ अन्य लोग भी लगे रहते हैं, चुनार मध्य प्रदेश व अन्य स्थानों से जड़ियों को मंगाते हैं। शहद बरेली से मंगवाते हैं।

### टीबी, कैंसर का भी इलाज

(वैद्य) डॉ.जीवन दास अग्रवाल बताते हैं कि टीबी व कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का भी ईलाज उनके पास है लेकिन उसके साथ आयुर्वेद के नियमों का पालन करना होगा। बताया कि कोरोना कोई गंभीर बीमारी नहीं थी बल्कि दमा का एक अंश था।





100 साल पुरानी आयुर्वेद की किताबों से जड़ियों के बारे में पढ़ते



घर पर ही जड़ी बूटी को कूटते दवाखाना के कारीगर

---

# रामनवमी पर एक साथ बन रहा 5 दुर्लभ संयोग

**उपयोगिता**

**पुनर्वसु नक्षत्र व कर्क लग्न में हुआ था भगवान राम का जन्म**

**हिंदू धर्म में रामनवमी का बहुत बड़ा महत्वः डा. शालिनी कृष्णा खरे**

**वाराणसी।** हिंदू धर्म में रामनवमी का बहुत बड़ा महत्व है, इस दिन नवरात्र का भी समापन होता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी के दिन पुनर्वसु नक्षत्र में और कर्क लग्न में भगवान राम का जन्म हुआ था। इस बार यह तिथि 29 अप्रैल दिन गुरुवार को है। इस दिन भक्त उपवास रख कर राम नाम का जप करते हैं। डा. शालिनी कृष्णा खरे ने बताया कि इस बार रामनवमी पर कई विशेष संयोग बन रहे हैं। इन संयोग में उपवास रखकर मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस बार रामनवमी पर ग्रह-नक्षत्रों का बहुत ही शुभ और दुर्लभ संयोग बनने जा रहा है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस बार रामनवमी के पर्व पर एक साथ 5 दुर्लभ संयोग बन रहा है। राम नवमी पर अमृत सिद्धि योग, गुरु पुष्य योग, शुभ योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग बन रहे हैं। इसके अलावा रामनवमी गुरुवार के दिन पड़ने से इसका महत्व काफी बढ़ गया है। इस वर्ष रामनवमी का पर्व 30 मार्च को मनाया जा रहा है।

### रामनवमी पर कैसे करें पूजा

डा. शालिनी कृष्णा खरे के मुताबिक रामनवमी के दिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान आदि से निवृत होकर भगवान राम का ध्यान करें और व्रत रखने का संकल्प लेना चाहिए। स्वच्छ वस्त्र धारण करके पूजा स्थल पर सभी प्रकार की पूजन सामग्री लेकर बैठें। पूजा की थाली में तुलसी और कमल पुष्प अवश्य रखें। इसके बाद रामदरबार की तस्वीर या मूर्ति की स्थापना करें और गंगाजल से छीटें देकर धूप-दीप से घर में घट स्थापना करें। रामलला की मूर्ति को माला और फूल से सजाकर पालने में झूलाएं। इसके बाद रामनवमी की पूजा षोडशोपचार करें और भगवान राम की आरती उतारें। आरती के बाद रामायण तथा राम रक्षास्त्रोत का पाठ करना उत्तम माना जाता है। इसके अलावा विष्णु सहस्रनाम का पाठ कर सकते हैं। भगवान राम को खीर, फल और अन्य प्रसाद चढ़ाएं। पूजा के बाद घर की सबसे छोटी कन्या के माथे पर तिलक लगाएं। इस व्रत के विषय में अगस्त्य संहिता में कहा गया है: चैत्रशुक्ला तु नवमी, पुनर्वसुयुता यदि,सैव मध्याह्नयोगेन, महापुण्यतमा भवेद्। पुनर्वसुसमायुक्ता, सा तिथिः सवर्कामदा।।अर्थात चैत्र शुक्ल नवमी यदि पुनर्वसु नक्षत्र से युक्त हो और मध्याह्न में भी वही योग हो तो वह परम पुण्यप्रदान करने वाली होती है।



डा. शालिनी कृष्णा खरे

# भूटान के किस बयान से बढ़ेगी भारत की टेंशन

**अपनी सीमा के भीतर गांव बसाने की खबर का किया खंडन**

**भारत के साथ अपनी सीमा संबंधी समझौते के उलट भूटान का यह है रुख**

भूटान के प्रधानमंत्री लोटे छृंग ने बेल्जियम के अखबार ला लेब्रे को दिए इंटरव्यू में जो कुछ कहा है, उससे भारत की टेंशन बढ़ सकती है। 2020 में ऐसी कई रिपोर्ट्स आई थीं, जिनमें बताया गया था कि भूटान के बॉर्डर के भीतर चीन गाँव बना रहा है. लेकिन अब ला लेब्रे को दिए इंटरव्यू में लोटे छृंग ने कहा है कि चीन ने जो गाँव बनाए हैं, वे भूटान के भीतर नहीं हैं। भूटान के प्रधानमंत्री ने हाल ही में बेल्जियम का दौरा किया था और उन्होंने वहीं यह इंटरव्यू दिया था। फ्रेंच भाषा के अखबार ला लेब्रे को दिए इंटरव्यू में भूटानी प्रधानमंत्री ने कहा है, "हमने स्पष्ट रूप से कहा है कि कोई अतिक्रमण नहीं हुआ है। यह एक अंतरराष्ट्रीय सीमा है और मुझे पता है कि हमारा हिस्सा कहाँ तक है। भूटान में चीनी निर्माण को लेकर मीडिया में कई तरह की बातें कही जा रही हैं. हमें इससे कोई मतलब नहीं है क्योंकि यह भूटान में नहीं है। भूटानी प्रधानमंत्री के इस दावे को कई विशेषज्ञ सच नहीं मान रहे हैं और उनका कहना है कि उन्होंने चीन के दबाव में ऐसा बयान दिया है। रॉबर्ट बर्नेट तिब्बती इतिहास के विद्वान हैं और वह किंग्स कॉलेज लंदन में लाउ चाइना इंस्टिट्यूट से जुड़े हैं। उनका कहना है कि चीन ने जो गाँव बनाए हैं, वे भूटान में उत्तरी, पश्चिमी और उत्तर-पूर्वी सीमा के भीतर हैं। रॉबर्ट बर्नेट ने लिखा है कि चीन ने तीन गाँव भूटान की उत्तरी सीमा के मिड-सेक्टर में बनाए हैं। दो गाँव भूटान के लुहेंत्से इलाके उत्तर-पूर्व में हैं और बाकी के पाँच गाँव पश्चिमी सीमा के भीतर हैं. बर्नेट का कहना है कि वे यह बात अंतरराष्ट्रीय, चीनी और भूटानी नक़्शे के आधार पर कह रहे हैं। बेल्जियम के अखबार को दिए इंटरव्यू में भूटानी प्रधानमंत्री ने यह भी कहा है कि डोकलाम मुद्दा केवल उनका नहीं है बल्कि इसमें चीन और भारत भी जुड़े हैं। इसी साल जनवरी महीने के दूसरे हफ़्ते में भूटानी और चीनी अधिकारी चीन के दक्षिणी-पश्चिमी शहर कुनमिंग में सीमा विवाद पर बातचीत के लिए मिले थे। सीमा विवाद को सुलझाने के लिए दोनों पक्षों के बीच थ्री स्टेप रोडमैप पर बात हुई थी। इस बैठक के बाद भूटान और चीन की ओर से संयुक्त बयान जारी किया गया था। इस बयान में कहा गया था, "दोनों पक्षों के बीच सीमा विवाद पर गंभीरता से बात हुई। इसके तहत थ्री स्टेप रोडमैप से जुड़े एमओयू को लागू करने पर भी बात हुई है. इस दौरान दोनों पक्ष सकारात्मक सहमति पर पहुँचे हैं. दोनों पक्ष थ्री स्टेप रोडमैप लागू करने पर सहमत हैं। दोनों पक्ष इस बात पर भी सहमत हैं कि दोनों देशों के बीच विशेषज्ञ समूहों के बीच बैठकें बढ़नी चाहिए। दोनों देशों के बीच 25वीं सीमा वार्ता पारस्परिक सहमति की तारीख पर होगी। बर्नेट का कहना है कि भूटानी पीएम को लग रहा है कि चीन ने अपने इलाके में गाँव बनाए हैं तो अंतरराष्ट्रीय, चीनी और भूटानी नक़्शे जो लंबे समय से प्रचलन में हैं, वे गलत हैं. बर्नेट का कहना है कि या फिर ये हो सकता है कि भूटान ने मान लिया है कि जिन इलाकों में चीन ने गाँव बनाए हैं, वे उनके नहीं थे। कहा जा रहा है कि भूटानी पीएम की इस घोषणा से भारत के लिए स्थिति और जटिल हो गई है। 2017 में डोकलाम में चीन और भारतीय सैनिक आमने-सामने थे। तब भूटान ने डोकलाम में चीन की ओर से सीमा पर अवैध निर्माण की शिकायत की थी। इसके अलावा भूटान भारत की सुरक्षा चिंताओं को लेकर संधि से बंधा हुआ है. भूटान भारत की सहमति के बिना किसी तीसरे देश से सीमा को लेकर समझौता नहीं कर सकता है। बेल्जियम के अखबार को दिए इंटरव्यू में भूटानी पीएम ने डोकलाम को लेकर कहा है, "डोकलाम भारत, चीन और भूटान के बीच ट्राइजंक्शन है. यह मुद्दा केवल भूटान के लिए नहीं है. इसमें हम तीन हैं। बर्नेट ने लिखा था, "चीन को भूटान में जमीन की जरूरत नहीं है. चीन भूटान को मजबूर कर रहा है कि वह जहाँ चाहे वहाँ उसे जमीन मिल जाए ताकि भारत से टकराव की स्थिति में उसे सामरिक बढ़त मिले। चीन भारत से लगी सीमाओं पर भी यथास्थिति बदल रहा है. चीन ने 1962 में भारत पर हमला किया था। इसके अलावा 1967 और 1987 में दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्ष हो चुका है। 2020 में पूर्वी लद्दाख के गलवान में भारत और चीन के 24 सैनिक आपसी झड़प में मारे गए थे। बर्नेट ने लिखा था, "चीन ने पहले भी भूटान से होते हुए रोड बनाने की कोशिश की थी लेकिन यह मुख्य रूप से पश्चिमी इलाके में था और इसमें सीमित सफलता ही मिली थी।

